हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि उपरोक्त दिशा निर्देशों के अनुपालन से हमारा बल विश्व के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल के साथ-साथ सबसे श्रेष्ठ भी बन सकेगा जिसके लिए हर स्तर पर सक्षम नेतृत्व, सही दिशा व गति की आवश्यकता है।

तकनीकी जानकारी


आई.ई.डी. कोलैप्स सर्किट

राज्य सरकारों की मदद के लिए केन्द्रीय बलों की तैनाती देश के विभिन्न भागों में हमेशा ही बनी रहती है। सामान्यतः गर्मी के महीनों में सुरक्षा बलों को एक स्थान से दूसरे स्थान, एक राज्य से दूसरे राज्यों में तैनाती कर उनके परिचालनिक क्षेत्र में परिवर्तन किया जाता है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ही एक ऐसा बल है जिसको अपनी कार्यप्रणाली, भूमिका, कार्य करने का तरीका बहुत जल्दी-जल्दी बदलना पड़ता है। सीआरपीएफ को ही मुख्यतः आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखने में लगाया जाता है। बल को इस तरह बहुत जल्दी-जल्दी अपना इलाका (तैनाती का इलाका) बदलना पडता है। प्रत्येक इलाके में सक्रिय उग्रवादियों की कार्य प्रणाली काफी अलग होती है। ऐसी स्थिति में बल के जवानों को हमेशा अपने आपको उस इलाके एवं इलाके में सक्रिय उग्रवादियों की कार्य प्रणाली को समझना बहुत आवश्यक हो जाता है।

अभी हाल ही में मैं नार्थ-ईस्ट के दौरे पर था उस समय बल के जवानों से कुछ बातें करने का मौका मिला। इसी दौरान मैंने उनसे बम ब्लास्ट (आई ई डी) के बारे में भी चर्चा की। चर्चा के दौरान एक जवान ने बताया कि यदि समय पर आई ई डी का पता चल जाए तो हम लोग इसका तार काट कर इसे निष्क्रिय कर देते हैं और हादसे को टाल देते हैं, इस पर तुरन्त ही मुझे यह एहसास हुआ कि ऐसा लगता है कि इन लोगों को Collapse Circuit की जानकारी नहीं है। इस वार्तालाप ने ही मुझे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया।

सर्वप्रथम आगे बढ़ने से पहले हम आई ई डी की संरचना को समझ लें। आई ई डी

के चार मुख्य भाग होते हैं जो निम्न प्रकार से है :



- **डेटोनेटर** - सामान्यतः आयुद्ध फैक्टरी में बना डेटोनेटर ही प्रयोग में लाया जाता है परन्तु आवश्यकता पड़ने पर डेटोनेटर को भी इम्परोवाइज्ड़ तरीके से बनाया जा सकता हैं। यह दो तरह का होता हैं। Electric एवं Non electric सामान्यतः आई ई डी में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर का ही उपयोग होता है।
- **ऊर्जा स्त्रोत (Power Source)**- इलेक्ट्रिक डेटोनेटर को फाड़ने के लिए Activate 0.5 बोल्ट की आवश्यकता होती हैं। अतः इतनी या इससे ऊपर का कोई भी विद्युयत विभवान्तर (Voltage) इसे एक्टीवेट कर देगा। बैटरी से डेटोनेटर तक विद्युयत ऊर्जा को पहुंचाने के लिये विद्युयत तार की भी आवश्यकता होती है।
- **विस्फोटक (Explosive)** - आई ई डी के लिए उच्च विस्फोटक (High Explosive) की आवश्यकता होती है। यह उच्च विस्फोटक ही है जिसकी वजह से नुक्सान होता है। इसके फटने से ऊष्मा एवं आवाज, कम्पन इत्यादि पैदा होता है साथ ही डेटोनेशन तरंगे (Detonation Waves) जो कि कभी-कभी बिना किसी चोट एवं घाव के ही मनुष्य के फेफड़े को पंचर कर देती है और सामान्य आदमी इसे डर से हुई मृत्यु समझता है।
- **मेकैनिज़्म** - मेकैनिज़्म अर्थात् आई ई डी का स्विच। किस तरह की कार्यवाही पर आई ई डी फटेगी इसका निर्धारण इसके मकैनिज्म अर्थात् स्विच (Switch)


से ही होता है। वैसे तो हर कार्यवाई पर आइ ई डी फोड़ने की तकनीक विकसित की जा चुकी है, जैसे उठाने, दबाने, खींचने, आवाज, गर्मी (मौसम) इत्यादि।

उपरोक्त चारों वस्तुएं ही आई ई डी के मुख्य भाग हैं। इनके अलावा इन चारों को छुपाने के लिए किसी कन्टेनर का या बैग या ऐसी ही किसी अन्य वस्तु का प्रयोग किया जाता है कंटेनर का निर्धारण इस बात पर निर्भर करता है कि इसे कहां प्रयोग करना है। आई ई डी ज्यादा घातक हो इसके लिए लोहे के टुकड़े, छर्रे इत्यादि को इसी कन्टेनर में भर दिया जाता है जो कि विस्फोट के समय आई ई डी से निकल कर आस-पास के इलाके में फैल जाते हैं।

आई ई डी अर्थात् (Improvised Explosive Device) ऐसी डिवाइस है जिसमें आयुद्ध फैक्ट्री में बने विस्फोटक की जरूरत नहीं होती है बल्कि बाज़ार में उपलब्ध वस्तुओं के मिश्रण से ही बारूद को बनाया जाता है। जैसे यूरिया खाद और पेट्रोल को एक निश्चित मात्रा में मिला दिया जाए तो यह उच्च विस्फोटक बन जाता है। नक्सल प्रभावित इलाकों में इसका प्रयोग भी किया जा रहा है क्योंकि इसको लेकर जाना व उपलब्धता, दोनों ही आसान होती है।

आई ई डी में मुख्य भूमिका मेकैनिज्म की ही होती है। हम यहां पर जिस मेकैनिज़्म की बात करने जा रहे हैं उसका संबंध आई ई डी के तारों के साथ छेड़छाड़ करने से है। जी हां, हम बात करने जा रहे हैं कोलैप्स सर्किट (Collapse Circuit) की।

कोलैप्स सर्किट वाली आई ई डी में दो सर्किट होते हैं परन्तु एक ही पावर सोर्स (Power Source) होता है। इस सर्किट की संरचना इस तरीके से की जाती है कि जैसे ही आई ईडी से बाहर दिखने वाले तार को काटा/खींचा जाता है, आई ई डी, एक्टीवेट हो जाती है और तुरन्त ही भयानक विस्फोट होता है। इस सर्किट को समझने के लिए हमें भौतिक विज्ञान के सिद्धांत को याद करना होगा। जिसमें यदि लोहे की कील के चारों ओर तांबे के तार को लपेट कर करंट प्रवाहित किया जाए । तो वहां चुम्बकीय क्षेत्र पैदा हो जाता है और यह चुम्बकीय क्षेत्र अपने आस-पास मौजूद लोहे के टुकड़े को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसी सिद्धांत से बनती है कोलैप्स सर्किट (Collapse Circuit) इस सर्किट को दायीं ओर दर्शाये चित्र के द्वारा आसानी से समझ सकते हैं:–



इस चित्र में लचकदार धातु की प्लेट को बैटरी के घनात्मक (Positive) सिरे से जोड़ा गया है वहीं दूसरी तरफ धातु की प्लेट को डेटोनेटर के एक सिरे से जोड़ा गया है। डेटोनेटर का दूसरा सिरा बैटरी के निगेटिव सिरे से जुड़ा हुआ है। कंटेनर से बाहर निकला हुआ तार बैटरी के निगेटिव सिरे से जुड़ा हुआ है। कील के ऊपर लपेटे गए लाल रंग का तार दूसरी ओर बैटरी के पोज़ीटिव सिरे से जुड़ा है। इस तरीके से चुम्बकीय क्षेत्र यहां पर उत्पन्न हो रहा है जिससे लचकदार धातु की प्लेट इस क्षेत्र की ओर आकर्षित होती है परन्तु लकड़ी की उपस्थिति की वजह से यह धातु की प्लेट झुक जाती है। जैसे ही कन्टेनर से बाहर निकले तार को काटा जाएगा चुम्बकीय क्षेत्र खत्म हो जाएगा जिससे लकड़ी के ऊपर से झुकी हुई धातु की प्लेट, ऊपर फिक्स धातु की प्लेट से टकराएगी और डेटोनेटर का सर्किट पूरा हो जाएगा और विस्फोट हो जाएगा। इस तरीके से हमें यह समझ लेना चाहिए कि आई ई डी का तार काटना कभी भी घातक हो सकता है।

अतः आई ई डी मिलने पर उसके आस-पास अनावश्यक भाग-दौड़ न की जाए, साथ ही साथ जब तक बम डिस्पोज़ल स्क्वॉड नहीं आता है तब तक उस स्थान की मात्र सुरक्षा की जाए। बिना जानकारी के आई ई डी के साथ छेड़-छाड़ घातक हो सकती है।

प्रभात त्रिपाठी

स्वास्थ्य

तनाव प्रबंधन

तनाव शब्द हमारी दिनचर्या का एक अंग बनता जा रहा है तथा प्रायः चर्चा का विषय रहता है परंतु अभी भी इसकी सटीक परिभाषा नहीं दी जा सकती। इसके अनेक आयाम अब भी रहस्यमयी परतों में दबे हैं।

तनाव की एक और सटीक परिभाषा के अनुसार - "जब दिन-प्रतिदिन से जुड़ी समस्याएं आप पर हावी हो जाएं तथा आपके संसाधन उनका समाधान न कर पाएं तो आप स्वयं को तनाव से घिरा पाते हैं।"

तनाव के कारण

कार्य का अतिरिक्त भार (Work Overload): प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक काम करने में जुटा है। उसे कार्यालय के अलावा अन्य अनेक काम भी करने पड़ते हैं। बच्चों की पढ़ाई तथा गृहकार्य, टैक्स तथा बिलों का भुगतान, बैंक के खाते, खरीदारी, शुल्क देना, घर तथा उपकरणों का रख-रखाव, भोजन, स्वास्थ्य की देख-रेख, समाचार तथा घटनाओं का लेखा-जोखा, पत्रिकाओं से जानकारी प्राप्त करना।

कार्यालय में काम का अतिरिक्त बोझ बढ़ता ही जा रहा है। प्रयोग में आने वाले उत्पाद तेजी से अप्रचलित हो रहे हैं। हम स्वयं को उनके स्तर तक लाने के लिए बाध्य हैं। नई तकनीकों ने हमें चारों ओर से घेर रखा है।

समय का अभाव (Time overload):- इस व्यस्त दिनचर्या में हर आम आदमी समय के अभाव का रोना रोता है। न केवल काम का भार बढ़ा है अपितु प्रत्येक व्यक्ति से की जाने वाली अपेक्षाओं में भी वृद्धि हुई है केवल एक ही तथ्य नहीं बदला कि एक दिन में केवल 24 घंटे ही होते हैं। प्राकृतिक रूप से समय की कमी के कारण तनाव बढ़ा है। देरी हो जाने का तनाव हो या सही समय पर काम पूरा न होने का दबाव, हर कोई इससे ग्रस्त है। ट्रैफिक की आपाधापी में फंसे निरीह चेहरों को देख कर उनके भीतर चलने वाली उथल-पुथल का आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है।

जानकारी का उपद्रव (Information Overload):- आम आदमी जानकारी के अतिरिक्त बोझ से दबा हुआ है। यहां तक कि चार वर्षीय बालक को भी विद्यालय में छह से दस पुस्तकों से पाठ पढ़ने पड़ते हैं। व्यस्कों के लिए समाचार पत्र के चालीस

पृष्ठ, टी.वी. के पचास चैनल तथा ढेर सारी पुस्तकों का अंबार हैं ताकि वे बदलते दौर के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकें। इंटरनेट की भी अपनी एक दुनिया है जिसकी तमाम संभावनाएं अब भी अन्वेषण की प्रतीक्षा में हैं। आज से कुछ ही वर्ष पूर्व, परामर्शदाताओं तथा विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की जाती थी। वहीं अब एजेंसियां अपने ग्राहकों को जानकारी के भंडार सौंप रही हैं तथा धन कमा रही हैं। अतिरिक्त जानकारी के भार से दबा मस्तिष्क यह तय नहीं कर पाता कि वह किन तथ्यों को याद रखे तथा किन्हें भुला दे?



बदलता जीवन स्तर (Changing Lifestyle):- जीवन का उच्च स्तर भी धीरे-धीरे एक अभिशाप बनता जा रहा है क्योंकि हमें समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा अपनी मांगों की पूर्ति करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। प्रतिदिन ऐसे उत्पादों की सूची बढ़ती जाती है जो विलासिता की वस्त न रह कर आराम अथवा जरूरत बन जाते हैं। जीवन के स्तर में निरंतर सुधार होने पर भी नए उत्पादों तथा अनुभवों की आवश्यकता बढ़ती जा रही हैं। नित नई आकर्षक वस्तुएं विज्ञापनों के माध्यम से दिखाई जाती हैं तथा हमारी सूची का भाग बन जाती हैं। इन्हें पाने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी। काम करने के घंटे बढ़ाने होंगे तथा जानकारी का भंडार समृद्ध करना होगा। इस चक्र में उलझने वाले अपने लिए तनाव के नए-नए कारण उत्पन्न करते रहते हैं।

शारीरिक अयोग्यता (Physical Illness):- इन मांगों के अतिरिक्त भार के कारण

शरीर तथा मास्तिष्क स्वयं को अस्वस्थ अनुभव करते हैं। भोजन की गलत आदतों, व्यस्त दिनचर्या, व्यायाम के अभाव तथा गंभीर तनाव के कारण हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी रोग से ग्रस्त हैं जिससे तनाव की मात्रा में और भी वृद्धि होती है।

जीवन संतुलन

व्यक्तिगत मांग के फैलाव से तनाव का स्तर भी बढ़ता हैं। यह मांगें जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करती हैं जिससे असंतुलन की स्थिति उत्पन्न होती है। जीवनचक्र की इन आठ तीलियों पर एक नजर डालें जिससे आप एक स्वस्थ संतुलन का अर्थ समझ सकें। इन्हें समानता के स्तर पर लाते ही आप तनाव प्रबंधन की पहली सीढ़ी पार कर लेंगे :–

धन (Money):- कहते हैं धन बुराई की जड़ है। वैसे यह तनाव का मुख्य कारण तो है ही क्योंकि जीवनरक्षा, आवास, भोजन, विश्राम, रूचि तथा विलास आदि जीवन के प्रत्येक कदम पर इसकी आवश्यकता पड़ती है। बुरा वित्तीय प्रबंधन, बुरा निवेश तथा अपर्याप्त जानकारी आदि मनुष्य को अधिक निर्धन बना देती है। वहीं दूसरी ओर ऐसे भी लोग हैं जिनके पास धन अधिक मात्रा में है परन्तु फिर भी वो कमी का रोना रोते हैं।

कार्य तथा अवकाश:- अधिकतर व्यक्तियों के लिए कार्य ही तनाव का मुख्य कारण है। इसका आपके काम करने के घंटों से कोई संबंध नहीं है। तनाव तभी उत्पन्न होता है जब कोई व्यक्ति किए गए कार्य से संतुष्ट न हो अथवा अपना कार्य योग्यतापूर्वक न कर पाए। कुछ व्यक्ति भाग्यशाली होते हैं जो अपने काम में आनंद पाते हैं जैसे कलाकार, गायक, खिलाड़ी आदि। काम के समय तनाव का एक दूसरा पहलू समय का गलत प्रयोग भी हो सकता है।



इस तनाव से बचने के लिए व्यक्ति को अपने काम में आनंद लेना सीखना चाहिए ताकि वह परिणामों से संतुष्टि पा सके। अच्छा अनुशासन, रूचियों का विकास तथा नई चुनौतियां स्वीकार करने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। अपनी क्षमता से अधिक परिश्रम भी नुकसानदेह हो सकता है। हो सकता हैं इससे आपके कैरियर को एक दिशा मिले किंतु यह आपके स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है।

परिवार:- किसी व्यक्ति के तनाव के स्तर को निर्धारित करने में परिवार एक खास भूमिका निभाता है। मेरे कुछ रोगी स्वीकारते हैं कि वे दिन भर अपने काम का पूरा आनंद लेते हैं किंतु घर पहुंचते ही उन्हें तनाव घेर लेता है। परिवार में विश्राम तथा शांति का ऐसा वातावरण होना चाहिए जिससे तनाव बढ़ न सके परंतु ऐसा अधिकतर हो नहीं पाता। परिवार को एक प्राथमिक सामाजिक ईकाई होने के नाते सभी सदस्यों की जरूरतें पूरी होंगी तभी यह ईकाई भावनात्मक तथा शारीरिक सुरक्षा प्रदान कर पाएगी।

भावनात्मक सहारा (Emotional Support):- भावनात्मक सहारे की कमी से भी तनाव पैदा होता है। सही तौर पर आप किसी व्यक्ति को अच्छे जीवनसाथी, सुंदर बच्चों, प्रभावी रिश्तेदारों तथा मित्रों के बड़े दायरे के बीच देख सकते हैं परंतु प्रेम, गहराई तथा सहारे के अभाव में यह तस्वीर झूठी भी हो सकती हैं।

एक-दूसरे की सहायता करने अथवा परस्पर त्याग की भावना को भुला कर पारिवारिक सदस्य एक दूसरे को हानि पहुचा रहे हैं। संपत्ति के लिए अपने ही परिवार की हत्या एक साधारण सी घटना हो गई है। यहां तक कि भाई-बहन भी एक-दूसरे से दूर हो गए हैं। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अकेलापन तथा असुरक्षा की भावना ही तनाव के मुख्य कारण हैं।

अहम् (भौतिकता/वैयक्तिक्ता):- अनेक व्यक्तियों के पास पर्याप्त मात्रा में धन, प्रेरणादायक परिस्थितियां तथा एक अच्छा परिवार होता है, पर हर कदम पर दिखावे की प्रवृत्ति तथा अपने अहम् की तुष्टि के कारण उनमें तनाव उत्पन्न होता है। व्यक्ति सदा स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ सिद्ध करने की होड़ में रहता है। यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से अपनी गलतियों तथा कमियों को स्वीकारे तो संतुष्टि प्राप्त कर सकता है। आत्मविश्लेषण तथा दूसरों के प्रति आदर भाव के कारण आप अपने बढ़ते अहम् को काबू में रख सकते हैं। स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने की भावना प्रायः उन्हीं लोगों में पाई जाती हैं जो अयोग्य होते हैं तथा असुरक्षा व हीनभावना से ग्रस्त होते हैं। अचानक हाथ आ गई सत्ता व धन भी ऐसे व्यवहार के प्रमुख कारण हो सकते हैं। आध्यात्म तथा आत्मविश्लेषण की सहायता से संतुलन प्राप्त किया जा सकता हैं।

सामाजिक मेल जोल तथा सामुदायिक जीवन:- मनुष्य सामाजिक प्राणी होने के नाते समुदाय मे रहता हैं। इस समुदाय से भी मनुष्य को एक संयुक्त परिवार की शांति, निःस्वार्थ मित्रता तथा समर्थन प्राप्त होता है। इस नए सामाजिक युग में संयुक्त परिवारों के विघटन के फलस्वरूप मित्रों, पड़ोसियों तथा सहयोगियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वे भावनात्मक स्नेह, सुरक्षा तथा मार्गदर्शन देने के साथ-साथ शारीरिक सुरक्षा भी प्रदान करते हैं। तनावपूर्ण एकांत तथा आत्मसंशय से उबरने के लिए एक स्वस्थ सामाजिक जीवन का होना बहुत आवश्यक हैं। सामुदायिक सेवा तथा स्वैच्छिक कार्य द्वारा भी भावनात्मक पोषण तथा अनुग्रह प्राप्त हो सकता है।

आध्यात्म:- दिव्यता, नैतिकता अथवा अध्यात्म, जो भी आपको अच्छा लगे, आपके जीवन के लिए महत्व रखता है। इससे आप स्थिरतर, मानवता तथा मन की शांति पाते हैं। किसी अज्ञात शक्ति के प्रति विश्वास होने से आपके उसूलों तथा जीवन मूल्यों की पहचान बनती है। एक संतुलित व्यक्तित्व अपने चरित्र के प्रति सजग रहता है जिससे तनाव दूर होता है तथा एक अद्भुत आनंद प्राप्त होता है।

तनाव को पहचानें

आधुनिक विज्ञान अपनी विलक्षण उपलब्धियों के बावजूद तनाव को मापने में असफल रहा है क्योंकि इसका कोई मापदंड नहीं है। अधिकतर तनावग्रस्त व्यक्ति भी स्थिति से अनजान है, क्योंकि व्यक्ति इसके लक्षणों से अनजान होने के कारण कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं कर पाता। यदि एक बार तनाव के सभी लक्षण पहचान में आ जाएं तो अपनी प्रतिक्रिया बदल सकते हैं। इन लक्षणों के कई प्रकार हो सकते हैं किंतु उनमें से मुख्य निम्नलिखित हैं:–

व्यवहारगत लक्षण:- तनावग्रस्त व्यक्ति तम्बाकू व मदिरा आदि का सेवन पहले से अधिक मात्रा में करने लगता हैं। जोर-जोर से घुटने अथवा उंगुलियां हिलाना, नाखून काटना अथवा अपने ही बाल नोचने जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। वाहन चलाते समय दृष्टि धुंधला सकती है जिससे दुर्घटना का भय बढ़ जाता है। अवसादग्रस्त व्यक्ति प्रायः अपनी पोशाक तथा वेशभूषा के प्रति उदासीन रहने लगता है।

कॉगनेटिव लक्षण:- तनाव की प्रतिक्रियास्वरूप मनुष्य को भूलने की बीमारी हो सकती है। उसकी हास्यप्रियता का गुण लुप्त हो जाता है। वह आस-पास के वातावरण से उदासीन हो सकता है। तनाव की अति प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाला व्यक्ति ठीक से पढ़ नहीं पाता तथा किसी भी बात को ढंग से समझ नहीं पाता। अधीरता अथवा उत्तेजना के कारण ऐसा होता है।

भावनात्मक लक्षण:- तनाव की तीव्रता के कारण कई बार उत्कंठित तथा अधीर व्यक्ति आक्रमक अथवा हिंसक भी हो सकता है। असुरक्षा, अवसाद, भय तथा अनिद्रा घेर लेती है। यदि नींद आती भी है तो बुरे सपनों के कारण शीघ्र ही टूट जाती है।

शारीरिक लक्षण:- यदि शरीर में तनाव हो तो गले, कंधे तथा पीठ की मांसपेशियों मे तनाव के कारण दर्द रहने लगता है। श्वास गति अनियमित हो कर तेज चलने लगती है। मुंह सूखना, हथेलियों में पसीना आना तथा हाथ ठंडे हो जाना, इसी के लक्षण हैं। पेट में उथल-पुथल होना, हाथ कांपना तथा बार-बार मूत्र आना भी शारीरिक लक्षण हो सकते है।

शरीर पर तनाव की अधिकता का दुष्प्रभाव

तनाव की अधिकता शरीर तथा मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बुरी तरह प्रभावित करती है। इनमें से कुछ मुख्य दुष्प्रभाव निम्नलिखित हैं:

1. हृदय की धडकन बढ़ जाती है।
2. रक्तचाप बढ़ जाता है।
3. मांसपेशियों में तनाव पैदा होता है।
4. जी.एस.आर. घट जाता है।
5. श्वास गति में वृद्धि होती है।
6. ऑक्सीजन की खपत में वृद्धि होती है।
7. धमनियों में संकुचन होने लगता है।
8. एड्रेनालिन हारमोन में वृद्धि होती है।
9. कोर्टीसोल हारमोन में वृद्धि होती है।
10. ब्लड शुगर में वृद्धि होती है।
11. सीरम कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि होती है।
12. पेट में एसिड निर्माण में वृद्धि होती है।
13. खून के थक्कों में वृद्धि होती है।
14. लार सूखने लगती है।

इन हारमोनों के निःसरण से पेट में अम्ल तेजी से बनने लगता है तथा सीरम कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि के कारण शरीर की कार्यप्रणाली को अधिक ईधंन की आवश्यकता पड़ती है। तनावकारी पसीना शरीर की बाह्य सतह पर जमाव कर लेता

है जिससे विद्युत अवरोध में कमी आती है। इसके द्वारा हम तनाव के स्तर में आने वाले उतार-चढ़ाव का अध्ययन कर सकते हैं। लगातार एसिड निर्माण प्रक्रिया के कारण पेप्टिक अल्सर होने की संभावना बढ़ जाती हैं। तनाव की अन्य प्रतिक्रियाओं के फलस्वरूप मुख में लार सूखने लगती हैं। कोष्ठबद्धता (कब्ज़) की समस्या भी हो सकती है।

तनाव से संबंधित रोग

मस्तिष्क ही शरीर की सभी क्रियाओं का नियामक है तथा शरीर की प्रत्येक गतिविधि का मार्गदर्शन करता हैं। इस पर पड़ने वाला कोई भी दबाव हानिकारक हो सकता हैं। तनाव भी मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालता है। कई बार लकवा मार जाता है अथवा दिमाग की नस फट जाती है। आधुनिक युग में तनावजनित रोगों को साइकोमैटिक रोगों की संज्ञा दी जाती है अर्थात शरीर के किसी भी रोग पर मस्तिष्क का प्रभाव । वर्तमान में साइकोमैटिक रोगों के कारण इंफैक्शन तथा दुर्घटनाओं जैसी समस्याएं जन्म ले रही हैं। अन्य तनाव जनित रोग निम्नलिखित हैं:–

1. कोर्नेरी हृदय रोग 2. पैप्टिक अल्सर 3. उच्च रक्तचाप 4. दमा 5. मधुमेह 6. अवसाद 7. एग्जीमा 8. तनावजनित सिरदर्द 9. गठिया 10. नपुंसकता 11. मासिक स्त्राव संबंधी समस्याएं 12. माइग्रेन 13. चमड़ी रोग 14. थॉयराइड असंतुलन 15. कमर तथा कंधों में दर्द 16. एलर्जी 17. कोष्ठबद्धता 18. जुकाम 19. इंसोमेनिया 20. सर्वाइकल स्पांडिलाइटिस।

अनेक व्यक्ति मानते हैं कि साइकोमैटिक रोग काल्पनिक होते हैं तथा वास्तविक रोग दिखाई नहीं देता परंतु यह रोग फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। इन रोगों के लिए हमारा सामाजिक तथा मानसिक वातावरण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। एक सशक्त मस्तिष्क रोगों से लड़ने की क्षमता रखता है जबकि दुर्बल मस्तिष्क ऐसा नहीं कर सकता।

तनाव से मुक्ति

तनाव का पूर्वानुमान:- वास्तव में तनाव आंतरिक अवस्था तथा बाह्य दबावों का मेल है। एक सकारात्मक सोच तथा अनुशासन के बल पर तनाव का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। इसके लिए आपको एक सहनशील मस्तिष्क की आवश्यकता होगी जो दूसरों के विचारों को भी भली-भांति समझ सके।

बाह्य दबाव जीवन की वास्तविकता:- जैसा कि पहले भी बताया जा चुका हैं, बाह्य दबाव जीवन के वे कठोर सत्य हैं जो हमारे मानवीय वातावरण में चारों ओर पाए जाते हैं। बाह्य दबाव जनित तनाव से निबटने के लिए साधारण पहुंच अपनानी होगी तथा सकारात्मक मनोस्थिति अपनानी होगी। यह घटक हमारे लिए व्यक्तिगत रूप से बाहरी ही होते हैं किंतु हम स्वयं ही तय करते हैं कि हमारे लिए इनकी क्या महत्ता है।


परिवर्तन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण:- इस संसार में अनेक ऐसी परिस्थितियां

सामने आ जाती हैं जिनकी हमने कभी कल्पना तक नहीं की थी। संसार में परिवर्तन ही एक ऐसा तत्व हैं जिसमें निरंतर बदलाव आता रहता हैं। परिवर्तन अपने साथ नई जानकारियां, मांग तथा चुनौतियां लाता है। नई तथा अनजान वस्तुएं हमें चौंकाती हैं, इसी से तनाव पैदा होता है। किसी भी नए उत्पाद को छोड़ने या अपनाने से पूर्व उद्देश्य की सार्थकता का विश्लेषण कर लेना चाहिए। सकारात्मक दृष्टिकोण से आप इसमें छिपे अवसरों तथा लाभों को पहचान पाएंगे। ऐसी मानसिकता अपनाकर हम अपने मित्रों तथा सहयोगियों के साथ सहयोगपूर्ण वातावरण में काम कर सकते हैं तथा तनावजनित परिस्थितियों से बच सकते हैं।

आंतरिक मनोदशा में परिवर्तनः- स्पष्ट रूप से तनाव को समाप्त करने के लिए बाहरी दबावों तथा भीतरी मानसिकता पर ध्यान देना होगा। बड़ी चुनौतियां किसी के भी स्वभाव में बदलाव ला सकती है। हम प्रायः लोगों को कंधे उचका कर कहते हुए सुनते हैं कि मैं तो ऐसा ही हूं। ऐसा वाक्य सुनकर ऐसा जान पड़ता है मानो वे स्वयं को विश्वास दिला रहा हो कि वे तो जन्म से ऐसे ही थे। ऐसा बदलाव आसानी से आ सकता है। समय के साथ-साथ हमारी मानसिकता भी बदलती रहती है। बचपन का कोई आदर्श चरित्र युवावस्था में एक बुरा उदाहरण बन सकता है। आज से दो वर्ष पहले तक मुझे नूडल्स पसंद नहीं थे किंतु आज मैं इन्हें पूरे स्वाद से खाता हूं। यह सब भीतरी सोच में बदलाव के कारण है। अनुभव, ज्ञान तथा अनुशासन के बल पर इस अवस्था में परिवर्तन संभव है। यदि हम मुड़ कर देखें तो पाएंगे कि जिन कामों को हम असंभव तथा अविश्वसनीय समझते आए थे, आज उन्हीं को हम सुगमतापूर्वक कर रहे हैं। मानसिकता में बदलाव लाने वाले घटकों को समझें तथा तनाव बढ़ाने वाले कारणों में सुधार लाने का प्रयास करें। इन बदलावों के साथ कार्य करना निश्चय ही लाभप्रद रहेगा।

समाज और परिवर्तनः- हम अपने परिवार में बुजुर्गों से जिस तरह व्यवहार करते हैं अथवा उन्हें आदर-मान देते हैं, हो सकता है नई पीढ़ी को यह सब रूचिकर न लगे। दूरदर्शन, फिल्मों तथा साहित्य ने नई पीढ़ी की सोच तथा व्यवहार को बेतरह प्रभावित किया है। कोई इस परिवर्तन का विरोध करता है अथवा कोई इसे स्वीकार लेता है पर अच्छे मूल्य तथा संस्कारों की गहरी पैठ सदा बनी ही रहती है। यदि केवल सतही विषयों पर ही ध्यान केंद्रित रहे तो पीढ़ियों का अंतराल बढ़ भी सकता है। माता-पिता तथा बच्चों के बीच का यह अंतराल काफी घातक हो सकता है।

यही अंतराल सहकर्मियों, पड़ोसियों, परिवार के अन्य सदस्यों तथा दंपत्तियों के बीच भी पनप सकता है। यह आवश्यक नहीं कि आप प्रत्येक के विचारों से सहमत हों किंतु नए विचारो के प्रति सदा आग्रही रहें। मस्तिष्क की मुक्त ग्राह्य अवस्था आपके व्यावसायिक संबंध दृढ़ होंगे।



वार्ब द्वारा आयोजित योग शिविर में योग करते हुए सीआरपीएफ कर्मी

परस्पर लाभ:- तनाव को नियंत्रण में रखने के लिए आप 'लेना-देना' के सिद्धांत को भी अपना सकते हैं। यदि दो विभिन्न विचारधारा वाले व्यक्ति एक साथ काम करना चाहते हैं तो उन्हें यह समझना होगा कि उनके विचार आपस में टकरा सकते हैं जिसके लिए उन्हें लेन-देन का सिद्धांत अपनाना होगा। यहां हम इसे 'समझौते' की संज्ञा दे सकते हैं जिसका शाब्दिक अर्थ 'समर्पण' नहीं 'परस्पर लाभ' लिया जाए। वास्तव में एक-दूसरे की जरूरतों को समझना तथा अपनी इच्छाओं का आंशिक त्याग करना ही भावनात्मक पुष्टि तथा सुदृढ़ सम्बन्धों का आधार बन सकता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि समाज में यह सिद्धांत आसानी से प्रयोग में लाया जा सकता हैं क्योंकि यह परस्पर लाभ पर आधारित हैं। यदि हम इसी प्रक्रिया में परिवार के सभी सदस्यों को भी सम्मलित कर पाए तो यह एक सार्थक प्रयास होगा।

गंभीर तथा दीर्घकालीन तनाव में मुक्ति

गंभीर तनाव की दशा में शांत तथा सहनशील व्यक्ति भी अपना आपा खो बैठता है। यहां तक कि वे क्रोधावस्था में शारीरिक अथवा मौखिक प्रतिक्रिया भी व्यक्त करते हैं। यदि आप शांत अवस्था में अपनी भावदशा को पहचानें तो इस स्थिति में निम्न उपाय आजमा सकते हैं–

प्रतिक्रिया व्यक्त करने की चेष्टा न करें:- अपनी विवेक बुद्धि को पाने के लिए क्रोध

शांत होने की प्रतीक्षा करें। दस तक गिनती गिनें तथा गहरी सांसें लें। इससे आप कुछ संतुलित हो पाएंगे। इस प्रकार तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर देने से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता हैं।

दूसरा दृष्टिकोण:- 'अनेकांत' के सिद्धांत के अनुसार एक दूसरा दृष्टिकोण भी आपके तनाव का कारण बन सकता है। हो सकता है अगला व्यक्ति आपसे अधिक जानकार हो इसलिए सुनने की कला भी सीखें।

ऊर्जा का विकेंद्रीकरण:- तनाव उत्पन्न होते ही अपना ध्यान दूसरी ओर लगाने का प्रयत्न करें। तैराकी, दौड़ तथा वजन उठाने जैसा शारीरिक श्रम भी इस विषय में सहायक हो सकता है।

भड़ास निकाल लें:- अपनी भावनाओं को दबाने की कोशिश न करें। किसी मित्र या सहकर्मी से मन की बात कह सकते हैं।

क्षमादानः- अपने अहम् से बचने तथा अपराधबोध से बचाव के लिए आप क्षमा करने की कला सीख लें। दूसरे व्यक्ति की बुद्धि की सीमाओं को जान लेने के बाद अनेक तनावपूर्ण स्थितियों से छुटकारा पाया जा सकता है। यही सहनशीलता तथा आत्मपरीक्षण आपके जीवन की दिशा बदल सकते हैं।

दोष स्वीकारनाः- अपना दोष स्वीकारना भी एक बहुत बड़ा समाधान है। किसी भी पहलू की नकारात्मकता सदा तनाव का कारक होती है।

वचन पालन करें:- आपको अपने वचन का पालन करना चाहिए चाहे वह छोटा-सा ही क्यों न हो। इस प्रकार व्यर्थ की चिंताओं से उबरा जा सकता है।

अन्य स्थितियों में:- अपने अन्दर के वक्ता को ध्यान से सुनने की क्षमता विकसित करें। इस तरह स्थितियों के विभिन्न पहलुओं को जान पाएंगे।

अपेक्षाएं मुखरित हों:- प्रायः अपेक्षाएं व्यक्त न होने के कारण भी तनाव उत्पन्न होता हैं। यदि आप किसी से कोई अपेक्षा रखते हैं तो उसे स्पष्ट शब्दों में व्यक्त करें। इस प्रकार आप अनचाहे तनाव से बच सकते हैं।

सकारात्मक दृष्टिकोण:- सकारात्मक दृष्टिकोण प्रत्येक परिस्थिति में अवसर तथा लाभों को पहचान सकता है। यह तनाव का सुरक्षा कवच तो है ही, साथ ही लाभदायक भी है। प्राकृतिक रूप से सकारात्मक दृष्टिकोण से होने वाले लाभ तनाव की वृद्धि में बाधा उत्पन्न करते है।

काम के बीच अंतर रखें और अपमानित न करें:- किसी भी कार्य का मूल्यांकन अथवा आलोचना करते समय व्यक्तिगत अपमान न करें। वहां स्पष्ट करें कि आपका उद्देश्य व्यक्ति विशेष की आलोचना नहीं उसके कार्य का मूल्यांकन करना है।

आपका स्वर:- अपने ही स्वर को सुन कर जानने का प्रयत्न करें कि कहीं आपका स्वर आक्रामक अथवा रूखा तो नहीं हो रहा। फिर अपना मत स्पष्ट रूप से व्यक्त करें।

संदेश का संप्रेषण:- ध्यान रखें कि आपके स्वर की तीव्रता तथा शब्दों के चयन ने संदेश को उचित रूप से संप्रेषित कर दिया है।

अमौखिक संदेश:- अपनी बात करने से पूर्व अमौखिक संप्रेषण की कला को भी जाने ताकि आप प्रत्येक स्थिति का सामना कर सकें।



आपसी सहयोग व समन्वय पर जोर

वास्तविकता को समझें एवं वातावरण के अनुसार ढ़लें:– जवान तनावमुक्त होने के लिए अपनी निम्नलिखित सोच बनाएं। जब केरिपुबल में नियुक्ति के बारे में सोचा ओर नियुक्ति हुई। ठीक उसी प्रकार निम्न विचार रखें और तनावमुक्त रहें।

- बल का वेतन पद के अनुसार है। उसी में अपने परिवार का पोषण करना है।
- बल में 60 दिन अर्जित अवकाश व 15 दिन आकस्मिक अवकाश हैं। पूरे वर्ष की योजना वर्ष के प्रारम्भ में ही सुनिश्चित कर लें।
- बल में समूह केन्द्रों के अलावा परिवार साथ रखने के अनेक विकल्प हैं उन पर विचार कर अपने उच्च अधिकारियों से विकल्प मांगें।
- बल में रहने की व्यवस्था के बारे में जानते हैं। कहीं सुविधाएं मिलेगी, कहीं नहीं मिलेगी। लेकिन जैसी मिलती हैं उसी में रहने की सोच बनाएं।

सुविधाओं पर भी विचार करें

- बल में प्रदत्त भोजन सुनियोजित व पौष्टिक होता है व देश का बड़ा वर्ग उससे महरूम है। इस सच को जाने ।
- नौकरी से आपकी आय पहले से बेहतर है, तथा प्रतिवर्ष बढ़ाई जाती है। इस सच

को जाने।

- जब बीमार होते हैं तो घर पर रहते हुए आप लाखों रूपए खर्च नहीं कर सकते हैं लेकिन बल में बीमार होने पर बल आपका व आपके परिवार की पूरी जिम्मेदारी उठाता है।
- पूरे देश का भ्रमण आप व आपका परिवार कर सकता है जो घर पर उपलब्ध आय से सम्भव नहीं है।
- बच्चों के शिक्षा की समुचित व्यवस्था व साधन बल द्वारा उपलब्ध हैं, उसका लाभ उठायें व निश्चित रहें।
- बल द्वारा वाहन, विवाह, मकान हर चीज का लोन उपलब्ध है। लाभ उठायें।
- बल के नियम–आचरण संहिता साधारण हैं। उनके दायरे में रह कर कार्य करें, बल आपका व आपके परिवार का पूरा ध्यान रखेगा।

- जोगिन्दर सिंह
कमांडेंट, 72 बटालियन

संस्मरण

भूत प्रेत मैं नहीं मानता मगर...!

बात दो ढाई साल पहले की है। मैं 37 बटालियन मंगलदोई असम में तैनात था। एक दिन मैं अपने दफ्तर में बैठा काम कर रहा था। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे का वक्त होगा कि अचानक बाहर से किसी के चीखने चिल्लाने की आवाज़ें आने लगीं। मैं तुरन्त कुर्सी से उठ कर बाहर भागा, मुझे लगा शायद कोई जवान शराब पी कर मैस में दंगा कर रहा है, मगर बाहर आ कर देखा तो मामला कुछ और ही था।

हमारे कैंप के साथ ठीक जवानों की मैस के पीछे एक नदी बहती है और नदी के दूसरी तरफ एक वीरान शमशान है, जिसमें यदा-कदा एकआध लाश जला दी जाती है।

अपने कमरे से निकल कर मैं मैस की तरफ गया तो देखा कई जवान नदी के किनारे खडे हैं और बलवान नाम का एक जवान हाथ में घास काटने वाली तलवार लेकर बिलकुल विक्षिप्त अवस्था में नाच रहा है। कभी वह नदी पार कर शमशान भूमि में चला जाता और जोर-जोर से जमीन पीटने लगता और चिल्लाता, “मुझे छोड़ दे, मुझे छोड़ दे।” कभी वापस लौट आता और फिर पीछे लौट जाता, जैसे अपने पीछे मौजूद किसी से झगड़ रहा हो, तभी कमांडेंट और बाकी अधिकारी भी वहां आ गये और तुरंत कुछ लड़कों को नदी में उतार कर, किसी तरह बलवान को काबू में कर

यूनेट अस्पताल में ले आए, धीरे-धीरे यह अचेत हो गया। न वह किसी को पहचान रहा था, न किसी की बात का जवाब दे रहा था। उसकी बात से यही लग रहा था कि वह किसी अदृश्य औरत के चंगुल से छूटने की कोशिश कर रहा है।

उसे तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया और वहां से गुवाहाटी कम्पोजिट अस्पताल में भेज दिया गया।

बलवान की इस हालत से यूनिट में हम सभी परेशान थे। इस घटना के मात्र 15-20 मिनट पहले वह सहज रूप से जवानों की मैस में खाना खा रहा था। पिछले एक साल से मैं खुद उस जवान को जानता था। कभी उसमें किसी प्रकार का कोई विकार नहीं पाया गया था। फिर ऐसा क्या था कि वह अचानक विक्षिप्त हो गया। भूत प्रेत मैं नहीं मानता, मगर कैम्प में 90 फीसदी जवान मानने लगे थे कि उस पर किसी प्रेत की छाया पड़ गयी है।



मजे की बात यह थी कि मानसिक रूप से विक्षिप्त रोगियों को नजदीक से देखने का यह अकेला मामला नहीं था। इससे पहले भी मानसिक रूप से बीमार तीन चार जवान यूनिट मुख्यालय में मौजूद थे, जिनका बराबर उपचार चल रहा था। जवानों में मानसिक विक्षिप्तता को नजदीक से देखने का मेरा यह ताजा अनुभव था।

यूनिट का प्रशासन अधिकारी होने के नाते इन सभी मानसिक रोगियों को नजदीक से देखने और समझने का मुझे मौका मिला।

हमारा एक कुक था दक्षिण भारत का रहने वाला था। ए.के. रहमान उसका नाम था, अच्छा कुक था, मन लगाकर काम करता था। शरीर से देखने में स्वस्थ, स्मार्ट प्रतीत होता था बस समस्या यह थी कि वह मनोरोगी था डाक्टर ने उसे आग और पानी से दूर रहने की सलाह दी थी। सोचिए सीआरपीएफ में कुक से काम लेना हो

और वह भी आग और पानी से दूर रख कर, कहां तक संभव है? बहरहाल उसे कड़ी निगरानी में सब्जी वगैरा काटने आदि के काम में लगा कर रखते थे। समस्या यह थी कि उसे अचानक दौरे पड़ते थे और वह पागलों की तरह इधर उधर भागने लगता, अपने सिर को, शरीर को इधर उधर पटकने लगता था और मुंह से अजीब-अजीब सी जानवरों जैसी आवाजें निकालने लगता था। उस समय उस के शरीर में इतनी ताकत आ जाती थी कि आठ दस जवानों के भी काबू में नही आता था। पहले हम समझते थे कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ता होगा। मगर उसे जो दौरे पड़ते थे उन में मिर्गी के लक्षण नहीं थे। उसका ईलाज भी गुवाहाटी कम्पोजिट अस्पताल में चल रहा था। जब वह ठीक होता तब उससे मैंने कई बार बात की, और हर बार उसकी बातचीत का कुल सार यही रहा कि उस के गांव का एक भूत उस पर सवार है, जिसका वह देसी इलाज भी करा रहा है। मैं भूत प्रेत को नहीं मानता, मगर कैम्प के 90 फीसदी जवान मानते थे कि यह बात सच है।

हमारा एक हैड कांस्टेबल फिटर था हरनाम सिंह। हमारी एक कंपनी असम के उदागुडी जिले के काफी अंदरूनी इलाके हरिसिंगा में तैनात थी। बोडो लोगों की बहुलता वाला यह काफी पिछड़ा इलाका है। हमारे हरनाम सिंह जी इसी कम्पनी में वहां मौजूद गाडियों की देखभाल के लिए भेजे गये थे। एक रोज़ कंपनी कमांडर का मुझे फोन आया कि हरनाम की हरकतें ठीक नहीं है, वह कैम्प छोडकर बाहर की तरफ भागता है। लड़के उसे पकड़ कर लाते हैं, तो वह बहुत हिंसक हो जाता है और पागलों जैसा व्यवहार करने लगता है। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, क्योंकि हरनाम की पहले कभी कोई शिकायत नहीं आयी थी। मैंने कम्पनी कमांडर को कहा कि उसे बटालियन मुख्यालय भेज दे। अगले दिन जब हरनाम मेरे सामने आया तो मैं उसकी हालत देखकर चकित रह गया। वह बिलकुल विक्षिप्त हो चुका था, और बार-बार एक ही बात बोल रहा था, “बहुत सारे लोग मुझे मारने आ रहे हैं, वो मुझे मार देंगे।” वह सब का नाम ले रहा था, कम्पनी कमांडर, एम टी प्लाटून कमांडर, एम टी हवलदार। सभी उसे अपने दुश्मन नजर आ रहे थे, और उसे लग रहा था कि वो लोग उसे मारने आ रहे हैं। मैंने उसे अस्पताल भेजा मगर उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टर ने उसे दवा दारू देने के बाद दो महीने का होम रेस्ट दे दिया।

मैंने उसके इलाके के दो लड़कों के साथ उसे छुट्टी भिजवा दिया। मगर वह छुटटी जाते जाते एक बार आधी रात को और एक बार सुबह तड़के भाग कर मेरे कमरे में आ गया, और बोला, “साहब वहां स्टेशन पर मुझे मारने के लिए लोग इकट्ठा हैं।”

खैर। मैंने उसे समझा बुझा कर छुट्टी भेज दिया। मैंने बाद में कम्पनी कमांडर से पूछा, तो उसने बताया कि साहब उसे शराब पीने की आदत थी, चोरी छिपे कैम्प से निकल जाता था। किसी ने उसे शराब में कुछ मिला कर पिला दिया। बाकी का कहना था कि उस पर किसी भूतप्रेत की छाया पड़ गयी है। मैं भूतप्रेतों में यकीन नहीं करता, मगर जब हरनाम छुट्टी से लौट कर आया तो वह बिलकुल सामान्य था, मैंने उससे पूछा कि उसने अपना ईलाज कहां कराया, तो बोला, “साहब मुझे कोई बीमारी थोड़ी

थी, वो तो एक छाया का असर था, जिसे हमारे गांव के एक झाडफूंक करने वाले ने उतार दिया।" उसके बाद यह जितने दिन रहा बिलकुल ठीक रहा, और फिर स्वयं से सेवानिवृत्ति ले कर चला गया और अब बड़ौदा और पंजाब के बीच अपने तेल के टैंकर चला रहा है।

और कई लोग थे- एक कुक था उसे जब दौरा पडता था तो मेज पर चढ़कर खुद को कम्पनी कमांडर समझने लगता था एक ड्राईवर था जो दिन में ठीक रहता मगर रात को आंख लगते ही जोर-जोर से चीखने लगता।

एक सिपाही था जो अक्सर मैस में अपना आपा खो देता और सभी को अनाप-शनाप गालियां देने लगता। कम्पनी कमांडरी के दिनों में मेरी बटालियन में एक हवलदार था। जिसके पास कोत का चार्ज भी था। रात में कैम्प से भाग गया, अगले दिन पुलिस ने उसे एक घर में एक विक्षिप्त बच्चे की तरह अलमारी के पीछे छिपा पाया। हम लोग उसे वहां से लाए। जब तक मैं उस यूनिट में रहा उसका, मनोविकार चिकित्सक से इलाज चलता रहा और वो लाईट ड्यूटी में रहा। इन सब के विषय में विस्तार से नहीं लिखूंगा, मगर एक किस्सा पाठकों को जरूर बताना चाहूंगा।

एक रोज सुबह मार्कर के बाद बृहस्पतिवार को हथियारों की सफाई चल रही थी कि एक सिपाही नायक जो सिक्योरिटी एड की ड्यूटी कर रहा था प्रोटेक्शन में तैनात एक सिपाही माधव की ए के-47 हाथ में लेकर बाहर निकल गया। संतरी ने ध्यान नहीं दिया, उसने सोचा कि शायद वो मेरे घर जा रहा होगा।

वह मेरे घर गया मगर मैं घर में नहीं था, मैं अपने आफिस में बैठा था। वह मेरे घर से वापस लौट आया। इसी बीच किसी मे माधव को बता दिया कि नायक तुम्हारी रायफल लेकर बाहर गया है। माधव उसके पीछे भागा। तब तक नायक मेरे दफ्तर के पास लौट आया था। माधव ने उसे पीछे से पकड कर दबोच लिया। शोरगुल सुनकर मैं भी बाहर आ गया। मगर मरियल से नायक के हाथ में गजब की शक्ति आ गयी थी, उससे रायफल छीनना मुश्किल हो रहा था। माधव ने उसका हाथ पकड कर रायफल की बैरल को ऊपर की तरफ उठा दिया था। मैंने किसी तरह रायफल की मैगजीन निकाल दी।

उसके बाद मैंने सब लड़कों को उसे छोड़ देने के लिए कहा। लडकों के चंगुल से छूटते ही वह रायफल को बच्चों की तरह अपने सीने में चिपका कर रोने लगा, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। मैंने हाथ बढ़ाकर उससे रायफल मांगी तो उसने रायफल मेरे हाथ पर रख दी। उसके बाद मैं उसे अपने कमरे में ले गया और उससे अकेले में बात की। तो उसने जो बताया वो ये था-"साहब मेरी जान को खतरा है। मेरे पीछे कुछ लोग पड़े हैं। जिन्होंने मेरे पूरे परिवार को मार दिया है और अब वो लोग मुझे मारने के लिए आ रहे हैं। मुझे बचा लीजिए साहब ।" उसकी हरकतों से लग रहा था कि वह बहुत ज्यादा खौफज़दा है। वह डर के मारे बार-बार बाहर देख रहा था। उसका शरीर पसीने से भीग गया था। मैंने उससे पूछा, 'कब मारा उन्होंने तेरे घरवालों को ?'

उसने जवाब दिया "साहब सुबह ।"

“मगर तुम्हारा घर तो उड़ीसा में है, तुम्हें कैसे मालूम?”

“साहब मैंने अपनी आंखो से देखा बिलकुल मुझे ऐसा दिखायी दिया जैसे मेरी आंखों के सामने उन्हें मार रहे हैं और अब वो मुझे मारने आ रहे हैं।

तब गुवाहाटी में मोबाइल का चलन शुरू नहीं हुआ था। मैंने उसे एसटीडी बूथ में ले जा कर उसके घरवालों से उसकी बात करवा दी मगर उसकी स्थिति में कोई फर्क नहीं आया। बाद में पता चला कि उसने सुबह उठते ही खाली पेट रात की बचा कर रखी थोडी शराब भी पी थी। उसके घर में कोई समस्या थी, लेकिन इस घटना के बाद से वह स्थायी रूप से मनोविकार का शिकार होकर लाईट ड्यूटी में चला गया और वह जब तक गुवाहाटी में रहा, कम्पोजिट अस्पताल में उसका इलाज चलता रहा।

मेरा मन नहीं मानता, मगर लड़के कहते थे कि उस पर भी उसके गांव के किसी आदमी का भूत आने लगा था।

ये सभी किस्से गुवाहाटी या मंगलदोई, असम के हैं और इन सभी का इलाज कम्पोजिट अस्पताल गुवाहाटी में हुआ। मनोचिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों का अपना मानना, और अपना वैज्ञानिक विश्लेषण हैं लेकिन हमारी कार्यस्थितियां, हमारी रहने की स्थितियां, जवानों की पारिवारिक पृष्ठभूमि, पारिवारिक दायित्व को परिवार से दूर रहने के कारण पूरी जिम्मेवारी के साथ ना निभा पाने की मजबूरी, अवसाद, दबाव, और तनाव मिलकर कहीं न कहीं ऐसी स्थितियों का निर्माण करते हैं, जहां व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देता है और इस संतुलन को हम अपने तरीके से तलाश करते हैं।

हम इस संतुलन की आशा अपने मनोचिकित्सकों और अस्पतालों से करते हैं। मगर अफसोस जिन्हें इस संतुलन की जरूरत है वो इसे परम्परागत देसी चमत्कारों में ढूंढ रहे हैं, और शायद पा भी रहे हैं।

मैं जब तक मंगलदोई में रहा, मेरी इच्छा जोर मारती रही कि थोड़ी झाड़फूंक मैं भी सीख लूं। बेशक मन बहलाने के लिए। मैं जानता था कि मेरे नैतिकता, संयम और अनुशासन के बोर भाषणों की जगह मेरी झाड़फूंक जवानों पर चमत्कारी रूप में कार्य करेगी।

अनिल गुप्ता, उप कमां.
आर.ए.एफ. मुख्यालय

तुमने कहा था

अब तो जान पे बन आई
कम होगी कब मंहगाई
‘देश के हैं भंडार भरे’

तुमने कहा था हरजाई
'तीन महीने सब्र करो'
सुनके खलकत घबराई
होश में आएं सरकारें
मंहगाई पे मंहगाई
जा बैठी शमशानों में
कच्चे घरों की तन्हाई
निर्धन को इंसाफ कहां
बहरी हो गई सुनवाई
जब भूखे बच्चों को
आज भी नींद नहीं आई

निरीक्षक/मं. हुकम सिंह
23वीं वाहिनी, के.रि.पु.बल

व्यंग्य

सरकारी गवाह

वैसे तो यह एक लीगल टर्म है, जिसका प्रयोग पुलिस एवं अन्य जांच एजेंसियां विभिन्न प्रकार के मामलों के अनुसंधान में करती हैं। मैं इस विधिक एवं न्यायिक पद्धति एवं उसकी तकनीक के विशेष में अधिक नही जानता और न ही मेरा तात्पर्य उस विषय विशेष के ऊपर टिप्पणी करना है। जहां तक मेरा विचार है यह वह पक्ष है जिसमें एक ही आरोप/अपराध में सम्मिलित कई व्यक्तियों में से एक या अधिक सहभागी पुलिस एवं जांच एजेंसियों का सहयोग कर उस अपराध के बारे में जानकारी देकर अपने हिस्से की सजा को कम(चालू अथवा कभी-2 माफ भी) करवा लेते हैं। यद्यपि उस कार्य में उनकी भी संलिप्तता होती है तथापि वे कानून/पुलिस की मदद कर जांच को अपेक्षाकृत सुगम एवं सुलभ बना देते हैं। कहना न होगा कि इसमें लाभ दोनों पक्षों को ही होता है। संभवतः इसी का नाम वायदामाफ गवाह भी है।

आप इस शब्द से संशय में न पड़ें। मेरा तात्पर्य यहां पर दूसरे ही प्रकार के

सरकारी गवाहों से है अथवा यह समझिए कि मैनें कुछ विशेष प्रकार के तत्वों को यह नाम दिया है। ये तत्व आपको हर विभाग, कार्यालय, संगठन में मिलते हैं। ये आपके आसपास रहते हुए भी आपसे दूरी बनाये रखते हैं। वास्तव में ये वे जीव होते हैं जो किसी भी विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष अथवा ईकाई प्रमुख के स्थानापन्न होने पर सदैव अपने स्थान/ नियुक्ति/पद पर विराजमान रहते हैं। इन पदों पर काम करते-2 इनमें इतनी दक्षता आ जाती है कि कोई बाहरी तत्व इनके मध्य बहुत अधिक कठिनाई से घुसपैठ कर सकता है। हां, राजनैतिक सत्ता परिवर्तन का मामला इनसे भिन्न है। वहां पर तो सरकार बदली होते ही तुरंत लगभग सारी की सारी मशीनरी बदल दी जाती है। वहां पर उनके दलगत, क्षेत्रगत एवं जातीय हित होते हैं, किन्तु अधिकांश कार्यालयों में इन चीजों का अभाव होता है। वहां पर दूसरे कारण (हित) प्रभावित करते हैं।

घुमा फिराकर अर्थ वही निकलता है कि यहां भी दोनों पक्षों का हित साधन होता है। नवागत बॉस को उस ऑफिस, क्षेत्र, कार्यप्रणाली, भूतकाल की तमाम कार्यवाहियां आदि की रेडीमेड जानकारी मिल जाती है। इसमें उन्हें अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ता। इतना ही नहीं उन्हें अपने आगामी कार्यकलाप को सुगम संचालन के लिए आश्वासन भी मिल जाता है फिर किसी को क्या पड़ी अधिक सिर दर्द लेने की। जैसा चल रहा है, वैसा चलने दिया जाये, की तर्ज पर चलता रहता है और शेष लोग जो व्यवस्था परिवर्तन की आशा लिए प्रतीक्षारत थे, उनके हिस्से में पुनः वही स्थिति मिलती है, जिससे वे पहले से दो-चार होते आए हैं। कभी-2 नया प्रमुख आते ही व्यवस्था को परिवर्तित करने की बात/प्रयास करता भी है, तो वह केवल इतना भर होता है कि जैसे ट्रेन जब ट्रैक बदली करती है तो थोड़ी हलचल महसूस होती है। किन्तु रेल जैसे ही पटरी पर पहुंच जाती है, फिर वही दिशा, एवं गति पकड़ लेती है। सरकार में भी तो जब-तब मंत्री परिषद् में फेर-बदल की बात चलती है तो वह इतना अल्प परिवर्तन होता है कि अधिकांश सांसद/विधायक, जो कि हर बार आशा लगाये रहते हैं, निराशा ही हाथ लगती है। यदि कभी-2 इनकी संभावना बनती भी है, तो तब तक दृश्य/बॉस बदली हो जाता है और समय का पहिया फिर उसी प्रकार घूमना आरम्भ कर देता है।

इन विश्वासपात्रों में भी दो श्रेणियां देखने को मिलती है। एक वे जो पूर्व प्रमुख के पूर्ण रूप से हितैषी, उपयोगी, सहायक, परामर्शदाता, भक्त (वफादार) थे तथा वर्तमान प्रमुख के लिए भी ठीक वैसे ही सिद्ध होते हैं अथवा भरसक प्रयासरत होते हैं। दूसरे वे होते हैं जिन्होंने वास्तव में न तो पहले बॉस के लिए कुछ किया था और न अब कुछ करने का इरादा रखते हैं। पहले भी ये येन-केन-प्रकारेण अपनी जगह बनाये/बचाये रहे और अब भी इनकी अधिकांश क्षमता इसी तिकड़म में व्यय होती है कि कैसे 'हल्दी लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा आये '। ये कपड़े को केवल नापते हैं। जब काटने का अवसर आता है, तो बगलें झांकने लगते हैं, क्योंकि काटने का अर्थ है अलग करना और देना। मेरा तात्पर्य वास्तव में इन्हीं महान आत्माओं से है अथवा कहिए कि ये ही वे सरकारी गवाह है।

यद्यपि बॉस इन तत्वों को समझ भी रहा होता है, तो भी किसी कारणवश निवाह करता रहता है। अपवादस्वरूप ही कोई प्रमुख ऐसा होता होगा जो कि अपने कनिष्ठों के विषय में (देर-सबेर) विस्तार से न जान लेता हो। भले ही प्रकट में वह इनके साथ वैसा व्यवहार न कर रहा हो।

हम सबके क्रियाकलाप निःसन्देह एक दूसरे को प्रभावित करते है और अन्ततः व्यवस्था ही प्रभावित होती है, जिसके परिणाम व्यवस्था में सम्मिलित सभी व्यक्तियों को भुगतने पड़ते हैं, सिवाय सरकारी गवाह के।

'जिन्दगी दी है मुझे, आग के दरिया की तरह
और पार उतरने के लिए मोम की कश्ती दी है।'

- आर.पी. सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट
ग्रुप केन्द्र, इम्फाल

दीक्षांत समारोह

सीआरपीएफ में 78 नए सहायक कमांडेंट शामिल




सेवा एवं निष्ठा की शपथ

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने ली सीधे नियुक्त अधिकारियों के 40वें बैच की पासिंग आउट परेड की सलामी

सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों (सहायक कमांडेंट) का एक और बैच केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में शामिल हो गया है। गुड़गांव स्थित कादरपुर अकादमी में 15 फरवरी 2010 को अधिकारियों के 40वें बैच की पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली। अपने उद्बोधन में श्री हुड्डा ने सीआरपीएफ की भूमिका की सराहना की और कहा कि अनेक मौकों पर आई चुनौतियों का सामना करने में इस बल ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार कादरपुर अकादमी के विकास और सुविधायें प्रदान करने के लिये हर संभव सहायता देगी।

40वां बैच इस अकादमी द्वारा प्रशिक्षित किया जाने वाला चौथा बैच है इनका प्रशिक्षण 27 जनवरी, 2009 को आरंभ हुआ था। इनमें 02 महिला अधिकारियों सहित कुल 78 अधिकारी है। प्रशिक्षण के 53 सप्ताह के दौरान इन अधिकारियों को आंतरिक प्रशिक्षण जैसे कानून, प्रबंधन, केरिपुबल नियम एवं अधिनियम, भीड़ नियंत्रण, पुलिस एवं जनता संबंध, मानव अधिकार विषयों का और बाह्य प्रशिक्षण जैसे शारीरिक प्रशिक्षण, बिना हथियार की लड़ाई, हथियार का प्रशिक्षण, भूमि कला एवं युद्ध कला, इन्टेलिजेन्स एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया

गया है। इन अधिकारियों को तैराकी का प्रशिक्षण एन एस जी मानेसर (गुडगांव) में दिया गया तथा पर्वतारोहण का प्रशिक्षण स्वामी विवेकानन्द पर्वतारोहन संस्थान माउंट आबू (राजस्थान) में दिया गया। इस दौरान बैच को तीन सप्ताह जंगल कैम्प का कठिन प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें इन अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर तथा नक्सलवादी चरमपंथियों से लड़ने के लिये विभिन्न परिचालनात्मक अभियानों का गहन प्रशिक्षण सिमुलेटीड परिवेश में विभिन्न अभ्यासों के माध्यमों से दिया गया है। इसी क्रम में इन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, भारतीय सैनिक अकादमी देहरादून, राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद, आईटीबीपी अकादमी, आंध्र प्रदेश पुलिस अकादमी एवं ग्रे-हाउंड्स जैसी गौरवान्वित संस्थाओं का शिक्षा भ्रमण करवाया गया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने दीक्षान्त परेड अवसर पर सीआरपीएफ पुस्तिका का विमोचन किया



श्री हुड्डा ने बाह्य प्रशिक्षण में सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु की ट्रॉफी मनीषा पाठक को प्रदान की

बल में सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों का इतिहास काफी पुराना है और प्रथम बैच वर्ष 1961 में आरंभ हुआ। प्रारंभ के बैचों का प्रशिक्षण राष्ट्रीय पुलिस अकादमी तथा केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, नीमच (म0प्र0) में किया जाता था। वर्ष 1975 से आंतरिक सुरक्षा अकादमी की स्थापना के उपरान्त अधिकारियों का मूल प्रशिक्षण आंतरिक सुरक्षा अकादमी, माउन्ट आबू (राजस्थान) में किया जाने लगा। पिछले कुछ वर्षों से देश की आंतरिक सुरक्षा परिवेश में काफी बदलाव आया है और उन चुनौतियों का सामना करने के लिये बल का काफी शीघ्रता से विस्तार हुआ। तदनुसार अधिकारियों की मांग बढ़ी और बढ़ी हुई मांग और चुनौतियों के अनुसार अधिकारियों के विशिष्ट रूप से प्रशिक्षण हेतु एक अलग अकादमी की आवश्यकता महसूस की गई। इस आवश्यकता को मूर्त रूप 23 मार्च 2002 को कादरपुर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अकादमी के रूप में दिया गया। इसका शिलान्यास तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी ने किया।



मुख्यमंत्री श्री हुड्डा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को रैंक लगाये



बल के महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव ने प्रशिक्षुओं के परिवारजनों से मुलाकात की



पुरस्कृत सीधे नियुक्त सहायक कमांडेंट के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और बल के महानिदेशक विक्रम श्रीवास्तव

अकादमी में चलने वाला पहला बैच सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों का 37वां बैच था जिसमें कि 167 अधिकारी 11 नवम्बर, 2006 को पास आउट हुए, 38वें बैच के 172 अधिकारी 19 दिसंबर 2007 को पास आउट हुए एवं 39वें बैच में 21 जनवरी 2008 को 101 अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह सभी अधिकारी वर्तमान समय में देश के विभिन्न स्थानों पर परिचालनिक परिवेश में तैनात है।

दीक्षांत परेड समारोह में बल के अन्य अधिकारी, दूसरे बलों के प्रमुख, अन्य अधिकारी एवं उपस्थित अन्य दर्शकों के बीच रंगारंग समारोह में इन अधिकारियों को देश सेवा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण के दौरान इन अधिकारियों के बीच में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और श्रेष्ठता प्राप्त करने वाले अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

1. निबंध लेखन – पल्लवी शर्मा
2. सर्वोत्कृष्ट वक्ता – नागेन्द्र सिंह
3. सर्वोत्कृष्ट हथियार प्रशिक्षण – हरीश दफौती
4. सर्वोत्कृष्ट इंडयुरेन्स – नरसी मीना
5. सर्वोत्कृष्ट चांदमारी – कबीर सरीन
6. सर्वोत्कृष्ट टेक्टिस के लिए – मनीष कुमार दिवाकर मैमोरियल ट्राफी
7. सर्वोत्कृष्ट अल्ट्रा चैम्पियन – विकास यादव
8. सर्वोत्कृष्ट सूचना एवं प्रोद्यौगिकी – नितिन देवीदास बगाडे

9. सर्वोत्कृष्ट बाह्य प्रशिक्षु – कांपेल बोनेवाल
10. बाह्य प्रशिक्षण में सर्वोत्कृष्ट – मनीषा पाठक
11. सर्वोत्कृष्ट आंतरिक प्रशिक्षु – विनय वर्मा
12. परेड़ कमांडर – अमरेश कुमार घोष
13. सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु – सौरभ अवस्थी।

दीक्षांत समारोह में नवनियुक्त सहायक कमांडरों के परिजन भी शामिल हुए। अपने बच्चों को रैंक लगाते हुए परिजनों ने काफी गर्व का अनुभव किया।

– रिपोर्ट कादरपुर अकादमी

दीक्षांत समारोह

दीक्षांत परेड में महानिदेशक का संबोधन



परम आदरणीय श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी, मुख्य मंत्री हरियाणा, उपस्थित मंत्रीगण, विशिष्ट अतिथिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, पत्रकार बंधुओ, अन्य कार्मिक और उपस्थित परिवारगण। मै पूरी फोर्स की ओर से आपका CRPF अकादमी के प्रांगण में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। महोदय, आपके इस अकादमी में आने से निःसंदेह हमारा मनोबल बहुत बढ़ा है।

1939 में क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के रूप में स्थापित एक बटालियन से आज बढ़ कर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 206 बटालियन के रूप में एक विशालतम

अधसैनिक बल बनकर देश की सेवा में लगा है और आंतरिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का डटकर सामना कर रहा है। देश ने इस बल पर विश्वास किया है और प्रत्येक परिस्थिति में यह बल देश की अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरा है।

आज इस अवसर पर इन 78 Officer Trainees के माता पिता एवं परिवार के सदस्यगण, जो कि इस अवसर पर इन अधिकारियों को आशीष देने हेतु उपस्थित हुए हैं, मैं उनका विशेष रूप से अभिनन्दन करता हूँ और आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होने अपने प्रिय बच्चों को CRPF join करने के लिए प्रेरित किया है। आज मुझे यह कहते हुए अपार गर्व है कि 78 Officer Trainees आज सहायक कमांडेंट बन कर देश की सेवा में समर्पित होंगे। जैसा कि आप जानते हैं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश का ही नही विश्व का सबसे बड़ा पुलिस बल है तथा आने वाले समय में आंतरिक सुरक्षा का दायित्व इसके मजबूत कंधों पर होगा। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह अधिकारी अपने दायित्व का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्य समर्पण भाव से करेंगे तथा बल के आदर्श वाक्य "सेवा एवं निष्ठा" को चरितार्थ करेंगे।

वर्ष 2002 में शिलान्यास पश्चात इस कैम्पस में सीआरपीएफ अकादमी, ग्रुप सेन्टर तथा राष्ट्रीय पुलिस बैंड इन्स्टीच्यूट एक ही प्रांगण में स्थापित हैं।

महोदय, हमे गर्व है कि अकादमी कैम्पस मे कामनवेल्थ खेलों के लिये अत्याधुनिक 1000 गज का शूटिंग रेंज निर्माणाधीन है जिसके लिये यह बल सदैव खेल मंत्रालय, भारत सरकार, हरियाणा राज्य एवं आर्गेनाइजिंग कमेटी कामनवेल्थ गेम्स का आभारी है। इससे प्रेरित होकर सीआरपीएफ ने साथ–साथ 50 मीटर एवं 25 मीटर बैफेल शूटिंग रेंजों को बनवाने का फैसला लिया जो कि लगभग तैयार होने वाली हैं। इससे बल के सदस्य एवं अकादमी के Trainees की फायरिंग कुशलता बढ़ेगी। कामनवैल्थ खेलों के पश्चात् यह रेंज विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त बल की आवश्यकताओं को भी पूरा करेंगी। महोदय इस अवसर पर मैं आपका विशेष रूप से आभार व्यक्त करना चाहूँगा कि आपने के.रि.पु.बल कैम्प के लिये सेक्टर 56, गुडगांव से एक सीधे सम्पर्क मार्ग निर्माण एवं Environmental Development को आदेशित किया।

अकादमी क्षेत्र गुडगांव के नगरपालिका क्षेत्र से समीप होने के बावजूद भी भाहरी क्षेत्र की तमाम उपलब्ध सुविधाओं से वंचित है। अब नए सम्पर्क मार्ग के निर्माण से यह इलाका गुडगांव का तकरीबन हिस्सा हो गया है। अतः इसे गुडगांव नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने की आवश्यकता है।

बल की आवश्यकता के अनुरूप वर्तमान कैम्प के आसपास अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता महसूस हो रही है ताकि इस अकादमी को अंतरराष्ट्रीय दर्जे का पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाया जा सके। सुरक्षा कारणों से भी कैम्प एंवं पहाड़ी के मध्य उपलब्ध ग्राम पंचायत की थोड़ी जमीन भी लिये जाने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

मूल प्रशिक्षण में सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों का जंगल व Battle Craft प्रशिक्षण अनिवार्य है। अकादमी के निकट कादरपुर पहाड़ी पर वन विभाग का

अतिरिक्त भूमिखण्ड प्रशिक्षण उपयोग के लिये उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है ताकि बल के अधिकारियों का जंगल व Battle Craft प्रशिक्षण सुचारू रूप से संभव हो सके।

अकादमी के Director, Officers और प्रशिक्षकों ने बहुत मेहनत से, दिन व रात एक करके इन Officers को देश की सेवा हेतु खड़ा किया है और आज आपका आर्शीवाद लेकर यह बहादुर अधिकारी देश के अनेक प्रांतो में डयूटी ग्रहण कर लेंगे। महोदय आपके आने से पूरी फोर्स का मनोबल बढ़ा है और हम आपके बहुत आभारी हैं।

CRPF सदा अजय, भारत माता की जय।

परिचालनिक गतिविधि

फील्ड फायरिंग क्यों और कैसे?

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश का एक ऐसा बहुआयामी पर बल है जिसे न केवल देश की सम्पूर्ण आन्तरिक सुरक्षा की जिम्मेवारी है, वरन् इसे किसी भी जरूरत का अत्यल्प समय में सफलतापूर्वक पूर्ण करने का व्यापक अनुभव, इसे तटस्थ प्रवृति और भरोसेमन्द बल का गौरव प्राप्त है। अपने स्थापना काल से ही बल आन्तरिक सुरक्षा के प्रति कृत–संकल्प रहा है तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब देश में आतंकवाद, उग्रवाद एवं विद्रोहात्मकता अपने उफान पर है, बल अपने बढे हुए कलेवर में इन्हे पूरी तरह आत्मसात करने की महती जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा लगन, धैर्य एवं अव्वल दर्जे के रण कौशल से कर रहा है।

किसी भी बल की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली एवं अनुशासन का मानक उनकी वर्तमान स्थिति से ही नही नापा जाता है, अपितु उनके प्रशिक्षण काल की निष्पक्ष मूल्यांकन, विभिन्न आयामों, जैसे बुनियादी प्रशिक्षण, सेवाकालीन प्रशिक्षण, विशेषज्ञता प्रशिक्षण एवं आन जॉब प्रशिक्षण की गुणवत्ता पूर्ण उपलब्धता एवं सबकी भागीदारी जैसे विषयों का समग्र आकलन करने से ही हो सकता है। वर्तमान में बल के बढ़े हुए कलेवर से बढ़ी हुई शक्ति ने अत्यन्त अल्प समय में सही जवाब देने का सफल परिचय दिया है परन्तु कुछ ऐसी खामियां भी समय के साथ पनपने लगी है जिनका समय से मूल्यांकन, विश्लेषण एवं निराकरण बल के सफल विकास के लिए न केवल आवश्यक है, वरन अपरिहार्य भी है।

आज प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का पुनरावलोकन करने की प्रबल आवश्यकता है, साथ ही साथ चूकि प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है एवं इसे कमान्ड फंक्शन के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है, अतएव सभी

वाहोनेयों में प्रशिक्षण हेतु आधारभूत संरचना के विकास पर जोर देना समय की जरूरत है, अन्यथा देश की आवश्यकताओं के अनुरूप बल के विकास में हम पीछे छूट जायेंगे।

आज अधिकांश प्रशिक्षण संस्थाओं एवं बटालियनों में पाठयक्रम का कमोबेश पूरा अध्ययन करा दिया जाता है परन्तु स्माल आर्म फायरिंग एवं फील्ड फायरिंग हमेशा से ही एक गौण पहलू रहा है। बटालियनों के लगातार परिचालनिक गतिविधियों में बने रहने एवं फील्ड फायर रेंज की अनुपलब्धता ने आज ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि बल के जवान लगातार कई वर्षों से फील्ड फायर से वंचित रहे है। अधिकांश प्रशिक्षण संस्थान भी आर्मी, बी एस एफ, सिविल पुलिस के फील्ड फायर रेंज पर आश्रित है जो शायद ही कभी मांग के अनुरूप मिल पाते है और यदि मिलते है तो इतने कम समय की सूचना पर और इतने कम समय के लिए कि इसमें योजनाबद्ध तरीके से और पूरे इत्मीनान से फायर करना मुश्किल एवं असाध्य साबित होता है समय के अभाव की वजह से जल्दी–जल्दी एवं ज्यादा कार्मिको को फायर कराना मुश्किल एवं असाध्य साबित होता है समय के अभाव की वजह से जल्दी जल्दी एवं ज्यादा कार्मिकों को फायर करवाने के कारण सुरक्षा का पूर्ण ध्यान नहीं रखा जा सकता तथा कुछ अनहोनी का अंदेशा बना रहता है। आज हालात ये है कि जब जवान को रायफल ग्रेनेड, बम या हैन्ड ग्रेनेड फायर करना होता है तो अनुभव एवं प्रेक्टिस की कमी के कारण वह सहज नहीं महसूस करता एवं उसे हादसों का भय हमेशा बना रहता है। जवानों में इन हथियारों गोला बारूद को फायर करने का आत्मविश्वास ही नहीं पैदा हो पाता, और मौका पड़ने पर भी वह इनके उपयोग से कतराता है और परिणाम होता है व्यापक जान माल की क्षति के रूप में, क्योंकि हाई ट्रेजेक्टरी के वेपन के रूप में यही सबसे कारगर है और आज के आतंकियों से लोहा लेने के संदर्भ में हमें यहीं पर अपनी ताकत झोंकनी पड़ेगी।



सी.आई.ए.टी. स्कूल, सिल्चर में फायरिंग का अभ्यास करते हुए सीआरपीएफ जवान

कैसे करें सुधार

बल के सभी कार्मिक वर्ष में एक बार कम से कम इन हथियारों का प्रयोग करें इसे सुनिश्चित करना अनिवार्य किया जाय और इस दशा में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से ही इसे हासिल किया जा सकता है।



फील्ड फायरिंग का अभ्यास

कुछ ध्यान योग्य बातें:–

1. देश में स्थित सभी फील्ड फायरिंग रेन्ज की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना समय की मांग है।
2. इम्प्रोवाइज्ड रेंज विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों, सामरिक विशेषज्ञों की सेवाये ली जायें।
3. आधुनिक प्रशिक्षण युक्तियाँ जैसे सिमुलेटर के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया जाय एवं इसे रेंज/आपरेशनल स्तर पर तुरन्त उपलब्ध कराया जाय।
4. स्थानीय स्तर पर रायफल ग्रेनेड, 51 एम एम मोर्टार का प्रशिक्षण व्यापक स्तर पर कराया जाय।
5. जहाँ फील्ड फायरिंग रेंज उपलब्ध नहीं है, डमी ग्रेनेड और सैन्डफिल्ड बम के

फायर का लगातार प्रॉक्टिस कराइ जाय।


6. रेंज पर जाने से पहले गहन स्तर पर स्कवाड पर प्रेक्टिस कराई जाय। निरन्तर अभ्यास से अपेक्षित लाभ पाया जा सकता है।
7. फील्ड फायर को प्रोत्साहन दिया जाये न कि इसके होने वाले तथाकथित खतरों से बचने के उपाय में फील्ड फायर से ही बचने का बहाना खोजा जाये।
8. जवानों में आत्म–विश्वास एवं मनोबल पैदा करने के लिये लगातार कठोर प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए।
9. परिचालनिक गतिविधियों से कदम व कदम प्रशिक्षण को भी व्यापक महत्व दिया जाय क्योंकि बिना समुचित प्रशिक्षण परिचालनिक उपलब्धियां महज मृग मरीचिका बन कर रह जायेगी।
10. यूनिट, संस्थान जो कि नियमित फील्ड फायरिंग का आयोजन करने में सफल हों उन्हें समुचित रूप से प्रोत्साहित किया जाय।
11. बल की परिचालनिक क्षमता को उन्नत करते हुए जवानों में आत्मविश्वास पैदा करने के साथ–साथ जान माल के अपूरणीय क्षति को रोकने के लिए उम्दा प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं उपादेयता स्वयं सिद्ध है। वर्तमान में कहीं न कहीं इन दोनों के बीच के सन्तुलन में बिखराव आया है, समय आ गया है कि जब बल के विकास को देश की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का उत्तरोत्तर प्रयास किया जाए और इसके लिए समग्र प्रशिक्षण ही सफलता का मूल मन्त्र है। और यह सत्य है जब उसका सम्यक अभ्यास, कठोर अनुपालन एवं सतत् साधना की जाए।

अनिल किशोर यादव, उप कमां.
सी.टी.सी., ग्वालियर

बटालियनों की गतिविधियां

विश्वास और सहयोग की मिसाल

सिविक एक्शन कार्यक्रम से नक्सल क्षेत्र में मिली सफलता



नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ राज्य में जम्मू कश्मीर से पहुंची 195 बटालियन मुख्यालय इस समय अबूझमाड़ की पहाड़ी एवं जंगल के निकट (सतधार) बारसूर, जिला दंतेवाड़ा में स्थित है। यह जिला आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यन्त पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है।

बटालियन द्वारा अपने जिम्मेदारी के क्षेत्र में तथा बटालियन की कम्पनियों द्वारा गोद लिए गए गांवों में विगत तीन माह से निरन्तर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर यथासंभव स्कूली बच्चों को आवश्यक पाठ्य पुस्तक एवं लेखन सामग्री, यूनिट एमआई रूम में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था तथा आवश्यकता होने पर रोगियों को निशुल्क एंबुलेंस के द्वारा नजदीकी अस्पताल, दंतेवाड़ा तक भेजने की व्यवस्था भी की जाती है तथा साप्ताहिक बाजार के दौरान ग्रामीणों को मुफ्त वाहन की सुविधाओं के अतिरिक्त प्रोग्राम आयोजन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को अल्पाहार एवं बच्चों में चॉकलेट, बिस्कुट वितरण के अलावा उनके द्वारा संज्ञान में दी गयी। अन्य समस्याओं के निदान हेतु भी यहाँ के स्थानीय प्रशासन से पत्राचार कर उसे सुलभ करवाया।



सुकमा प्राथमिक विद्यालय में सीआरपीएफ द्वारा थालियों का वितरण

निरन्तर समाजपयोगी कार्य के मध्यनजर यहाँ के स्थानीय ग्रामवासियों का विश्वास जीतने में इस बटालियन ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2010 को भूसारस घाटी में गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्ण नक्सलवादियों द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के मनोबल को हतोत्साहित करने एवं दंतेवाड़ा – सुकमा मार्ग को अवरुद्ध करने के उद्देश्य से दो 20–20 किलोग्राम की आईईडी लगा दी थी जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा 195 बटालियन के अधिकारियों को दी गई, जिससे समय रहते विस्फोट करने से पूर्व ही स्थानीय प्रशासन के सहयोग से डिफ्यूज करने में सफलता हासिल की जिसके कारण एक बहुत बड़े हादसे को समय रहते टालना संभव हो सका। निश्चित ही यह बल द्वारा समय–समय पर चलाए जाने वाले सिविक एक्शन कार्यक्रम हैं जो स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए आयोजित किए जाते हैं उनसे बल की छवि बदल रही है और लोग नक्सलियों के विरूद्ध बल का सहयोग करने को तैयार हैं।

– रिपोर्ट 195 बटालियन

छत्तीसगढ़ के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण

अतिनक्सल प्रभावी क्षेत्र बस्तर संभाग के बीजापुर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विस्थापित बच्चे जो कि स्कूल के अभाव मे बालक बालिका आश्रम मे रह कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्होंने शायद यह सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें कोई इस घनघोर जंगल से निकाल कर शहर की चकाचौंध दिखाएगा। इन बच्चों का यह सपना साकार किया 80 बटालियन के.रि.पु. बल ने 18 फरवरी, 2010 को जब बीजापुर जिले

के ग्राम–केशामुण्डी, कहवा, हलूर, कोलावी, सुराबेड़ा, पोंटुम कुलारी, कोतरापाल, केशकुतुल व पिनकोंडा के बीहड जंगल के 70 छात्र–छात्राएं जोकि भैरवगढ़ आश्रम मे रह कर पढ़ते हैं इन्होंने 18 फरवरी 2010 को पहली बार भैरवगढ़ से जगदलपुर तक की लम्बी बस यात्रा की, इन बच्चों को 80 बटालियन के.रि.पु. बल के मुख्यालय में लाया गया यहा इनका बटालियन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गुब्बारे, टाफी व बिस्कुट वितरित कर स्वागत किया गया।

बच्चों को संचार व्यवस्था के उपकरणों को दिखाया गया। बच्चों ने अत्यंत ही उत्सुकता से वाकी टाकी से वार्तालाप किया, बच्चों ने बड़े कौतुहल व जिज्ञासा भरी नजरों से विभिन्न प्रकार के हथियारों को देखा कुछ बच्चे तो हथियार को छूकर देख रहे थे तो कुछ उन्हें हाथ में लेना चाहते थे। दूरबीन से जब दूर की वस्तु अपने निकट देखी तो बच्चों में होड़ लग गई दूरबीन से देखने की।

बख्तरबन्द गाड़ी देख कर वे विस्मित रह गये जब बच्चों को एम्बुलेंस के पास ले जाया गया और उनसे पूछा की यह क्या है तो कुछ बच्चों ने बड़ी मासूमियत से जवाब दिया कि “यह अस्पताल की बस है” बच्चों ने कम्प्यूटर्स में काफी रुचि दिखाई कुछ बच्चे कम्प्यूटर पर अपना ही चित्र देखकर प्रफुल्लित हो गये। जब उनसे पूछा कि तुमने फिल्म देखी है तो उनका जवाब ना में था और इच्छा व्यक्त की कि “लड़ाई वाली फिल्म दिखाओ”।



सीआरपीएफ द्वारा विद्यालय में पठन सामग्री का वितरण

जगदलपुर शहर की गहमागहमी, बड़े–बड़े बाजार, ऊँचे भवन, वाहनों की भरमार देख कर बच्चे आन्नदित थे, तदोपरांत इन्हें चित्रकूट जल प्रपात ले जाया गया ऊँचे स्थान से अविरल गिरती पानी की धारा और नीचे से पानी गिरने की आवाज व ठण्डी फुहार का अनुभव बच्चों के लिए अविस्मरणीय रहेगा। बच्चों ने आज तक आसमान पर इन्द्रधनुष देखा था, लेकिन जलप्रपात के गिरने व नीचे इन्द्रधनुष की

सतरंगी छटा को देखकर बच्चे खुश हो गये और उन्हें इसकी संरचना की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी बच्चों के मन में एक कौतुहल और था और वह था "लोहागाड़ी" देखने का इन बच्चों ने कभी रेलगाड़ी नहीं देखी थी उनका यह सपना भी आज साकार होने जा रहा था। चित्रकूट से बच्चे सीधे जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँचे। जब जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर पेसेन्जर ट्रेन आई तो सभी विस्मित रह गये। दूर से इंजन जब धड़धड़ाता हुआ प्लेटफार्म पर पहुँचा तो कुछ बच्चे भय से दुबक गये। लोहागाड़ी के साक्षात् अपने सामने खडी देख बच्चे प्रसन्न हुए। बच्चों ने डिब्बों के अन्दर जाकर उसे निहारा । अब समय आ गया वापस भैरमगढ़ जाने का, सभी बच्चे वापस बसों में सवार हुए और उनसे विदाई ली गई बच्चों से जब पूछा गया कि क्या दोबारा हमारे साथ घूमने आओगे, बच्चों ने पूरे उत्साह से कहा "जी–हाँ"।

बच्चों की "जी हाँ" की आवाज इस बात की घोतक थी. कि वे इस भ्रमण से अत्यंत उत्साहित थे। बीहड़ जंगलों में नीरस सा जीवन जीने वाले वही छोटे–छोटे अविकसित गाँव, वही स्कूल, वहीं आश्रम में जीवनयापन कर रहे इन बच्चों ने पहली बार जब बाहर निकल के देखा तो अहसास हुआ कि हमें कितने विकास की आवश्यकता है। गाँवों में एक और नक्सलियों ने इन बच्चों की मानसिकता को कुंठित कर दिया था। यदि इन्हें अभी कुंठित व संकुचित मानसिकता से नही उबारा गया तो वे भविष्य में राष्ट्र की मुख्यधारा से नहीं जुड़ सकते और फिर कोई नक्सली बहला फुसला कर इन्हें गुमराह कर देगा।

– रिपोर्ट 80 बटालियन

158 बटालियन द्वारा विज़न 2010 का आयोजन

सीपीजी प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ की 158 बटालियन ने 22 फरवरी 2010 को बटालियन मुख्यालय, श्रीनगर स्थित सौरा में स्थानीय लेखकों व पत्रकारों के साथ विजन–2010 कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लेखकों व पत्रकारों का सीआरपीएफ की स्वच्छ एवं धर्म निरपेक्ष छवि प्रस्तुत करना, उन्हें इस बारे में लिखने व प्रचार करने हेतु प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में श्रीनगर के प्रमुख 35 पत्रकारों व लेखकों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए 158 बटालियन सीआरपीएफ के कमाण्डेन्ट श्री अनिल कुमार भारद्वाज ने कहा कि मीडिया जनता और सुरक्षा बलों के बीच की दूरी को कम करने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ घाटी में आतंकवाद से लडने व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तैनात की गई है। लोगों की जान–माल की सुरक्षा करना प्राथमिक कार्य है। उन्होंने कहा कि

आम तौर पर मीडिया सीआरपीएफ के अच्छे कार्यों व वास्तविक घटनाओं को जनता के समक्ष सही प्रकार से पेश नही कर पाती है।

कार्यशाला में श्री प्रभाकर त्रिपाठी, कमाण्डेन्ट, जन संपर्क अधिकारी, सीआरपीएफ, श्रीनगर ने कहा कि सीआरपीएफ जनता से मेल मिलाप वाला अनुशासित बल है, जो विषम परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी को सही एवं ईमानदारी से निभाता है।

इस दौरान पत्रकारों ने कहा कि सीआरपीएफ राज्य में कई अच्छे कार्य कर रही है परन्तु उनका समुचित प्रचार–प्रसार न होने के अभाव में वे आम जनता उन्हें जान नहीं पाती है। पत्रकारों ने सीआरपीएफ के संबंध में कई प्रश्न पूछे व भविष्य में सही खबरें प्रकाशित करने का आश्वासन किया गया। कार्यशाला में सीआरपीएफ की स्थानीय यूनिट के कमाण्डेन्ट, पुलिस अधीक्षक हजरतबल व जम्मू कश्मीर पुलिस के अधिकारियों सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, इस कार्यशाला की पत्रकारों व लेखकों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की व कहा कि इस प्रकार के आयोजन लगातार करने से अवश्य ही सीआरपीएफ पर स्थानीय लोगों का विश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका होगी जो राज्य में शान्ति स्थापित करने में कारगर सिद्ध होगी।



कार्यशाला के अन्त में सीआरपीएफ की तरफ से सभी उपस्थित पत्रकारों व लेखकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया व जलपान का आयोजन किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जम्मू कश्मीर में जहाँ आतंकवाद से लड़ रहा है वहीं सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आम जनता में भी अपनी पहुंच बना रहा है। आतंकवादियों की चुनौतियों का सामना करने में इस कार्यक्रम के द्वारा बल को काफी मदद मिल रही है।

मुश्किल है

दंगों में जो आग लगी है उसे बुझाना मुश्किल है
बेचैनी के इस आलम को होश में लाना मुश्किल है
मुजरिम, जुर्म का परचम लेकर सड़कों पर जा बैठे
जितने भी असली मुद्दे हैं उन्हें उठाना मुश्किल है
तोड़–फोड़ जब गुंडागर्दी के हाथों में जा पहुंची
पागलपन की नई सियासत को समझाना मुश्किल है
मंहगाई और बेकारी के शोले मन में जाग उठे
झूठे वायदों से हालात का भेद छुपाना मुश्किल है
पुलिस वजीरों का घर छोड़े थाने अपना काम करें
ऐसा नहीं हुआ तो सबकी जान बचाना मुश्किल है।

निरीक्षक/मं. हुकम सिंह
23वीं वाहिनी, के.रि.पु.बल

मिसाल

जवानों की जांबाजी

आरटीसी धर्मपुर के जवानों ने दुर्घटनाग्रस्त बस यात्रियों की जान बचायी

पंद्रह दिसंबर 2009 की कपकंपाती ठण्डी रात का सफर करने के बाद प्रातः 4.00 बजे दिल्ली से दाड़लाघाट, सोलन जा रही हिमाचल पथ परिवहन की एक बस जिसमें तकरीबन 35–40 यात्री सफर का आनंद ले रहे थे, जब अपने सफर के अन्तिम चरण पर थी तथा ज्यादातर यात्री नींद के आगोश में थे, जाबली के निकट (कालका–शिमला रोड़) लगभग 250 फीट गहरी खाई में गिर गई। देखते ही देखते खाई से यात्रियों की चीख–पुकारें चारों तरफ गूंजने लगी लेकिन दूर–दूर तक उनकी मदद के लिए कोई नहीं था। इसी बीच जिंदगी और मौत से जूझते हुए यात्रियों के बीच रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, के.रि.पु. बल, धर्मपुर के सिपाही/जीडी जबर सिंह तोमर ने

अपने घावों की परवाह न करते हुए तथा हिम्मत जुटा कर रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, के.रि.पु. बल, धर्मपुर कैम्प में श्री राकेश सिंह चौहान, कमाण्डेन्ट से मोबाइल पर सीधा संपर्क स्थापित किया तथा घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही श्री राकेश सिंह चौहान, कमाण्डेन्ट की अगुवाई में कैम्प में उपस्थित ज्यादा से ज्यादा कार्मिक/अधिकारी/अधीनस्थ अधिकारी आवश्यक साजो–सामान जैसे रस्सा, ड्रैगन लाईट, प्रथमोपचार चिकित्सा, स्ट्रेचर आदि के सामान, मेडिकल स्टाफ व अन्य जरूरी सामान के साथ 15–20 मिनट के अंदर तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे। खाई में गिरी बस तक पहुँचने का कोई रास्ता न होने पर स्थिति का मूल्यांकन करते हुए जवान अपने अधिकारियों के निर्देशन पर बिना किसी भय के संकरी पहाड़ी से रस्सा डालकर 250 फीट गहरे गड्ढे में दुर्घटनाग्रस्त बस के पास पहुँचे तथा कम घायलों को रस्सों की मदद से तथा अधिक घायलों को अपने साथ लाये स्ट्रेचर पर सुरक्षित बांधकर सड़क तक पहुँचाया। इसी बीच परवाणू से पुलिस उपाधीक्षक अपने साथ एम्बुलेन्स लेकर पहुँचे और घायलों को तुरन्त एम्बुलेन्स तथा सीआरपीएफ की गाड़ियों में निकटवर्ती अस्पतालों में पहुँचाने में मदद की।



हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री किशन कपूर ने आरटीसी V कमांडेंट श्री राकेश सिंह चौहान को सम्मानित किया

रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, के.रि.पु. बल, धर्मपुर के अधिकारियों/जवानों के अविलम्ब घटनास्थल पर पहुँचने, स्थिति का पूर्व मूल्यांकन करने के कारण समय पर बचाव/राहत कार्यवाही शुरू हो सका। यदि के.रि.पु. बल के जवान घायलों की मदद के लिए समय पर नहीं पहुँचते तो कई घायलों को जान गंवानी पड़ सकती थी। वर्षा, कड़ाके की ठन्ड, अंधेरे व गहरी खाई के बावजूद रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, के.रि.पु. बल, धर्मपुर के जवानों ने बचाव/राहत कार्य में जिस तत्परता, अदम्य साहस का परिचय देते हुए युद्ध स्तर पर कार्य किया, अनेक लोगों को मौत के मुँह में जाने से बचाया तथा मानवीय फर्ज का निष्पादन किया उसकी स्थानीय नागरिकों, मीडिया तथा जिला प्रशासन ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

रिक्रट प्रशिक्षण केन्द्र, के.रि.पु. बल, धर्मपुर के कार्मिकों द्वारा दिखाये गये इस अदम्य साहस, कर्तव्य परायणता, मानवता और सामाजिक दायित्व के लिए श्री सोमेश गोयल, भा०पु०से०, अपर पुलिस महानिदेशक कम प्रबंध निदेशक, हिमाचल पथ परिवहन निगम, शिमला ने इस साहसिक अभियान की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इसी क्रम में सोलन जिले के नागरिक तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस प्रयास को सराहा तथा नागरिक जिम्मेदारी वहन करने के लिए अभियान में शामिल अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा जवानों को 26 जनवरी, 2010 को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान जिला–सोलन के गणमान्य नागरिकों के सम्मुख माननीय उद्योग मंत्री श्री किशन कपूर के करकमलों द्वारा "प्रशस्ति पत्र" भेंट कर सीआरपीएफ के द्वारा किये गये अनुकरणीय कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

नई पहल

द्रुत कार्य बल हेतु प्रस्तावित दंगा रोधी उपस्कर

देश में कानून व्यवस्था की वर्तमान अवस्था, के.रि.पु.बल/द्रुत कार्य बल की लगातार तैनाती तथा कानून–व्यवस्था तैनाती के दौरान आम नागरिकों द्वारा बल के सदस्यों को ईंट–पत्थर, तेजाब इत्यादि के प्रयोग द्वारा नुकसान पहुँचाने की बढ़ती प्रवृति को ध्यान में रखते हुये द्रुत कार्य बल जवानों हेतु कुछ विशेष दंगा रोधी उपस्कर खरीदने की प्रक्रिया चल रही है।



1. Full Body Protector:–

जैसा की नाम से ही विदित है, यह जवान के पूरे शरीर की ईंट–पत्थर, लाठी–डंडे इत्यादि से की गयी चोट को बेअसर करता है। यह कवच बाहर से सख्त प्लास्टिक तथा भीतर से नरम मुलायम पैडिंग से बना है तथा सीने, पीठ, बाहों, पैरों एवं नाजुक अंगों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है जिससे जवान बिना चोट लगने के डर से दंगाइयों के एकदम पास जाकर उनपर लाठी का प्रहार कर सकता है। हरेक अंग हेतु अलग कवच होने तथा एक दूसरे से प्लास्टिक क्लिपों द्वारा जुडे होने से जवान के शरीर का संचलन बाधा रहित तथा त्वरित होता है, वह कारगर कार्यवाही करने में सक्षम होता है।



2. Special Helmet:

यह विशिष्ट Helmet जवान के सिर की सुरक्षा करने के साथ–साथ अपने विशिष्ट Visor जिसमें Poly Carbonate Sheet तथा Wire Mesh दोनों हैं के द्वारा जवान के चेहरे तथा आंख को ईंट–पत्थर, धूल कंकड तथा तेजाब इत्यादि के विरुद्ध बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त इसमें गर्दन के हिस्से को विशिष्ट Trauma Pad द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाता है जिससे भीड़ द्वारा छुप कर पीछे से हमला करने की सूरत में जवान के गंभीर रुप से घायल होने की संभावना नगण्य हो जाती है।



3. Poly Carbonate Shield :–

Poly Carbonate Shield जवान के आधे शरीर को एक सुरक्षा कवच प्रदान करता है जो कि ईंट–पत्थर इत्यादि को रोकने के अतिरिक्त किसी व्यक्ति अथवा वस्तु हेतु ढाल के तौर पर भी प्रयोग की जा सकती है, कई जवानों द्वारा एक साथ खड़े होने पर अस्थायी सुरक्षा दीवार बना सकती है तथा भीड़ को बिना विशेष नुकसान पहुँचाये अपने बदन को बचाते हुये पीछे धकेलने का कार्य भी किया जा सकता है इसे मजबूती से पकडने हेतु बाहों एवं पंजे के पास विशेष पकड़ है, हाथों को आराम देने हेतु Cushion Pad लगे हैं तथा बदन पर डालने हेतु शिलिंग भी लगाई गई है।

4. Poly Carbonate Lathi:–

यह लाठी अत्यंत हल्की एवं खोखले Poly Carbonate Pipe द्वारा बनाई गई है जिससे आसानी से, लगातार काफी देर तक बिना थके हुए प्रहार किया जा सकता है। हाथों के आराम हेतु रबर की आराम देह Grip तथा भीड द्वारा छीने जाने से बचाने हेतु एक कलाई बैंड भी उपलब्ध कराया गया है। लाठी के निचले हिस्से में भी रबर ग्रिप लगाई गई है जिससे इसके फटने की संभावना नगण्य हो जाती है तथा लचीलापन होने से प्रयोग के दौरान इसके टूटने की कोई संभावना नही है।

– विष्णु द्विवेदी, उपकमाण्डेन्ट (संभरण)
महानिदेशालय के.रि.पु.बल

दौरा

टोरंटो पुलिस प्रमुख का महानिदेशालय दौरा



बल महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव टोरंटो पुलिस के प्रमुख श्री विलियम ब्लेयर को सरदार पोस्ट कलश के बारे में जानकारी देते हुए



बल महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव टोरंटो पुलिस के प्रमुख श्री विलियम ब्लेयर के साथ चर्चा करते हुए



टोरंटो पुलिस प्रमुख श्री विलियम ब्लेयर सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए

President
CRPF Wives' Welfare Association



MESSAGE

Dear Friends,

Coming to CRPF is like home coming to me.

I went through a presentation of CWW A activities and have issued guidelines to fine tune the agenda to make it more relevant to all CWWA members. I would like you all to give suggestions so that you too derive a sense of involvement. We have to work as a team and deliver speedy and qualitative results.

I would steer CWWA towards public participation so that we can contribute towards community development as well. Under the CWWA banner, I would like you all to take up activities which effect the entire family, the men, women, children and the elderly. I would like you all to focus on issues relating to environment and the like as they have a bearing on our day to day life.

Please take up meaningful work in the welfare centers, activities which yield productive results.There is no point in making things which do not move. Even for the annual exhibition, to be held later this year, please focus on items which are appreciated in Delhi market. That will ensure that your time and effort has been fruitful. Start working on this activity from now, it will help you plan better.

I would be communicating with you regularly and will expect you all to respond to make CWWA more viable and more vibrant.

Warm wishes,

Soni Shrivastav

New Delhi
11th February, 2010



CWWA Folder

Announcement

President CWWA, Smt Soni Shrivastav has desired that children of CRPF personnel scoring 75% and above marks in the board examinations of Class X and XII of 2010 will be honoured by CWWA.

Both parents and the ward would be duly recognized in a befitting ceremony. List of all such children along with the name & rank of the parents, marks scored, photocopy of mark sheet, child's photograph to be timely sent to CWWA Branch at the HQ, about which a separate notification has already been issued.

CWWA stall in IPSWWA (IPS Wives' Welfare Association) Mela

A CWWA stall displaying the talent and products of CRPF personnel and their families was put up in the maiden mela organized by IPS Officer's Wives' Welfare Association at PSOI ground Chanakyapuri, New Delhi on 07th February,2010. Bed sheets, crochet work, velvet and jari purses, sculpture, paintings, flower vases, pickles, baby care products etc. prepared in regional CWWA centers of GC New Delhi, Bhopal, Pune and Banglore were displayed in the stall. The exhibition was inaugurated by Smt. Sheila Dixit, Hon'ble Chief Minister of Delhi. Such efforts of CWWA promote our artists, showcase their talent and enhance their income.



The CWWA team with President CWWA, Smt. Soni Shrivastav outside the stall.



Chief Minister Delhi, Smt Shiela Dixit and Smt Soni Shrivastav (right) at the CWWA stall.



Visitors at the CWWA stall

Self defense for women & children

In the present time incidents of crime against women are on the rise. In order to make it's members & girls safe and secure, CWWA has initiated a week long training in self defense techniques in February '10.

Experts in martial arts from CRPF are imparting this training. The training is being provided to girls of 12+ years of age and to women residing in and around the different CWWA centers in the country.



Women of CRPF personnel families are being given training for self defence at Group Centre, Jalandhar



Children of CRPF personnel families are being given training for self defence at Group Centre, Noida

ART EXHIBITION

The CRPF has many talents amongst our personnel and families which require exposure and recognition. ‘Janani’ under CWWA undertook to promote artists through “Art Exhibition cum sale” of the product made by our personnel and families at Dilli Haat, New Delhi from 22nd to 24th January 2010.

The products included paintings, sculpture, terracotta work, needle work, knitting, garments, paper mashy work etc. The exhibition received very good response.



Smt Manjit Gill, Former President CWWA inauguarating the Art Exhibition-cum-sale at Dilli Haat, New Delhi. Mrs Soni Srivastava looks on.

ग्रुप केन्द्र, दुर्गापुर द्वारा "जननी प्रोजेक्ट" व चिकित्सा शिविर का आयोजन

ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) में परिवार कल्याण संघ की क्षेत्रीय केन्द्र के तत्वावधान में 14 जनवरी 2010 को "जननी योजना" एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्रुप केन्द्र में आयोजित एक भव्य समारोह में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री एम एस बालाकेशवन, श्रीमती लीला बालाकेशवन (अध्यक्षा क्षेत्रीय कावा केन्द्र) के अतिरिक्त, दुर्गापुर नगर निगम के आयुक्त श्री शांति प्रसाद घोष, मुख्य अतिथि के रूप में, आसनसोल अनुमंडल के अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री विश्वजीत दत्ता एवं दुर्गापुर इस्पात संयंत्र अस्पताल के संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह (एम एस) विशिष्ट अतिथि के रूप में सीपीडब्ल्यूडी के विभिन्न अधिकारी एवं श्री संजीव राय, कमांडेंट (रेंज मुख्यालय), ग्रुप केन्द्र दुर्गापुर में तैनात अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों सहित लगभग 700 से अधिक लोग इस भाभ अवसर पर उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के संयुक्त निदेशक डॉ.० अशोक कुमार सिंह द्वारा समारोह के मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सात दिवसीय चिकित्सा शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात् इस शिविर में 14 जनवरी को कुल 42 महिलाओं एवं बच्चों को ग्रुप केन्द्र दुर्गापुर में तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार रजक द्वारा आवश्यक सलाह एवं दिशा–निर्देश दिया गया। यह शिविर 7 दिन तक (अर्थात 14 से 20 जनवरी 2010 तक) चलाया गया, जिसमें कुल 506 परिवार एवं बच्चों की चिकित्सा जांच की गई।



16 बटालियन मथुरा में “प्रोजेक्ट जननी” कार्यक्रम का आयोजन

16 बटायिलन, के.रि.पु. बल कैनाल रैस्ट हाउस, सिविल लाईन मथुरा में 24 जनवरी 2010 को “प्रोजेक्ट जननी” कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी (यपी.रत्न) को मख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। आचार्य डॉ. वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी संस्कृत विषय के पूर्व प्रवाचक अध्यक्ष रह चुके है तथा उन्होंने डी लिट्, पी एच डी, एम ए “संस्कृत–हिन्दी” काव्यार्थ, साहित्य–रत्न एवं सात विषयों में आचार्य की उपाधि प्राप्त की है।

“प्रोजेक्ट जननी” कार्यक्रम में इस बटालियन के समस्त अधिकारियों/सदस्यों एवं उनके परिवारजनों सहित अपर जिला अधिकारी (कानून एवं व्यवस्था), अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी मथुरा शहर क्षेत्राधिकारी, श्री कृष्ण जन्म भूमि, मथुरा, उप सचिव, श्री कृष्ण जन्म भूमि उपस्थित थे।

बटालियन कमांडेंट श्री चन्द्र भूषण ने अपने स्वागत भाषण में “प्रोजेक्ट जननी” कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं/ नारियों के अधिकारों की सुरक्षा करना उन्हे समृद्ध एवं सशक्त बनाना है।

मुख्य अतिथि आचार्य डॉ. वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी ने कहा कि पेड़ भी भगवान का दूसरा रूप है। उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि आदिकाल से ही नारी का सर्वोच्च स्थान रहा है। उन्होंने बल कार्मिकों को उनकी बेटी के नाम की पंजाब नेशनल बैंक में आर डी खाता पास बुक वितरित की व वाहिनी के 25 दम्पतियों को उनकी खुशी एवं उज्जवल भविष्य के लिए 01–01 पौधा भी प्रदान किया गया।

बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी श्री एम एस शेखावत द्वारा कक्षा 11वीं के

15 छात्रों को अपने जीवन में दहेज नहीं लेने एवं देने की शपथ दिलवाई गई।

ग्रुप केन्द्र सिलीगुडी ने खरीदी आधुनिक सिलाई, इंटरलॉक, कटाई, बटन टंकाई मशीनें

यह अत्याधुनिक स्वचालित मशीनें सिलाई हेतु लगने वाली मानव शक्ति को घटाती है, उत्पादकता बढाती हैं, कपडे, धागे की बचत करती हैं तथा सटीक कटाई एवं सिलाई करती है जिससे सिले गये वस्त्रों की गुणवत्ता उत्तम दर्जे की होने के साथ–साथ मानव श्रम शक्ति तथा लागत दोनों की अभूतपूर्व बचत उपलब्ध कराती है। यंत्रीकृत मशीनों द्वारा बटन सिलाई भी उच्च दर्जे की होती है साथ ही बटन का काज भी उच्च दर्जे का बनता है।







44 बटालियन द्वारा चिकित्सा कैम्प का आयोजन

24 फरवरी, 2010 को 44वीं वाहिनी द्वारा हजरत इमाम हुसैन धर्मार्थ अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय, बेमिना, श्रीनगर (जम्मू व कश्मीर) में सिविक एक्शन प्रोग्राम 2009–10 के अन्तर्गत एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्री पी. के. मेहरा, कमाण्डेन्ट 44वीं वाहिनी, अन्य अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्री शाम चन्द, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन), श्रीनगर द्वारा इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री मुज्जफर हुसैन, निदेशक, हजरत इमाम हुसैन धर्मार्थ अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय, बेमिना भी मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 162वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के डॉ. ए. के. गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा हजरत इमाम हुसैन धर्मार्थ अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय, बेमिना के डॉ. ताहिर अहमद द्वारा उपस्थित लगभग 540 रोगियों को मुफ्त चिकित्सा प्रदान की गयी तथा इस दौरान रूपये 40,000/– (चालीस हजार) मात्र की दवाओं का वितरण किया गया। 44वीं वाहिनी द्वारा किये गये इस मानवीय कार्य की प्रशंसा स्थानीय नागरिक तथा नगर प्रशासन द्वारा की गयी।





PRIDE

CRPF WOMEN WENT TO LIBERIA 4TH TIME

On the request of the United Nation, the Government of India had agreed to contribute personnel, equipment and service, in support of the UN Spectra, Police Unit within the united Nations International Police in Liberia to assist UNMIL to carry out its mandate. As per the memorandum of understanding between the United Nations and Government of India, a

strength of 125 personnel are being provided to UN in each batch to be deployed at Liberia. The Formed Police Unit provides support to the Interim Police Force in law and order functions in major population areas, assist to address civil disorder problems and act in support of protection of civilian lives and property.

The 4th batch was sent off from New Delhi on 8th February. Speaking on the occasion DG CRPF Shri Vikram Srivastava said that they are not only going to represent the force but the country so following all the guidance, training, instructions and human rights you have to work there. He wished them all success for their new assignement.



Sl.No.	Formed Police Unit Batch	Strength	Date of deployment	Commander
1	Ist Batch of FFPU	125	21.01.2007	Smt. Seema Dhundia
2	IInd Batch of FFPU	125	30.01.2008	Smt. Rakhi Sahi
3	Ist Batch of MFPU	120	03.08.2009	Shri Jaideep Mishra
4	IIIrd Batch of FFPU	125	03.02.2009	Mrs. Annie Abraham
5	IVth Batch of FFPU	125	10.02.2010	Smt. Usha Kiran Kundulna



Shri Vikram Srivastava, DG CRPF presented roses to members of FPU Sending Off



Smt. Usha Kiran Kundulna, Commandant briefing to Press

SPORTS DIARY

CRPF Pride

Gurbachan Singh Randhawa First Arjuna Awardee of India - A Profile



The Arjuna Award was instituted by Government of India in the year 1961 to recognize the outstanding achievements of sports persons of the country. The Award carries cash prize of Rs.5,00,000/- a Bronze Statue of legendary warier/archer Arjuna of Mahabharat fame and a scroll.

Central Reserve Police Force (CRPF) has got the honour of getting the first “Arjuna Award” of the country in the form of Shri Gurbachan Singh Randhawa, Commandant (Retd.). He got this coverted award in 1961 for his outstanding performance in the field of Athletics. Shri Randhawa has also been conferred upon the prestigious “Padamshri” award in 2005 for his yeomen contribution to the Indian Sports.

Traditionally Shri Randhawa belongs to a sporting family of Punjab and it is for his father he opted the sport of Athletics as his career. He came to limelight at the age of 21 while he set up a national record. In Decathlon with 5793 points at the National Athletic Championship at Delhi in 1960. He also won medals in the Highjump, 110 meter Hurdles and Javelin Throw. He improved his own record in Decathlon achieving 6912 points mark which remain unbroken for 12 long years. His record of 110 meter Hurdles with the timing of 14.00 seconds (time taken manually) which was accepted as 14.09 seconds in automated time format and remain unbroken till 2001.

After a successful start in Nationals, Shri Randhawa made his mark in the International arena securing a Gold Medal in Decathlon in 1962 Jakarta Asian Games. Due to his shoulder injury he shifted from Decathlon to the

event of 110 meter Hurdles where he secured 5th place in the 1964 Tokyo Olympics. He also represented the country in 1968 Rome Olympics and secured 8th position in 110 meter Hurdles.

Undoubtedly Shri Gurbachan Singh Randhawa is a star in the galaxy of World Sports. The country is yet to get an athlete of his class and the Central Reserve Police Force is proud to have him in its roll.

Dr. R.B. Das, CMO(Sports)
CRPF, New Delhi



Ms. Richa Mishra of CRPF is receiving the cash reward from Home Minister Shri P. Chidambaram for her performance at World Police & Fire Games-2009 at British Colombia, Canada. Shri Rajiv Mathur, Director IB & Chairman, AIPSCB looks on.



Union Home Minister Shri P. Chidambaram interacting with the CRPF sports persons who won Medals in World Police & Fire Games-2009 at British Colombia, Canada

CRPF: A Medal winning Force

Sportspersons bagged 118 Gold Medals in 2009

The sportsmen of CRPF have participated from Olympics to local tournaments and have brought laurels to the force and country. Last two years were full of sporting achievements.

The Games and Sports are the integral part of the Central Reserve Police Force (CRPF). Since its inception, the force always motivates its men to take part in sports activities in spite of its heavy operational commitments. The Camps of Central Sports Teams & Training Institutions of the force are the nurseries of sports from where sports persons of highest order emerge, besides the force recruits the talented sports persons from the open market in regular basis. The force has 32 Central Sports Teams with approximately 677 number of elite sports persons practice round the year to participate in All India Police Games and other National & International sporting events. Until now, the force have been decorated with one “Padmashree”, one “Rajiv Gandhi Khel Ratna” and fourteen “Arjuna Awards” in sports.

During the year 2009-10, the force have won 35 Gold, 35 Silver & 15 Bronze medals in international arena, 77 Gold, 52 Silver & 62 Bronze medals in national and 33 Gold, 32 Silver & 20 Bronze medals in All India Police Games (APIG). The details of which have been shown in tables.

ACHIEVEMENTS DURING 2009

Discipline	International			National			A.I.P.G.		
	G	S	B	G	S	B	G	S	B
Wt Lifting (Men)	-	-	-	05	02	04	-	-	-
Wt. Lifitng (Women)	03	-	-	06	05	01	-	-	-
Atheletics (Men)	02	-	-	01	-	-	-	-	-
Atheletics (Women)	04	04	-	03	03	04	-	-	-
Wrestling	02	01	-	-	02	-	-	-	-
Swimming (Men)	01	02	01	01	01	01	06	08	08
Swimming (Women)	04	03	03	04	01	-	-	-	-
Taekwondo (Men/Women)	-	-	-	05	-	04	-	-	-
Water polo (Men)	-	-	-	01	-	-	01	-	-
Water polo (Women)	-	-	-	-	-	01	-	-	-
Cross Country (Men)	-	-	-	-	-	01	02	-	-
Shooting (National)	-	-	01	02	01	01	02	06	02
Gymnastic	-	-	-	-	03	01	-	-	-
Judo (Men)	-	-	-	01	04	07	-	-	-
Judo (Women)	-	-	02	05	06	08	-	-	-
Rowing, Kayaking & Canoeing	-	-	-	04	01	06	12	05	03
Bodybuilding	-	01	-	-	-	-	-	-	-
Wushu (Men/Women)	-	05	-	17	04	04	-	-	-
Football	-	-	-	-	-	-	-	01	-
Karate	06	10	05	19	14	12	-	-	-
Golf	-	-	-	-	-	-	-	01	-
Total	22	26	13	73	47	55	23	21	13



SI (Manila) Tombi Devi (second from left) who won a Gold Medal in the Commonwealth Judo Championship-2009 in Singapore.



Sandhya Rani of CRPF in action at Commonwealth Weightlifting Championship at Penang, Malaysia

Adventure has been a normal instinct of human being and in process men and women have attempted to achieve most difficult, arduous and ambitions goals. The force has not lagged behind in pursuing the adventure sports as it successfully undertaken many activities in adventure sports like, Ganga Sagar Boad Expedition in 1994, Mountaineering expedition to Mt. Jogin-I & III in 1995, Mt. Sri Kailash in 2000 & Mt. Kamet in 2007, All Women White Water Rafting Expedition in 1996, Mountain Biking Expedition in 1997, All India Motor Biking Expedition in 1999 etc.



Saroj Sihag, A/C in victory podium receiving the Gold Medal at All India Police Athletics Championship 2009



CRPF team receives the Championship Trophy (women) in All India Police Athletic Meet 2009 at Trivandrum

ACHIEVEMENTS DURING 2010 (TILL FEB.)

Discipline	International			National			A.I.P.G.		
	G	S	B	G	S	B	G	S	B
Wt Lifting (Men)	01	-	-	-	-	-	-	-	-
Atheletics (Men)	-	-	-	-	-	-	04	06	03
Atheletics (Women)	-	-	-	-	-	-	05	05	04
Handball	-	01	-	-	-	-	-	-	-
Taekwondo (Men/Women)	-	-	-	01	02	01	-	-	-
Shooting (National)	01	-	01	-	-	-	-	-	-
Computer awarenss	-	-	-	-	-	-	01	-	-
Gymnastic	-	-	-	01	01	02	-	-	-
Judo (Men)	02	02	01	-	-	-	-	-	-
Judo (Women)	09	06	-	-	-	-	-	-	-
Archery (Women)	-	-	-	01	02	02	-	-	-
Wushu (Women)	-	-	-	01	-	02	-	-	-
Total	13	09	02	04	05	07	10	11	97



Akram Shah, Asstt.Commandant of CRPF won Gold Medal in Judo in SAF Games 2009 at Dhaka, Bangladesh



Brojeshwari Devi of CRPF won Gold Medal in Judo in SAF Games-2009 at Dhaka, Bangladesh

There has been a sustained effort to promote and encourage the sports and adventure activities in the force. In an attempt to do that, the force has drawn up an elaborate Incentive Scheme for those who strive hard to excel in sports and bring laurels for the country and make the force proceed.

- Compiled by Training Branch

Media XI vs. CRPF XI in Srinagar







35 Bn. organized a friendly cricket match under CAP





FACILITIES

केन्द्रीय कल्याण निधि (CWF) से मिलने वाले लाभ

1. केन्द्रीय कल्याण निधि से मृतक बल के कार्मिकों के निकटतम संबंधी को रू. 50,000/– आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2009 से फरवरी 2010 तक कुल 677 मृतक कार्मिकों के निकटतम संबंधियों को के.क.नि. से कुल रू. 2,75,00,000/– की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

2. केन्द्रीय कल्याण निधि से बल के अधिकारियों/कार्मिकों के अशक्तता मामलों पर निम्नलिखितानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं:– वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2009 से फरवरी 2010 तक कुल 62 अशक्त कार्मिकों को के.के.नि. से कुल रू. 18,82,000/– की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

अशक्तता का प्रतिशत	के.क.नि से आर्थिक सहायता राशि
50 से 60 प्रतिशत तक	रू. 25,000/–
61 से 70 प्रतिशत तक	रू. 30,000/–
71 से 80 प्रतिशत तक	रू. 35,000/–
81 से 90 प्रतिशत तक	रू. 40,000/–
191 से 99 प्रतिशत तक	रू. 45,000/–
100 प्रतिशत	रू. 50,000/–

3. बल के कार्मिकों को बीमारी/अस्पताल में भर्ती के दौरान जब उनके खाते में कोई अवकाश जमा न हो तथा उनकी अस्पताल में भर्ती/चिकित्सा अवधि को चिकित्सा आधार पर असाधारण अवकाश में नियमित किए जाने पर साधारण मामलों में मूल वेतन+डीपी दिया जाना है और आतंकवादी मुठभेड़ (Action) वाले मामलों में मूल वेतन+डीपी दिया जाता है। साथ ही आतंकवादी गतिविधियों में घायल होने पर दो सप्ताह से अधिक भर्ती अवधि के लिए रू. 2000/– अतिरिक्त तौर पर केन्द्रीय कल्याण निधि से सहायता प्रदान की जाती है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2009 से फरवरी 2010 तक कुल 25 मामलों में केन्द्रीय कल्याण निधि से कुल रू. 8,60,121/– की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

4. विशेष राहत कोष के अंतर्गत दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं एवं उनकी पत्नी को कैंसर, ट्यूमर, गुर्दे की बीमारी तथा किडनी प्रत्यारोपण, हृदय रोग, यकृत प्रत्यारोपण जैसी बीमारी में प्रत्येक मामले में केवल जीवन में एक बार प्रत्येक मामले में अधिकतम रू. 20,000/– की आर्थिक सहायता दी जाती है। दुर्लभतम मामले के आधार पर जहाँ सरकारी नियमों एवं सरकारी बजट से राशि स्वीकृत नहीं की गई है वहाँ सेवारत कार्मिकों के स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों पर व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2009 से फरवरी 2010 तक 25 मामलों में रू. 9,28,500/– विशेष राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।



टॉल फ्री एड्स हैल्पलाइन

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के फोर्स एड्स सैल में एक 24x7 एड्स हैल्पलाइन उपलब्ध है जिस पर कोई भी बल कार्मिक एड्स बीमारी से संबंधित प्रश्न कर शंका का समाधान कर सकता है। इसके अतिरिक्त इस पर एड्स के टेस्ट एवं इलाज संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। इस हैल्प लाइन का टॉल फ्री नम्बर 1800112111 है।

FACILITIES

Railway Announced concession in Fare

1. Ministry of Railways have announced the following concessions in Rail Fare of the Police personnel of 60 years and above who have received President's Police Medal for distinguished service /Police Medal for Meritorious Service.

   a) President's Police Medal for Distinguished Service 50 % concession in Rail Fare for men and 60% concession in Rail Fare for women on the tickets purchased on or after 15/8/09.

b) Police Medal for Meritorious Service 50% concession in Rail fare for men and 60% concession in Rail fare for women on the tickets purchased on or after 1/9/2009.

2. A point regarding function of State Nodal Agency & CPC Canteens under supervision of State Welfare Officers designated by WARB in the states is agreed in principle. This would help in proper concentration on the functioning of canteens as well as pursuing various matters with the State Govt, as and when needed.

3. Preparation of plastic I/Cards for issue to the NOKs of deceased force personnel is under process. This would be helping them to get hospital facilities in CPMF Hospital and CPC facilities.

4 CRPF Public School, Dwarka has been accommodated in a sophisticated building. This school is running from Class-I to VII at present and likely to be extended upto VIII standard in forthcoming year. The school is exclusively meant for the wards of CRPF personnel with nominal fe structure. Smt Meenu Tiwari has been appointed as Principal of CRPF Public School Dwarka.

Benefits for Gallantry Medal Holders from the Govt. of Rajasthan

Authority: Govt of Rajasthan Revenue (Group-6) Department Notification No. F.2(2)-SK/2002/49 dated 17/07/ 06 and No. F.9(31) Rev-6/2006/28 dated 19/11/09

S.No.	Type of Medal	Cash Benefits	Land Benefits
01.	Param Vir Chakra	Rs. 2,25,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs in lieu of land
02.	Ashoka Chakra	Rs. 2,00,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
03.	Maha Vir Chakra	Rs. 1,50,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
04.	Kirti Chakra	Rs. 1,20,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
05.	Vir Chakra	Rs. 70,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
06.	Shaurya Chakra	Rs. 50,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
07.	P. P. M. G.	Rs. 3,00,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
08.	Sena/ Nao Sena/ Vayu Sena Medal	Rs. 1,00,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land
09.	Police Medal for Gallantry	Rs. 50,000/-	25 Bighas of irrigated land in Indira Gandhi Nahar Pariyojna Phase-II or Rs. 2 Lacs cash in lieu of land

OPERATIONAL ACHIEVEMENTS

190 Militants & Naxals killed

In 2009, CRPF alongwith other security forces killed 190 militants and naxalites and apprehended 2054 militants/naxalites recovered about 48,000 arms in 293 encounters. Apart from this, about 2,000 kg explosives and 685 arms were also recovered. Maximum 74 militants were killed in J&K; while in Assam 58 militants were killed.

In LWE area 35 naxalites were killed in Chhattisgarh, while in Jharkhand 15, Orissa-5 and West Bengal-3 naxalites during the said period. 212 Militants/ Naxalites were also surrendered. Maximum 118 militants were surrendered in Tripura while in Assam-65, J&K-7 and in Arunachal Pradesh-1. Ten naxalities in Chhattisgarh and 11 in Maharashtra were also in the surrendered list. In Chhattisgarh, 363 naxalites were arrested while in West Bengal-349, Jharkhand-180, Orissa-136, Maharashtra-120 and Madhya Pradesh-63 suspects were arrested.

Maximum 33248 ammunitions were recovered in Jharkhand followed by J&K where the figure crosses 11107. Assam-2225 and Bihar-311 and Tripura-318 ammunition were recovered. The Force also recovered 574 grenades/bomb including 247 from J&K and 86 from Chhattisgarh.

During last year, 70 CRPF brave soldiers laid down their lives during encounter and 639 soldiers were injured. 20 Arms & 1954 ammunitions were taken away by naxalites.

Civic Action Programme



A Computer Lab consisting 4 computers with accessories, 4 wooden tables and one printer donated to V.B. College, Jogi Lanker, Rainwari, Sringar by 46 Bn. at Srinagar.

NEWS IN BRIEF

Tribal girls to join CRPF for anti-Naxalite operations

DESPITE a bloody 2009 in which the Central Reserve Police Force (CRPF) lost a record 42 personnel in the Naxalite-infested Chhattisgarh, as many as 550 girls from the state have applied for jobs in the paramilitary security agency.

In another first, most of these applicants are from Naxalite strongholds of the state. They are seeking jobs for the post of constables in an exclusive Mahila Battalion of the CRPF. The wing will be formed this year.

A CRPF officer said they were pleasantly surprised to see over 550 women coming forward from districts such as Dantewada, Narainpur and Bijapur in Chhattisgarh where the writ of the Naxalites runs large. "CRPF officers helped them fill application forms and we have now shortlisted 55 women. They will have to clear physical and written tests before they are inducted," an officer said.

"We are training them in running exercises and imparting general knowledge to enable them to pass the tests. The response shows that tribals, including women, are now willing to help the security forces to take on the Naxalites. The ministry of home affairs has given Rs 98 lakh to the CRPF for civil action plans in Naxalite-hit areas," he added.

could be eye-openers for outfits such the Maharashtra Navnirman Sena and t Shiv Sena. As many as 35 CRPF personr from north India, including 12 from U seven from Bihar, seven from Rajasth and five fro lives in Naxal

Improvised biggest killer the 70 casual blasts. "But v

As man Chhatti

record 210 I ter understa the help of s certain to k son," a CRPF

The CRPF w martyrs. "We state goverr our the mart are compili shown by ea porate hous officer said.

DG CRPF calls on Governor

KT NEWS SERVICE

JAMMU, Feb 18: The Director General, Central Reserve Police Force, Vikram Srivastava, called

aspects of more effective security arrangements of the Mata Vaishno Deviji Yatra.

This was Srivastava's first meeting with the Governor after taking over as the Director General, CRPF on 31st of last month.

RECRUITMENT DRIVE

How Bastar girls made it to CRPF

Manish Tiwari
mtiwari@hindustantimes.com

NEW DELHI: Extending dates, sending recruitment officers, even giving money for the application fee, India's frontline anti-Naxal force, the Central Reserve Police Force (CRPF), has gone all out over the past few months to ensure that women from the Naxal-hit areas join its *mahila* (women) battalion.

In November last year, when the force started the process to raise this battalion — sanctioned by the home ministry with a view to recruit women, especially from the Naxal belt — it came across bizarre statistics: not a single woman had applied from one of the most Naxal-infested region of Bastar in Chhattisgarh.

"CRPF Director General A.S. Gill asked for reasons and it turned out the aspirants could not apply since there was not a single post office operational in Bastar's rural belt," a senior CRPF officer said.

The CRPF then extended the date for receiving applications by a month and sent its officers to facilitate the local people, even if it meant giving them money to deposit the requisite fee of Rs 5 with their applications.

The results were encouraging. "In one month, we received 500 applicants from the Bastar region. As many as 55 have been shortlisted by us from this area," the officer informed.

The CRPF has been given sanction to recruit about 38 battalions in the next few years, which include about 10 battalions of special action force COBRA and 10 battalions of Rapid Action Force for maintaining law and order situations.

"The government wants more and more people from the Naxal-hit areas joining the forces in the country's fight against the insurgents and the development process initiated by it," said a home ministry official. The fight against the Naxals is expected to be a long drawn process, but the government is ready to wait till that time.



File photo of the CRPF women battalion at the Republic Day parade in New Delhi. AJAY AGGARWAL/HT PH

Israeli firepower to muscle to CRPF ars

By Aman Sharma
in New Delhi

UNION home minister P. Chidambaram has cleared the deck for over 10,000 Israel-made assault rifles for the CRPF, whose commandos are at the forefront of a massive push against Maoist extremists.

The CRPF had placed a Rs 144-crore order for 10,147 assault rifles with Israel Weapon Industries Limited (IWI) — the single biggest purchase order for arms in recent history for any paramilitary force.

- But the procurement was caught in red tape after the



The Galil assault

The Israeli rif Tavor and Galil nearly Rs 1.5 lakh said to be bett indigenous INSA rently used by th

Galil is a lightwe pose personal w Tavor is a more with a long barrel. developed by IWI

सीआरपीएफ जवान लाइबेरिया मिशन पर

राष्ट्र
न्नीय
125
लिए

श्रीवास्तव ने बताया कि लाइबेरिया में इस दल के जिम्में वहां के महत्वपूर्ण संस्थानों जैसे राष्ट्रपति की सुरक्षा, विदेश मंत्रालय आदि की सुरक्षा



डा.
दिया
शिक्षण
वगत
फपीयू
हलाएं
उन्होंने
मांडेंट

व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय तथा परस्पर प्रेम के साथ विदेशों में रहने तथा भारतीय संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने को कहा।

उन्होंने कहा कि यह दल एक साल तक लाइबेरिया में कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालेगा। उन्होंने

का ही नहीं हिन्दुस्तान का प्रतिनिधित्व कर रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस साल इसका जिम्मा उत्तरी क्षेत्र के हवाले था। डायरेक्टर जनरल को अपने बीच में पाकर यह महिला दस्ता जहां अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा था वहीं अपने कर्त्तव्य के प्रति दृढ़ संकल्पित भी था। इस मौके पर बल के उच्चाधिकारियों सहित इस दस्ते को प्रशिक्षित करने वाले अधिकारियों ने भी शिरकत की। बल की एफएफपीयू कमांडेंट उषा किरण ने सभी अधिकारियों का जहां आभार जताया वहीं विदेश में जाकर अपने कर्त्तव्य को सही ढंग से निभाने का

CRPF to educate protesters

TRIBUNE NEWS SERVICE

SRINAGAR, FEBRUARY 24

To deal with the problem of stone throwing by protesters, the CRPF has started a contact programme to educate youth.

In the past almost two years, a 'new trend' of stone throwing has started in the Kashmir valley in which more than 1,500 personnel of the paramilitary forces (CRPF) have been injured, a large number of them seriously. More than 12 vehicles of the CRPF were also damaged by the protesters.

Stone Throwing

"Recently, the protesters also attacked the vehicles of the security forces with petrol bombs. During a protest, two petrol bombs were thrown at the CRPF vehicles," Prabhakar Tripathi, Commandant of the 117 Battalion of the CRPF, who is also the spokesperson for the force in the Kashmir valley, told The Tribune.

He said the CRPF was exercising restraint while dealing with the problem, but it was more of a law and order problem and the force was assisting the local police to maintain that. Since the agitation over the Amarnath land row, the valley has been witnessing violent protests.

The country needs to lift itself out of poverty and create 12 m additional jobs every year to cope with the population bulge. This requires the wherewithal-financial, human, natural resources, managerial, marketing and technological. The vast bulk of the country's mineral resources and headwaters of major rivers are located in Fifth Schedule areas. Are these not to be exploited? And by whom? The corporate world, public and private, have both been dubbed predators - the Maoists have repeatedly attacked the NMDC in Chattisgarh. The tribals are totally incapable of working the minerals apart from scratching the surface. Yet they have vital stake in the land, forests and environment and must be made stakeholders and partners and trained for ever higher levels of participation. However, every effort has been made to stall any kind of development.

There is much virtue in translating Gandhi's concept of trusteeship in a new and evolving idiom of corporate social responsibility to which corporates, the state and the courts have variously given expression. The new deals being worked out by the POSCOs, Vedantas, Essars, Tatas, Mittals and others are greatly in advance of what was on offer even five years ago. These packages and the legal framework around them will keep improving too. There can be no one-size-fits-all in application although certain basic principles will be universal. India's diversity defies uniformity and it is in variety and experimentation that best practices will keep

emerging.

The corporates may have something to answer for. Fly-by-night operators are part of the problem but the more responsible entities are becoming part of the solution as huge long-term stakeholders in the enterprises, people and environment in which they work. They command the resources, manpower, technology and organization to deliver. Various partnerships involving human, community and area development can be forged. This is happening. “People’s Tribunals” keep mouthing yesterday’s tired slogans. They do not see and even fear, tomorrow.

Even Arundhati is afraid. “When the (Maoist) party is a suitor, then it genuinely is a People’s party, it’s army a genuinely People’s Army. But after the revolution, how easily this love affair can turn into a bitter marriage. How easily the People’s Army can turn upon the people. Today in Dandakaranya, the Party wants to keep the bauxite in the mountain. Tomorrow, will change it’s mind? But can we, should we let our apprehensions about the future immobilize us in the present”? What extraordinarily callous cynicism !

Nothing daunted, Arundhati valiantly returns to another front in the Narmada valley, where the Narmada Bachao Andolan and it’s intellectual cohorts stand ready to make a last charge. The Sardar Sarovar Dam has reached it’s crest level of 121.92 metres and only the spillway piers, bridge and gates remain to be constructed over the next 30 months. Some critics had earlier argued that the erection of piers would cause a backwater effect that would entail additional submergence and displacement. Therefore, corresponding R & R and environmental measures must be put in place before the piers are raised. Meanwhile, a study by the Central Water Commission has established that no additional backwater effect will ensue and on this basis raising the piers has been sanctioned to the chagrin of those who wished to block any further work on the dam. Medha Patekar has gone to Court.

Critics may reveal in scoring small points but they miss the wood for the trees. Changing goalposts and stay orders over the years have caused avoidable confusion and delay. At every stage whenever benefits were within reach with every raising of the dam, they have tried desperately to halt progress: when the canals were ready to flow, power about to be generated and the dam was nearing crest level when the reservoir would

serve a wider command. The theory is that SSP is without benefit and so the realization of benefits must be stopped at any cost. Once benefits flow, the NBA and it's friends will be silenced and out of business.

Long enforced delays on account of litigation have undoubtedly slowed development of Phase-II and skewed water use. These lags and aberrations are being overcome and the Project is scheduled to be fully complete by 2014. Drinking water supplies already is being supplied to 25 million. There have been significant improvements in health, women's time disposition, distress migration, livestock, agricultural productivity, incomes, employment and land values and living conditions.

It is these benefits that the NBA rejected as a bad dream, then faulted on every count and sought to delay. Arundhati has conjured up another bad dream in Tribal India and perhaps unwittingly, is working overtime with other misguided ideologues to make it come true. That will not happen. The Maoists will fade away. But both State and Society have much work to do to right past wrongs and make Tribal India a truly just and beautiful place.

www.bgverghese.com

- B.G. Verghese
Senior Journalist
Published in Outlook

HONOUR

Their hour of agony

I have served with three of the elite armed forces of the country — the Army, the National Security Guard and Central Reserve Police Force. Each one of them is peerless in its field. Though I parted company with them many decades ago, I still follow them in their triumphs and travails. I often feel that I have left something of me behind with them. The highly surgical operation by the N.S.G. in Mumbai in 2008 fills me with pride. When I read about the Army casualties in Kashmir, I anxiously look for the cost they inflicted on the terrorist in turn.



I had the longest tenure in the CRPF, which today is in the throes of

agony, having lost many of its jawans in Dantewada. Sadly, this district in Chhattisgarh is again in the news owing to the massacre of 36 persons, including 12 Special Police Officers, by Maoists. It is not the loss of the gallant men that rankles with the CRPF personnel — the lives of all the two hundred thousand of them are on pledge to the nation. The sad part of it is that this time they could not make their martyrdom count. Their sacrifice seems to have largely in vain, and has rather attracted adverse comment from certain quarters that are hardly in the know of things.

I have commanded half a dozen battalions of this force one after the other. I never had to look back while leading operations. I always knew that my men would be following right behind me, for they are not the ones who would flee in the face of danger. They have after all fought the Pakistan and the Chinese armies in highly adverse situations, giving and drawing the first blood.

In Dantewada, however, they got little opportunity to show their mettle. Explosives laid on the road and the sudden hail of bullets from the surrounding high ground sealed their fate. This reminds me of the plight of Brigadier Dalvi's 7th Infantry Brigade in the Thagla Ridge area of NEFA in 1962 and that of the French Army trapped at Dien Bien Phu in Vietnam in 1954. I can assure you that in their situation nobody, not even the American, Israeli and our own army would have done any better. The only question that remains to be answered is: how so many heavily armed insurgents could collect in the area without getting noticed.

Anyway, nothing much is lost so long as the will to fight is intact. Our jawans understand it well that those who live by the sword, some of them have to die by the sword. Their difficulty is that the Maoists who they face are our own people. There is, therefore, no question of carrying revenge on mind while dealing with them. They have, thus, a difficult fight on their hands indeed, but they would get even with the believers in violence soon.

The old hands like me would like to tell them that it is not possible to tear an inconvenient page from out of history. However, a few glorious ones can always be added to make it fade.

B.K. Karkra
Commandant (Retd.) CRPF
Article published in The Tribune (Chandigarh Edition)

एक सम्पादक की राय

जवानों की चिताओं से उठते धुएं के सबक

जब से दंतेवाड़ा का हादसा हुआ है मेरे मन में रह रह कर रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां उमड़-घुमड़ रही है –

छीनता हो स्वत्व कोई, और तू
त्याग-तप से काम ले, यह पाप है।
पुण्य है विछिन्न कर देना उसे
बढ़ रहा तेरी तरफ जो हाथ है।

एक तरफ पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है और दूसरी तरफ सियासी योद्धा अपने ही जवानों की चिताओं पर निजी स्वार्थ की रोटियां सेंकने में लगे है। आहत गृहमंत्री पी चिदम्बरम ने इस्तीफा दे दिया पर उसके मूल को समझे बिना सियासत हो रही है। इस समय जब सबसे बड़ा मुद्दा यह होना चाहिए कि हम अपने सुरक्षा बलों को और कारगर कैसे बनाएं। निरंतर बहस में बहुमूल्य समय गंवाया जा रहा है। किसी को चिंता नहीं कि इससे नक्सलवादियों को समय मिल रहा है, जिसका उपयोग वे और मजबूत होने में करेंगे।

सबसे पहले अर्द्धसैनिक बलों की बात- कहने को हमारे देश में कुल जमा एक दर्जन अर्द्धसैनिक बल है और इनमें 13 लाख से अधिक जवान काम करते हैं। तर्कशास्त्री कह सकते है कि दुनियां में इतनी बड़ी संख्या में किसी भी देश के पास अर्द्धसैनिक दस्ते नहीं हैं। कुछ मानवाधिकारवादी इसको लेकर हो-हल्ला भी मचाते रहे हैं, पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, सांप्रदायिकता और अलगाववाद से जूझ रहे इतने बड़े देश के लिए इतने जवान नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं। आमतौर पर इनका काम कानून का पालन कराने वाली एजेंसियों और सशस्त्र सेनाओं की सहायता करना है, पर इन्हें कैसे-कैसे कामों में झोंक दिया जाता है। बाढ़ आती है तो इन बलों के जवान बंदूक छोड़कर आफत के मारों की मदद के लिए निकल पड़ते हैं। आग की लपटें जब दावानल का रूप धारण कर रही होती है, तब ये अग्निशिखाओं और उनके सताए लोगों के कष्टों से लोहा लेते नजर आते हैं। गुजरात में भूकंप आया तो केन्द्रीय बलों के लोग वहां भी मुस्तैद दिखाई पड़ते थे।



इन बलों में भी सबसे ज्यादा आफत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लोगों की है। एक सिपाही के नजरिए से सोचें, तो उसे तरह-तरह के बवालों से जूझना पड़ता है। उत्तर-पूर्व में वह अराजकता से, तो कश्मीर में आतंकवाद से लड़ता है। देश के दिल में कैंसर की तरह तेजी से फैल रहे नक्सलवादियों से जूझने के लिए वह घने जंगलों की खाक छानता है और जब भी किसी राज्य की पुलिस को जरूरत होती है, तो उसके जवान सैकड़ों मील से दौड़े चले आते हैं। अब बताइए इन नानाविद कामों के लिए क्या उसे ट्रेनिंग मिली होती है? ऐसा कौन सा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है जो इतनी सारी आफतों से जूझने का रास्ता सुझा सकता है? यही वजह है कि इन बलों के जवानों को अक्सर बेमौत मरने के लिए बाध्य होना पड़ता है। आंकड़े गवाह हैं कि नक्सली हिंसा में 2009 की शुरूआत से लेकर अब तक 452 जवान खेत रहे हैं। इसके मुकाबले जम्मू-कश्मीर में यह संख्या बहुत कम है। वहां इस दौरान 96 जवान शहीद हुए। मतलब साफ है। नक्सलवाद की समस्या कश्मीर के खौफ को भी पीछे छोड़ चुकी है। वक्त ने साफ कर दिया है कि वहां दुश्मन का चेहरा काफी कुछ स्पष्ट नजर आता है, इसलिए उन्हें ढूंढ़ना और मारना आसान है। पर इन नक्सलियों का क्या करेंगे? आदिवासियों के बीच छिपी इनकी छापामार टीमें बड़ी सहजता से जंगल की जमीन और उसके बच्चों के बीच गुम हो जाती हैं।

दंतेवाड़ा में भी जब सैकड़ों लोगों ने इन्हें घेरा होगा तो यकीनन सीआरपीएफ के जवानों के हाथ गोली चलाने से पहले कांपे होंगे। वे सिपाही हैं, हत्यारे नहीं। आम आदमी और तो और बच्चों पर न तो उन्हें गोली चलाना सिखाया गया है और न ही उनका दिल इसकी गवाही देता है। अगर ऐसा नहीं होता तो हमें अपने जवानों के साथ हमलावरों की लाशें भी गिनने को मिलती। मैंने अपनी आंखों से कश्मीर और

उत्तर-पूर्व में सीआरपीएफ के जवानों के संयम को जांचा-परखा है। दो दशक होने को आए, इस फोर्स के लोगों के साथ मुझे मणिपुर और नागालैंड के कई हिस्सों में जाने का मौका मिला था। तब मैंने पाया था कि इन जवानों के पास न तो पहनने के लिए कायदे के जूते हैं और न जान बचाने के लिए हेलमेट और बुलेट प्रूफ जैकेट। हमारी सरकारें बतौर आर्थिक महाशक्ति चीन और अमेरिका से लोहा लेने की शोशेबाजी तो करती हैं, परंतु क्या उन्होंने कभी अपने जवानों की ओर भी देखा है जो निहायत प्रतिकूल परिस्थितियों में मोर्चा संभाले रहते हैं। मणिपुर में बरसते बादलों के नीचे गश्त करते इन लोगों को देखकर कलेजा मुंह को आ गया था। उनमें से अधिकांश के पास बरसातियां भी नहीं थीं। तब मैंने कल्पना की थी कि इन पर घात वाला हमलावर तो पूरी तैयारी से आता है।

अगले ही दिन इसका प्रमाण देखने को मिला था। सीआरपीएफ के क्षेत्रीय मुख्यालय में खबर आई थी कि थोड़ी ही दूर पर कूकी उग्रवादियों ने एक नगा गांव पर हमला कर दिया है। वे औरतों और बच्चों को मार पाते इससे पहले ही सीआरपीएफ के दस्तों ने उनसे लोहा लिया और मार भगाया। मैं भी अधिकारियों के साथ वहां गया था। एक तरफ वे जवान कतार में खड़े थे जिन्होंने गांव के लोगों की रक्षा की थी, उनमें से बहुतों के जूते अभी तक भीगे हुए थे। पास में ही कूकियों के छिपने का वह अड्डा भी था जहां से उन्होंने घात लगाई थी। बारिश प्रूफ बरसाती, पानी की बोतलें, डबलरोटियां, अण्डे और बिखरी हुई हड्डियां बयान कर रहीं थीं कि वे काफी देर वहां छिपे रहे थे। गश्त करने वाले सिपाहियों से कहीं ज्यादा आराम में, कहीं अधिक महफूज। वहीं पास की सीआरपीएफ की चौकी में मेरे एक साथी ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर बीस कदम चलने की कोशिश की, वे लड़खड़ा गए थे, क्योंकि यह जैकेट उनके अनुमान से कहीं अधिक भारी थी। किसी ने तब भी बताया था कि एक सिपाही को 36 किलो वजन अपने ऊपर लादकर चलना होता है। आमतौर पर यह भार उनके अपने वजन से आधे से ज्यादा होता है। तभी मन में सवाल उभरा था कि हम इन्हें कब जरूरत भर की सुविधा मुहैया करवा पाएंगे। ये जागते हैं, तभी हम सोते हैं। ये भार उठाकर इसलिए दौड़ते हैं ताकि देश पर लदा आतंक का वजन कुछ कम हो सके।

तब से लगभग दो दशक बीत गए। हालात बनने के बजाय और बिगड़ गए हैं। आतंक और अलगाव का दायरा कई गुना फैल गया है। इसके साथ ही अर्द्धसैनिक बलों की जिम्मेदारियां भी कई गुना बढ़ गई हैं। सवाल उठता है कि ये लोग अगर हमारे लिए जी और मर रहे हैं तो हम और हमारी सरकारें उनके लिए क्या कर रही हैं? निरर्थक बहस कि दंतेवाड़ा में मरे लोग प्रशिक्षित थे या अप्रशिक्षित? सवाल यह नहीं है कि वे किस वजह से मरे। सवाल यह है कि वे क्यों मरे? किनके लिए मरे और उनकी मौत से हमने कोई सबक लिया या नहीं? अफसोस। संसद मौन है और सांसद जुबानी जंग में उलझे हुए हैं। पता नहीं कब ये चेतेंगे और उन पर नजर डालेंगे जो जान की बाजी लगाकर असली जंग लड़ रहे हैं। ये हमारे सैनिक है कोई गिनीपिग नहीं कि उन्हें बिना सोचे-समझे मौत के मुंह में झोंक दिया जाए।

- **शांशे शेखर**
समूह सम्पादक दैनिक हिन्दुस्तान

विशेष आलेख

न्यूनतम ताकत से लम्बी लड़ाई

अप्रैल 6, 2010 को दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार, ताडमेटला में हमारे बल की 62 वीं बटालियन पर हुए घातक हमले ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया। घटना से देश के कई इलाकों में भारी हलचल मची जहाँ एक और जवानों की शहादत को उनकी कमी बताया वहीं दूसरी और किसी ने खुफिया तन्त्र को कोसा तो किसी ने स्थानीय पुलिस व अर्धसैनिक बलों का असमन्वय बताया। जिसको जैसा लगा वैसी ही चर्चा उसने की, लेकिन वास्तविक वस्तुस्थितियों की तरफ ध्यान किसी का नहीं गया। घटना में हमने अपने 76 साथियों को खोया तो देश भी गमगीन था। जगह-जगह नक्सलियों के पुतले फूंके गये और शहीद जवानों की आत्मा की शान्ति के लिए दीप/मोमबत्तियाँ जलाई गईं। देश की इन भावनाओं से लगा की हम इन जंगलों में अकेले नहीं हैं। हमारे पीछे पूरा राष्ट्र है उसी भावना ने बल के मनोबल को और ऊंचा उठा दिया।

दंतेवाड़ा, बस्तर संभाग का एक छोटा जिला है जो कि अत्यंत ही संवेदनशील व अतिनक्सल प्रभावी क्षेत्र है। यहाँ नक्सलियों का प्रभाव पश्चिम में उड़ीसा की मलकानगिरी की पहाड़ियों से लेकर पूर्व में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक फैला है। घनघोर जंगल और इन जंगलों में पतली-पतली घुमावदार पगडंडियां, कहीं पहाड़ी तो कहीं इन्द्रावती व इसकी सहायक नदियों के किनारे, यहा की इस भौगोलिक स्थिति ने ही पिछले कुछ दशकों चल रही खूनी जंग मे एक अहम रणनीतिक भूमिका निभाई है। यह प्राकृतिक सम्पदा ही आदिवासियों की सम्पत्ति है जहां जनता सरकार (नक्सली भाषा) में जनतन्त्र है। यहां के निवासी इन पतली कच्ची सड़कों/पगडण्डियों के इतने जानकार है कि वह बखूबी जानते हैं कि कौन से गाँव में जाने के लिए किस पगडण्डी का इस्तेमाल करना है। स्थानीय पुलिस का दावा है कि इन जंगलों के एक तिहाई हिस्से पर उनका नियन्त्रण है। दूसरे एक तिहाई हिस्से पर माओवादियों का और तीसरा हिस्सा ऐसा है जिसके बारे में दोनों को ही यकीन नहीं है।

दंतेवाड़ा के दण्डकारण्य के जंगलों में शाम के समय यह समझ में ही नहीं आता कि पूर्व किधर है तो पश्चिम किधर वहीं मानपुर मैदानी इलाके में है तो अबूझमाड़ रहस्यमयी पहाड़ी इलाका, नारायणपुर जिले का सत्तर प्रतिशत हिस्सा माड़ (पहाड़ी)

है स्थानीय निवासी आवागमन के लिए केवल पगडांडेयों का ही इस्तेमाल करते है। इन जंगलों में जगह-जगह लैण्डमाइन्स बिछी है ऐसे में आप यदि जंगल में घुस कर वापस आना चाहते हैं तो आपको यहां के स्थानीय निवासी की सहायता लेनी ही होगी।

नक्सलियों के विरूद्ध अभियानों में पुलिस व सुरक्षा बलों की विफलता के पीछे सबसे अहम कारण है पुख्ता सूचनाओं का अभाव। नक्सलियों का प्रभाव, दहशत, विचारधारा, इनके कोडवर्ड, हल्बी, गोंडी व स्थानीय भाषा, सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए पुरातन तरीका, स्थानीय लोगों में नक्सलियों की पैठ आदि ऐसे मुख्य कारक हैं जिनके चलते इन नक्सलियों की मुखबिरी करना टेढ़ी खीर है। बस्तर के अन्दरूनी इलाकों में रहकर कोई भी स्थानीय नागरिक पुलिस मुखबिरी करने का साहस नही करता क्योंकि पकड़े जाने पर बिना किसी सुनवाई या मौके के सीधे मौत की ही सज़ा है, स्थानीय पुलिस या अर्द्धसैनिक बल विस्तृत घने जंगल वाले इलाकों मे लाख कोशिश के बाद भी मुखबिरों को सुरक्षा का भरोसा नहीं दिला पाते। इन्टेलीजेंस के सामान्य तौर पर चार बिन्दु हैं। एम आई सी ई **(MICE)** अर्थात् मनी आईडियोलॉजी, कांशेस व एनिमिटी और आम आदमी प्रायः इनमें से किसी एक चिज के लिए मुखबिर बनता है, लेकिन बस्तर के लोगो का जीवन अतिसाधारण है उनकी न तो असिमित जरूरते है और न ही किसी प्रकार का लालच यहाँ के निवासी नकसलियो की विचारधारा से इतने प्रभावित है कि मुखबिर बनने का प्रश्न ही नही उठता क्योंकि पिछले 20 वर्षों में नक्सलियों ने अपनी विचारधारा को इनके मन-मस्तिष्क में बैठा दिया है और लगभग हर गांव में इनके अपने अपने लोग हैं। ऐसी स्थिति में इन्टेलिजेंस गेदरिंग करना बड़ा मुश्किल कार्य है और इन्टेलिजेंस के बगैर कोई भी आपरेशन सफल नहीं हो सकता। इन्टेलिजेंस के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल आज भी इन जंगलों में सम्भव नहीं है क्योंकि यहां संचार के साधन हैं ही नहीं। न टेलीफोन है और न ही मोबाईल काम करते हैं। सड़क, बिजली, स्वच्छ पानी से वंचित बहुत छोटे व कम आबादी वाले गांव हैं। इन जंगलों में बसे ग्रामीण आदिवासी नक्सलियों की क्रूरता से इतना खौफ खाए हैं कि पुलिस की मदद करना तो दूर पुलिस को देखते ही दूर भागते हैं। इन परिस्थितियों में जंगलों में खाक छानते पुलिस बल बेबस से दिखाई देते हैं।



80 बटालियन द्वारा पकड़े गये नक्सली





80 बटालियन द्वारा नक्सलियों से बरामद किया गया सामान तथा असलहा

अधिकांश नक्सली स्थानीय नागरिक या आदिवासी होने के कारण उन्हें लगभग हर उस स्थान की जानकारी है जिसमें वह सक्रिय हैं, किस स्थान पर अम्बुश लगाना है कहाँ से बचने का प्रयास करना है, कहाँ से सुरक्षित निकलना है इन सब चीजों से वाकिफ हैं। यहां तक की वे स्वयं फायरिंग करके सुरक्षा बलों को अपनी और आकर्षित करते हैं और सुरक्षा बलों द्वारा मोर्चा सम्भालने तक वापस दूसरे रास्ते से उन्हें घेर लेते हैं जिनमें बल को काफी क्षति उठानी पड़ती है। यहां के नक्सली ए के-47 इन्सास, राकेट लांचर, आई ई डी का इस्तेमाल बखूबी करते हैं, वही 303 राईफल, भरमार बन्दूक का भी बहुदा इस्तेमाल करते है, मौका पड़ने पर तीर कमान, तेजधार की कुल्हाडी या अन्य धारदार हथियार का भी प्रयोग करते हैं। इनको कहीं बुनियादी प्रशिक्षण नहीं मिलता, लेकिन गुप्त रूप से हथियारों का इस्तेमाल व सामरिक बारीकियों को अपने अन्य साथियों से सीख लेते हैं।

दंतेवाड़ा का सबक यही है कि हम एक नये बाहुबली दुश्मन का सामना कर रहे हैं और इसका सामना करने के लिए हमें धैर्य, कौशल व हौंसले से काम लेना चाहिए जैसे-जैसे इनकी सामरिक तकनीकियां सामने आती जा रही हैं हमें भी उनके अनुरूप अपनी आपरेशन पद्धतियों को बदलते रहना होगा। साथ ही हमें निम्न बिन्दुओं पर भी ध्यान देना होगा ताकि प्रभावी तरीकों से नक्सलियों के विरूद्ध अभियान चलाये जा सकें और इनकी शक्ति को क्षीण किया जा सके।

- वर्तमान में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावी क्षेत्र में जो अर्धसैनिक बल तैनात हैं वह यहां के विस्तृत जंगल बड़े भूभागीय तथा नक्सल प्रभाव को देखते हुए अपर्याप्त हैं जिस प्रकार से नक्सली बड़ी मात्रा में एकत्रित होकर किसी घटना को अंजाम देते

हैं उसके सामने एक या दो कम्पनी मायने नहीं रखती अतः अधिक मात्रा के बल की तैनाती व स्थानीय पुलिस के साथ आपसी समन्वय से ही सफल आपरेशन चलाये जा सकते हैं।

- बल की तैनाती पर पुर्नविचार कर इसे चरणबद्ध किया जाना चाहिए क्योंकि वर्तमान में बल की कम्पनियों की तैनाती अत्यन्त ही अव्यवस्थित है। कम्पनियां जिला मुख्यालय से काफी दूर व सघन जंगलों में हैं जहां कम्पनी को अपने रोजमर्रा व प्रशासनिक कार्य में काफी परेशानी आती है नक्सलियों के दबाव के चलते आम जरूरत की वस्तुओं की आपूर्ति स्थानीय व्यापारियों द्वारा नहीं की जाती, अतः इसकी आपूर्ति स्वयं कम्पनी को करनी पड़ती है। जवानों के अवकाश आने-जाने, बीमार होने उपचार आदि के लिए आने जाने में प्रयुक्त होने वाली मानव शक्ति आपरेशनल कार्य को प्रभावित करती है अतः यदि जिला मुख्यालय से अन्दर सघन जंगलों तक कम्पनियां आवश्यक दूरियों पर तैनात की जाए तो एक ओर बल की उपस्थिति सदैव बनी रहने से नक्सलियों का मूवमेंट कम होगा और आकास्मिकता के समय तत्काल सहायता हेतु आवश्यक मात्रा मे बल तुरंत उपलब्ध हो सकेगा।
- प्रायः देखने में आया है कि बटालियन या कम्पनियाँ अपने-अपने क्षेत्र में अपने स्तर पर आपरेशन नियोजित करती हैं जोकि काफी छोटे स्तर का होता है और नक्सली प्रायः अधिसंख्य होकर ही हमला करते हैं अतः आपरेशन वाले क्षेत्र के चयन से पूर्व आस-पास के क्षेत्र में तैनात सभी कम्पनियों/ बटालियन का आपस में समन्वयन होना चाहिए तथा आपरेशन की जानकारी एक दूसरे को होनी चाहिए ताकि आपरेशन के समय अन्य कम्पनियां भी सतर्क रहे और अपने-अपने क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करे ताकि नक्सलियों में बिखराव हो सके और आवश्यकता पड़ने पर इन्हे घेरा जा सके।
- बल की तैनाती नक्सल प्रभावी क्षेत्र में करने से पूर्व जवानों को जंगल युद्ध शैली का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए क्योंकि आम तौर पर जवानों को चुनाव या कानून व्यवस्था की ड्यूटियों से अचानक जंगलों की और हथियारों से लेस नक्सलियों से युद्ध के लिए भेज दिया जाता है तो एकाएक सफलता की कैसे उम्मीद की जा सकती है इसके लिए आवश्यक है कि विशिष्ट जंगल युद्ध में प्रशिक्षित इकाई स्पेशल एक्सन फोर्स **(S.A.F.)** का विस्तार किया जाए और केरिपुबल की ईकाई की नक्सल प्रभावी क्षेत्र में तैनाती से पूर्व आवश्यक जंगल युद्ध शैली का प्रशिक्षण दिया जाए।
- बल को अपने "खुफिया आधारित अभियानों" के मूलमन्त्र पर चलना होगा और मानव खुफिया तंत्र (हयूमिन्ट) को मजबूत करना होगा हालांकि इसको स्थापित करने में अभी बहुत लम्बा समय लगेगा इससे पहले तकनीकी खुफिया तन्त्र (टेकिंट) को विकसित करना होगा जिसमें मानव रहित टोही विमान सेवाएं, हेलिकॉप्टर व एयरशिप्स का इस्तेमाल आदि शामिल है। राज्य और केन्द्र के खुफिया तन्त्र की क्षमताओं को मजबूत करके बढ़ाना होगा और बेहतर निगरानी

के लिए ड्रोन विमानों और हेलिकॉप्टर की सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

- चूंकि बीहड जंगलों में यातायात के कोई साधन नहीं है और पूरा नक्सलप्रभावी क्षेत्र लेण्ड माईन्स से बिछा पड़ा है अत: जमीनी और हैलीबार्न प्लेटफार्म दोनो ही यातायात व्यवस्था भी आवश्यक है ताकि कम समय में उचित स्थान पर बल को हेलिकाप्टरों के माध्यम से उतारा जा सके। बल को गोलाबारूद असलहे की आपूर्ति तत्काल की जा सके, घायलों/रिइनफोर्समेंट को लाया जा सके। आधुनिक हथियारों के अतिरिक्त विशेष उपकरण जैसे विस्फोट टोही यंत्र, रात में देखने वाले उपकरण, ड्रोन जैसी सुविधाओं को पूरा किया जाना आवश्यक है तथा सेटेलाईट के माध्यम से संचार व्यवस्था की स्थापना की जाए।

छ) बीते समय में माओवादियों की रणनीति बदली है वे अब शनैः-शनैः सत्ता के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं तब उनका उद्देश्य दण्डकारण्य में विमुक्त प्रान्त स्थापित करना है अब ये गुरिल्लावार के साथ मोबाईल वार का भी एलान कर चुके है अतः इनके प्रभाव को कम करने के लिए स्थानीय लोगों को वास्तविक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और उनके विकास के कल्याण के लिए गम्भीर प्रयास किये जाएं। एक गैर राजनैतिक त्रिकोणिय रणनीति हथियार डलवाना, विकास और संवाद (डिजार्म डवलप एण्ड डायलाग) अपनानी चाहिए ताकि आम नागरिकों में विश्वास बढ़े और वे नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो सके।

पिछले 6 दशकों में हमने पूर्वोत्तर, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में विद्रोही समस्या का सामना किया है और हमने दुर्लभ कौशल व अनुभव अर्जित कर लिया है। नक्सल समस्या भी पूर्वोत्तर जनजातीय विद्रोहो की राह पर चलती नजर आ रही है। प्रायः हमारे देश में यह विडम्बना रही है कि किसी भी समस्या में हिंसा का पैमाना शुरू में तेजी से बढ़ता है और एक स्तर पर आकर स्थिर हो जाता है और तब तक हिंसक तत्वों को यह समझ में आने लगता है कि सरकार से लड़ाई आसान नहीं है और हिंसक घटनाओं से सरकार को हराया नहीं जा सकता।

यहां दो बातें स्पष्ट करना चाहता हूं नक्सली हथियार तब ही डालेंगें जब उन्हे इस लड़ाई की निरर्थकता समझाई जाएगी और शांति समझौता तब ही होना चाहिए जब हम ताकतवर स्थिति में हों। हमें न्यूनतम ताकत से लम्बी लड़ाई लड़नी है यह न्यूनतम ताकत क्या होगी, कितनी होगी इसका निर्णय सरकार करेगी। हमें अपने हौंसले को बुलन्द रखना है और लम्बी लड़ाई के लिए तत्पर रहना है।

निरी/मं. मुकेश कुमार
निरी/जी.डी. कृष्ण कुमार
80 बटालियन जगदलपुर

बल की वीरता

नमन करूँ इस बल को,
जिसे सी.आर.पी.एफ. कहते हैं।
यह छोटा भारत है,
जिसमें भारतवासी रहते हैं।
सन 1939 में लौहपुरुष ने,
इस बल का निर्माण करवाया।
संचित की थी इसकी शक्ति,
फिर यह नीमच में छाया था।
इसका देखो अतीत इतिहास,
साक्षी इसकी कुर्बानी का।
भारत के गौरव को वृहत किया
यह देता मिसाल वीरों के जवानी का।
शत्रु प्रशासक है यह बल।
आतंक विनाशक है यह बल।
आंतरिक सुरक्षा को कायम रखता
अति अनुशासक हैं यह बल।
तुझे करता हूँ,
नमन अर्पण तन-मन।
हम उस बल के खिवैया हैं,
अनुशासन जिसकी नैया है, उसके पतवार हैं हम।
बैरल से निकली चिंगारी,
यह हथगोलों की मार करें।
रणवीर सिपाही इस बल के,
जो किलकारी देकर वार करें।
टू-इंच मोर्टार जो इसकी काम करें,
दुश्मन का काम तमाम करें।
जंगी बेड़े मिटटी में मिल जाएं,
बैनेट इसका कत्ले आम करें।
ड्यूटी पर तैनात है हम तो,
हिलते नहीं एक पल को।
पारस मणि भी दे कोई,

तो भ्रष्ट करें न इस कल को।
जयकारा बोले जय भारत माता का
दुश्मन को पसीना आ जाए
धावा बोले एक साथ
तब कोई न जिंदा बच पाए।
किलकारी देकर जब ललकारें
शत्रु को मैदान छोड़ते ही बनता है,
धन्य धन्य हो हे बल तुम
परिपूर्ण आपकी बलता है।
इस देश की मिट्टी गौरव है,
यह आभूषण वीर जवानों का
भूखों की रोटी है यह
सोना वीर किसानों का।
हे खुदा मांगू बस यही दुआ
जब मौत आए तो रण में आए
ताकि वीरों के बीच समाधि मिले
और वीर की मुझे उपाधि मिले।
हे खुदा जनम लूं संसार में तो,
पुनः इस बल का सिपाही बनूं
विश्व में इसकी पताका फहराऊं
और हौंसला अफजाई करूं।

सिपाही - रमाकांत शर्मा
ग्रुप केन्द्र भोपाल

श्रद्धांजलि

मातम की घड़ी है, सब्र कीजिए



मां की मृत्यु के कारण मैं अवकाश पर था, जब दंतेवाडा में हुई घटना की सूचना मिली। मां की मृत्यु से मैं पहले ही शोक में था, इस घटना की सूचना, मर्माहत कर गयी। यह इत्तेफाक था कि इस समय मैं सी आर पी एफ के सहयोगियों, परिचितों के बीच नहीं, बल्कि ऐसे रिश्तेदारों, दोस्तों, परिचितों के बीच था, जिनका सी आर पी या फौज से कोई लेना देना नहीं है, ना ही ये वो लोग हैं, जिन्हे फोर्स की कार्यशैली या लाईफ स्टाईल की कोई जानकारी हो। इनकी जानकारी या तो अखबार है या फिर टी वी चैनलों की खबरें। चूंकि मैं सी आर पी में हूं, इसलिए मैं उस शोक की घड़ी में भी सबकी चर्चा का केन्द्र बन गया। टी वी चैनलों पर आ रही अधकचरी खबरों पर सफाई देते मेरा मन किस कदर बार-बार भर उठता, जिक्र करना मुश्किल है।

अपने साथी या सहयोगी होते तो उनसे बैठकर क्या हुआ, क्या नहीं हुआ, चर्चा कर सकता था। मगर यहां मामला बिल्कुल उल्टा था। रात दिन टीवी चल रहा था, सभी बडी जिज्ञासा से खबरें देख रहे थे और मुझ से ऐसे सवाल पूछ रहे थे, जैसे जो हुआ, उसके लिए खुद वो लोग ही जिम्मेदार थे, जो चले गये।

एक ही बटालियन के 75 कार्मिकों का मारा जाना, कम्पनी कमाण्डर का नक्सलियों द्वारा सिर काट डाला जाना। एक बड़ी घटना थी। इतनी बड़ी कि जिसने सुना खबर ने उसी को झकझोर डाला।

सभी बदहवास थे, स्तब्ध थे। एक रिश्तेदार बोले, “तुम्हारी फौज तो बिल्कुल बेकार है, इसकी तो ट्रेनिंग ही नहीं हुई।”



मैं स्तब्ध उनका चेहरा देखता रहा, “ये आप क्या कह रहे हैं, इतनी पुरानी, इतनी अनुभवी फोर्स के लिए आप ऐसे कैसे कह सकते हैं।”

“भैया मैं नही कह रहा हूं, देश के आर्मी चीफ ऐसा कह रहे हैं।”

अब मैं उन्हें क्या बताता कि बेसिक ट्रेनिंग, प्री इंडक्शन ट्रेनिंग, प्रमोशन कोर्स, पूरे कैरियर के दौरान, डब्ल्यू टी, सीआईएटी और न जाने कौन-कौन से प्रशिक्षणों से हमें तराशा जाता रहा है। रही आर्मी चीफ द्वारा हमारी पर्याप्त ट्रेनिंग न होने की बात, तो उन्होंने यह बात कौन से संदर्भ में, कौन सी ट्रेनिंग के बारे में कही है, आम जनता का इससे कुछ लेना देना नहीं था। उन्हें बस एक ही बात दिखाई दी कि सीआरपीएफ बिना ट्रेनिंग की फोर्स है। यह तो वही बात हो गई जैसे कोई कहे कि कारगिल युद्ध में करीब आठ सौ अधिकारी और जवान सिर्फ इसलिए शहादत को प्राप्त हुए क्योंकि वे प्रशिक्षित नहीं थे।

अगले दिन अखबारों में भी यही खबर थी। इस खबर ने हमारे स्तर को आम आदमी की नजर में होम गार्ड्स के भी नीचे ला कर रख दिया।

दो दिन बाद फिर खबर छपी कि बटालियन ने कब कहां कहां ट्रेनिंग की थी। गृह मंत्रालय द्वारा भी स्पष्टीकरण दिया गया।

यह शंका हुई, तो एक नया भ्रम उठ खड़ा हुआ। एक रिश्तेदार बोले “आपकी फौज के पास तो हथियार ही नहीं हैं, उसे तो ऐसे ही बिना हथियारों के जंगल में भेज दिया, तभी तो नक्सलियों ने उन्हें गाजर मूली की तरह काट दिया।”

मैं उन्हें समझाता रहा कि ऐसा नहीं है। हमारे पास हर जरूरी हथियार है। सेना में और हम में मूलभूत फर्क है, जरूरी नहीं कि जो हथियार सेना के लिए जरूरी हों,

उसकी दरकार हमें भी हो।

“ऐसा करने से वहां के आदिवासी, वनवासी और दूसरे लोग जो मारे जाएंगे, उनका क्या होगा। लेकिन प्रश्नकर्ता संतुष्ट नहीं होते। फिर नक्सलियों द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से खबर आती है कि हमले में आठ नक्सली भी मारे गये। जाहिर है हमारे अधिकारी और जवान यों ही नहीं मरे। हो सकता है आपरेशन में कुछ परिचालनिक त्रुटियां रही हों, लेकिन जब तक उनमें दम था, उन्होंने पूरी तरह सामना किया और खुद नक्सली मान रहे हैं कि उनके आठ साथी भी इस घटना में मारे गये। हो सकता है कि

यह संख्या और अधिक हो और घायलों का तो कोई जिक्र ही नहीं है।

इसके बाद टीवी चैनल जंगलों के अंदर जाकर हमारे कैम्पों, उनमें रहने वाले जवानों की स्थितियों आदि को बेहद गैर जिम्मेदाराना तरीके से दिखाने लगे।

जिस कार्य के लिए फोर्स की प्रशंसा होनी चाहिए उस काम के लिए उनकी भर्त्सना होने लगी।

कोई सुविधा न होने के बावजूद इतने दुर्लभ इलाके में टिके रहना, हालात का और दुश्मन का डट कर मुकाबला करना, और दुश्मन पर हावी रहना, शाबाशी का काम है। ठीक है, इस बार हम नाकाम रहे, मगर यह युद्ध है, दोनों पक्षों में से एक को मरना है। अभी तक छुटपुट हादसों को छोड़कर हमेशा बाजी हमारे हाथ रही है। हमारी इसी सफलता से दुश्मन बौखला गया है, और उसकी यही बौखलाहट उसके खात्मे की आहट है। हादसे व्यक्ति को स्तब्ध करते हैं मगर जब यह स्तब्धता टूटती है, तो हादसे से मिले नये सबक, नये जोश, नई हिम्मत और नये संकल्प के साथ फौज फिर उठ खड़ी होती है। एक चट्टान की तरह देश की आंतरिक सुरक्षा की रक्षा के लिए। ऐसा हुआ है पंजाब में, उत्तर पूर्व में, जम्मू कश्मीर में, संसद हमले के दौरान, सफल हम ही हुए हैं। सफल हमें ही होना है और यही यहां भी होगा। दुश्मन की यह क्षणिक खुशी, उसके खात्मे और लम्बे विलाप की आहट है, जिसे वो जितनी जल्दी समझ ले, उसके लिए अच्छा है।

देश पर मरने वालों पर मातम नहीं करते। मगर दिल नहीं मानता। फिर भी जो चले गये, उनके लिए सिर्फ यही कह सकते हैं -

कुछ आजादी के मतवाले, सिर बांध कफन मैदान में गए, हर सू मौत का आलम था, कुछ बच निकले कुछ खेत रहे।

अलविदा दोस्तों। तुम्हारा जाना हताशा का नहीं, गर्व का वायस है। क्योंकि -

गिरते हैं शह सवार ही मैदान-ए-जंग में वो शख्स, क्या खाक गिरे, जो घुटनों के बल चले।

और 62 बटालियन के अपने अधिकारी और जवान साथियों से यही अर्ज है। मातम की घड़ी है, सब्र कीजिए। इम्तिहान की इस घड़ी में धीरज, हिम्मत और संतुलन संभाले रखिये। देश आपकी और देख रहा है, अग्नि पंछी की भांति उठिए और कर्तव्य

पथ पर छा जाइए।



याद रखिए -

हमने हर गम को खुशी में ढाला है,
हमारा हर चलन निराला है,
जिन हादसों में लोग मरते हैं,
हमें उन हादसों ने पाला है।
इसलिए -
उठ कर कपडे बदल, बाहर निकल
जो हुआ सो हुआ
रात के बाद दिन, आज के बाद कल
जो हुआ सो हुआ,
जब तलक सांस है - भूख है, प्यास है
ये ही इतिहास है।
रख कांधे पर रायफल, मैदान-ए-जंग की ओर चल
जो हुआ सो हुआ

जो मरा, क्यों मरा, जो जला, क्यों जला
जो लुटा क्यों लुटा
मिल जाएंगे इन सवालों के भी हल
जो हुआ सो हुआ।

- **अनिल गुप्ता**
द्वितीय कमान अधिकारी
187 बटालियन

परिचालनिक सुझाव

बल की नक्सल विरोधी रणनीति

अप्रैल 6, 2010 को एक बड़ी दुखद घटना घटित हुई जिसमें हमारे 62 वीं बटालियन के 02 अधिकारी व 73 जवान शहीद हो गये। इस घटना से सबक लेते हुए निम्नलिखित नक्सल विरोधी रणनीति अपनाने तथा उसी के अनुरूप समेकित प्रशिक्षण की आवश्यकता है:-

नक्सल विरोधी अभियान की योजना व कार्यान्वयन

कम्बैट लीडरशिप हेतु सैक्शन कमांडर्स, प्लाटून कमांडर्स व कम्पनी कमांडर्स के लिए नक्सल विरोधी अभियान की योजना व कार्यान्वयन के लिए सर्व प्रथम यह जानकारी होनी चाहिए कि नक्सलियों की सभी गतिविधियों का बारीकी से अध्ययन किया जाए तथा उनके द्वारा लिए जा रहे प्रशिक्षण के प्रकारों एवं उनके रहन सहन, उनके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हथियार, गोला बारूद व उपकरण तथा छिपने की जगह की सही जानकारी होनी चाहिए।

- टैक्टिकल मूवमेन्ट एवं टैक्टिकल एक्सरसाईज पर ध्यान दिया जाना चाहिए।
- ऑबजर्वेशन और स्काडटिंग
- फायर कन्ट्रोल
- एरिया हथियार का इस्तेमाल

सूचना की गोपनीयता

बल के जवान अपनी ही मूवमेन्ट की गोपनीयता को बरकरार नहीं रख पाते और

किसी न किसी विषय पर आपसी वार्तालाप के दौरान अपने मूवमेन्ट की बात लीक कर देते हैं जो नक्सलियों तक पहुंच जाती है और बल के ऊपर घात लगाकर बैठ जाते हैं और इस प्रकार बल का नुकसान होता है। यहां तक की प्रशिक्षत कार्मिक के द्वारा ही वायरलेस सेट का प्रयोग किया जाना चाहिए न कि अनट्रेन्ड या कम ट्रेन्ड किसी भी जवान द्वारा। इसलिए जब भी बल का मूवमेन्ट होता है तो मूवमेन्ट के बारे में जब भी ब्रीफ किया जाता है उसको पूर्ण रूप से गोपनीय रखते हुए आगे की कार्रवाई करनी चाहिए ताकि प्लान किए गये परिचालन में सफलता मिले और अपना नुकसान न हो।

इलाकों की जानकारी

चूंकि कम्पनियां एक इलाके से दूसरे इलाके में बिना स्थानीय जानकारी के लगातार मूव करती हैं जिससे जवान उस इलाके के बारे में अनजान रहते हैं कि वहां पर नक्सलवादियों की कितनी संख्या है वे किन-किन स्थानों पर अपना प्रशिक्षण केन्द्र चला रहे हैं, किन-किन इलाकों में या रास्तों पर चलते हैं और जब अपने जवान उन इलाकों/रास्तों से गुजरते हैं तो नक्सलियों का अचानक हमला हो जाता है तथा जवान अपनी रक्षा नहीं कर पाते और नुकसान उठाते हैं इसलिए उस इलाके की वीडियोग्राफी करके पूरे इलाके के बारे में बल के सभी सदस्यों को व्यवसायिक तरीके से नक्सलियों की रणनीति की पूर्ण समझ के लिए ब्रीफ किया जाना जरूरी है ताकि अचानक नक्सली हमला होने पर अपने जवान प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों को अधिक से अधिक नुकसान पहुंचा सकें और साथ-साथ अपना बचाव भी कर सकें।

प्रशिक्षण में सुधार

बल के जवानों को जो बेसिक प्रशिक्षण दिया जाता है उसी को बार-बार दोहराया जाता है जो नक्सलियों के विरूद्ध अभियानों में कारगर साबित नहीं हो पाता है तथा अपने जवानों को नुक्सान उठाना पड़ता है। अतः बल के जवानों के प्रशिक्षण में सुधार लाते हुए उनको इलाके की जानकारी का प्रशिक्षण, नक्सलियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली रणनीति तथा उनके मूवमेन्ट की जानकारी आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता है। इसे भी वीडियोग्राफी, केस स्टडीज व अन्य उदाहरणों के साथ रूचिकर व लाभप्रद बनाया जा सकता है।

टैक्टिकल कमियों में सुधार

बल की कोई भी टुकड़ी अभियान के लिए जाने से पूर्व टुकड़ी कमाण्डर द्वारा की गई ब्रीफिंग बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें इलाके की पूरी जानकारी जाने का रास्ता. भौगोलिक स्थिति, दुश्मन की रणनीति के संबंध में पूर्ण जानकारी, फायर आने पर प्रभावी जवाबी कार्यवाही, पोजीशन लेने का तरीका, फायर कन्ट्रोल, स्काउटिंग व इलाके की उचित देखभाल व अपनाई जाने वाली फार्मेशन आदि का उचित ड्राई/

मोक अभ्यास शामिल होना चाहिये। इस प्रकार की बीफिंग को प्रभावी व व्यवसायिक बनाने के लिए इसे वीडियोग्राफ कर इसमें लगातार सुधार किया जाना चाहिए।

- हरी राम सिंह
पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन
महानिदेशालय केरिपुबल

नक्सली क्षेत्र में शिविर सुरक्षा

नक्सली हिंसा से निपटते रहने का लगभग पांच दशकों का व्यापक अनुभव केरिपुबल को संघर्ष की परिस्थितियों में फिलहाल भले ही सीमित कामयाबी दिला रही हो किन्तु, हालिया वर्षों में जिस प्रकार का नुकसान हमने उठाया है उस परिप्रेक्ष्य में अपनी रणनीतिक तैयारियों की विवेचना करना आज प्रासांगिक होगा।

संघर्ष की परिस्थिति में अपना नुकसान न होने देना, एक आदर्श स्थिति है किन्तु व्यवहारिक तौर पर ऐसा हो पाना संभव नहीं होता है। हां, इसे न्यून करने का अनवरत प्रयास कि जा सकता है। आज हमारा मुकाबला एक ऐसी जमात से है जो हिंसा को सत्ता का जरिया बना, सैद्धांतिकता का लबादा ओढ़े देश को बरगलाये जा रहा है। इसलिये यह अपरिहार्य होगा कि, राष्ट्र-राज्य को इनसे मिल रही गंभीर चुनौतियों के संदर्भ में हम अपनी स्थिति की लगातार समीक्षा करते रहें।

नैसर्गिक रूप से मानव के आधारभूत जरूरतों में रोटी, कपड़ा के बाद मकान का स्थान आता है, लेकिन किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में सुरक्षित मकान या शिविर की उपलब्धता सुरक्षा बलों की पहली प्राथमिकता बन जाती है।

ऐसे में यह प्रश्न उभरता है, कि उपद्रवग्रस्त इलाके में सुरक्षा बलों का शिविर किस प्रकार का होना चाहिये और उसे किस तरह इसे अभेद्य बनाये रखा जाये। केरिपुबल की तैनाती राज्यों में नागरिक प्रशासन की मदद हेतु की जाती है। फलतः आवास मुहैया करने का दायित्व भी राज्य की ही जिम्मेवारी है।

किन्तु, जिस प्रकार परिस्थितियां हमारी इच्छाओं की दास नहीं हुआ करती, उसी प्रकार मुहैया कराया गया आवास भी अक्सर सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से चाक-चौबंद नहीं हुआ करता। फौरी तौर पर कुछ उपाय करते हुए अक्सर हम उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप बना लिया करते हैं।

शिविर सुरक्षा के कई आयाम हो सकते हैं लेकिन मोटे तौर पर उद्देश्य यही है, कि दुश्मन शिविर तक न आ पाये, कदाचित शिविर तक पहुंच भी जाये तो सुरक्षा उपायों/चक्रों से बच निकलने न पाये और किसी विशेष हालात में बच निकले तो उसे इस कदर लस्त-पस्त कर दिया जाये, कि भविष्य में शिविर की ओर फटकने की हिम्मत

हो न जुटा पाये।



किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में जहां सुरक्षा बलों की तैनाती पहली बार हुई हो और शिविर लगाने से लेकर अन्य प्रशासनिक संसाधनों की आपूर्ति का दायित्व भी जब उसे स्वयं उठाना पड़े, तो ऐसे में शिविर सरंचना स्थापित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही की जानी चाहिये।

शिविर संरचना के कई मूलभूत अवयव है जिनका अनुपालन जाने-अनजाने हम अपने तरीकों से किया भी करते है। किन्तु समग्र रूप में इस पर अमल हो सके तो यह हमें परिचालनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में खासी मदद दे सकेगा।





- **लक्ष्मण रेखा:-** शिविर के चहुंओर लगभग 300 मीटर की दूरी पर कट-ऑफ/ स्टॉप्स लगाये जायें। यह हिफाजती दस्ता **(Protective Patrol)** के तौर पर भी काम करेगा। सहूलियत के हिसाब से कट-ऑफ को कई छोटी टुकड़ियों में भी विभाजित किया जा सकता है जो अपने मुकरर्र कार्यों के अतिरिक्त दिन में **Observation Point (OP)** और रात में **Listening Point (LP)** का भी काम कर सकती है।
- **बाँध या कैम्प पेरीमीटर (Bund or Camp Perimeter):-** शिविर की परिधि मिट्टी या रेत की **3½** फुट ऊंची और **1½** फुट चौड़ी बोरियों की मेड़ या **Bund** सदृश्य हों ताकि गहन आक्रमण की स्थिति में यह न केवल अपने लिये कारगर आड़ सिद्ध हो सके अपितु कैम्प के अंदर बिस्तर पर लेटे हुये सुरक्षाकर्मियों, हथियारों, एमयूनिशन एवं उपकरणों का भी बचाव कर सके।
- **तारबंदी (Fencing) - Bund:-** अथवा मेड़ के उपर और 30 गज दूर (ग्रेनेड से रक्षार्थ) समुचित मात्रा में बारबर्ड/कंसर्टीना तार लगे हों जिससे दुश्मन के कैम्प के नजदीक आकर अचानक धावा बोलने की संभावना न्यून हो जाये।
- **मोर्चा और पिकेट (Morcha & Picket):-** मोर्चे मेड़ अथवा **Bund** के विस्तार हों और आगे की ओर उभरे हुये हों, ताकि लूप होल्स से **Bund** के किनारे और आगे का फिल्ड ऑफ फायर मोर्चे में खड़े संतरी को साफ नजर आ जाये ताकि जरूरत के हिसाब से वह अपने मार के इलाके **(Killing Zone)** में कारगर फायर डाल सके। सभी मोर्चे धरातल से उपर उठे हों। संभव हो तो टावर सदृश्य बनाये जायें।

- **प्रभुत्व भूमि (Dominating Ground):-** शिविर दबी हुई जमीन पर न हो, संभव हो तो ऊंची या समतल जमीन पर आबादी से दूर बसायी जाये ताकि अनापेक्षित आवागमन एवं शत्रु के निगाहों से शिविर की गतिविधियां छिपी रहें।
- **प्रकाश व्यवस्था (Lighting Arrangement):-** सिक्यूरिटी लाईट शिविर से बाहर की ओर निर्देशित हो जिससे अंधेरे में आगंतुक की पहचान समय रहते दूर से सुनिश्चित कर ली जाये। इसके अतिरिक्त आकस्मिकता के मद्देनजर पूरे शिविर को रोशन कर देने का इंतजाम होना चाहिये जिससे जरूरत पड़ने पर रात्रि में शिविर को रोशन कर बारीकी से तलाशी का कार्य किया जा सके।
- **पहुंच नियंत्रण (Access Control):-** शिविर में आवागमन का संभव हो तो एक ही मार्ग रखें ताकि बेवजह की गतिविधियां नियंत्रित की जा सकें।
- **गतिअवरोधक / बैरिकेड़ (Speed Braker/ Berricade):-** शिविर के प्रवेश द्वार के 30 मीटर पहले दोहरे स्पीड ब्रेकर और उसके दस मीटर बाद कील या भाले सदृश निर्मित बैरिकेड लगाये जायें, जिससे अचानक कोई वाहन तीव्र गति से शिविर में न आ घुसे। गाड़ी के अचानक आ धमकने की स्थिति में बैरिकेड से प्रवेश द्वार तक का 20 मीटर फासला संतरी को फायर करने की सहूलियत देगा। साथ ही बैरिकेड उपर-नीचे करने की कार्यप्रणाली पुल्ली एवं रस्सी के द्वारा प्रवेश द्वारा मोर्चे के भीतर से नियंत्रित हो, ताकि संतरी के बाहर बैरिकेड तक आने-जाने और उसे किसी अवांछित आगंतुक के संभावित शत्रुतापूर्ण कार्यवाई की चपेट में आने से बचाया जा सके।
- **कुत्ते का प्रावधान (Provision for Dog):-** प्रवेश द्वार के पास एवं शिविर के अंदर कुत्ते रखे जायें। जरूरी नहीं कि, उपलब्ध कत्ते प्रशिक्षित ही हों। कुत्ते की उपस्थिति अजनबियों में भय का संचार करती है। साथ ही कुत्ते किसी अजनबी के आने पर अलार्म/पूर्व चेतावनी (Early Warning) देने में सहायक सिद्ध होते है। वफादारी के विषय में कुत्तों की प्रसिद्धि जग-जाहिर है।
- **नाला/खाई (Drain/Trench):-** बैरिकेड के बाद प्रवेश द्वार के नजदीक 2 फुट चौड़ा एवं 17 फुट गहरा नाला या खाई खुदी हो जिसके ऊपर मजबूत पटरा (Wooden Plank) रखने का इंतजाम हो। सामान्य हालात में नाला खुला रखें जिससे अवांछित गाड़ी के कैम्प में जबरदस्ती घुसने की कोशिश में उसका टायर नाले में ही अटक जाये।
- **टेढ़ा-मेढ़ा प्रवेश द्वार (Zig-zag Entramce):-** शिविर में दाखिल होने का मार्ग **Zig-zag** हो जैसा अक्सर क्वार्टर गार्ड के प्रवेश में प्रयुक्त होता है। इससे आगंतुक के सहसा शिविर में दाखिल होने की सम्भावना न्यून हो जाती है।
- **रेंगने वाली खाई (Crawl/Snake Trench):-** सभी मोर्चों से बैरिक, **Crawl** अथवा S**nake Trench** द्वारा आबद्ध हों ताकि गहन संघर्ष की स्थिति में कुमक **(Reinforcement)** और रसद **(Supply)** बदस्तूर जारी रह सके।
- **महत्वपूर्ण स्थानों का विकेन्द्रीकरण (Decentralisation of Vital Points):-** शिविर के महत्वपूर्ण ठिकाने विकेन्द्रित हों। मसलन कोत, रसोई, सिग्नल सेंटर,

कमांडर का आवास इत्यादि। ये **bund/** मेड़ से सटे न होकर फैले हुये हों। इकट्ठे होने से आकस्मिक परिस्थिति में इकट्ठा ही सब कुछ गंवा देने की आशंका बनी रहती है।

- **चेतावनी पद्धति (Alarm System):-** एक केन्द्रिकृत अलार्म के अलावा संतरी द्वारा अन्य सुरक्षाकर्मियों को सचेत करने हेतु लोकल अलार्म पद्धति से भी सभी बैरिक जुड़े हों।
- **हथियार संयोजन (Weapon Sighting):-** फील्ड हथियार **(Area Weapon)** और फील्ड आफ फायर का हक रखते हुए तैनात किये जायें।
- **कमांडर आवास (Cdr's Resodemce):-** कमाण्डर का आवास ऐसी जगह हो, जहां से अतिरिक्त श्रम किये बिना शिविर पर विहंगम दृष्टि डाली जा सके।
- **स्थाई आदेश (Standing Order):-** शिविर स्थाई आदेश में, परिस्थिति के मद्देनजर संशोधन होते रहना चाहिये और जहां तक संभव हो शिविर सुरक्षा में उच्च कार्यालयों से समय-समय पर जारी निर्देशों का भी ख्याल रखा जाये।

संघर्ष के इलाकों में शिविर की स्थापना परिचालनिक ध्येयपूर्ति के मकसद से होता है। शत्रु हमारे शिविर स्थापना को आक्रामक संघर्ष के इलाकों में शिविर की स्थापना परिचालनिक ध्येयपूर्ति के मकसद से होता है। शत्रु हमारे शिविर स्थापना को आक्रामक गतिविधियों एवं परिक्षेत्र विस्तार के तौर पर देखता है। अतएव, अपने आक्रामक रवैये को तिलांजलि दे शिविर में निश्चित भाव से पड़े रहना, "आ बैल मुझे मार" की आत्मघाती प्रवृति का द्योतक है।

वृहत तौर पर एक सामूहिक कवच सदृश्य होता है, शिविर। जो मजबूत होने पर शत्रु के आक्रमण से सुरक्षा तो दे सकता है, किन्तु शत्रु-संहार नहीं कर सकता। हमें शिविर में सुकून पाने की मनोदशा को त्यागना होगा। विश्व इतिहास गवाह है, कि शिविर में सिकुड़ कर किसी सैनिक दल ने विजय श्री वरण नहीं किया। कदाचित, किसी इलाके विशेष में शिविर की रणनीतिक संरचना और कोई अनोखी टैक्टिस आपको सफलता दिला दे। किन्तु यही तरीका अन्यत्र भी कारगार हो जाये यह खुशफहमी पालने के समान होगा। इस गुरिल्ला युद्ध को गुरिल्ला बन कर ही लड़ना होगा। हालात के हिसाब से नई रणनीति तय करनी होगी अन्यथा अपने वर्तमान के साथ-साथ अपनी संततियों के भविष्य-बंटाधार का कलंक भी हमारे ही माथे लगने वाला है। इस दिशा में केरिपुबल का गौरवपूर्ण अतीत सुखद भविष्य की गारंटी नहीं बन सकता। हमें वक्त की परेशानियों पर नयी लकीर खींचने का सामर्थ अपने ही बूते जुटाना होगा, क्योंकि, हम दुनिया के सबसे बड़े और महानतम् अर्धसैनिक बल के सपूत हैं।

जी.पी. सिंह
सहायक कमाण्डेन्ट
सी.टी.सी.-नीमच

OPERATIONAL SUGGESTION


DEALING WITH IED/EXPLOSIVES DURING OPERATIONS

Keeping in view of IED's placement by insurgents/ naxalites against security forces, a demo was organised in CIAT school, Silchar, that whether improvised demolition charge/disrupter can be used to open the suspected IED/break it's mechanism to see it's content or to destroy it, which is as under.

EXPERIMENT

Using the TNT slab (demolition set) on the suspected IED in remote area:-

Assumptions:- Two IEDs were found on the road, one IED (Milk can) was burried down in depth (approx. 2") below the road surface and only it's wire was seen by security forces and the other milk can IED was placed in such a way that it's lid was seen on the surface of the road and wire was also found by security forces (it could be a trap).



General reaction of the security forces:- The security force personnel generally do the following things:-


(i) BDD personnel will be called which is always not possible
or

(ii) On finding the wire of an IED they try to dig it out by improvised means
or


(iii) Try to open lid of milk can (IED) to see it's mechanism **and due to that lose their life or get injured.**

Experiment done

After taking all safety precautions, trials were carried out to demolish both the IEDs from a safe distance by giving battery connection to it's wire, due to which, one IED burried deep down exploded, but the other didn't.



Then one TNT slab (demolition set) was kept on the other IED (whose lid was seen on surface) and initiated from a safe distance. The demoliton set demolished the IED completely (Fig. 2)



Outcome of experiment

IEDs found en-route on road can be demolished *in-situ* instead of taking risk of digging it out or handle it. It can be demolished in two ways.

(i) By giving battery power (even from signal hand set) to it's seen/detected wire from a safe distance.

(ii) IEDs can also be demolished/it's mechanism can be broken by keeping demolition set on it.

EXPERIMENT

Using cutting charge to open iron box/suitcase (suspected IED) to see it's content

Assumption

Two different suspected IEDs found at public places/open area one of the suspected IEDs is a suitcase and other is an IRON BOX. Suspected IED (suitcase) is kept in standing position and it's locking system is seen and iron box, suspected IED, is kept on ground, which is locked.

General reaction of the security forces

They generally try to:-

(i) Lift the suitcase without taking any security measure or


(ii) Unlock the suitcase and IRON box using chisel and hammer etc., endangering their lives.

Experiment done:- After taking all safety precautions both suspected containers were opened safely to open/detect the IED as mentioned under :-

(i) **Iron box:-** A water disrupter was prepared for neutralization of IEDs encased in metal sheet. Materials required for fabrication of a water disrupter are

(a) Cycle tube, (b) Water, (c) Cardtex, (d) Detonator

A number of knots are put on the cordtex. It is then inserted into cycle tube. Ends of cycle tube are tied with adhesive tape after filling it with water. Ensure that there is no water leakage. Then a detonator is attached with both the ends of cordtex.



The disrupter once fabricated is kept on the iron box ensuring that it s hugging the surface of the iron box and blasted from a safe distance.

Outcome

The upper surface of the iron box got destroyed but the explosive/IED inside didn’t blast. It’s mechanism damaged a little but not completely due to the effect of disrupter. The content of the box was clearly seen.



(iii) **Briefcase**

For neutralization of suspected IED kept in briefcase, a single cordtex was used with knotsat one inch spacing and kept on the locking part of briefcase so that maximum effect can be on the locking device.



Outcome

The suitcase lock was broken but the suspected IED didn’t explode. It’s mechanism got scattered/ broken partially but contents of suitcase were clearly seen.



P.K.G. Goswami,
Second-in-Command
29 Bn., C.R.P.F.

COMMANDO FORCE

SAF AND IT'S CHALLENGES



The Commando Battalion for Resolute Action has been created as the elite Force, as an integral part of Central Reserve Police Force, for swift guerilla / junge warfare type operations to deal with the naxal menace. The SAF Bns. Are located in the highly naxalite effected states.

In LWE affected states, the Chhattisgarh is the most adversely affected with the naxal violence as on date. The inaccessible deep jungles, adverse terrain condition in the remote areas in Bastar region are the main challenges for the security forces to operate. The naxal groups are having the frontal cadres in the villages to have the information regarding movement of the security forces. The iron ore mines and the easy availability of explosives and detonators in plenty for the industrial cause in the area have also contributed in favour of the naxal cadres who are able to carry out the IED blasts against the Security Forces which has become the major threat and major contributor towards the loss of valuable human lives of the troops as well as innocent civilians. Even the ladies have been trained by the naxals for their use in laying down the ambushes against the Security Forces.


6. Operating temp -5 □ C to+55 □ C
7. Body of metallic rust proof material.

This equipment inducted first time in CRPF for use of Bomb Detection and Disposal Squads. It is used to break the connection of detonator and power source of IED from a safe distance, the following types of projectiles are fired by this equipment from close-up and stand-off position. The Laser and Telescopic Sights are provided with equipment for accurate aiming.

1. Blade Projecttile.
2. Bolster Projectile.
3. Chisel Projectile.
4. Fin / Spin stabilized.
5. Fork Projectile.

EXPLOSIVE DETECTION KIT

(Model: EXPRAY)



Manufactured by : Mistral Detection Ltd. Hertzliya Pituach, Israel.

Technical specifications :-

1. Minimum maintenance
2. Operative in all weather conditions.
3. Easy to use.
4. No risk for technician and the environment.
5. Fast reaction and quick results facility.
6. Operating temperature from -10 to +55 degree Celcius.
7. No need of any power source.

This equipment inducted first time in CRPF for use of Bomb Detection and Disposal Squads. It is used to detect the explosives before and after expolsion including inorganic nitrates. It contains various types of sprays and pocket pack of collection papers for various groups of explosives. It is also having a nuclear residue / material detector (MBD1240B).

15 Glorious years of CWWA

सत्यमेव जयते

गृह मंत्री
भारत
नई दिल्ली - 110001
HOME MINISTER
INDIA
NEW DELHI-110001

Dated June 22, 2010

MESSAGE

I am happy to note that the 'CRPF Wives' Welfare Association (CWWA) is celebrating its 15th Raising Day on June 22, 2010 and, on this special occasion, the CWWA has undertaken various welfare schemes relating to the overall well-being of CRPF Personnel and their family members.

I am sure that the numerous initiatives taken with regard to education of children, rehabilitation of widows, vocational training, toll-free help-lines and other activities in the Family Welfare Centres would be beneficial to the

CRPF men and their families. I am confident that the toll-free helpline maintained by the CWWA to spread messages on HIV/AIDS would raise the awareness levels on these important health issues concerning our society. The care, support and help being extended to the families who have lost their bread-earning family members in J&K, North East and in naxalite-affected regions deserve special appreciation.

I convey my best wishes for the success of the memorable event.

(P. Chidambaram)

CWWA folder

Soni Shrivastav
President
CRPF Wives' Welfare Association

Message

It was on 22nd June, 1995 that the CRPF WIVES' WELFARE ASSOCIATION (CWWA) came into being. The purpose of this association has been to extend a helping had to the families of the CRPF personnel. Over the years, the leadership has ensured that the utmost be done for the welfare of the CRPF families . This year, we have decided to celebrate 22nd of June as CWWA's own Raising Day. Henceforth, it will be desirable that this date be observed befittingly every year in all formations as the CWWA's own Raising Day. Henceforth, it will be desirable that this date be observed befittingly every year in all formations as the CWWA Raising Day. I

I extend our best wishes to all CWWA members and request you all to take pride in beinga part of this noble organisation. Ourfeelings also reach out to the families, who have lost their own, while fulfilling various demands of

duty of the Force and the country. We have tried to reach out to them individually to condole their loss and also to assure them that we are there, for anything that they may need, to carry on with their lives. We renew that pledge once again through this message.

I wish the Force and the family members very best on CWWA's Raising Day and hope to offer meaningful activities in the days and months to come, which will truly enrich the life of every member of the Force and their families.

My Best Wishes,

Soni Shrivastav

CRPF WIVES' WELFARE ASSOCIATION DAWNS A NEW LOOK

The Central Reserve Police Force Wives' Welfare Association (CWWA) unveiled a new Logo as part of a rebranding exercise. The logo enhances the image of the Association and reiterates CWWA'S commitment towards

challenges thrown upatthefamilieswhiletheCRPF officers and men carry on with their arduous responsibilities. The new symbol will further poise CWWA to enhance its image as the welfare harbinger of the Force. The fresh branding is another milestone towards the future contributions of the Association with an eye to fulfil the underlying CWWA brand promise. CWWA is on the threshold of change and this new logo is a testimony to that.

The logo reflects the ambition of CWWA. It depicts the CRPF Crest being held by two soft but determined female figurines looking skywards, pledging to take on any responsibility towards the welfare of the personnel and their families. The symbol highlights energy and speed. The Logo incorporates the CRPF and RAF colours making an excellent blend of the service colours used by the Force. It showcases women power and the values CWWA operates on. With the new logo, the perceived strength of the Association will rise. It will be a quality differentiator and will provide excellent delivery and positioning opportunities.

The requirement of the new symbol was felt keeping in mind the challenges the Force faces and how the family units step in to become an integral part of the support system. The new logo captures the ethos and culture of the big CRPF family.

Speaking on the occasion, **Ms. Soni Srivastava, President, Central Reserve Police Force Wives1 Welfare Association, (CWWA) said "Now that CWWA has a new face and is rebranded, the delivery on the welfare front with in CRPF will also add new wings.This new symbol reflects and captures the strength and stability, both emotional and practical, of the stake holders. We will begin today, making this symbol a universally recognizable phenomenon all over CWWA communities. The new logo reinforces our core values, philosophy and commitments".**

GENIUS GETS RECOGNITION - A CWWA INITIATIVE

On 22nd July, 2010 in a function held at Shaurya Institute, Vasant Kunj,

New Delhi, the meritorious students from CRPF families, of Class 10th and 12th Board Examination 2010 were honoured, along with their parents, with special appreciation of the role of the mothers in academic excellence of the children. A total of 87 students were felicitated on this occasion out of which 51 were boys and 36 girls.

The CWWA President expressed her desire to see CRPF children excelling not only in academics but in other all round activities as well.



CWWA President Ms. Soni Shrivastav presenting certificate to the meritorious students



DG CRPF, Shri Vikram Srivastava shaking hand with the honoured student

MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS 12th - WHO WERE HONOURED				
S.No	Name of ward	Name of Ward's Father	Mother's Name	% of marks obtained
1	P. Ramya	Shri P. S. N. Swamy	Smt P.Vijaya Sree	93.5
2	Priyanmvada Gupta	Sh Rohtash Kumar Gupta D/C	Smt Meena Gupta	91.6
3	G. Priyanka	HC G. Jagadesh	Smt. Geetanjali	89.6
4	Anjali Chandel	Nandlal Chandel	Smt. Leela Chandel	86.4
5	Hitesh Kharayat	Bhagwan Singh	Smt. Prabha	85.4
6	Gaurabh Kumar Khugshal	Insp (M) Dev Prasad Khugshal	Smt Sunita Devi	84
7	Vijay Kumar Chouhan	HC Bhola Ram Chouhan	Smt Deepika Chouhan	84
8	Oshin Rakesh	Rakesh Kumar	Smt. Tabita Rakesh	81.6
9	Rakesh Kumar	HC/RO Shri Krishan	Smt. Indirawati	81.4
10	Naveen Yadav	Suresh Kumar Yadav	Smt. Rajesh Kumari	81.2
11	Sumit Kumar	Karan Singh	Smt. Shyama	80.6
12	Abhimanyu Rathore	Sh. D.S. Rathore	Smt. Vimla Rathore	80
13	Mayank Dhaka	Insp (HT) Tejbir Singh Dhaka,	Smt Beena Dhaka	79.2
14	Kulbeer Singh	Kamal Singh	Smt. Sudha Devi	78.8
15	Ashish Panwar	R C S Panwar	Smt. Neelam Panwar	78.2
16	Sonam	HC/Ftr Karan singh	Smt.Kiran Devi	77.6
17	Shilpa Tripathi	SI (M) Y P Tripathi Mother	Smt Shobha Tripathi	77.4
18	Abhilasha Sharma	SM/OS Brijmohan Sharma	Smt. Santosh Sharma	76.3
19	Rakshit	Rajendra Kumar	Smt. Sushila	76.2
20	Urmila Singh Gurjar	SI (M) Ram Avtar Gurjar, Mother	Smt. Mathura Devi	75



Mrs. & Mr. Srivastava were also among the honoured parents who received certificate with their daughter Mahima Srivastava



CWWA President Ms. Soni Shrivastav in a group photo with meritorious girl students

MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS 10th - WHO WERE HONOURED				
1	K. POFITHA	SI/M R.Krishna Murthy	Smt. K.Sujatha	96
2	Abhimanyu Singh Sandhu	R S Sandhu	Smt. Nirmal Sandhu	95
3	Sapuru Vinay Kumar	Insp/M. S. Alpurappa	Smt. S.Umadevi	95
4	Lav Kumar	Shri.Ram Byas	Smt. Urmila	93.1
5	Puja Bakuli	SI/M Tapas Kumar Bapuli	Smt. Prajata Bakuli	93.1
6	Rahul Gulia	SI(M) Karmjit Singh	Smt Savita	93.1
7	Keerti Sombhavi	Muneshwar Tiwari	Smt. Sandhya Tiwari	91.2
8	Akanksha Dwivedi	Anil Kumar Dwivedi	Smt. Santosh Dwivedi	91.2
9	Archana tomar	HC/RO Satyabir Singh	Smt. Shyam Lata	91.2
10	Kush Kumar	Ram Byas	Smt. Urmila Byas	91.2
11	Shubham Raj	Subodh Prasad	Smt Kanchan Prasad	91.2
12	Simpy Kumari	Gauri Shankar Pathak	Smt. Sushma Pathak	91.2
13	Nitish Kumar	ASI (M) Banbari Lal	Smt. Bimlesh Sharma	91.2
14	Mahima Srivastava	Shri. Vikram Srivastava, DG	Mrs. Soni Shrivastav	91
15	Aditi Bhatt	Arvind Kumar Bhatt	Smt. Lalita Bhatt	89.3
16	Chavi Suvasini	Ashok Swamy	Smt. Anita Swamy	89.3
17	Kumari Mala Bharti	Amlesh Kumar Jha	Smt. Anita Devi	89.3
18	Ahana Pal	Sukanta Pal	Smt. Kajal Pal	89.3
19	Vishal Dabas	Surender	Smt. Kiran Dabas	89.3
20	Ashutosh Kr Yadav	Om Prakash Yadav	Smt. Chandrawati Devi	89.3
21	Kartikeya Bahuguna	R K Bahaguna	Smt. Sunita Bahaguna	89.3
22	Gaurav Vats	K K Sharma	Smt. Poonam Sharma	89.3
23	P.R.Sreeram	INSP(M) P.V. Rajeev	Smt. Sindhu Rajeev	89.3
24	Sonu Kumari	CT/GD Krishna Kumar	Smt Sunita Devi	87.9
25	Kirti	Satyawart	Smt. Baby	87.4
26	Akshay Kumar Nikhil	Kamlesh Kumar Jha	Smt. Nootan Jha	87.4
27	Kalpana Kumari	Rudal Mandal	Smt. Sham Sunder Devi	87.4
28	Pratibha Kumari	ASI(M) Amir Singh	Smt. Saroj Devi	87.4
29	T.G.Geethu	Insp/M T.D.Pillai	Smt. Girija	87.4
30	Nami Sagar. A	SI/RO K. Appanda Raj,	S. Jaya Lakshmi	87.4
31	Ankit Yogi	Jagdish Prasad	Smt. Kripa Bai	85.5

32	Abhimanyu Mor	Ravinder Singh Mor	Smt. Manju Bala	85.5
33	Ashvini Pandey	Pradeep Kumar Pandey	Smt. Meena Pandey	85.5
34	Deepak Kumar	Mehak Singh	Smt. Usha Singh	85.5
35	Rasna Yadav	Bir Singh Yadav	Smt. Mukesh Yadav	85.5
36	Yogander Prasad	Rajender Prasad	Smt. Kaushilya Devi	85.5
37	Ankit Roushan	Devendra Kumar Singh	Smt. Dewanti Singh	85.5
38	Anamika Pandey	SI(M) Arjun Kr. Pandey	Smt. Archana Pandey	85.5
39	A. Mohammed Saif	Insp(M) Arif Hassan Baig	Smt. Shahin Asif	85.5
40	Neha Sharma	HC/GD Rajender Kumar	Smt Sangeeta Sharma	85.5
41	Parveen kumar	CT/Dvr Shish Ram	Smt Sumitra Devi	84.5
42	Ishant Maan	Dhoop Singh Maan	Smt. Sunita Maan	83.6
43	Rishika Sharma	Rajesh Sharma	Smt. Seema Sharma	83.6
44	Ankita Singh	Binod Kumar Singh	Smt. Anu Singh	83.6
45	Kiran Sheoran	HC(GD)Jagdhir Sheoran	Smt Urmila Devi	83
46	Sumit Kumar	HC/RO Rajesh Kumar	Smt. Mukesh Devi	81.8
47	Arunendra	Dinesh Pratap Singh	Smt. Manorma Singh	81.7
48	Rajni Mungali	CT/Cook Khyaliram	Smt. Bhagwati Devi	81.7
49	Ravish Malik	Roop Singh	Smt. Roshani Devi	81.7
50	Vivek Singh Kaurav	ASI (M) Ghanshyam Singh Kaurav	Smt. Manisha Singh Kaurav	82
51	Aatish Mehta	SI(M) Anil Kumar	Smt Sudesh Kumari	79.8
52	Parijat Singh	Brijesh Pratap Singh	Smt. Pratibha Singh	79.8
53	Priyanka	Jasbir Singh	Smt. Rajbala	79.8
54	Pankaj Kumar Singh	Rabindra Nath Singh	Smt. Rita Singh	79.8
55	Vikash Kumar	Ashish Kumar	Smt. Pushpa Devi	79.8
56	Pooja	Gyarsi Lal	Smt. Suman	79.8
57	Shweta Priya Singh	Banwari Prasad	Smt. Meera Prasad	79.8
58	Bharti Swami	CT/Dft Devendar Kumar Swami	Smt Sunil Devi	79.8
59	Ajay Kumar	Kamal Singh	Smt. Sudha Devi	77.9
60	Mithlesh	Ajit Singh	Smt. Sunita Devi	77.9
61	Priyanka Negi	Dhirender Singh	Smt. Laxmi Devi	77.9
62	Akash Biswas	Insp (M) Biswajit Biswas	Smt. Aparna Biswas	77.9
63	Anoop Kumar	Surendra Prasad	Smt. Sushila	76
64	Kirti Suhag	Azad Singh	Smt. Sushila Devi	76
65	Sheetal Singh	Surender Singh	Smt. Kiran	76
66	Vikash	CT/GD Prakash Chand	Smt. Rishal Devi	76



DG CRPF, Shri Vikram Srivastava spent time with the students replying their queries.



DG CRPF, Shri Vikram Srivastava with the students

World Environment Day celebrated by CWWA

World Environment Day was celebrated on 5th June, 2010 at GC Jalandhar, by the CWWA.

Various Programmes like Tree plantation, Painting Competition of the Children and awareness drive were organized on the Occasion by Regional Centers of CWWA



Discharging Divine duties Making children aware of Environment:

Eco-Friendly

CWWA took the initiative to join My Earth My Duty, a drive of ZEE News and planted approximately five lac saplings in all the institutions of the Force to play its part in maintaining balance of environment. Ms. Soni Shrivastav, President CWWA alongwith other members of the Force taking active part in plantation drive in MT park of Directorate General, CRPF, New Delhi.







MISSION LIBERIA (UNMIL)

2nd Male Formed Police Unit given Farewell











Independence Day Celebrations at

CRPF Public School, Rohini













Prouding Wards

Riding the crest of techno success



Mr. Siddharth Misra, Son of Shri R.N.Misra, DIG organization, CRPF HQrs, Delhi, an alumni of IIT, Mumbai, 2007, has been selected for PhD with scholarship by the University of Texas, USA, ranking No. 1, for research work in *Petroleum Engineering.* He has also bagged *Institute pass out cultural colour, 2007*, awarded by IIT, Mumbai for outstanding performance and contribution in co-curricular and extra curricular activities. As a student, he had been to Italy as a Research Assistant at *"CNITLabs, Pisa, Italy" (2006).* He has also the work experience as Associate Engineer with **Halliburton Energy Services,** one of the leading Oil companies of USA, from June, 2007 to July, 2009. His endeavor is praiseworthy and exhilarating.

TOP ORTHOPAEDICIAN HAILS FROM CRPF FAMILY

Dr. Abdul Khadar Geelani S/o Inspector / GD Mohd. Akhtar Sahib of 142 Bn., Golaghat, Assam secured highest marks in M.S. Orthopaedics in first attempt from the entire State of Andhra Pradesh for the examination held during the year 2008. **His Excellency Governor Shri E.S.L. Narasimhan of Andhra Pradesh** felicitated Dr. Abdul Khadar Geelani and handed over a Certificate / Gold Medal in the Convocation held on 10th April, 2010, at Vijaywada.



CRPF WARD SECURES 98.33% MARKS IN TAMIL NADU BOARD



Miss K. Devi Nandini, daughter of SM /OS D. Karunamoorthy of Range office, Avadi, has secured 98.33 % marks in Higher Secondary (+2) examination of Tamil Nadu State Higher Secondary Education Board, for the session 2009-10. She secured full marks in the subjects of Commerce, Accountancy and Economics (200 out of 200). Her achievement has been lauded by all including the media.

Operational Achievement

पश्चिम बंगाल और झारखंड की मुठभेड़ में 14

नक्सली मारे गए

जून का महीना सीआरपीएफ के लिए परिचालिनिक दृष्टि से काफी उपलब्धियों भरा रहा। पश्चिम बंगाल के लालगढ़ क्षेत्र में 12 नक्सल मारे गए, 25 से अधिक गिरफ्तार किए गए और झारखंड के खूटी जिले में दो दिन तक चले ऑपरेशन में नक्सलियों का एक कैम्प ध्वस्त किया गया। यह कैम्प जंगल के अंदर स्थित था जहां पहुंचने में बल के जवानों को करीब 20 घंटे लगे।

पश्चिम बंगाल के लाल गढ़ क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के अलावा एसएएफ तथा राज्य पुलिस ने भी हिस्सा लिया। यह सयुक्त अभियान का एक शानदार उदाहरण था जिसमें सुरक्षा बलों को काफी सफलता मिली। इस मुठभेड़ में भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए। इनमें बंदुकों के अलावा कई बंडल तार, विस्फोटक सामग्री तथा देसी बम आदि शामिल है।

यह मुठभेड़ कई घंटे चली रात में भी बहादुर जवान जंगलों में मोर्चा संभाले रहे और नक्सलियों से जमकर लोहा लिया। सुबह जब यह मुठभेड़ समाप्त हुई तब छानबीन की गई और 12 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इनमें 3 महिला नक्सलियों के शव भी शामिल थे। इनमें सिद्धू सोरेन भी शामिल था जो नक्सल ग्रुप का जोनल कमांडर भी था। राज्य पुलिस को इसकी तलाश कई मामलों पिछले कई महीनों से थी। पड़ोसी राज्य की पुलिस भी सिद्धू सोरेन की तलाश में थी।



Construction

Changing Looks: Group Centers Silchar



Ongoing Construction work of building at GC Silchar




Aerival view of Barrack No. 1&2

Building Home Away from Home




Construction of 624 family quarters at CRPF Campus Hallomajra-Behlana campus, Chandigarh

Brave Sons of Soil

Salute to Martyrs who lost their lives at Narayanpur



SHRI JATIN GULATI, AC.



CT. SAMEER ORAN




CT.S.C. DAS



CT. ARJUN GOYARI



CT. DHRUB JYOTI DAS



CT. K.H.I. SINGH




CT. KRISHNA RAO



CT. NARENDRA MOHAN JHA



CT. NIRAJ KUMAR



CT. PANKAJ BHADIAL



CT.GOVIND PRADHAN



HC. JARNAIL SINGH



HC. R.N. DAS



HC. RANJU KUMAR SAHA



HC. SHAJI KUMAR ST



HC. TARKESHWAR RAY



CT.TUSAR BARALA



HC.S.RANA RAO



HC. ANJAN PHUKAN



CT. PANURAM NAYAK



CT.R.C. HEMBRAM



CT.SOHEL RANA



HC/RO RANJAN SHAOO



CT.PANKAJ MOHANTY



CT. TILAK RAJ



SI. M.P. SINGH



SI. B.D.BARIK

We will not let your sacrifice go in vain.



बल महानिदेशक व अन्य अधिकारीगणों के साथ लाइबेरिया जाने वाले संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दल के सदस्य



जी़ न्यूज के अभियान पृथ्वी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में युवा केन्द्र संगठन के वृक्षारोपण अभियान को हरी झंडी दिखाते हुए कावा अध्यक्षा श्रीमती सोनी श्रीवास्तव



Ms. Soni Srivastava, President CRPF Wives' Welfare Association unveiling the new logo of CWWA

सीआरपीएफ समाचार

वर्ष 58 अंक 6

सितम्बर 2010





राष्ट्रमंडल खेल 2010 में सुरक्षा ड्यूटी हेतु नियुक्त दस्ते को संबोधित करते हुए बल के महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव



'एस्ट्रो अंकल' श्री पवन सिन्हा शौर्य संस्थान में स्कूली बच्चों, बल के कार्मिकों व उनके परिवारजनों को जीवन जीने की कला पर अभिभाषण करते हुए

चीफ पेट्रनः श्री विक्रम श्रीवास्तव

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्षः जे.सी. डबास, अपर महानिदेशक (मुख्यालय), **सदस्यः** डी.के. पाठक, महानिरीक्षक (कार्मिक), आर.के. विश्वकर्मा महानिरीक्षक (संभरण एवं संचार), एस.आर. ओझ उपमहानिरीक्षक (प्रशासन), टी. चंद्रशेखर, उपमहानिरीक्षक (कार्मिक), एच.आर. सिंह, उपमहानिरीक्षक (परिचालन), रविन्द्र तोमर, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), जी.डी. पेवाल उपमहानिरीक्षक (संभरण), रोज़ी अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार

* * *

सीआरपीएफ समाचार मासिक पत्रिका है जिसमें प्रकाशि किये जाने वाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं विभाग की नीति से इसका कोई संबंध नहीं है।

- मुख्य संपादक

मुख्य संपादकः अजय चतुर्वेदी, **संपादकः** पंकज गुप्ता, **चित्रः** जनसंपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय और सीआरपीएफ यूनिट्स,

* * *

संपादकीय कार्यालयः महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ब्लॉक-1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, **दूरभाषः** 24360649

* * *

महानिदेशक सीआरपीएफ की ओर से मुद्रित और प्रकाशितः रैक्मो प्रेस प्रा. लि., सी-59, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली -110020 दूरभाषः 26814886

कवर फोटो कैप्शन

- सीआरपीएफ के जवान कामनवेल्थ खेलों के लिए तैयार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की सुरक्षा करते हुए।

इस अंक में

1. राजभाषा संदेश
2. हिंदी का विकास और वैश्वीकरण: एक नजर में
3. हिंदी में है दम
4. मन के हारे हार है मन के जीते जीत
5. सुख की तलाश
6. सफलता
7. भाषा का स्वभाव
8. हिंदी की संवैधानिक स्थिति
9. राजभाषा की गरिमा - हमारा आत्मसम्मान
10. नशा उन्मूलन की दिशा में कदम
11. इक्कीसवीं Century की Hindi
12. तनाव से कैसे करें बचाव
13. राजभाषा रिपोर्ट
14. सिविक एक्शन कार्यक्रम
15. समाचार
16. सचित्र गतिविधियाँ
17. विशेष समाचार
18. खबरों में
19. अंतर्राष्ट्रीय समाचारः मिशन लाइबेरिया
20. कॉमनवेल्थ गेम्स

21. स्थापना ंदिवस
22. कविताएं
23. जनचेतना कार्यक्रम

महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

राजभाषा संदेश

विविधता में एकता की विशिष्टता वाले इस विशाल राष्ट्र को एक सूत्र में बांधे रखने में भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट विभिन्न भाषाओं के साथ-साथ हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि यह सारे देश में संपर्क भाषा के रूप में कार्य कर रही है। भारतीय संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए प्रति वर्ष 14 सितंबर "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है। आज "हिंदी" आम बोलचाल की भाषा बन गई है और रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों, चलचित्रों एवं व्यावसायिक जगत में अत्यन्त लोकप्रिय हो चुकी है।

इस परिप्रेक्ष्य में तथा राजभाषा के रूप में हिंदी के उपयोग के लिए बनाए गए अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करते हुए, हमें अपने कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का प्रयास करना चाहिए। यह हर्ष का विषय है कि इस दिशा में हमारे बल में लगातार प्रगति हो रही है परन्तु हमें यह देखना है कि हिंदी के प्रयोग को और आगे कैसे बढ़ाया जाए।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी समस्या हमारी अपनी मानसिकता है। अतः सर्वप्रथम हमें अपनी मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। जो अंग्रेजी में काम करने के आदि हैं उन्हें अपनी आदत बदलना कठिन व असुविधाजनक लगता है। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि लोगों के मन में यह बात घर कर गई है कि जो व्यक्ति अंग्रेजी लिखता है या बोलता है, वह अधिक शिक्षित या सभ्य है, परन्तु यह धारणा गलत है। हिंदी व्यवहार हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय होना चाहिए। अतः मैं हिंदी दिवस पर आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। कार्यालय में हिंदी के

प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिकतर प्रयास निचले स्तर पर ही होते रहे हैं, यद्यपि इससे बल में हिंदी का प्रयोग बढ़ा है तथापि लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। मैं चाहूँगा कि अधिकारी वर्ग इस दिशा में पहल करें और हिंदी में अधिकाधिक कार्य करके अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करें। मैं चाहूँगा कि सभी कार्यालय अध्यक्ष राजभाषा अधिनियम व नियमों की समुचित जानकारी रखें ताकि वे इनका अनुपालन अपने कार्यालयों में सुनिश्चित करा सकें।

विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में विश्व में अत्यधिक प्रगति हुई है जिसके फलस्वरूप कम्पयूटरों और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर हिंदी में काम करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब हिंदी में काम करना और भी सरल हो गया है। हम हिंदी में ही सोचें और हिंदी में ही लिखें तथा इस सिद्धान्त को अपना आदर्श बना लें तो हमें हिंदी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होगी तथा हिंदी की प्रगति में स्वतः तेजी आ जाएगी।

हमारा लक्ष्य व प्रयास, दोनों राजभाषा हिंदी में सारा सरकारी कामकाज करने का है। इसके लिए आप सबका सौहार्दपूर्ण सहयोग हमारे प्रयासों को सफल करेगा। आइए, हिंदी दिवस के अवसर पर आज हम सब यह संकल्प लें कि अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में निपटाएंगे तथा राजभाषा के रूप में हिंदी का गौरव बढ़ाएंगे।

शुभकामनाओं सहित।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14 सितंबर 2010

विक्रम श्रीवास्तव

(विक्रम श्रीवास्तव)
महानिदेशक, के.रि.पु.बल

लेख

हिंदी का विकास और वैश्वीकरण: एक नजर में

हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं है बल्कि भारत देश की जनता की भी भाषा है। हम इस बात का अंदाजा तभी लगा सकते हैं जब हम 2001 की जनगणना का गहन अध्ययन करेंगे। 2001 की जनगणना के अनुसार लगभग 41 प्रतिशत भारतीय जनसंख्या हिंदी भाषा (मानक हिंदी और उसकी सभी उपभाषाओं को मिलाकर) बोलते हैं। हम देख सकते हैं कि "क" क्षेत्र के राज्य जैसे दिल्ली, हरियाणा, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश , झारखंड, छत्तीसगढ़ और अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में बोली जाने वाली करीब 30 बोलियां हैं। भारतीय सिनेमा और दूरदर्शन ने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में सबसे बड़ा योगदान दिया है। साथ ही इनके माध्यम से हिंदी भाषा को देश के दूर दराज के गांवों तक पहुंचाया गया है और लोगों में हिंदी की लोकप्रियता बढ़ी है। वर्तमान युग में हम देख सकते हैं कि हिंगलिश (हिंदी और अंग्रेजी का सम्मिश्रण) का आविर्भाव है जो कि देश के शिक्षित वर्ग द्वारा व्यापक रूप से इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए भी शक्तिशाली जनसंचार का माध्यम यानि सिनेमा और दूरदर्शन का भी बहुत बड़ा योगदान है। इसके साथ ही साथ आज के प्रौद्योगिकी युग में हम देख सकते हैं कि एक अन्य महत्वपूर्ण कारक, जिसने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी भाषा का महत्व बढाने में बहुत ही सराहनीय योगदान किया है, वह है सूचना प्रौद्योगिकी विभाग। हम आज कोई भी सरकारी या गैरसरकारी वेबसाईट को खोलेंगे तो हमें उसमें अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी कार्य करने के लिए प्रावधान उपलब्ध किया हुआ होता है। इसमें और आगे चलेंगे तो हम देख सकते हैं कि मोबाइल और वीडियो गेम जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में भी हिंदी भाषा का विकल्प मौजूद होता है। लोकप्रिय समाचार पत्रों के इलेक्ट्रॉनिक रूपांतर तथा बीबीसी जैसे प्रतिष्ठित मीडिया समूहों के पोर्टल पर भी हिंदी भाषा का विकल्प उपलब्ध है। सूचना प्रोद्योगिकी के इस्तेमाल ने ऑनलाईन हिंदी सीखने की सुविधा जैसी नई व्यवस्था ने इसकी व्यापकता में काफी वृद्धि कर दी है। इस सुविधा का ब्रिटेन, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मॉरिशस आदि के विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा अपने छात्रों को हिंदी सिखाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जा रह है। सौ से अधिक देशों में रह रहे अनिवासी भारतीय विभिन्न प्रकार से हिंदी को अपने दिनचर्या में प्रयोग करके हिंदी के बढ़ावा दे रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि विदेशियों में भी समृद्ध भारतीय संस्कृति को समझने की व्यापक चाह है। यही कारण है कि बहुत से बाहरी देशों ने हिंदी भाषा के अध्ययन के प्रोत्साहन देने के लिए अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की है भारतीय धर्म इतिहास और संस्कृति पर पाठ्यक्रम संचालित करने के अलावा इन केन्द्रों में हिंदी, उर्दू और संस्कृत जैसी कई भारतीय भाषाओं में भी पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। आज के वैश्वीकरण और निजीकरण के इस दौर में अन्य देशों साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों से अन्य देशों को भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली हिंदी भाषा को सीखने के अनिवार्यता सी हो गई है। इस स्थिति ने हिंदी को अन्य देशों में लोकप्रिय तथा आसानी से सीखने वाली भारतीय भाषा के रूप में सबसे ऊपर आने का काम किया है। विश्व के कई भाष विशेषज्ञों के द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार

यह तथ्य सामने आया है कि अमरीका में कुछ स्कूलों ने अपने फ्रेंच, स्पैनेश और जर्मन साझेदारों के साथ हिंदी को एक विदेशी भाषा के रूप में शुरू करने का फ़ैसला किया है। कुल मिलाकर हम निश्चित रूप से छाती ठोक कर यह कह सकते है कि हिंदी ने अपन भाषा विषयक कार्य क्षेत्र के लिए वैश्विक मान्यता अर्जित कर ली है।

- नि/हिन्दी अनु. संजय कदम
पूर्वी सेक्टर मुख्यालय, कोलकाता

प्रेरणा

हिन्दी में है दम

सिंगापुर के शिक्षामंत्री एन.ई.हेन ने हाल में ही हिन्दी के बारे में अपने बयान में कहा है कि 'देश में भाषा के रूप में हिन्दी सीखने की ललक तेजी से बढ़ रही है। हिन्दी सीखने वालों में से कुछ का मानना है कि इस भाषा को समझकर वे बॉलीवुड संगीत का अधिक आनंद ले पाएंगे जबकि कुछ भारत के आर्थिक शक्ति के रूप में उदय के कारण इसे महत्वपूर्ण मानते हैं'। निश्चित तौर पर यह बयान हिन्दी की हिन्दुस्तान के बाहर भी लोकप्रियता, ग्लोबल लुक एवं उसके दमखम को दर्शाता है।

हिन्दुस्तानियों को 19वीं शताब्दी के शुरूआत में अंग्रेजों की गुलामी का एहसास तीव्रता से सताने लगा तो हिन्दुस्तान के प्रत्येक हिस्से में गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने की ललक एवं कसक महसूस होने लगी। जागरूक प्रांतों में किसी एक भाषा की आवश्यकता महसूस होने लगी ताकि वृहतर भारत के हर प्रांत के लोग अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। एक दूसरे के संपर्क में आकर अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ एक जुट हो सकें। भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिलाने के लिए योजनाएँ बना सकें, मिलकर उनका क्रियान्वयन कर सकें। तब हिन्दी को ही एक मात्र सरल, सहज अधिकारिक रूप से सम्मेलन एवं बोलने वाली भाषा समझा गया और सम्पूर्ण हिन्दुस्तान में हिन्दी जनसंपर्क की भाषा बनती चली गई। 1929 में कोलकता में हुए राष्ट्रभाषा सम्मेलन के नेताजी सुभाषचन्द बोस स्वागताध्यक्ष थे। उन्होंने अपने उद्बोधन भाषण में कहा —'प्रांतीय ईर्ष्या द्वेष कम करने में हिन्दी से जितनी सहायता मिलेगी और किसी से नहीं वह दिन दूर नहीं जब भारत स्वतंत्र होगा और उसकी राष्ट्रभाषा होगी हिन्दी'। आजाद हिन्द फौज का मार्चिंग सांग 'कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, ये जिंदगी है कौम की, तू कौम पर लुटाए जा'। उन्होंने हिन्दी में ही बनवाया था। संसार गवाह है, कि किस आन, बान और शान से आजाद हिन्द फौज की टुकड़ियाँ इसकी धुन पर मार्च करते हुए चलती थी और अपने आप पर बहुत गर्व

महसूस करती थी। इसी क्रम में आचार्य विनोबा भावे का भी अपना एक विस्तृत अनुभव था, जिसे उन्होंने यूँ प्रकट किया 'मैंने हिन्दी का सहारा न लिया होता तो कश्मीर से कन्याकुमारी और असम से केरल तक गाँव-गाँव में जाकर भू-दान कार्यक्रम क्रांतिकारी संदेश जनता तक कैसे पहुँच पाता? इसी संदर्भ में हॉलैंड के एक विद्वान अलफॉस का कथन है- भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। उन भाषाओं के बीच में अंग्रेजी कैसे संपर्क भाषा बन सकती है। क्या दिल्ली से हैदराबाद का रास्ता लंदन होकर गुजरता है? हिन्दी के बहुभाषाई क्षेत्रों में प्रसारता को देखते हुए 14 सितम्बर 1950 को राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को संवैधानिक रूप में घोषित किया गया क्योंकि स्वभाषा के अभाव में स्वतंत्रता अपूर्ण है। पूर्ण स्वतंत्रता के लिए स्वभाषा अनिवार्य होती है। इसलिए सम्पूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा बहुमत से दिया गया।


पाठ-सत्ताईस

हिन्दी वर्णमाला

पढ़ो और याद करो

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ
क	ख	ग	घ	(ङ)					
च	छ	ज	झ	(ञ)					
ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़			
त	थ	द	ध	न					
प	फ	ब	भ	म					

हिन्दी के सवाल पर तमाम भाषा विरोधी नीतियों, आयातित विचारधारा राजनैतिक दवावों के बावजूद हिन्दी अपने स्वरूप व अस्तित्व संवाद व संप्रेषणीयता के हर स्तर को बरकरार रखते हुए संपूर्ण जिजीविषा के साथ खड़ी है। हर दबाव ने हिन्दी को मजबूत बनाया है। हर संकट व चुनौती में उसे प्रखर व संतुलित किया है और आज निर्विवाद रूप से हिन्दी विरोधी भी इस सच्चाई को स्वीकारने लगे हैं कि हिन्दी के बिना जन का कल्याण नहीं होगा। हिन्दी अत्यंत सरलता से लोगों के हृदय में घर कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ही नहीं बल्कि विश्व मंच पर हिन्दी की लोकप्रियता में काफी उफान आया है जिसमें मुख्यतः हिन्दी फिल्मों, टी.वी सीरियलों व समाचार चैनलों का योगदान रहा है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता का आलम यह है कि वे

विदेशों में भी अच्छी कमाई कर रही है। हिन्दी की वैश्विक लोकप्रियता का कुछ और उदाहरण प्रस्तुत करना चाहूँगा। हिन्दी जापान में सबसे अधिक लोकप्रिय विदेशी भाषा है। पाकिस्तान नेपाल, बंगलादेश में भी उर्दू, बंगला के बाद हिन्दी ही सबसे ज्यादा बोली जाती है। अंग्रेजी मूल क्षेत्रों अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा आस्ट्रेलिया में भी हिन्दी लोकप्रिय दूसरी विदेशी भाषा है। विभिन्न विदेशी समाचार माध्यमों जैसे- वायस ऑफ अमेरिका, वी.वी.सी. लंदन, रेडियो सिलोन, जापान रेडियो, चायना रेडियो इंटरनेशनल द्वारा नियमित हिन्दी के कार्य प्रस्तुत किया जाना।

आखिर में कहना चाहूँगा कि हिन्दी इतनी समर्थवान, उर्जावान एवं दमदार है कि भारत की एकता, अखंडता एवं धर्मनिरपेक्षता को एक नई दिशा देगी। एक नया उत्साह एवं विश्वास देगी। परस्पर सौहार्द्र एवं भाईचारे की मिसाल बनेगी एवं आने वाले समय में इसका परचम पूरे विश्व में लहरायेगा।

- **के.के. पाण्डेय,** द्वितीय कमान अधिकारी,
135(महिला) बटा.

देश के जवान

कमज़ोर न समझो तुम, कभी हिन्द जवानों को।
मत तोड़ो कभी इनके, दिल के अरमानों को।
सोते हुए शेरों को, गर तूने कभी छेड़ा।
फिर गर्क ही समझना 'वाक', तुम अपना बेड़ा ।
मत टकरा जाना तुम, कभी तूफानों से।
नेस्तानाबूत हो जाओगे, इनके मजबूत इरादों से।
पंगा ना लेना तुम, कभी इन चट्टानों से।
कोई लाभ नहीं होगा, पीछे पछताने से।
तरकश है खाली पर, है तीर कमानों में।
शान्तिप्रिय हैं लेकिन, है जोश जवानों में।
नहीं भूलना कभी तुम, अपनी औकातों को।
कारगिल याद दिलाएगा तुम्हें, पिछली दो मातों को।
जबावदार होगे तुम, खुद, अपनी बर्बादी का।
कुछ तो रखो ख्याल, अपनी आबादी का।
गर तूने उपद्रव को, अभी बन्द ना किया।

तो बुझ जाएगा 'बाका' का, जलता हुआ दिया।
फौलाद सरीखे इन, सहमे इन्सानों को।
ललकारो ना कभी तुम, इन वीर जवानों को।
कुछ हासिल नहीं होगा, अब शैतानों को।
मिटा देगें दिल के तेरे, पनपे अरमानों को।
सौच को नहीं आँच रहेगा, कश्मीर हिन्द के पास रहेगा।
मौका है बहुत पास सुधर जाओ अभी भी।
उछलना कर दो बन्द और कर लो दोस्ती।

- सिपाही मनोज कुमार गिरि
18वीं वाहिनीं

लेख

मन के हारे हार है मन के जीते जीत



मनु महाराज ने कहा है - "मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः" अर्थात् मनुष्य का मन ही उसके बन्धन और मोक्ष का कारण है। आशय यह है कि यदि मानव अपने मन को सांसारिक विषय-भोगों में आसक्त रखेगा, तो वह सदैव बन्धन में पड़ा रहेगा और आवागमन के चक्र में घूमता रहेगा। किन्तु यदि वह सांसारिक क्रियाओं के साथ-साथ ईश्वर की ओर उन्मुख हो जाए तो वह दुर्लभ मोक्ष (आत्मसाक्षात्कार) को प्राप्त कर लेगा। मनुष्य की वास्तविक शान्ति उसके मन (चित्त) में निहित है, शरीर या बाहरी साधनों में नहीं। बाहरी साधनों के होते हुए भी यदि मनुष्य का मन दुर्बल हो

जाए तो वह हार जाता है, किन्तु यदि मनुष्य का मन सबल हो तो वह अल्प साधनों के बल पर ही विजय प्राप्त कर सकता है। वैदिक मन्त्रों में मन की प्रकृति को स्पष्ट किया गया है :—

यज्जागृतो दूर मुर्दति दैवं यत्सुप्तस्य तथैवेति।

दूत्डग्मं ज्योतियां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु।

अर्थात् जो मन (यानि चित्त) हमारे जागने पर दूर चला जाता है, सुप्त अवस्था में कहीं और चला जाता है, जो बहुत दूर जाने की शक्ति रखता है, जो प्रकाशों का भी प्रकाश है, वह मन मेरे लिए कल्याणकारी चिन्तन करें।

शास्त्रकारों ने मन को इन्द्रियों का स्वामी माना है। गीता में मन को चंचल माना गया है। वेद भी कहते हैं कि मन सबसे अधिक शक्तिशाली है, इसकी शक्ति अपरिमित है। मनुष्य शारीरिक दृष्टि से चाहे कितना भी बलशाली क्यों न हो, यदि वो मानसिक रूप से क्षीण है, तो वह अपने जीवन में प्रगति नहीं कर सकता। कबीर ने कहा है:—

सुख-दुख कहँ परत है, पौरूष तजहूँ न भीत।

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

तात्पर्य यह है कि सुख और दुख सभी पर आते हैं। मनुष्य को कभी भी दुख से घबराकर पौरूष का त्याग नहीं करना चाहिए, क्योंकि मन के हार स्वीकार करने पर व्यक्ति की हार सुनिश्चित है। इसके विपरीत यदि मनुष्य का मन हार स्वीकार नहीं करता है, तो उसकी जीत निश्चित है।

मन महाशक्तिवान है

दृढ़ चित्त महापुरूषों का व्यवहार असाधारण होता है, उनके सामने कोई भय, विपत्ति, बाधा टिकती ही नहीं है। अपने अपराजेय मन के बूते पर वे सब कुछ जीतते चले जाते हैं। इस बात की पुष्टि श्री राम की लंका विजय के दृष्टान्त से होती है। श्री राम के पास वैसी सशस्त्र सेना भी नहीं थी, फिर भी लंका जैसे साम्राज्य को जीतना, रावण जैसे त्रिलोकविजयी, अपराजेय शत्रु से मोर्चा लेना, अथाह सागर को पैदल चल कर ही पार करना, मन में अडिग विश्वास का ही परिणाम था। इसी से सम्पूर्ण राक्षस कुल का विनाश सम्भव हुआ।

छत्रपति शिवाजी के गुरू समर्थ रामदास ने उनकी परीक्षा लेने के लिए कहा – "शिवा मैं पेट के दर्द से पीड़ित हूँ, यदि शेरनी का दूध मिले तो पेट दर्द का उपचार हो। गुरू भक्त शिवा ने एक भी क्षण हिचकिचाहट दिखाए बिना तत्काल वन को प्रस्थान कर दिया और शेरनी उन के सामने गाय बनकर चुप-चाप खड़ी होकर दूध दुहवाती रही।

ऐसे दृढ़चित्त वाले व्यक्तियों के सम्मुख पर्वत झुक जाते हैं, नदियाँ पट जाती हैं और समुद्र मार्ग दे देता है। संसार की कोई भी बाधा उनके सामने टिक नहीं पाती, परन्तु

ऐसा तभी होता है जब हम अपनी इन्द्रियों सहित मन पर भी नियन्त्रण रखें, क्योंकि मन पर नियन्त्रण सरल नहीं है।

मन के बारे में लिखा गया है - 'मनः शीघ्रतरं वातात्' अर्थात् मन की गति हवा से भी तेज है। एक जगह बैठे ही मन एक क्षण में ही पूरा विश्व घूमने की बात सोच सकता है। मन की अस्थिरता हार का कारण बनती है और एकाग्रता जीत का। अर्जुन मछली की आँख पर निशाना इसलिए साध सका, क्योंकि उसका मन एकाग्र था।

मानसिक दुर्बलता का उपचार

मानसिक दुबलता को दूर करने के लिए अथवा मन को शक्ति सम्पन्न बनाने के लिए अपने मन में कभी भी निराशावादी विचारों की नहीं आने देना चाहिए। आशावादी व्यक्ति कर्म करते हुए अलभ्य वस्तु को भी पा लेता है और जगत में प्रसिद्धि भी प्राप्त करता है। विद्वानों के अनुसार हर प्रकार की मानसिक दुबर्लता को दूर करने का व्यवहारिक उपचार यह है कि मनुष्य पूर्णता/आशावादी विचारों की ओर सोचना शुरू कर दें, उदाहरणार्थ कि मै परम-पिता परमात्मा की कृति हूँ, मेरा व्यक्तित्व पूर्ण है, उसमें यदि कोई त्रुटि या कमजोरी है तो मैं उसे दूर करके ही रहूँगा। मैं इस संसार के सभी कार्य करने में सक्षम हूँ। परमात्मा ने मुझे दीन-हीन दुर्बल बनने के लिए पैदा नहीं किया। अतः मैं अपूर्ण कैसे हो सकता हूँ? इस प्रकार के विचार निरन्तर अपने मन में दुहराने से मनुष्य कर्म से अपने मन को सबल बनाता जाता है।

अतः इसका सारांश यही है कि मानव-मन अनगिनत शक्ति का स्रोत है। मन की इसी शक्ति को पहचान कर ऋग्वेद में कहा गया है - "अहमिन्द्रो न पराजिग्ये", अर्थात मैं शक्ति का केन्द्र हूँ और आजीवन पराजित नहीं हो सकता, बस आवश्यकता है तो इस शक्ति को पहचानने की।

- **जितेन्द्र सिंह**
निरीक्षक (हिन्दी अनुवादक)
ग्रुप केन्द्र, रामपुर (उ.प्र.)

अब मत काटो पेड़ों को



आज का मानव दानव क्यों है, काट रहा क्यों पेड़ों को।
गाय को चारा बचा नहीं है, बची न पत्ती भेड़ों को।
धू-धू करती धरती जलती, गरम हवा जोरों से चलती।
धरती पर पग धे न जाते, न धूप सहन ही हो पाती।
हो रहा छरण है अब भूमि का, न बचा सहारा पेड़ों को।
गाय को चारा बचा नहीं है, बची न पत्ती भेड़ों को।
धूं-धूं करती इंजन गाड़ी, धुंआं उगलती जहरीला।
स्वच्छ हवा को दूषित करती, जीवन करती पथरीला।
न धुंआं उड़ाओ मेरे प्यारो, होता कष्ट है पेड़ों को।
गाय को चारा बचा नहीं है, बची न पत्ती भेड़ों को।
खग -विहग के नीड़ उजाड़े, मांदों की कर दी सफाई।
कलरव अब क्रंदन में बदला, सोचो कैसे होगी भलाई।
लोलुपता से निकलो प्यारां, जीने भी दो पेड़ों को।
गाय को चारा बचा नहीं है, बची न पत्ती भेड़ों को।
लिए कुल्हाड़ी मानव फिरता, पेड़ों की कर रहा कटाई।
रक्षक ही भक्षक बन बैठे, हरियाली की हुई सफाई।
पत्ता-पत्ता बिनती करतां, अब मत काटो पेड़ों को।
गाय को चारा बचा नहीं है, बची न पत्ती भेड़ों को।
आज का मानव दानव क्यों है, काट रहा क्यों पेड़ों को।

गाय को चारा बचा नहीं है, बचो न पत्तो भेड़ों को।

उ.नि./मं. राकेश कुमार गंगेले
102 द्रु.का.बल

सुख की तलाश

वर्तमान समय में कौन सुखी होना नहीं चाहता है। सुख प्राप्त करने की कोशिश और प्राप्त होने की आशा मात्र ही एक ऐसी ऊर्जा भर देती है कि मनुष्य उस सुख को पाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहता है। फिर भी कितने लोग यह कह सकते हैं कि वे सुखी हैं? क्या वे वास्तव में सुखी हैं या फिर सुखी होने का दिखावा कर रहे हैं? एक आम आदमी अपना अधिकांश समय सुख की तलाश में गुजार देता है और वह चाहता है कि उसे जो सुख प्राप्त हुआ है वह हमेशा के लिए बना रहे। इंसान अपने सुख को कई रूप में देखता है और पाने की कोशिश करता है जैसे - रिश्ते नातों में, भोग विलास में, नशीले पदार्थों का सेवन करने में, बाहर होटलों में खाना खाने में, खरीददारी करने में या फिर सत्ता और लोकप्रियता पाने में किसी भी रूप में वह इन सभी सुखों को पाने का प्रयत्न करता है। परन्तु क्या यही सुख की सच्ची परिभाषा है जो मनुष्य इन सभी भौतिक सुखो को प्राप्त करने के लिए उसके पीछे भागता रहता है? ये सभी क्षणिक सुख हैं जो कि मनुष्य को कुछ देर के लिए तो खुशी देते है पर हमेशा यह सुख उसके पास नहीं रहता है। कभी-कभी इन्सान को ऐसा लगता है कि उसने वह पा लिया है जिसकी उसे तलाश थी, किन्तु दूसरे ही क्षण यह एहसास ही नहीं रहता कि उसने कुछ पाया है। परन्तु समस्या तो यह है कि यदि सांसारिक चीजों से थोड़ी बहुत संन्तुष्टि अगर मिल भी जाती है तो वह ज्यादा देर तक कायम नहीं रहती। देर-सवेर किसी और चीज की जरूरत महसूस होने लगती है और फिर से सुख का कोई नया साधन खोजना पड़ता है। क्योंकि जो मिल गया है उससे मन ऊब जाता है और इन्सान एक बार फिर, एक कमी एक निराशा सा महसूस करने लगता है और कुछ नया पाने के लिए एक बार फिर वह संसार में इन भौतिक सुखों को पाने की दौड़ में भागने लगता है।

अगर एक नई गाड़ी खरीदकर हम बहुत खुश होते है तो साल भर में ही वह खुशी फीकी पड़ जाती है और गाड़ी एक पुराना मॉडल बनकर रह जाती है जो कि मन को उतना नहीं भाती जितना कि जब वह नई थी तब अच्छी लगती थी। यही हाल रिश्ते-नातों, व्यापार-नौकरी, मनोरंजन आदि का है या ये कहे कि हर उस वस्तु का है जो कि पैसे से खरीदी जा सकती ही और जीवन को रोमांचित करती है। परन्तु सदैव आपके पास नहीं रह सकती। अब मन में सवाल उठता है कि क्या संसार में कोई ऐसा सुख भी है जो स्थायी हो, अनंत हो या फिर जिसकी कोई सीमा न हो? ये सवाल हमें

अपने मन से पूछना चाहिए कि जो क्षणिक सुख है और जिसे पा कर हम कुछ समय के लिए ही संतुष्ट हो पाते हैं, क्या उसे पाने के लिए प्रयत्न करना सही है? तो आपका मन यह जवाब देता है कि .... हाँ ऐसा सुख सम्भव है, जैसे किसी व्यक्ति के परिवार के हालात जो कि बहुत ही खराब है और किसी प्रयत्न से वह बिल्कुल ही बदल जाए, या वह पदोन्नति मिल जाए जहाँ तक पहुंचना इंसान का सपना है, या सही साथी मिल जाये जो जिन्दगी को सही रास्ता दिखाए या किसी लड़की के लिये उसके पिता को जिस योग्य वर की तलाश है वह मिल जाये तो उसे जो खुशी मिलेगी वह उसके पास स्थायी रूप से रहेगी। मगर दुनियाँ में ऐसा बहुत कम ही होता है कि जैसा हम चाहते हैं। इसलिए हम वापस उसी असन्तुष्टि के घेरे में आ जाते हैं और क्षणिक सुख की तलाश में लग जाते हैं।



हिन्दी दिवस के अवसर पर उप महानिरीक्षक (निर्माण) श्री वी.के. सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव

इस लिए हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि स्थायी सुख को पाने के लिए हमें अपने प्रयास को सही तरीके से करना होगा और इसके लिए हमे सर्वप्रथम आत्मसंतुष्टि की भावना को अपने अंदर विकसित करना होगा जो कि हमें हमारी सुख की तलाश करने में हमारी मदद करेगा। हमें अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए यह निश्चित करना ज़रूरी है कि हमारे लिए महत्वपूर्ण क्या है। हमें अपने प्राथमिकताओं पर गहराई से विचार करना होगा तभी हम सफल हो पायेंगे और हमें सच्चे सुख की प्राप्ति होगी।

- हव./मं. विजय रंजन
पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय, लखनऊ

सफ़लता

आज के युग में हर कोई एक ही शब्द के पीछे भाग रहा है और वह शब्द है "सफलता" हर कोई इस को पाने के लिए प्रयत्न करता है परन्तु जब कभी भी हम किसी कारणवश असफल हो जाते हैं, तो उसके लिए अपने आप को दोषी कभी भी नहीं मानते और अपनी असफलता को छुपाने के लिए किसी और कारण को ही जिम्मेवार मानते हैं। कभी-कभी तो इंसान अपनी असफलता से इतना विचलित हो जाता है कि वह और एक प्रयास करने की हिम्मत ही नहीं कर पाता है जो कि इंसान की कमजोरी को दर्शाता है। कभी भी असफल होने पर विचलित नहीं होना चाहिए, पहले उस पहलू पर विचार करना चाहिए कि हम आखिर क्यों असफल हुए। इसमें दो ही बातें हो सकती है - एक तो यह कि हमने जो प्रयास किया है वह पर्याप्त नहीं था या फिर सफल होने के लिए जो काबिलियत होनी चाहिए थी वह हमारे पास नहीं थी। पुनः उस पर विचार करना चाहिए और सर्वप्रथम तो हमें अपनी गलतियों को खोजना चहिए और फिर उसे दुरुस्त करके दुबारा प्रयास करना चाहिए ताकि पूर्ण सफलता मिल सकें।

कभी भी यह सोच कर प्रयास नहीं करना चाहिए कि हमारा यह प्रयास अन्तिम है और अगर हम इस बार सफल नहीं हुए तो दुबारा प्रयास ही नहीं करेंगे। हमेशा सफल होने के लिए ही कोशिश करनी चाहिए और ये कभी भी नहीं सोचना चाहिए कि ये मेरे बस का नहीं है और मैं इस काम को नहीं कर पाऊंगा। कोशिश यही करनी चाहिए कि हमें हर हाल में अपने लक्ष्य को पाना है। उदाहरण के लिए एक साधारण व्यक्ति जो किसी लक्ष्य की कल्पना नहीं कर सकता है और अचानक ही वह किसी ऐसे लक्ष्य को पा लेता है जिसकी वो कल्पना भी नहीं कर सकता था, उस लक्ष्य को पा कर वह चकित रह जाता है और समझ नहीं पाता है कि ये जो सफलता उसे मिली है उसके लिए उसने कितना प्रयास किया है और आखिर में वह व्यक्ति उस सफलता को अपनी किस्मत मान लेता है। परन्तु एक व्यक्ति जो सफल होने के लिए लगातार प्रयास करता रहता है और अचानक सफल हो जाता है तो उसके पास ढ़ेर सारे ऐसे अनुभव होते हैं जो वह दूसरों के साथ बाँटता है। इसलिए हमेशा अपने लिए सकारात्मक सोच रखना चाहिए और दूसरों की सफलता को देखकर कभी भी मन मे जलन का भाव पैदा नहीं करना चाहिए और हर प्रयास को अपनी पूरी ताकत और क्षमता के साथ करना चाहिए।



हिन्दी दिवस के अवसर पर उप महानिरीक्षक (भर्ती) श्री एम.के. सिन्हा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव

"असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो,
क्यूँ असफल हुए इस पर विचार करो।
क्योंकि टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता,
और छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता।

- हव./मं. नवीन मौर्य
पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय, लखनऊ

हिंदी पखवाड़ा

वैसे तो हर वर्ष बजता है नगाड़ा,
नाम लूँ तो नाम है हिंदी पखवाड़ा।
हिंदी हैं हम, वतन है हिंदोस्तान हमारा,
कितना अच्छा व कितना प्यारा है ये नारा।
हिंदी में बात करें तो मूर्ख समझे जाते,
अंग्रेजी में बात करें तो जैंटलमेन कहलाते।
अंग्रेजी का हम पर पूरा असर हो गया,
हिंदी का मुश्किल अब सफर हो गया।

देश घी आजकल बटर हो गया,
चाकू भी अब तो कटर हो गया।
अब मैं आपसे इज्ज़त चाहती हूँ,
हिंदी की सभी से हिफाज़त चाहती हूँ।

- **दीपावली शर्मा,** कक्षा नौवीं, वा.लि.प. स्कूल, दिल्ली
सुपुत्री कृष्ण कुमार, नि./हि.अनु., ग्रुप केन्द्र, इंफाल

भाषा का स्वभाव



श्री रंजीत सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्वोत्तर सेक्टर व नि./हि.अनु. सतीश कुमार शर्मा, श्री अजय माकन, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री से राजभाषा शील्ड ग्रहण करते हुए

भाषा मनुष्य के व्यक्तित्व का आईना है। किसी दार्शनिक ने कहा है कि 'तुम बोलो, ताकि मैं तुम्हें जान सकूँ।' अच्छे विचार एक अच्छी भाषा शैली के आधार पर ही पूरी तरह से संप्रेषित किए जा सकते हैं। कबीरदास जी ने कहा है कि

‘औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय’, की तरह भाषा शैली होनी चाहिए। यही कारण है कि कुछ नेता, अभिनेता, वक्ता या लेखक हमें ज्यादा प्रभावित करते हैं।

भाषा एक ओर जहाँ कौवे की बोली से भी अधिक कर्कश होती है वहीं दूसरी ओर कोयल की बोली से भी अधिक मिठास लिए होती है। जब वह कर्कश स्वभाव में होती है तो विवाद उत्पन्न होते हैं और जब मिठास लिए होती है तो संवाद और व्यवहार बनते हैं। यह विभेदता परिवेश से, समाज से, परिवार से व जन्मजात भी हो सकती है। अलग-अलग अवसरों पर कृत्रिम कठोरता भी पसंद की जाती है। फौज में ऐसे ही लोग सबसे सफल समझे जाते हैं। मगर अभिमान के कारण आने वाली कठोरता मानसिक दासता की ओर ले जाती है। ऐसे ढेरों उदाहरण मिल जाएंगे जहाँ आपको कुछ अभिमानी अपने मातहतों पर अनावश्यक चिल्लाते हुए दिख जाएँगे। टेंशन इनका प्रिय खुराक होता है जिसे ये देते भी हैं और लेते भी हैं।

मैंने एक बार प्रशिक्षण केन्द्र के एक मेजर साब की बातें सुनकर उनसे कहा कि ‘आप यही बात थोड़ी नरम और प्रिय भाषा में नहीं बोल सकते थे?’

उसने कहा कि – ‘बोल तो सकता था लेकिन ये सब शादी में थोड़ी आए हैं जहाँ मैं रिसेप्शन में खड़ा हूं। और फिर भाषा तो विचार-विनिमय का माध्यम है यदि सही संप्रेषण नहीं हुआ तो भाषा का कोई मतलब नहीं है। फौज में यदि मैं नरम हुआ फिर तो ये मुझे सुनेंगे ही नहीं। मैं तो इनको इस तरह बनाना चाहता हूँ कि मैं इशारा करूँ तो हँसें, मैं बोलूं तब ये मेरी बात पर ताली बजाएं, मैं कहूँ तब ये घर पर चिट्ठी लिखें, यहाँ तक कि जब मैं कहूं तब ये अपने दिमाग से सोचें।’

मैं बोला- ‘वाह। मेजर, क्या रोबोट तैयार कर रहे हो बॉस, आप इन्हें अपना मोबाइल नं. ज़रूर दे देना जिससे कि जब आप कहें तब ये दुश्मनों पर गोली चलाएँ।’

मोटे तौर पर ‘भाषा विचार-विनिमय का माध्यम’ है। लेकिन तार्किक दृष्टि से विचार विनिमय करने वाले सभी माध्यमों को भाषा नहीं कहा जा सकता है। रेलवे गार्ड अपनी लाल–हरी झंडियों के माध्यम से विचार– विनिमय करता है, गाय रंभाकर अपने बछड़े को बुलाती है, कौवा काँव-काँव की अलग-अलग ध्वनियों से अपने सुख व दुख का इज़हार करता है, बिहारी के पात्र तो भरे भवन में करते है नैनन की सों बात’, चोर अंधेरे में एक-दूसरे का हाथ दबाकर अपने विचार प्रकट करता है, प्रेमी अपनी प्रेमिका से आँखों ही आँखों में बातें करता है, कुछ ताली बजाकर, दादाजी खाँसकर, मुँह बिचकाकर, गहरी साँस लेकर आदि अनेक प्रकार से अपने विचार-विनिमय का काम चलाते हैं। तोता तो सीखे-सिखाए कई शब्दों को बखूबी बोलता है। इसलिए कुछ यूं कह सकते हैं कि भाषा का संबंध केवल मनुष्यों से है और वह भी मुख से निकली सार्थक ध्वनि है। इसलिए यह सिर्फ़ हमारी निधि है।

भाषा का स्वरूप बहते पानी की तरह है, जो सदैव परिवर्तित होता रहता है। कहा गया है कि ‘कोस-कोस पर बदले पानी चार कोस पर बानी’ | भाषा एक सामाजिक निधि होने के कारण समाज इसके सरल रूप तय कर उन्हें अपनाता है। अब कुछ इन शब्दों को ही देखिए जिनका समय के साथ-साथ अर्थ में परिवर्तन होता गया।

'गोष्ठी' शब्द का मूल अथ गायों के रहने का स्थान हुआ करता था अब इसका अथ बदल गया एवं सभा व बैठक के रूप में होने लगा है। 'हरिजन' इसका मूल अर्थ भक्त अब अछूत। 'दुहिता'- मूल अर्थ दूध दुहने वाली अब केवल पुत्री चाहे वह दूध दुहे या न दुहे। 'तटस्थ' – मूल अर्थ था तट पर स्थित अब इसका अर्थ है किसी का पक्ष न लेनेवाला। 'गबेषणा' – मूल अर्थ था गाय की खोज व अब अनुसंधान हो गया। 'प्रवीण' जिसका मूल अर्थ था वीणा बजाने में चतुर अब निपुण हो गया। 'कुशल'-मूल अर्थ था कुश उखाड़ने अथवा लाने में चतुर अब निपुण हो गया। 'मृग' - मूल अर्थ पशु है अब केवल हिरण के लिए प्रयोग किया जाता है। इसी तरह 'विद्यार्थी - इसका मूल अर्थ था वे सभी लोग जो विद्या के अर्थी अर्थात् धनी हैं चाहे स्कूल में पढ़ते हों या नहीं बूढ़े हों या नौजवान पर अब केवल स्कूल में पढ़ने वालों को कहा जाता है। 'भार्या' शब्द को लीजिए — इसका अर्थ भरण-पोषण करने वाली अब केवल स्त्री के लिए प्रयुक्त होता है। 'तेल' - संस्कृत में मूलतः तिल के तेल को कहते थे, आजकल मूंगफली, सरसों, अलसी, सोयाबीन, तिल, नारियल आदि सभी के लिए हो गया। यह केवल एक भाषा की स्थिति नहीं है बल्कि अर्थ परिवर्तन कमोबेश सभी भाषाओं में होता रहता है। अंग्रेजी के 'मीट' शब्द को ही लीजिए - यह शब्द मूलतः खाद्य का द्योतक था। मिठाई को स्वीट मीट इसीलिए कहते हैं, पर अब यह केवल 'गोश्त' का वाचक है। इसी तरह 'कॉर्न' शब्द - अंग्रेजी में कॉर्न शब्द का सामान्य अर्थ गल्ला अथवा अन्न है किन्तु अमेरिका में उन दिनों मक्के की पैदावार अधिपा होती थी इसीलिए इसका वही अर्थ हो गया।

परिवर्तन के इस दौर में हिंदी भाषा के भी कई क्षेत्रीय रूप प्रचलित हो रहे हैं। बंबइया हिंदी, कलकतिया हिंदी, हैदराबादी हिंदी आदि कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं जिन्हें आज की पीढ़ी स्वीकार कर रही है। श्री जगदंबा प्रसाद दीक्षित ने तो बंबइया हिंदी को लेकर एक पूरा उपन्यास ही 'मुरदाघर' लिख डाला है जोकि लोकप्रिय उपन्यासों में से एक है। परिवर्तन प्रकृति का नियम और इस परिवर्तन की धारा में सकारात्मक सोच के साथ हमें शामिल होना है और यही समाज की हमसे अपेक्षा रहती है तथा देश के लिए श्रेयस्कर है। एक समृद्ध भाषा, समृद्ध हिंदी, समृद्ध राष्ट्र हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

'भाषा, वस्त्र भले अनेक, एक हृदय है भारत देश।'

- नागराज द्विवेदी, निरीक्षक (हि.अ.)
ग्रुप केन्द्र, भोपाल (म.प्र.)

विशेष आलेख

हिंदी की संवैधानिक स्थिति

भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को देश के राजकाज चलाने के साथ-साथ केन्द्र व राज्यों के बीच संपर्क बनाए रखने की भूमिका निभाने का दायित्व हिंदी को सौंपकर उसे संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इसीलिए हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संविधान के 17वें भाग में राजभाषा संबंधी उपबंध दिए गए हैं जिनमें अनुच्छेद 343 से 351 तक 9 अनुच्छेद राजभाषा से संबंधित है जिनके अध्ययन से राजभाषा की संवैधानिक स्थिति स्पष्ट होती है। संविधान में राजभाषा संबंधी उपबंध :—

अनुच्छेद 343 (1): हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत करना

संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी संघ की राजभाषा होगी तथा संघ में सरकारी प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप प्रयोग होगा।

अनुच्छेद 343 (2) हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखना

अनुच्छेद 343(2) के अनुसार संविधान लागू होने से 15 वर्ष तक यानी 26 जनवरी, 1965 तक हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग भी होता रहेगा।

अनुच्छेद 343(3): अनुच्छेद 343 (3) के अनुसार संसद को यह अधिकार दिया गया कि यदि संसद चाहे तो अनुच्छेद 343 (2) में दी गई 15 वर्श की अवधि को आगे भी बढा सकती है।

अनुच्छेद 344 (1): राजभाषा आयोग तथा संसदीय राजभाषा समिति का गठन:- इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई कि संविधान के लागू होने के पाँच साल बाद अर्थात् 1955 में एक राजभाषा आयोग का गठन किया जाएगा जो राजभाषा के उत्तरोत्तर बढावे के लिए उपाए करेगा।

अनुच्छेद 344 (2): अनुच्छेद 344(2) के अनुसार अनुच्छेद 344(1) के तहत गठित राजभाषा आयोग अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के क्रमिक प्रयोग के बारे में राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

अनुच्छेद 344 (3): इस अनुच्छेद के अनुसार आयोग की सिफारिशों पर राय देने के लिए एक संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही संसद द्वारा अनुच्छेद 343 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राजाभाषा अधिनियम 1963 बनाया गया।

अनुच्छेद 345: राज्य की राजभाषा या राजभाषाएँ



हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए ग्रुप केन्द्र, नोएडा के पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय

इस अनुच्छेद के तहत राज्यों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे अपने यहाँ प्रयुक्त किसी एक भाषा को या एक से अधिक भाषाओं को अपनी राजभाषा चुन सकते हैं या चाहें तो अंग्रेजी का प्रयोग जारी रख सकते हैं। इस अनुच्छेद पर ध्यान दिया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि राज्यों को अपनी राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत करने के लिए केंद्र की भाँति 15 सालों तक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं थी। वे अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय अंग्रेजी की जगह सभी कार्यों के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित 22 भाषाओं (हिंदी, असमिया, उडिया, उर्दू, कन्नड., कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाल, पंजाबी, बंगला, बोड़ो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत, सिंधी) में से किसी भी भाषा को अपनी राजभाषा अपनाने के लिए स्वतंत्र थे।

अनुच्छेद 346: संघ और राज्यों के बीच पत्राचार की भाषा

अनुच्छेद-346 में संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के माध्यम की व्यवस्था की गई और कहा गया कि जो भाषा संघ के सरकारी कामकाज में प्रयोग के लिए इस समय प्राधिकृत है, वही संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के लिए प्रयुक्त की जाएगी। संविधान बनाते समय यह भाषा अंग्रेजी थी, लेकिन आपसी राय से राज्य हिंदी का प्रयोग कर सकते थे।

अनुच्छेद 347: राज्य की किसी भी भाषा को राष्ट्रपति द्वारा मान्यता देना

अनुच्छेद-347 के तहत राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया कि वह राज्य की मांग के आधार पर किसी भी भाषा को सरकारी काम काज के लिए मान्यता दे सकता हैं।

अनुच्छेद 348: खण्ड (1) उच्चतम एवं उच्च न्यायालय की भाषा

अनुच्छेद-348 में यह प्रावधान किया गया है कि जब तक संसद कोई दूसरा कानून

नहीं बनाती, तब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की सभी कार्यवाहियाँ अंग्रेजी में होंगी। । संसद और राज्य विधान मंडल के कानून के साथ संविधान के या संविधान के तहत बनाए गए नियमों, आदेशों, विनियमों और उपविधियों का प्राधिकृत पाठ अंग्रेजी में होगा।

अनुच्छेद 348 खण्ड (2)

अनुच्छेद-348 के खण्ड (2) के अनुसार किसी राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से अपने राज्य के उच्च न्यायालय के निर्णयों, आदेशों को छोड़कर बाकी सभी कार्यवाहियों के लिए हिंदी या राज्य की राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकता है।

अनुच्छेद 348 खण्ड (3)

अनुच्छेद-348 के खण्ड (3) के अनुसार यदि किसी राज्य में विधि के लिए अंग्रेजी को छोड़कर कोई दूसरी भाषा नियत की गई है तो राज्यपाल के प्राधिकार से राज्य के गजट में प्रकाशित विधियों, नियमों आदि का अंग्रेजी अनुवाद उनका प्राधिकृत पाठ होगा।

अनुच्छेद 349: भाषा संबंधी कुछ विधियों को अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया

अनुच्छेद 349 में यह कहा गया है कि 348 (1) में उल्लेखित भाषा की व्यवस्था में परिवर्तन के लिए यदि 1965 के पहले कानून बनाया जाता है तो उसके लिए राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी। राष्ट्रपति अनुच्छेद 344 के अधीन गठित आयोग और समिति की रिपोर्टों पर विचार करने के बाद ही अपनी अनुमति दे सकते थे। तदनुसार राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही राजभाषा अधिनियम 1963 (जिसमें 348 वें अनुच्छेद में की गई कानूनी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन सुझाया गया था) को संसद में पेश किया गया था।

अनुच्छेद 350: आवेदन/अभ्यावेदन की भाषा

अनुच्छेद 350 के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपनी व्यथा के निवारण के संबंध में अपना आवेदन/अभ्यावेन सरकारी पदाधिकारी के सामने किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकता है। यह शर्त जरूर है कि अगर आवेदन संघ के पदाधिकारी को लिखा गया है तो संघ में प्रयुक्त भाषा में होना चाहिए और अगर वह किसी राज्य के अधिकारी को संबोधित है तो उस राज्य में प्रयुक्त भाषा में होना चाहिए। अनुच्छेद 350 (क) तथा 350 (ख) के द्वारा भाषायी अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए यह व्यवस्था की गई है।

अनुच्छेद 351: हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश

351 वें अनुच्छेद में हिंदी के विकास के विषय में उल्लेखित किया गया है कि भाषा की आत्मीयता में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी और अष्टम अनुसूची में उल्लेखित अन्य भारतीय भाषाओं की रूप-शैली और पदावली को आत्मसात करते हुए उसके

शब्द-भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत तथा गौणतः उल्लोखित भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करना संघ सरकार का कर्तव्य होगा।

संविधान बनाने वालों की यह दिली ख्वाहिश थी कि हिंदी भारत में इस प्रकार विकसित हो कि सब उसे मान्यता दें। सभी प्रांतों के लोग इसे अपना कर इसमें सरकारी कामकाज करें। हिंदी के संघीय और प्रादेशिक दोनों रूपों का उल्लेख किया गया है।



उत्तरी सेक्टर में राजभाषा संसदीय समिति के समक्ष प्रश्नोत्तरी पर चर्चा करते हुए बल के अधिकारीगण

राष्ट्रपति जी का आदेश 1952

राष्ट्रपति जी ने संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत 27 मई, 1952 को एक आदेश जारी किया, जिसमें राज्यों के राज्यपालों, उच्चतम, उच्च न्यायाधीशों की नियुक्ति के अधिपत्रों के लिए अंग्रेजी के अलावा हिंदी भाषा और अंतर्राष्ट्रीय अंकों के अतिरिक्त देवनागरी अंकों के प्रयोग को प्राधिकृत किया गया।

राष्ट्रपति जी का आदेश 1955

इस आदेश में जनता के साथ पत्र-व्यवहार, प्रशासनिक रिपोर्टों, सरकारी पत्रिकाओं, संसद में प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्टों सरकारी प्रस्तावों, हिंदी भाषी राज्यों की सरकारों, संधियों, करारों, विदेशी सरकारों और उनके राजदूतों के साथ पत्राचार, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ पत्राचार आदि में अंग्रेजी के अलावा हिंदी भाषा के प्रयोग का प्रावधान किया गया।

राजभाषा आयोग

7 जून, 1955 में स्थापित खेर आयोग प्रथम राजभाषा आयोग था जिसने 1956 में अपना प्रतिवेदन राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया, इस आयोग ने संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग, संघ और किसी राज्य के बीच तथा राज्यों के बीच पत्राचार की भाषा आदि पर अपनी सिफारिश दी। जिसके अनुसार 1957 में गृह मंत्री के प्रस्ताव पर 30 सदस्यों की एक संसदीय समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष गोविंद वल्लभ पंत थे। यह समिति पंत समिति के नाम से जानी जाती है। इसने 1959 में अपना प्रतिवेदन राष्ट्रपति को सौंपा। इस समिति ने सिफारिश की थी कि 26 जनवरी, 1965 के बाद भी अंग्रेजी का प्रयोग सह राजभाषा के रूप में जारी रहना चाहिए।

राष्ट्रपति का आदेश 1960

केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग शुरू किए जाने के लिए प्रारंभिक उपायों के संबंध में 1960 में राष्ट्रपति ने आदेश जारी किया, जिसमें अन्य विषयों के साथ हिंदी शब्दावली के विकास के सिद्धांत और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन, प्रशासनिक संहिताओं व अन्य प्रक्रिया साहित्य का हिंदी अनुवाद, प्रशासनिक कर्मचारी वर्ग को हिंदी का प्रशिक्षण देना, हिंदी का प्रचार-प्रसार और विकास, अधिक नियमों, विधेयकों आदि की भाषा, उच्चतम न्यायलय तथा उच्च न्यायलयों की भाषा और विधि के क्षेत्र में हिंदी में काम करने के लिए प्रारंभिक कदम उठाने के संबंध में विशेष व्यवस्था करने के बारे में निर्देश जारी किए गए।

राजभाषा अधिनियम 1963 यथाशोधित 1967

खेर आयोग 1955 तथा पंत समिति 1957 की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद ही संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 (3) के प्रावधान के अनुसार संसद द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 परित किया गया। इसमें कुल 9 धाराएँ और 11 उपधाराएँ हैं।

राजभाषा संकल्प 1967 — 18 जनवरी 1968 संशोधित

राजभाषा 1963 का संशोधन करने के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों ने दिसंबर 1967 में एक संकल्प पारित किया जो 18 जनवरी 1968 में अधिसूचित किया गया। इसे राजभाषा संकल्प 1968 की संज्ञा दी गई और यह सरकार की भाषा नीति का एक समग्र चित्र प्रस्तुत करता है। इसमें पहली बार संसद में कार्यपालिका/सरकार को निर्देश दिए कि हिदी के प्रचार तथा विकास को राजकीय प्रयोजनों के लिए उसका क्रमिक प्रयोग बढाने हेतु एक गहन तथा व्यापक कार्यक्रम तैयार करें और उसे कार्यान्वित करें साथ ही इस विषय में प्रगति की विस्तृत वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट संसद में दोनों सदनों के पटल पर रखवाएं। तब से हर वर्ष गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग बढाने के लिए वार्षिक कार्यक्रम तैयार करता है और कार्यालय की मूल्याकंन रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों को प्रस्तुत करता

है। इस वार्षिक कार्यक्रम में कार्यालयों में कितना कार्य हिंदी में किया जाना अपेक्षित है, इसके लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा-सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णतया कार्यान्वित करने के लिए प्रभावी किया जाना चाहिए। हिंदीतर भाषा/भाषी क्षेत्रों में हिंदी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा के, दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक को तरजीह देते हुए और हिंदीतर भाषा/भाषी क्षेत्रों में प्रादेशिक भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी के अध्ययन के लिए उस सूत्र के अनुसार प्रबंध किया जाना चाहिए।

राजभाषा नियम 1976 यथा संशोधित 1967

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 8 के उपबंधों के अंतर्गत राजभाषा नियम 1976 बनाया गया जो 1987 में संशोधित किया गया। वास्तव में राजभाषा हिंदी को कारगर एवं प्रभावी रूप से लागू करने में राजभाषा नियम 1976 एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके नियम 5 के अनुसार हिंदी में प्राप्त प्रत्येक पत्र का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में ही दिया जाना है इस प्रकार राजभाषा नियम के लागू होने से हिंदी के उपयोग की अनिवार्यता की सड़क तैयार हुई है जिसके कारण हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ रहा है। इतना ही नहीं राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 में दी गई व्यवस्था के अनुसार राजभाषा के अनुपालन का उत्तरदायित्व किसी भी कार्यालय के प्रशासनिक अध्यक्ष को सौंपा गया है अर्थात् स्पष्ट किया गया है कि प्रशासनिक अध्यक्ष की ये जिम्मेदारी है कि वह राजभाषा अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस प्रयोजन के लिए उन्हें उपयुक्त और प्रभावी जाँच बिंदु बनाने चाहिए। दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह राजभाषा अधिनियम/नियम के अनुसार जारी किया गया है। निसंदेह राजभाषा नियम 1976 राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्त प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ है।

संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद भी कार्यान्वयन एवं उसकी प्रगति लोगों की इच्छा शक्ति पर अधिक निर्भर करती है। हिंदी का प्रचार-प्रसार और उसका लागू होना देशहित का विषय है और जब बात देशहित की हो तो हमें क्षेत्रवाद भाषावाद के दलदल में नहीं फंसना चाहिए और हमारी विचारधारा न तो वामपंथी होनी चाहिए और न दक्षिण पंथी, बल्कि सिर्फ और सिर्फ लोकपंथी अर्थात भारतपंथी होनी चाहिए। गौरतलब है

यूं तो हर रास्ता जाता है,
मंज़िल की तरफ।
शाने वतन के वास्ते,
हर हाथ मिलना चाहिए।

भाषा निरन्तर प्रयोग से ही बढती है, इससे उसमें स्वतः सहजता, सरलता और

एक रूपता आती है। पूरे राष्ट्र को एक धारा में लाने और इसके विकास के लिए यह अच्छा होगा कि जितनी जल्दी हो सके, हम खुलकर अपना सारा कामकाज हिंदी में करने लगें , यह मेरी ही नहीं अपितु मुझे दृढ विश्वास है कि आप सब की भी यही इच्छा है।

मन में होगी जब निष्ठा,
हिंदी की बढेगी तब प्रतिष्ठा। .

— कृष्ण कुमार
नि./हिंदी अनु., ग्रुप केन्द्र, इंफाल (मणिपुर)

लेख

राजभाषा की गरिमा – हमारा आत्मसम्मान



भाषा किसी भी देश की अस्मिता और गौरव का प्रतीक होती है और इसका सीधा संबंध देश के जनमानस से होता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि किसी भी देश की उन्नति में, विकास में उसकी अपनी भाषा ने कितनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। कई सौ सालों तक गुलामी की विभीषिका झेलने के बाद

आजादी के जन आन्दोलन को पूरे देश में फैलाने और भारत देश के सभी प्रान्तों में स्वतंत्रता की राष्ट्रीय जनचेतना और अपना आत्म-सम्मान का भाव जागृत करने में हिंदी की भूमिका को ध्यान में रखते हुए ही स्वतंत्र भारत के सभी रजवाड़ों/प्रान्तों को एक कड़ी में पिरोते हुए भारत निर्माण के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था।

राजभाषा हिंदी में अन्य भाषाओं के शब्दों को ग्राह्य करने का जितना गुण मौजूद है, उतना विश्व की अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। भूमण्डीलकरण के वर्तमान समय में दूसरी भाषा के शब्दों को अपनी मातृभाषा में शामिल न करना अपेक्षित उन्नति की दर के प्रभावोत्पादक कारकों को न न अपनाने जैसा होगा। किन्तु पाश्चात्य जीवनशैली व आधुनिकता के अन्धानुकरण की दौड़ में हमारी अपनी मातृभाषा के आत्मसम्मान व गौरव की अनदेखी करना हमारी ऐसी गलती हो सकती है, जिसके लिए आनेवाली पीढ़ियाँ शायद हमें कभी माफ न कर सके। आज शिक्षित लोगों के मन में जन्म ले चुकी "भारत" (देश के पिछड़े तथा ग्रामीण इलाके) तथा "इण्डिया" (आधुनिकता का अंधानुकरण करनेवाले देश के बड़े महानगर) की दो अलग-अलग विचारधाराएँ आगे जाकर पता नहीं हमें इतिहास के किस मोड़ पर फिर ले जाएं। आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में आज समय की माँग यह है कि हत अपने "स्व" को जागृत करें और "मेरा देश पहले" की भावना को सर्वोपरि रखें।

जब हम भारतवासी अपने देश की अपनी मातृभूमि की तुलना "माँ" से करते हैं, तो हमें अपनी मातृभाषा को उसी "भारत माँ की बेटी" मानना चाहिए। जिस तरह घर —संसार में माँ और बेटी के बिना सुखी जीवन की कल्पना अधूरी है, ठीक उसी तरह हमारे देश की उन्नति और हमारी आनेवाली पीढ़ियों का उचित विकास प्राप्त माँ अर्थात् हमारी मातृभूमि और भारत माँ की बेटी अर्थात् हमारी राजभाषा के बिना अधूरा है। मन के इन भावों को हम किसी कवि की निम्न पंक्तियों से, जिनमें हमारी सभ्यता में पली-बढ़ी बेटी के मनमोहक रूप व गुणों का वर्णन किया गया है, आसानी से समझ सकते हैं, क्योंकि जिस तरह बेटी हमारे जीवन में हमारे घर संसार में महत्वपूर्ण स्थान रखती है वही स्थान हमारी राजभाषा हिंदी हमारे सर्वांगीण विकास में रखती है। आवश्यकता सिर्फ आधुनिकता की दौड़ से थोड़ी देर का विश्राम लेकर वैचारिक मंथन की है और अपनी मातृभाषा के महत्व को समझने की है। यदि हम ऐसा कर सके तो हम अपने "स्व" को जगाते हुए भारत माँ की राजभाषा रूपी बेटी का गौरव और आत्मसम्मान वापस दिलाने का दृढ़ निश्चय अवश्य ही कर सकते हैं : क्षमा, करूणा, प्यार का जिक्र छिड़ते ही सामने तस्वीर आ खड़ी होती है - बिटिया की जन्म से ही मातृत्व का भाव लिए अवतरित होता है यह कुदरत का सबसे अलौकिक करिश्मा बिटिया की पूरी चैतन्यता ही माँ के इर्द-गिर्द होती है अपनी दम तोड़ती अभिलाषा को तो वो यूँ चार सिसकियों में काफूर कर देती है जैसे उसकी नैसर्गिकता तो औरों की खुशियों में ही खुश रहने की है क्षमा ने उसे कितना निश्चल बना दिया है, करूणा और प्यार उसका आभूषण है - लावण्य है संभवतः क्षमा करने और निर्मल बने रहने की यह स्वभावजन्य जीजिविषा ही उसे विस्तार देती है और वह स्व से परे

उन तमाम लोगों का लेखा-जोखा रखने में ताउम्र व्यस्त रहती है, जो किसी भी तौर पर उसके विशाल हृदय की सरहदों के घेरे में आते हैं घर में बेटी है तो हमारा घर स्वतः प्रेम, तृप्ति, मर्यादा और अनुशासन का ठिकाना बन जाता है जीवन जीने के लिए कारण, अर्थ और उमंग देती है। बेटी आप को कभी बूढ़ा नहीं होने देती है। बेटी आहिस्ता-आहिस्ता बेटे की ओर सरकती और सिमटती माँ से भी कभी कोई शिकवा नहीं रखती है। बेटी बचपन तक छोटे भाई को दिनभर गोदी में टाँगे, दूसरे खेलते बच्चों को ललचाई निगाह से देखती है। बेटी अभिनय के जितने पात्रों को जीवटता से जीती है, वो नायाब है वरना किसी एक अभाव से भी जीवन मंच पर हम उखड़े-उखड़े बोझ की गठरी घसीटते से अभिनीत करते नजर आते हैं। कभी दोस्त बन धड़कन का स्पंदन और चेहरे के बनते-बिगड़ते तेवर पड़ने लगती है बेटी तो कभी बेटे की जगह पाषाण सी मजबूत हम से भी आगे ढाल बन आ खड़ी होती है। बेटी बढ़ती उम्र के साथ दिल के और भी समीप नजर आती है। बेटी करीब है तो उसकी कुंठाओं का कोई बोझ नहीं और दूर है तो केवल ई-मेल से किस्मत कनेक्शन नहीं क्योंकि वो तो माँ में ही बैठकर हर लम्हा नजदीक से तकती रहती है। वो कलेजे की ठंडक है, दिल का चैन है और घरौंदे की मुस्कान है उसकी जुदाई का ख्याल ही पसंदीदा खिलौने की चाबी हमेशा के लिए गुम हो जाने सी उदासी देता है। सच है, जिनके पास बेटी नहीं वे कितने निर्धन हैं – निःशक्त हैं – नीरस हैं –



निष्प्राण हैं घर की बरकत जन्मों की दौलत है बेटी,
सवेरे के सूरज की मखमली रोशनी में
नहाई ओस की बूँद है बेटी
चढ़ते दिन की खिलती धूप है बेटी,
वृक्षों से छनकर आ रही मनोरम गुनगुनाती

सूरज की किरण है बेटी
कँटीली डालियों को पार कर
शीर्ष पर हर पल खिलती-खिलखिलाती कली है बेटी
जीवन के तपते मरुस्थल में गुदगुदाती
शीतल हरी दूब है बेटी
कोसों दूर बैठकर हमारी एक छींक
उसे उद्वेलित कर देती है
और नसीहतों का वो लगा देती है अम्बार,
तो हुई ना बुढ़ापे की सच्ची लाठी-हमारी बेटी
बोये जाते हैं बेटे पर उग आती है बेटी,
खाद पानी बेटे में पर लहलहाती है बेटी
एवरेस्ट तक ठेले जाते हैं बेटे, पर चढ़ जाती है बेटी
अमूमन कई तरह से गिराते है बेटे पर सम्भाल लेती है बेटी,
कुछ भी कह लें अच्छी होती है बेटी
वो जहाँ जाए
आसमान बन छा जाए
प्रेम सुधा बरसाए
हमारी पुण्याई - हमारा साहस
हमारी विलक्षणता – हमारी उपलब्धि है बेटी
उसके चेहरे में भोर की ताजी मुस्कान
और पैरों में बिजली सी चपलता है
बस और क्या कहें हमारी बगिया की एक तितली है - बेटी
हमारी तृष्णांतिका है बेटी,
क्षमा का आगाज है - अनुनाद है - संवाद है बेटी

हिंदी दिवस के इस महापर्व पर भारत की निखिल मातृशक्ति रूपी राजभाषा का इसी आशा के साथ नमन - वंदन - अभिनंदन कि भारत माँ की इस प्यारी सी बिटिया की उपेक्षा अब से आप नहीं करेंगे और इस बेटी को उसका आत्मसम्मान व गौरव अवश्य दिलाएंगे।

- नि./हिंदी अनु. सुधीर कुमार श्रीवास
पश्चिमी सेक्टर, नवी मुंबई

स्वास्थ्य

नशा उन्मूलन की दिशा में कदम

चतरा जिला झारखंड राज्य का नक्सली समस्या से जूझता एक अति संवेदनशील जिला हें जहाँ आये दिन नक्सली अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए अपहरण, लूटपाट, आगजनी तथा हत्यायें जैसे अमानवीय कृत्यों को अंजाम देते थे।

लेकिन इन नापाक कुकृत्यों पर कमोवेश लगाम लगाने के लिए केरिपुबल की 190वीं वाहिनी को अप्रैल, 2008 में चतरा जिले में स्थापति किया गया इस वाहिनी को अप्रैल, 2008 में चतरा जिले में स्थापित किया गया इस वाहिनी ने समय-समय पर अनेकों सफलताएँ अर्जित की है, जिसकी प्रशंसा न केवल समाचार पत्रों, टी.वी. चैनलों ने की हैं बल्कि महानिदेशालय स्तर पर सराहना की गई।

190वीं वाहिनी ने चतरा जिले में न केवल नक्सलियों पर नकेल कसने में सफल रही, बल्कि पिछड़े गाँवों को गोद लेकर गाँवों को विकास के मार्ग पर लाने में समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से लोगों के जीवन को नई दिशा दी।

चतरा जिले में अफीम की खेती बड़े पैमाने पर होती है जो नक्सलियों की आय का मुख्य स्रोत है, एवं समाज की नई पीढ़ी तथा युवाओं को नशे की अंधेरी दुनिया में धकेलने में सहायक भूमिका निभा रही है। इसके विरूद्ध भी 190वीं वाहिनी ने शंखनाद किया है। 190वीं वाहिनी तथा इसकी कम्पनियों के कार्मिकों में अपने-अपने क्षेत्र में “Day Against Drug Abuse” दिवस मनाया जिसके तहत कार्मिकों ने बैनर के सहारे पूरे जिले में जुलूस निकाली तथा पर्चे बाँटकर लोगों में खासकर नई पीढ़ी को नशीलें पदार्थों के दुष्परिणाम से अवगत कराकर उन्हें इनसे दूर रहने की शिक्षा दी।



इस जुलूस में चतरा जिले के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी एवं हॉस्पीटल स्टॉफ ने भी कैम्प लगाकर न केवल अपने कार्मिकों को बल्कि आम जनता को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली घातक परिणाम तथा इनसे बचने के उपाय बताये।

190वीं वाहिनी के द्वारा नशे के विरूद्ध किये गये प्रयासों की सराहना जिले के समस्त जनता ने कि जिसे समाचार पत्रों के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाया गया। इस प्रकार हमारा उद्देश्य/लक्ष्य नक्सली समस्या के साथ-साथ यहाँ की जनता को नशे से मुक्त रखना भी है जिससे यहां के पिछड़े गांवों के लोगों में नशे के विरूद्ध जागृति पैदा हो सके और इस नशे के गर्त से निकल कर अपना तथा अपने समाज को विकास की ओर अग्रसर कर सके।

- श्री राजेश कुमार
सहा. कमां. 190 बटा.

टिप्पणी

इक्कीसवीं Century की Hindi

चौदह सितम्बर 1949 को हमारी संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी गई हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार करने के पूर्व काफी विचार विमर्श किया गया। हिन्दी की लोकप्रियता, व्यावहारिकता, इसके शब्द संशोधन, लिपि, वर्तनी, व्याकरण तथा साहित्य पर गहन चिंतन-मनन करने के पश्चात यह निर्णय लिया गया। हिन्दी के शब्दों में एकरूपता लाने के लिए समितियों व आयोगों का गठन किया गया जिनके द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित शब्दावली का निर्माण हुआ। सरकारी कार्यालयों में कुछ हद तक इनका प्रयोग भी हो रहा है। लेकिन भाषा का विकास समाज में होता हें जिनपर यह नियम लागू नहीं होते। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया घर-घर में अपनी पहुँच बना ली है। यहां जिस हिन्दी का प्रयोग हो रहा है उससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि यह हिन्दी है या इक्कीसवीं सदी की कोई नई विकसित भाषा। प्रायः यह कहा आता है कि हिन्दी एक व्यावहारिक भाषा है तथा समाज में प्रचलित स्थानीय व अंग्रेजी शब्दों को अपने में आसानी से समाहित कर लेती है। यह कुछ हद तक सही है। मेरा तुच्छ विचार है कि जहाँ शब्दों को लेने में हमें उदारता बरतनी चाहिए और शब्द चाहे कहीं से आए हो अगर प्रचलित हो गया है तो उसे बहिष्कृत नहीं करना चाहिए। लेकिन जिस तेजी के साथ अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन हिंदी में हो रहा है, आने वाले समय में हिन्दी के लिए प्राणघातक सिद्ध होगा। किंतु अफसोस कि आज हिन्दी के प्रयोग के क्षेत्र में अत्यंत अराजकता देखने को मिलती है। अखबारों व पत्र-पत्रिकाओं तक में जो कभी खबरों के लिए नहीं, भाषा सीखने और सुधारने के लिए पढ़े जाते थे, भाषा पर खबर हावी हो गई है। कुछ उदाहरण देखिए हम किस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं.....

प्रथम दृश्य ..... एक टेलिविजन के नृत्य कार्यक्रम में, उद्घोषक - Little master का performance कैसा रहा masterji, जज - Superb, fabulous, outstanding, mind blowing, god bless you.... दूसरा दृश्य ..... एक महापुरुष की सफलता का राज पूछा जाता है, उत्तर- मैनें Life में काफी struggle किया, ups and downs देखें लेकिन अपना goal achieve करने के लिए positive thinking के साथ day and night hard work किया ..... । ऊपर प्रयोग किए गए अंग्रेजी के सभी शब्दों के लिए हिन्दी के प्रचलित शब्द उपलब्ध है। इस प्रकार की हिन्दी बोलने वालों के बीच जब कोई अच्छी/शुद्ध हिन्दी का प्रयोग करता है तो उसे कठिन/सांस्कृतिक

हिन्दी का फतवा देकर खारिज करने की कोशिश की जाती है। अगर ऐसी अंग्रेजीमय हिन्दी का प्रयोग होता रहा तो एक दिन हिन्दी के प्रचलित शब्द ही विलुप्त हो जाएंगे।



उत्तरी सेक्टर में आयोजित राजभाषा संसदीय समिति की बैठक में भाग लेते हुए बल के अधिकारीगण

वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के इस युग में हिन्दी भाषा का भी उदारीकरण किया जा रहा है। आजकल हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रयाग फैशन बनता जा रहा हैं तथा वर्तनी की अनदेखी परंपरा का रूप लेती जा रही है। हिन्दी के विकास के लिए यह आवश्यक है कि संकीर्णता को छोड़कर उदारतापूर्वक संग्रह की नीति ग्रहण करें, इससे हमारी भाषा समृद्ध होगी। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि हम हिन्दी को बिगाड़ दें, इसकी शब्दावली अन्य भाषाओं के शब्दों से भर दें, इसका व्याकरण और शैली विकृत कर दें। कृपया अनुरोध है कि हिन्दी को हिन्दी रहने दें इसे इक्कीसवीं की न बनाएं..... ।

निरी./हिन्दी अनु. उमेश चन्द्र तिवारी
ग्रुप केन्द्र, गाँधीनगर।

स्वास्थ्य

तनाव से कैसे करें बचाव

आज का आधुनिक जीवन दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा इंसान समस्याओं के मकड़–जाल में फँसता जा रहा है। इंसानी समस्याओं ने ही तनाव रूपी दानव को जन्म दिया है। आज की तारीख में बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी तनाव के जद में है। यहाँ यह भी करना प्रासंगिक होगा कि दुनिया में ऐसी कोई भी समस्या नहीं है जिसे इंसान चाहे तो उसका हल न निकाल ले। बस थोड़ी हिम्मत एवं इच्छा शक्ति को जागृत करने की आवश्यकता है। इंसान के लिये तनाव से निपटना भी मुश्किल नहीं है बस उसे जीवन के आपाधापी में भी कुछ मूल बातों को जेहन में रखना है जिनका मैं जिक्र करने जा रहा हूँ।

समय प्रबंधन एवं प्राथमिकताएँ निर्धारित करना:- कामकाजी लोगों में ज्यादातर तनाव समय प्रबंधन की कमी एवं प्राथमिकताएं तय नहीं कर पाने के कारण होता है। अतः बड़े सावधानी से यह तय करें कि कौन सा कार्य महत्वपूर्ण एवं जरूरी है, फिर उन कार्यों को पूर्ण करने के लिये समय निर्धारित करें। कार्यों को कभी भी लंबित न रखें। लंबित कार्य हमेशा दिमाग में कौंधता रहता है तथा इनके वजह से कई बार सीनियर अधिकारियों का कोप भाजन होना पड़ता है जिससे तनाव बढ़ता है। अतः व्यवस्थित तरीके से कार्य करें तनाव नहीं होगा।

रूटीन में बदलाव:- व्यक्ति प्रतिदिन एक जैसा ही कार्य करते-2 उबने लगता है तथा जीवन नीरस सा लगने लगता है। समय-2 पर रूटीन से हटकर कार्य करने से तनाव मिटता है। सप्ताह के अन्त में परिवार के साथ कभी पिकनिक पर जाना, कभी किसी मित्र के घर जाना, पार्टी में शरीक होना, फिल्म देखना इत्यादि तनाव को दूर भगाने में मदद करने वाले कारक है।

भावनाओं को हमदर्दों के साथ शेयर करना:- कहते है सुख बाँटने से बढ़ता है तथा दुःख बाँटने से घटता है। मैं यह करना चाहता हूँ कि आप अपनी भावनाओं, समस्याओं परेशानियों इत्यादि को अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यों तथा शुभचिन्तकों के साथ बाँटे तथा उन पर चर्चा करें। हल अवश्य मिलेगा। शादी-ब्याह, पर्व-त्योहारों में अवश्य शरीक हों। मिलने-जुलने से तनाव कम होता है।



सोच में बदलावः- आज के जमाने में रोजमर्रा की जिन्दगी में इंसान समस्याओं एवं परेशानियों के रूबरू होता ही रहता है तथा यह इंसानी फितरत है कि जब उस पर किसी समस्या का बोझ आता है उससे निपटने के बजाये पहले वह निराशावादी विचारों में डूबने लगता है तथा अपने नुकसान के बारे में उसके मन में बुरे-2 ख्याल आने लगते है। धीरे-2 यही ख्याल एवं विचार तनाव में बदल जाता है। किसी शायर ने ठीक ही कहा है:—

मुहब्बत का समन्दर सुखाना चाहती है
हवा चराग नहीं दिल बुझाना चाहती है
तुझे मरज है उदासी के गीत सुनने का
ये जिन्दगी तो अभी मुस्कुराना चाहती है

कहने का तात्पर्य यह है कि इंसान को अपने में थोड़ी सी हिम्मत एवं अच्छी सोच विकसित करने की आवश्यकता है। इस हुनर से इंसान रोजमर्रा की छोटी-मोटी समस्याओं से आराम से निपट सकता है, तनावग्रसित होने से बच सकता है तथा उसकी खूबसूरत जिन्दगी मुस्करा सकती है।

समाज एवं परिवार से जुड़े रहनाः- संयुक्त परिवार का टूटना सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन में एक बड़ा बिखराव पैदा कर दिया है तथा तनाव नामक दानव ने इसका फायदा उठाया है। संयुक्त परिवार के ढाँचे में व्यक्ति तनाव मुक्त रहता था क्योंकि उसे यह यकीन रहता था चाहे वह कहीं भी हो उसकी पत्नी एवं बच्चों का देख-भाल करने वाला घर में बाकी सदस्य है। वे उन्हें कोई परेशानी नहीं होने देगें। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आप कहीं भी रहें अपने परिवार एवं समाज से अच्छे संबंध बनाए रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे आपका तथा गाँव में रह रहे आपके व्यक्तिगत परिवार का मदद कर सकें।

हँसना एवं हँसानाः- राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था "अगर मुझ में हँसने की प्रवृत्ति नहीं होती तो मैं कभी का आत्महत्या कर लिया होता" इस सूत्रवाक्य से हमें शिक्षा लेने की जरूरत है। यहाँ पर मैं कुछ वर्ष पहले रिलिज हुई हिट फिल्म "मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस." का जिक्र करना चाहूँगा। फिल्म में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अस्थाना की भूमिका अभिनेता बोमन ईरानी ने निभाई है, जिन्हें जब भी गुस्सा आता है या तनाव होता है हँसने लगते है। संजय दत्त ने मुन्ना भाई का किरदार निभाया है जो हँसी-मजाक में बड़ी से बड़ी बीमारी एवं समस्या का निदान कर देते हैं। मैं यहाँ यह कहने की कोशिश कर रहा हूँ कि हँसना एवं हँसाना तनाव को मिटाने के लिये एवं जीवन को सहज एवं सुन्दर बनाने के लिये औषधि का कार्य करता है।

गीत एवं संगीत सुननाः- यह सर्वविदित तथ्य है कि गीत एवं संगीत में वो कशिश है, जो इंसान को अपने तरफ खींचने के लिये मजबूर कर देता है तथा वह अपने दुख दर्द को कुछ समय के लिये भूल जाता है। अगर गीत अर्थपूर्ण है तो जिंदगी जीने का सलीका भी सिखाता है। जैसे:—

जिन्दगी का साथ निभाता चला गया।

हर फिक्र को धुएँ में उड़ाता चला गया।

जब भी फुर्सत के पल मिले गीत संगीत का लुत्फ, अवश्य उठाएँ इससे तनाव से मुक्ति मिलेगी।

व्यायाम करना एवं खेलनाः- नियमित रूप से व्यायाम करना तथा खेलना व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह से चुस्त एवं दुरूस्त रहता है तथा तनाव को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है खेलते समय गुस्सा करना या दिमाग में प्रतियोगी विचार नहीं लाना है, नहीं तो तनाव घटने के बजाय बढेगा।

आराम करनाः- जरूरत से ज्यादा शारीरिक मेहनत करना, कम सोना, अस्त-व्यस्त तरीके से रहना आदि भी तनाव को बढ़ाते है। अतः यह जरूरी है कि तन एवं मन को आवश्यक विश्राम दें तथा नियमित तरीके से सोने की आदत डालें। यह प्रक्रिया तनाव कम करने में अवश्य मदद करेगी।

योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) करनाः- योग एवं ध्यान में भारत विश्व का पुरोधा रहा है। इसमें हमारी समृद्ध परंपरा रही है। बस जरूरत है हमें आज के व्यस्त एवं तनावभरी जिन्दगी में कुछ क्षण निकालकर इस परंपरा को धारण करने की। अगर आप 15-20 मिनट भी योग एवं ध्यान के लिये निकालते है तो निश्चित तौर पर बुरे ख्याल आपके जेहन से बाहर निकल जायेगें। आप तरो ताजा महसूस करेगें तथा आपको शारीरिक एवं मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा।

प्रार्थना करनाः- प्रार्थना के दौरान व्यक्ति सर्वशक्तिमान ईश्वर के सामने अपने आप को समर्पित कर देता है। इस कार्य से उसे रूहानी सुकून मिलता है। आप कुछ वक्त प्रार्थना के लिये अवश्य निकालें, तनाव से मुक्ति मिलने में मदद मिलेगी।

आत्मसंयम रखना:- कई बार ऐसा होता है कि हम आत्मसंयम खो बैठते है तथा आपे से बाहर हो जाते हैं। ऐसी प्रक्रिया से तनाव बढ़ता है तथा छवि भी बिगड़ती है। इस पर काबू करने का एक तरीका यह है कि जब ऐसी नौबत आए तो कछ पल के लिये बिल्कुल चुप हो जायें गुस्सा अपने आप काफूर हो जायेगा। आप सामान्य स्थिति में आ जायेंगें।

संतुलित आहार का सेवन करना:- किसी ने सही कहा है कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य दिमाग का वास होता है। अगर आप स्वस्थ्य नहीं है तो आपको कई अवगुण जैसे चिड़चिड़ापन, क्रोध आदि घेर लेते हैं जिससे आपका तनाव बढ़ता है। अतः यह निहायत जरूरी है कि संतुलित आहार लें तथा अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाएं रखें एव तनाव मुक्त रहें।

"एक ताजा शोध के मताबिक, तनाव घटाने के लिये फूलों की खुशबू, विशेषकर नींबू के फूल या आम के मंजर का सुगंध मददगार हो सकता है। दरअसल इनकी खुशबू शरीर के जीन और रक्त में शामिल तत्वों पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं जिसमें तनाव घटता है, उदासी दूर होती है और नींद भी अच्छी आती है।"

- **कृष्ण कुमार,** द्वितीय कमान अधिकारी,
135(महिला) बटालियन, केरिपुबल

राजभाषा रिपोर्ट

पश्चिमी सेक्टर, मुम्बई की राजभाषा रिपोर्ट

राजभाषा अधिनियम 1963 व राजभाषा नियम 1976 में वर्णित प्रावधानों के अनुसरण में पश्चिमी सेक्टर केरिपुबल के सभी अधीनस्थ कार्यालयों ने वर्ष 2009-2010 के दौरान सरकारी कार्य में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग की दृढ़ प्रतिज्ञा की थी तथा राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु सभी कार्यालयों में सभी स्तरों पर वर्ष भर सार्थक प्रयास किए गए। इनके तहत वर्ष के दौरान समस्त कार्यालयीन विषयों पर राजभाषा में कार्य किए जाने के प्रयास किए गए तथा अहिन्दी भाषी कार्मिकों के लिए जिन्हें सरकारी कार्य राजभाषा करने में झिझक होती थी, उनकी झिझक दूर करने व उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष के दौरान कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। साथ ही सामान्य कार्यालय आदेशों तथा स्वीकृति आदेशों के मानक नमूने तैयार कर कम्प्यूटरों में उपलब्ध कराए गए, ताकि

आहेन्दी भाषी कार्मिक भी राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हों।

कार्यालयों में तैनात अधिकारियों व सभी श्रेणियों के कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी कार्यालयों में वर्ष के दौरान विभिन्न राजभाषा संबंधी आयोजन किए गए तथा लेख/निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को नकद पुरस्कार स्वीकृत किए गए। वर्ष के दौरान कार्मिकों को राजभाषा में सरकारी कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन देने के प्रयासों में सभी कार्यालयों में नामित किए गए हिन्दी अधिकारियों ने वर्ष भर संजीदगी का रूख अपनाते हुए जागरूक किया व मार्गदर्शन दिया तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों/क्षेत्रीय कार्यानवयन कार्यालयों से मार्ग दर्शन प्राप्त कर हिन्दी में कार्य करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों को एक मंच उपलब्ध कराया गया, जहाँ वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

अच्छा साहित्य, जो आपकी भाषा का है तथा अच्छी तरह से आपकी समझ में आता है, उसे पढ़ने से आपकी रचनात्मक व सृजनात्मक सोच में वृद्धि होने के साथ-साथ यह आपके मानसिक तनाव को भी कम करता है, की तर्ज पर वर्ष के दौरान सभी कार्यालयों में अधिकाधिक साहित्य हिन्दी भाषा में ही खरीदा गया।

कार्यालय के सभी योग्य कार्मिकों को राजभाषा प्रशिक्षण दिए जाने के प्रयास में राजभाषा से संबंधित प्रशिक्षण प्राज्ञ तथा हिन्दी टंकण/आशुलिपि के लिए शेष सभी कार्मिकों को वर्ष के दौरान केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षित कराया गया।



पश्चिमी सेक्टर में हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिमी सेक्टर के महानिरीक्षक श्री ई. राधाकृष्णा

राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग की सुनिश्चिती के वर्ष भर के सफल प्रयासों के

फलस्वरूप इस सेक्टर के अधीनस्थ कार्यालय ग्रुप केन्द्र केरेपुबल पुणे को वर्ष 2008-09 के लिए हिंदी में किए गए श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए द्वितीय स्थान अर्जित करने पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 'पश्चिम' व 'मध्य' क्षेत्रों में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों तथा उपक्रमों के लिए दमण में दिनांक 27.03.2010 को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा सम्मेलन में माननीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय माकन के करकमलों द्वारा शील्ड प्रदान की गई तथा राजभाषा के उत्तम कार्यान्वयन हेतु दिनांक 22.12.2009 को आयोजित नराकास पुणे की अर्द्धवार्षिक बैठक में श्री वीर सिंह परशीरा, सचिव राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के करकमलों द्वारा ग्रुप केन्द्र पुणे को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राजभाषा के सफल कार्यान्वयन में सेक्टर मुख्यालय के प्रयासों व सहयोग की सराहना डॉ. एम. एल. गुप्ता, उप निदेशक (कार्यान्वयन) द्वारा श्री इ. राधाकृष्णा, पुलिस महानिरीक्षक, पश्चिमी सेक्टर केरिपुबल नवी मुम्बई को दिनांक 14 जनवरी 2010 को लिखे अर्द्धशासकीय पत्र फा.सं0/1021 के द्वारा की गई।

ग्रुप केन्द्र केरिपुबल इंफाल को पूर्वोत्तर की राजभाषा शील्ड

पूर्व एवं पूर्वोतर क्षेत्र का वर्ष 2007-08 एवं वर्ष 2008-09 के लिए संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन तथा क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 04 एवं 05 फरवरी 2010 को शिलांग (मेघालय) में भारत सरकार, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय गुवाहाटी, असम, द्वारा आयोजित किया गया था। वर्ष 2007-08 के दौरान ग्रुप केन्द्र इंफाल द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य किये जाने के परिणामस्वरूप ग्रुप केन्द्र इंफाल को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर श्री अजय माकन, गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा ग्रुप केन्द्र इंफाल को शील्ड प्रदान की गई तथा राजभाषा के कार्यान्वयन में सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण/कार्यान्वयन में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए निरीक्षक हिंदी अनुवादक कृष्ण कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



माननीय श्री अजय माकन, गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार से पूर्वोत्तर क्षेत्र की राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते निरीक्षक/हि.अनु कृष्ण कुमार शर्मा का ग्रुप फोटो चित्र

ग्रुप केन्द्र रंगारेड्डी में 21 दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के सौजन्य से ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल, रंगारेड्डी में 21 दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दक्षिणी सैक्टर, केरिपुबल के देश के विभिन्न भागों में परिनियोजित 35 अधीनस्थ कार्यालयों से कुल 38 कार्मिकों ने भाग लिया।



अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए श्री एन.आर.के. रेड्डी, पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी सेक्टर

इस पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् 38 कार्मिक अपने-अपने कार्यालयों में वापस जाकर जहाँ एक ओर अनुवाद कार्य में सहायक होंगे वहीं दूसरी ओर कार्यालयीन कार्य को हिंदी में अधिक कुशलता से कर पाएंगे। इस पाठ्यक्रम में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के नई दिल्ली और बैंगलूर केन्द्रों के व्याख्याताओं ने कार्यालयीन भाषा, टिप्पणी, प्रारूपण, अनुवाद के सिद्धांत, उसकी प्रक्रिया, तकनीकी, राजभाषा अधिनियम, नियम, संकल्प, विभिन्न आदेशों को जानकारी आदि का प्रशिक्षण दिया जो कि सरकारी कर्मचारियों के लिए काफी लाभप्रद है। इस प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों ने काफी उत्सुकता से भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की



सांक्षप्त अनुवाद प्रांशेक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रांतेभाांगेयों का ग्रुप फोटो

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सुनील कुमार यादव, द्वितीय–कमान–अधिकारी (कार्यकारी उप महानिरीक्षक) की अध्यक्षता में किया गया। समापन समारोह श्री एन.आर.के. रेड्डी, भा.पु.से., महानिरीक्षक, दक्षिणी सेक्टर, के.रि.पु.बल हैदराबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। श्री एन.आर.के रेड्डी मुख्य अतिथि के कर-कमलों से सभी 38 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये। इस कार्यक्रम के अन्तिम चरण में, डॉ. सी. एस. राव, भा.पु.से., उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के.रि.पु.बल रंगारेड्डी द्वारा समारोह के मुख्य अतिथि महोदय की स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्त हुआ।



महानिदेशालय, नई दिल्ली में दिनांक 16 सितम्बर 2010 को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विक्रम श्रीवास्तव, महानिदेशक महोदय ने की। वर्ष 2009-10 के दौरान हिंदी में सर्वाधिक एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पश्चिमोत्तर सेक्टर को सर्वोत्तम सेक्टर तथा महानिदेशालय के प्रशासन-2 अनुभाग को सर्वोत्तम अनुभाग के रूप में चुना गया है। हिंदी पखवाड़े की हिंदी प्रतियोगिताओं में महानिदेशालय के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रथम/द्वितीय/तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया है।



अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन प्रतियोगिता के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा.) श्री एस.आर. ओझा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव

इस अवसर पर महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव ने वर्ष 2009-10 के दौरान राजभाषा के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट निष्पादन के सर्वोत्तम सेक्टर और महानिदेशालय के सर्वोत्तम अनुभाग को राजभाषा शील्ड प्रशस्ति पत्र तथा हिन्दी पखवाड़े की "हिन्दी प्रतियोगिताओं" में पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया। पुरस्कार/ शील्ड विजेता निम्न प्रकार हैं :

(क) राजभाषा रनिंग शील्ड

(1)	सर्वोत्तम सेक्टर	- पश्चिमोत्तर सेक्टर
	द्वितीय स्थान	- श्रीनगर सेक्टर
(2)	सर्वोत्तम अनुभाग	- प्रशासन- दो अनुभाग
	द्वितीय स्थान	- कल्याण शाखा

(ख) प्रशस्ति-पत्र

1. अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन प्रतियोगिता (1-8-2010 से 31-8-2010)

प्रथम	पुलिस उप महानिरीक्षक (निर्माण) श्री वी.के. सिंह
द्वितीय	पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा.) श्री एस.आर. ओझा
तृतीय	पुलिस उपमहानिरीक्षक (भर्ती) श्री एम.के. सिन्हा

2. हिंदी कार्यशाला की सत्रांत परीक्षा (दिनांक 23-08-2010)

प्रथम	उ.नि.(मं.) सुखदेव कुमार	वे.ले. कार्यालय

द्वितीय	स.उ.नि.(मं.) हेमन्त कुमार शर्मा	प्रशा-2
तृतीय	सि./जी.डी. शीश राम यादव	ई.डी.पी.



सर्वोत्तम सेक्टर के लिए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव से राजभाषा रनिंग शील्ड प्राप्त करते हुए पश्चिमोत्तर सेक्टर के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री ताज मोहम्मद

3. हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता (दिनांक 01-09-2010)

प्रथम	उ.नि.(मं.) राजीव अरोड़ा	प्रशासन-1
द्वितीय	उ.नि.(मं.) विकास भसीन	विधि
तृतीय	स.उ.नि.(मं.) पुनीत पुष्कर	संचार

4. हिंदी टंकण प्रतियोगिता (03-09-2010)

प्रथम	हव.(मं.) विजय कुमार सिंह	क्रय प्रकोष्ठ
द्वितीय	हव.(मं.) दुलीचन्द	कल्याण
तृतीय	हव.(मं.) अमित कुमार मोहन	प्रशासन

इस अवसर पर श्री श्रीकांत, महानिरीक्षक (प्रशासन) ने सभी विजेताओं को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और आशा व्यक्त की वे राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में भविष्य में भी इसी प्रकार बढ़चढ़कर अपना योगदान देते रहेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जिन कर्मचारियों का नाम पुरस्कार श्रृंखला में नहीं आया है वे भी राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में इसी प्रकार अपना योगदान देते रहें। अगली बार पुरस्कार श्रृंखला में उनका नाम भी आ सकता है।

हिंदी दिवस की झलकियां



हिन्दी दिवस के अवसर पर उप कमा. (कल्याण) श्री डी.एस. पाल को पुरस्कृत करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव



हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी सत्र का दृश्य



हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव



हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानिदेशक श्री विक्रम श्रीवास्तव

ग्रुप केन्द्र बैंगलूर को मिला राजभाषा पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्यवन समिति बैंगलूर द्वारा वर्ष 2009-10 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में उत्तम कार्य निष्पादन के लिए ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, बैंगलूर को "राजभाषा तृतीय पुरस्कार" प्रदान किया गया है। केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलूर के सभाभवन में बैंगलूर स्थित 139 केन्द्रीय कार्यालयों के प्रमुखों एवं हिंदी अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में माननीय अध्यक्ष नराकास श्री एन. मुरूगेशन द्वारा राजभाषा शील्ड (तृतीय) प्रदान किया गया और निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) पवन कुमार श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



श्री एन. मुरुगेशन, अध्यक्ष, नराकास निरीक्षक/हिंदी अनुवादक पवन कुमार श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए।



श्री के. अरकेश, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र बैंगलूर अभिभाषण करते हुए।

ग्रुप केन्द्र गांधीनगर ने मनाया हिंदी दिवस समारोह



हिन्दी दिवस के अवसर पर एक प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए गांधीनगर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र घई



हिन्दी दिवस के अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए गांधीनगर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र घई

नीमच में 'नराकास' की 28वीं अर्द्धवार्षिक बैठक की आयोजन

भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और राजभाषा हिंदी के प्रति अधिकारियों/कर्मचारियों में जागरूकता लाने तथा सरकारी कामकाज में उसके प्रयोग को गति प्रदान करने के उद्देश्य से नीमच नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति **(नराकास)** की अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, नीमच के मेन्स क्लब में बिग्रेडियर (रिटा.) मान सिंह, अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं पुलिस उप महानिरीक्षक/प्राचार्य केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, नीमच की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में बल के वरिष्ठ अधिकारी श्री टी. शेखर, पुलिस उप महानिरीक्षक/ प्राचार्य, रगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, श्री एम.एस. शेखावत, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, डा. पी.एस. क्यूवीरीयाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक (चिकित्सा), श्री अजय कुमार सिंह, कमाण्डेंट 4 सिगनल बटालियन, श्री मनफूल सिंह, उप कमाण्डेंट एवं राजभाषा अधिकारी, ग्रुप केन्द्र नीमच एवं नीमच नगर में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों/ सार्वजनिक उपक्रमों/बैंकों के 36 कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारीगण/ कर्मचारीगण और मीडिया/ प्रेस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सर्वप्रथम श्री विनोद कुमार राणा, निरीक्षक (हिंदी) ग्रुप केन्द्र नीमच एवं सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नीमच ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा 1 अक्टूबर 2009 से 31 मार्च 2010 के दौरान विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा प्रस्तुत की।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष बिग्रेडियर मान सिंह, ने सदस्य कार्यालयों/प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'भाषा जनता और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करती है। हिंदी आम बोलचाल की भाषा होने के कारण सारे देश में सम्पर्क भाषा का काम कर रही है और पूरे देश को एक सूत्र में पिरोए हुए है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम हिंदी भाषा के प्रति उदासीनता का परित्याग कर हिंदी का प्रयोग सहज व सरल भाव से करें, इससे हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। उन्होंने यह संदेश दिया कि हमें अंग्रेजी की विकृत एवं दासता की मानसिकता को त्यागना होगा तथा राजभाषा हिंदी को सच्चे हृदय से अपनाना होगा। हम सब इस बैठक में औपचारिकता पूरी करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि राजभाषा हिंदी के प्रति अपना कर्तव्य समझकर पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ बैठक में शामिल हों तथा यह दृढ़ निश्चय करें कि हम न केवल सरकारी कामकाज हिंदी में करेंगे बल्कि अपने दैनिक बोलचाल की भाषा एवं अन्य कार्यों में भी हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे। अंत में, रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र के उप कमाण्डेंट श्री अनिल कुमार यादव ने अध्यक्ष महोदय एवं सदस्य कार्यालयों से पधारे सभी अधिकारियों/प्रतिनिधियों एवं प्रेस मीडिया का आभार व्यक्त किया।



बिग्रेडियर (रिटा.) मान सिंह, अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं पुलिस उप महानिरीक्षक/प्राचार्य केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, नीमच नराकास की 28वीं अर्द्धवार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए



रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, नीमच में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 28वीं अर्द्धवार्षिक बैठक में आये हुए केन्द्र सरकार के कार्यालयों/सार्वजनिक उपक्रमों/बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी बैठक में भाग लेते हुए

हिंदी प्रतियोगिताओं में ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम की उपलब्धि

केरल हिंदी प्रचार सभा के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़े के दौरान केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए 20 सितम्बर 2010 को राज्यस्तरीय विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तिरूवनंतपुरम स्थित केरल हिंदी प्रचार सभा के सभागृह में 28 सितम्बर 2010 को आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में केरल राज्य के पूर्व सांसद श्री पणियन रवीन्द्रन द्वारा श्री बिजु लाज़र कमांडेंट, ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम को द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी प्रदान की गई।

इन प्रतियोगिताओं में ग्रुप केन्द्र पल्लिपुरम के निम्नलिखित कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए :-

1. अनुवाद विशेष	तृतीय पुरस्कार	निरी./हि.अनु. चित्तरंजन दास
2. टिप्पण आलेखन	तृतीय पुरस्कार	उप.निरी. टैटस फर्नांडिस
3. निबंध लेखन	प्रथम पुरस्कार	हव(म.) सनेश कुमार
	द्वितीय पुरस्कार	उप.निरी. टैटस फर्नांडिस
4. टंकण प्रतियोगिता	प्रथम पुरस्कार	हव(म.) दीपक कुमार
	द्वितीय पुरस्कार	उप.निरी. टैटस फर्नांडिस



पूर्व सांसद श्री पणियन रवीन्द्रन श्री बिजु लाज़र कमांडेंट, ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम को द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी प्रदान करते हुए।

ग्रुप केन्द्र मोकामाघाट ने मनाया हिंदी पखवाड़ा

ग्रुप केन्द्र मोकामाघाट में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 31 सितम्बर से 15 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा तथा 14 सितम्बर, 2010 को हिंदी दिवस मनाया गया। पखवाड़े के दौरान 1 से 31 अगस्त 2010 तक हिंदी व्यवहार प्रतियोगिता आयोजित की गयी। दूसरे चरण में 16 से 20 अगस्त, 2010 तक 5 दिवसीय कार्यशाला चलाई गई, तृतीय एवं चतुर्थ चरण में 1 सितम्बर, 2010 को हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता व 3 सितम्बर, 2010 हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इनमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। 14 सितम्बर 2010 को श्री आर.जी.आर. भट, केरिपुबल, मोकामाघाट की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि हम सभी को अपनी राजभाषा हिंदी पर गर्व होना चाहिए और रोजमर्रा के काम में सरल हिंदी का प्रयोग करने की भी अपील की ताकि गैर हिंदी भाषी कर्मचारियों को आसानी से समझ में आ सके और उन्हें भी हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा मिले।



हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लेने वाले ग्रुप केन्द्र मोकामाघाट के अधिकारी व

ग्रुप केन्द्र हैदराबाद को नगर राजभाषा शील्ड

केन्द्रीय सरकार के कुल 118 कार्यालयों के सदस्य वाले पर हैदराबाद/ सिकंदराबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा वर्ष 2010 का राजभाषा शील्ड संयुक्त रूप से ग्रप केन्द्र हैदराबाद तथा एन.पी.ए. व आई.आई.सी.टी. को प्रदान किया गया कुल 42 कार्यालयों के द्वारा राजभाषा हिंदी के अपने-अपने कार्यालयों में कार्यान्वियन की स्थिति व तत्संबंधी प्रस्तुत आंकड़ों के परिप्रेक्ष्य में कार्यालयों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने पर ग्रुप केन्द्र हैदराबाद के द्वारा किए गए राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु इस कार्यालय को वर्ष 2010 का नराकास राजभाषा शील्ड का संयुक्त विजेता चुना गया। सी.आर.पी.एफ. के दक्षिण सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक महोदय श्री एन.आर.के. रेड्डी, भा.पु.से. ने इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र हैदराबाद के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री पोरेन्द्र प्रताप तथा राजभाषा अनुभाग व अन्य सभी ग्रुप केन्द्र स्टाफ को बधाई दी तथा इसी प्रकार राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी निष्ठा एवं अधिकाधिक सरकारी कामकाज हिंदी में करने का जज्बा बनाए रखने की आशा व्यक्त की।



राजभाषा शील्ड के साथ दक्षिण सेक्टर के महानिरीक्षक श्री एन.आर. के. रेड्डी तथा ग्रुप केन्द्र हैदराबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री पोरेन्द्र प्रताप

ग्रुप केन्द्र ग्रेटर नोएडा ने मनाया हिन्दी पखवाड़ा

ग्रुप केन्द्र ग्रेटर नोएडा में 01 सितम्बर 2010 से 15 सितम्बर 2010 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। इस उपलक्ष्य में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 24 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के अंत में सत्रांत परीक्षा ली गई। इसके अतिरिक्त हिन्दी टिप्पन आलेखन में कुल 08 कार्मिकों ने तथा हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में कुल 13 कार्मिकों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को नगद पुरस्कार स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर के.रि.पु.बल के महानिदेशक महोदय का राजभाषा संदेश भी सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अशोक कुमार, भा.पु.से. के द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि उन्हें हिन्दी भाषा बोलने में हीन भावना नहीं समझनी चाहिए तथा हमें अपनी मातृभाषा बोलने के साथ-साथ हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी में ही बोलना एवं अपना कार्य करना चाहिए तथा उन्होंने विजयी प्रतियोगियों को बधाई दी।



ग्रुप केन्द्र नोएडा में आयोजित हिन्दी कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय

पश्चिमोत्तर सेक्टर, चंडीगढ़ ने जीता गृह मंत्रालय की राजभाषा शील्ड/प्रशस्ति-पत्र

The darkness of night faded off and around 0545 hrs we heard a firing shot. The element of surprise was over. Two parties were sent from two directions to find out the miscreants. In two hours pursuit we were able to nab the militant. By the time sun on the sky was giving warmth to us. It seemed that we had got a new life. We dismantled our camp with perfection that no tell tale signs are left as it invites trouble from the enemy on the ground as they are able to locate us. When we left the place, it was almost same as we had occupied in the night. Orders were given to march. The party moved for almost two hours and we reached the firing range, where we re-organised. Instructors came to us and we were told the debriefing will be done at jungle camp at Auriya. The vehicles were waiting for us. We boarded in the vehicles and went to the jungle camp.

Around lOOOhrs we reached the camp. De-briefing was done by the company commander, me and other platoon commanders. Merits and demerits of operations were discussed. All of us were very hungry and it seemed we could eat like monster if provided with food. That morning the breakfast seemed to be the most sumptuous food, ever I had in my life. This was the toughest night in my life and perhaps it might have been same for all of my batch mates. All through our life none of us perhaps will forget it. Rather we will cherish it as a boon given by our efficient instructors. Today I understand as an instructor that it was a boon in disguise. I wish that each trainee must get such good instructors to make them mentally and physically very tough. 36th batch of DAGOs will never forget the night of harbour and will always cherish this memoir as their one of the important chapters of life.

Shri Manoranjan Kumar
A/C, RTC AVADI

SPECIAL FEATURE

Security of the Kashmir Rail Project in Valley



Background of the Rail Project in Kashmir Valley

The story of Rail project in Kashmir has already covered a stretch more than the memory of any human being can hold. As the history speaks, it dates back to 1898 and thus more than a century old. It is said that in 1898, the then Dogra ruler Maharaja Pratap Singh explored the possibility of a railway line in Kashmir. But then and in the successive years the project could not take off either due to political frictions, Cost cum feasibility factors or due to security reasons. Further, in 1947 a rail link between Pathankote and Jammu, extended further to Srinagar was proposed but the proposal was put on hold due to cost factor. However the first survey was conducted during 1952-53 but again to hold on for next five decades. In the mean time successive attempts by the top leaderships of India were made to enable the project to see the light of the day but to no avail.

Inaugurated several times since 1982, first by the then Prime Minister Indira Gandhi,who laid the foundation stone at Qazigund and subsequently by her successors like H.D. Deve Gowda, Inder Kumar Gujral and Atal Bihari Vajpayee, work on the project finally started in 2002. So after several

false starts, spanning more than two decades, the Kashmir railway dream finally inched towards realization in the autumn of 2008, when prime minister Manmohan Singh, the sixth PM in this series, inaugurated the 50km-long Budgam-Srinagar-Pulwama-Anantnag section of the ambitious Udhampur-Qazigund-Srinagar-Baramulla rail project. As railway minister Laloo Prasad Yadav waved the green flag and Prime Minister Manmohan Singh, President, Congress party Sonia Gandhi, governor, J&K, N.N. Vohra and former chief minister, J&K, Ghulam Nabi Azad watched from the platform, the especially designed engines and red-colour eight-coach diesel electric multiple unit train chugged in slowly. In the coming months the train service was extended to Rajwansher (locally known as Mazhama) and reached Baramulla by the end of 2008.

The 53 km first sector of rail project between Jammu to Udhampur was completed in 2005 at a cost of Rs 522 crore. The second section of the project between Udhampur to Baramulla comprises of 25 Km Udhampur-Katra rail link, 148 km Katra-Qazigund link and 119 km Qazigund-Baramulla sector. The Udhampur-Katra section involves about 10.98 km of tunneling, nine major, same numbers of minor bridges and 10 ROB. The approximate cost of this section is projected at around Rs 680 crore. The tallest bridge in this section is around 90 meters high and longest tunnel is around 3.15 km long.



Loss suffered by 143 Bn CRPF at Brao-Bandana IED blast on 23.01.2007.

The Katra-Qazigund 148km long leg is the toughest section ever been constructed. Full of tunnels and bridges, this section will have a bridge constructed across river Chenab, which will have an arch span of 365 meter and a total length of 1.3 km. The bridge will be about 359 meter above the bed level of river and the highest in the world. The Qazigund end of this stretch will have 10.96 km longest tunnel piercing the Pir Panjal range below the snow line.

The total cost of the project has been estimated at Rs 11,270 crore, of which Qazigund-Baramulla section involves Rs 2,275 crore .The 10.96 km long Pir Panjal tunnel from Banihal to Lower Munda is considered to be the longest tunnel on the Indian railway network. While the 119 km long Qazigund-Baramulla section will have 800 bridges and 15 stations.

Ever since its inauguration on October 11, 2008, the train in Kashmir has been an instant hit as most people in the valley had seen the train for the first time. As per the statistics available, now more than 6,000 people travel by train daily in Kashmir. According to IRCON officials, till 2008, Rs 2,400 crore, including land compensation cost paid to farmers had been spent over the rail project.

Establishment of IRCON (Indian Railway Construction Company) and the Deployment of CRPF

Although for many people of Kashmir, this was the first time they have ever seen a train but it was not for the first time that CRPF made sacrifices for ensuring the safety and security of Rail project. Like northeast where it remained deployed for the security and safety of various rail projects, CRPF's deployment for Kashmir Rail project is full of sacrifices.

IRCON's journey in the valley, which started somewhere in 2002, had had its share of problems. In 2003, Sudhir Pundeer, an engineer working for IRCON fell to the militants' bullets along with his brother. The newly married engineer was abducted and later killed near Batapora in the Pulwama district. Terrorists also threatened the workers and the civilians to stop work on the railway line. Following this incident, nobody was willing to work without proper security cover. Therefore in the same year, Rajesh Chopra, Chief Administrative Officer Northern Railway and Ankur Krishan, Director (Works) IRCON requested the MHA/Railway ministry for deployment of CRPF. Within a few months, CRPF was deployed for providing security cover to IRCON throughout Valley. "To provide

effective security CRPF had to be placed along proposed railway track." So all along the proposed rail track, from Budgam to Anantnag, the CRPF personnel have set up their camps in the close vicinity of the railway tracks. These camps can be seen located at a distance of 200-500 meters of the railway track. The purpose of setting up these security forces camps was to thwart and sabotage the designs of militants who wanted to cause damage to railway track and the stations. While IRCON carried out the work on the laying of tracks and setting up other infrastructure, agencies such as Central Reserve Police Force (CRPF) and Police, ensured the safety of the railway tracks, stations, goods yard construction, the workers, engineers, senior officials of GOI and also the railway bogeys.



Railway authorities engaged in repairing the rail after the IED blast on 1.4.2010.

The stretch from Panzgam in Pulwama to Hassanpora in Anantnag district was/is believed to be the hypersensitive area with an active presence of HM and LET militants in the belt. During 2004 to 2007 this hypersensitive area was entrusted with the 143 BN CRPF followed by 130 BN CRPF. Both the battalions performed extremely well in executing their duties and ensured that the writ of the government of India prevails. But everything comes at a price. Due to non availability of any anti landmine vehicles both the battalions suffered heavy casualties in 2 powerful IED blasts on 23rd of January 2007 and 17th of August 2007 at Brao-Bandana and Kawanee Respectively.

When the CRPF was deployed there was almost no infrastructural support provided by state for them. Consequently, Force has erected tents and at times, stayed inside concrete box-girders meant for construction of culverts/road under bridges. “No other force would have accepted the challenge of working under such trying circumstances in south Kashmir. CRPF worked in securing IRCON construction and in counter insurgency operations in areas adjoining the railway track. The jawans have sacrificed a lot for this project and played a commendable role”. For long Naina-Batpora in Pulwama had remained “epicenter of nefarious designs of militants.” In addition Panzgam village, which falls along the railway track, has been worst hit not because of the long curved bridge but because of kidnapping incidents. In fact, Awantipora, Panzgam, Batpora, Hassanpora and Bijbehara belt has been a strong hold of Hizbul Mujahideen militant outfit.



Agitated public temporarily halted the train carrying CEO (Northern Railway) demanding Railway Station at Batpora.

During these years, Militants have attempted to sabotage the construction work on the railway line several times. IEDs had been recovered by CRPF from the track on several occasions prior to the operations. It is believed that, “For this, they had not only instigated civilians to oppose conversion of their farm land into railway land but also killed many people, including civilians, railway staff and security forces.”

Present Threat Perception and the Counter Measures

Based on the statistics of last 2008 and entire 2009 showing downfall in terrorists related violence and taking cue from the announcements of PM and HM that Jammu and Kashmir police will be brought in the fore front of fight against militancy, there was a proposal, mooted by some quarters of the administration that CRPF may now be removed from the locations it occupied along the railway track since last 6 years. But all these presumptions soon proved to be wrong. The incident of Midoora, Tral which occurred during the intervening night of 16-17 February 2010, where armed militants dressed in police uniforms attacked, overpowered and looted the service rifles of the local policemen deputed to guard the minority community is a chilling reminder of the fact that police pickets deployed in hypersensitive areas are still vulnerable to militant attacks. Following this incident and after a gap of few weeks militants struck again at the police out post at Kellar, Pulwama and fired intermittently at the building for more than 15 minutes before melting away in the forests. These two incidents clearly indicate that this is probably not the right time to handover the security of entire stretch of KRP (Kashmir Rail Project) in Kashmir valley to the police alone. More over none other than the Militants proved this correct when, soon after the above two incidents they directly hit the Kashmir rail project by detonating a powerful IED blast right beneath the rail at the outskirts of Galbug village near Kakpora railway station, at around 2200 hrs of 1st April 2010. The fact that this was the first terrorist attack on railway after it became operational two years back, clearly speaks about the desperation prevailing in militant outfits. In this desperation they may resort to large scale terrorists attack on moving or halting train.

The attack took place at a time when senior railway officers were expected to visit Kashmir to review progress of the ongoing work in the railways. But it was also seen as a mark of reaction by terrorists, over killing of Hizbul Commander Parvez Ahmad Dar @ Musharraf resident of Malangpora, in the second fortnight of preceding month. It is to be noted that Malangpora (the native village of Parvez) and Galbug (the point of IED blast) are in close vicinity.

More over the surge in terrorists violence during the first quarter of 2010, the recent increase in infiltration and the direction to valley based militant outfits, from across the border, to carry out attacks on railway property, is an ominous sign indicating that CRPF can not be removed, altogether from the locations it occupied for the safety and security of IRCON (Now KRP)

around 6 years ago. Although, the deployment of RPF (Railway Protection Force) and GRP (Government Railway Police) along with the local policemen is a necessity but the need of counter insurgency operations by CRPF in the villages falling in and around the railway track can not be done away suddenly. While the presence of former agency is must for prevention and registration of criminal cases and thefts related to railways, the CRPF with its deployment in the hypersensitive areas such as Naina-Batpora, Panzgam, Hasanpora, Awantipora etc, will not only dominate but also sanitize the area in general. This is must because one single incident of terror attack on the moving/ halting train, its Railway Track or its officials/employees will shatter the confidence enjoyed by civil public as they consider the train as a safe mode of conveyance which has been out of any major terrorist's dictat/violence till now (except the blowing up of small piece of rail by the terrorists on 1st April 2010).

So the status quo needs to be maintained. The CRPF should be used for area domination and offensive counter insurgency operations in and around the villages from where the railways pass. RPF should guard the train from within to act in case of train hijack or terrorists attack and railway station in general, as they are usually housed there. GRP should be employed for normal Railway policing duties which will essentially include protection of rails, and other properties, surveillance on bridges, checking/ frisking and registration of cases. At present around 800 CRPF personnel, 1,600 State Police personnel (including GRP), and 350 personnel from the RPF guard the 119 km railway line round the clock.

Three police stations and six police posts had already been created for railway crimes. There DSPs have been deputed to ensure the safety of passengers and the railway property. In addition the police department is also planning to install CCTVs at six stations in the first spell, in order to follow the public activities and prevent any untoward incidents. According to the security experts threat perception has gone down after start of train service. According to them "Before its completion threat perception was more, contractors and engineers were threatened and militants wanted to delay it. Militants won't attack train now as civilians travel in it. However, to show their presence they might attack CRPF guarding railway track by planting foot Improvised Explosive Devices (IEDs) or by shooting at them and snatching their rifles,".

Security drills are being carried out early morning to monitor the track. Vigil is maintained throughout day. However, threat perception during night is more. There are no flood lights on track, which creates problems in ensuring its safety. To protect railway track, sensitization of adjoining areas is important.



CRPF troops searching for explosive devices near the railway track.

Apart from searching, patrolling and picketing, sniffer dogs assist the patrolling party. Lack of proper fencing around the track is one area of concern since it can lead to fatal incidents. Hence, it becomes imperative, from security point of view also, to restrict civilian movement near the tracks.

Concluding Remarks

Whenever the history of security of Kashmir Rail Project (Originally IRCON rail project) will be remembered, one will always notice that it would always reverberate with the excellent works done by the D and F companies of 130 Battalion CRPF. The contribution by the D/130 BN CRPF had been so immense and full of achievements that DG CRPF Mr. A.S.GILL had to visit the company location at Naina -Batpora to personally compliment the jawans and officers. Even after being a company which was having a primary task of providing foolproof security to the construction site

it took additional pains and not only completed the preliminary census of the area but shouldered additional responsibility of successfully taking part in various counter insurgency operations which invariably included the killing of top commanders of LET and HM such as Abu Ateef alias shadakh (LET Div Commander R/O of Pakistan) and Rayees Kachroo, HM Divisional Commander.

Shri Sanjeev Singh
A/C, 130 Bn. CRPF

शिक्षात्मक लेख

शराब, तनाव तथा एच.आई.वी का संबंध

सुरक्षा बलों में काफी हद तक नशाखोरी की प्रवृति देखने को मिलती है। सामान्यतः इनके द्वारा शराब का सेवन किया जाता है। यहाँ पर शराब का अर्थ देशी शराब, बीयर, ब्रांडी, रम, व्हिस्की, हंडिया इत्यादि से है। दूसरी समस्या जो आजकल सुरक्षा बलों में देखी गई है, वह है तनाव। इन दोनों का आपस में संबंध है। इन दोनों से होनेवाले शारीरिक परिवर्तनों की वजह से हमारा शरीर एच.आई.वी. संक्रमण के प्रति अति संवेदनशील हो जाता है, अर्थात् शराब का सेवन करने वाले लोगों में एच.आई.वी. संक्रमण की उस समय ज्यादा संभावना होती है, जबकि इनका यौन संबंध किसी एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति के साथ होता है। इस बात को समझाने के लिए यह आवश्यक है कि शरीर पर शराब की कार्यप्रणाली एवं उनके नुकसान को समझा लिया जाए।

जब हम शराब पीते है, तो शराब सीधे ग्रासनली से होती हुई आमाशय पहुँच जाती है। हालाँकि आमाशय में बहुत सारे रसायन विद्यमान होते हैं परन्तु इन रसायनों का शराब पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अधिकांश एल्कोहल अमाशय से सीधे रक्त प्रवाह में मिल जाते है। बची हुई शराब क्षुद्रांत में होते हुए रक्त में मिल जाती है। रक्त ही में मिलने के कारण यह समस्त अंगों ते आसानी से पहुँच जाती है। यह दिल की धड़कन, रक्तचाप, भूख, अमाशयिक उत्सर्जन, पेशाब की मात्रा को सीधे प्रवाहित करती है। शराब का गहरा प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है जिसके फलस्वरूप शिथलन से बेहोशी और मृत्यु तक उनकी अनुक्रियाएं हो सकती है। शराब का 98 प्रतिशत से

95 प्रतिशत तक भाग शरीर में एक से सात चरणों में गुजरता है तथा 2 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक सांस एवं पेशाब से बिना परिवर्तन निकल जाती है। शराब अमाशय में जाते ही अवशोषित हो जाती है। अतः दूसरे भोजन के विपरीत अल्कोहल के पाचन की आवश्यकता नहीं होती है। अवशोषण की गति, शराब पीने की गति, पी गई शराब में एल्कोहल की मात्रा अमाशय में मौजूद भोजन की मात्रा आदि जैसे विभिन्न कारणों पर निर्भर करती है।

शराब रक्त के जरिए शरीर के प्रत्येक अंग उतक तथा कोशिकाओं तक पहुँच जाती है। इस सामान्य वितरण द्वारा अल्कोहल रक्त प्रवाह से अलग होकर शरीर की छोटी-छोटी कोशिकाओं में पहुँच जाती है।

एल्कोहल एक अवसादक है। यह मस्तिष्क के उस हिस्से को दबा देती है जो निरोधो को व्यक्त करता है। इसीलिए व्यक्ति आराम महसूस करता है। यह हृदय की गति को थोड़ा बढ़ाती है। रक्त वाहिकाओं को विस्फारित करती है। भूख जगाती है और रक्त दाब को थोड़ा कम करती है। जब रक्त एल्कोहल सांद्रता अधिक होती है तो यह केन्द्रीय तंत्रिका प्रणाली के अन्य भागों को अवनमित करती है और इसके परिणाम स्वरूप विकट समस्याएं उत्पन्न हो जाती है।



शराब के प्रति समाज में कुछ मिथक भ्रान्तिया फैली है जैसे सर्दियों में ठंड से बचाव के लिए अच्छी है, इससे अच्छी नींद आती है, यह यौन प्रदर्शन को बढ़ाती है, लोगों की समस्याओं से छुटकारा दिलाती है इत्यादि। परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत है:–

क) शराब पीने से रक्त नलिकाओं का विस्तारण हो जाता है। जिससे गर्मी महसूस होती है। परन्तु सर्दियों में शरीर त्वचा को रक्त प्रवाह रोककर उष्मा को बचाता है। जबकि रक्त नलिकाओं के विस्तारण से उष्मा का ह्रास होता है।

ख) शराब सेवन से न तो अच्छी नींद आती है और न ही समस्याओं से छुटकारा

मिलता है, अपितु तांत्रेका तंत्र बाधित होने से समस्याएं बढ़ जाती है। शराब सेवन से यौनेच्छा बढ़ जाती है जबकि प्रदर्शन गिर जाता है, जिसकी वजह से यौन सहयोगी को संतुष्टि नहीं मिलती है।

तनावः मनोविज्ञान में शारीरिक मानसिक तनाव की स्थिति, शारीरिक संतुलन की अवस्था को समाप्त करती है। यह शरीर में जैव रसायन परिवर्तन लाती है। यह परिवर्तन शरीर में कॉर्टीसोल हार्मोन्स के स्रवण से होता है। तनाव के प्रभाव बहुत सारे तथा विभिन्न प्रकार के है। यह आत्महत्या की प्रवृत्ति को तथा बहुत हद तक आत्महत्या को प्रेरित करता है। इसके अतिरिक्त अवसाद, निकृष्टि, शराबखोरी एवं नशे की लत की ओर ले जाती है। तनाव के परिणाम खतरनाक हो सकते है। यह शरीर पर भौतिक, मनोवैज्ञानिक तथा व्यवहारिक दुष्प्रभाव छोड़ता है जोकि व्यक्ति तथा संस्था के लिए गंभीर दुष्परिणाम हो सकते है।

श्री राजपाल यादव
स.कमा., आर.टी.सी.-1, नीमच

खुलासा

नक्सलवाद का भयावह सच

किसी भी लोकतांत्रिक देश की परिपक्वता असंतोष और विद्रोह के झंझावातो को झेलते हुए उसके आगे बढ़ते रहने से परिलक्षित होती है। निश्चित रूप से भारत विश्व का एक ऐसा अनोखा देश है जहां न तो चीन जैसा सख्त अनुशासन है और न ही पाकिस्तान जैसी उच्छृंखलता। यह एक ऐसा देश है जहां के नागरिक अपने हर वाजिब हक के लिए सड़क से संसद तक कहीं भी लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध दर्ज करा सकते है। परन्तु यदि ऐसा विरोध एक संगठित आपराधिक पद्धति का स्वरूप धारण कर ले तो यह भारत ही नहीं अपितु किसी भी राष्ट्र में अक्षम्य हो जाता है। नक्सलवाद अर्थात 'लाल-आतंक' आज के समय में एक ऐसी ही राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बनकर उभरा है। यद्यपि यह कोई अचानक उभरी तस्वीर नहीं है, इसे दशकों से छद्म विचारों की उर्वरा के साथ पोषित किया गया है। आज तक इसे बहुत ही हल्के में लिया जाता रहा है। परन्तु अब जबकि ताड़मेटला, दंतेवाड़ा और झाड़ग्राम रेल हादसा जैसी वीभत्स घटनाओ को इनके द्वारा अंजाम दिया जा चुका हो, तो ऐसी स्थिति में इनके लिए सोचने को अब कुछ भी नही बचा है।

'नक्सलवाद' जिसे इनके संचालको ने जल, जंगल, ज़मीन और आदिवासी संस्कृति की रक्षा के नाम पर एक व्यापक जनविद्रोह का नाम दिया था, वस्तुतः यह

वर्चस्वकामी प्रवृत्ति के लोगों का संगठित अपराध के माध्यम से लोकतंत्र की धारा को अवरूद्ध कर देने का निन्दनीय और घृणित प्रयास मात्र है। 'नक्सलवाद' का जनहित से कोई सरोकार नही है। यह तो वर्चस्व और अपार धन की लिप्सा में आकंठ डूबे आपराधिक जगत के घटको के एकाकार हुए एक विकट अस्तित्व का समग्र प्रतिरूप है। 'नक्सलवाद' का आज न कोई एजेंडा है और न ही स्पष्ट और पारदर्शी विचारधारा। घोषित रूप से यह लड़ रहे है आदिवासी और गरीब जनता के हितो की रक्षा के लिए पर उन गरीब जनता के इलाकों तक पहुंच रही सड़के, पुल, स्कूल, अस्पताल एवं छात्रावास इनके निशाने पर है। यह दिखावा तो गरीब जनता की रक्षा का करते है, पर इन गरीब और आदिवासियों की निर्मम और बर्बर ढंग से भारी संख्या में हत्याएं भी इन्ही के द्वारा की जाती हैं। इनके हर काम में विरोधाभास है। यह कहते हैं कि साम्राज्यवादी ताकतों के एजेन्ट के रूप में भारत की राजनीतिक सत्ता इनका शोषण कर रही है, जबकि इन्ही गरीबों के लिए बन रहे आवासो, सड़को और दूसरे अन्य प्रतिष्ठानों के ठेकेदारों से इनके द्वारा अथाह धन सम्पदा एकत्र कर ली गयी है, जिसका कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नही है। इस बहती गंगा में जिसे जितना अवसर मिल रहा है दुबकी मार ले रहा है। इन अविकसित क्षेत्रो में गरीबो के श्रम से एकत्र की गयी बनोपज तथा इन निरीहो के भोलेपन का सबसे अधिक लाभ उठा रहे व्यापारियों को तो यह कुछ नहीं कहते, क्योकि यह तो इनके लिए उस दुधारू गाय के समान है, जिससे इनका जीवन संचालित होता है।



वास्तव में नक्सलियों का शोषण और अत्याचार के विरूद्ध कथित संघर्ष एक छलावा है क्योकि यह स्वयं ही शोषक हैं। नक्सलवाद की छाया में जी रहा हर व्यक्ति जिसकी कोई आमदनी है या नहीं अपनी हैसियत के अनुसार अपनी गाढ़ी कमायी

का हिस्सा इन्हे गुण्डा टैक्स की तरह देने के लिए मजबूर है। भोले-भाले आदिवासियों के गांव के गांव जिनके पास आय का कोई श्रोत नही है, जो किसी तरह अपना पेट मात्र भरते हैं, जिनके पास न तो पहनने के लिए वस्त्र है और न रहने के लिए मकान, भय और आतंक से मजबूर होकर इन्हे सब कुछ उपलब्ध कराते हैं। गांव में जाने पर पेट भरने के लिए खाना-पानी, लड़ने के लिए अपनी युवा सन्ताने और यहां तक कि इनकी वासना के लिए अपनी जवान बेटियाँ भी। इसके बदले में इन्हे क्या मिलता है? कुछ भी नही सिवाय बेमौत मरने के। क्योंकि इन्ही नक्सली आतंक की वजह से न वहां कोई डाक्टर जाता है और न ही कोई सरकारी तंत्र, जिससे इन्हे कुछ मदद की उम्मीद हो। यहां की गरीब, भोली-भाली जनता जिसे इन्होने नक्सलबाद की खुराक पिलाकर निस्तेज/निश्चेष्ट कर दिया है, इनके बिषैले जबड़ो में फंसकर जीवन की आशा त्याग चुकी है।

इन सबके अलावा एक और भी शर्मनाक वास्तविकता है। जैसा कि इनके द्वारा अपने कैडर और कामरेडों को बड़ें ही उँचे नैतिक आदर्श का पालन करने का मिथ्या परामर्श दिए जाने का प्रचार किया जाता रहा है। पर इस नैतिक आचरण का पालन कितना किया जाता है? इनके 'हाइड आउटों' पर सुरक्षा बलो द्वारा की गयी छापामारी मे आश्चर्यजनक मात्रा में अश्लील सामग्रियां बरामद हो रही हैं। इस अश्लीलता के साथ यह कौन सा आन्दोलन संचालित कर रहे है?

नक्सलवाद के पीछे परोक्ष रूप से इनकी जड़ो को सिंचित कर रहे तथाकथित बुद्धिजीवी जोकि सुरक्षाबलों द्वारा की गयी कार्यवाही में कथित प्रताड़ना का शिकार हुए लोगों के मानवाधिकारों के नाम पर अपने बौद्धिक कौशल से समाचारपत्रो-पत्रिकाओं को पाट देने की कोशिश करते है, क्या दन्तेवाड़ा मे 76 सुरक्षाबलों की हत्या और उसके कुछ ही दिनों बाद आम नागरिकों से भरी बस उड़ा देने, प0बंगाल के झाड़ग्राम में 150 से अधिक बेकसूर रेल यात्रियो की जान लेने और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 जवानो की हत्या करने जैसी कुत्सित घटनाओं को अंजाम देने के बाद भी ऐसे बुद्धिजीवी दो पंक्तियाँ लिखने की जहमत नही उठा सकते? क्या इनकी बौद्धिक दक्षता इतनी निर्मम हो गयी है? नहीं। यह तो इन इरादों की एक बानगी मात्र है जो 2050 तक भारत की सत्ता पर नक्सली वर्चस्व का दिवास्वप्न देख रहे लोगों की विचार-शक्ति बनकर अपने आपको भविष्य का स्टालिन और चे-ग्वेवारा *(Che-Gevara)* बन जाने का भ्रम पाले हुए हैं। यह उस काले नाग के सपेरो की तरह है जो उसे अपनी बौद्धिकता का खुराक पिलाकर और अधिक विषमय करते जा रहे हैं और शायद इन्हे इतना भी नही मालूम कि जिस दिन इन्होंने इन सांपों के दांत देखने की कोशिश की, इन खतरनाक विषधरों के विषैले डंक से नहीं बच पाएंगें।

ऐसा हो सकता है कि आदिवासी क्षेत्रो के विकास की अब तक उपेक्षा की गयी हो इन दुर्गम क्षेत्र के नागरिकों को इनके अधिकारों से वंचित रखा गया हो। परन्तु नक्सलियों का इससे कोई लेना-देना नहीं है। अब जबकि सरकार इन क्षेत्रों में विकास की गंगा बहा देने को उद्वत है, नक्सलियों द्वारा उसका प्रतिकार और निर्माण कार्यो में

भारी कमीशन की मांग इनके इरादो का द्योतक है। बने बनाए पुलों, सड़कों, रेल पटरियों स्कूलों, बिजली के खम्भों को क्षतिग्रस्त करके उन निरीह लोंगों के किन अधिकारों की रक्षा के लिए ऐसा किया जा रहा है? क्या इसलिए नही वे इन्हे अभिनव भारत का अंग नही बनने देना चाहते। नक्सली सशंकित हैं कि विकास के किरणों से उद्भूभत ऊर्जा कहीं उनमें नवीन चेतना का संचार न कर दे! कहीं वे अपने अस्तित्व के लिए नक्सलवाद की बैसाखी फेंककर स्वतःस्फूर्त न हो जाए।

नक्सली भारत की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर देने की क्षमता प्राप्त कर लेने का स्वप्न अवश्य देख रहे हैं पर इन्हे इसका आभास नहीं है कि एक वैध राजसत्ता जिसके पीछे प्रचुर जनसर्मथन का आश्रय हो, को अवैध और उन्मुक्त संसाधनों से पराजित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कि विगत कुछ वर्षों में राजनीतिक, वैचारिक और सामरिक तीनों मोर्चो पर इन्होने कुछ सफलता अवश्य अर्जित की है, पर यह उनके स्वप्न को हकीकत में बदलने के लिए अपर्याप्त है। इन्हे यह पता होना चाहिए कि जब लिट्टे जैसे संगठन नेस्तानाबूद हो सकते हैं तो नक्सली क्यो नही? भारत के पास पर्याप्त संसाधन हैं कि इन बिषैले साँपों को कुचला जा सके। यद्यपि कि एक दो घटनाओ से सुरक्षाबलो के मनोबल पर थोड़ा प्रभाव अवश्य पड़ा है पर फिर भी नक्सलियों को रणनीतिक रूप से परास्त करने के लिए यह पूरी तरह से सक्षम हैं। दिन प्रतिदिन का नक्सली उत्पात इस आग में घी का काम कर रहा हैं। नक्सलवाद की भेट चढ़ गए अपने शहीदो को सच्ची श्रद्धांजली देने के लिए संयम, अनुशासन और मर्यादा की ग्रन्थियों में जकड़ी हुई भुजाएं फड़क रही हैं।

वैचारिक और राजनीतिक मोर्चा पर भी यह देश इतना दुर्बल नहीं है कि इनका सामना करने में अक्षम हो। हो सकता है कि कुछ राजनीतिक दल और व्यक्ति सत्ता के लिए तथा कुछ सिरफिरे बुद्धिजीवी सस्ती महत्ता के लिए इनका उपयोग कर रहें हो, पर यह सबको भली-भाँति मालूम है कि कि नक्सलवाद एक ऐसी विभीषिका के समान है कि यदि इससे निपटने का प्रबन्ध न किया गया तो एक दिन यह सबके लिए घातक सिद्ध होगा।

निरी. श्रवण कुमार यादव
208 कोबरा

शिक्षात्मक लेख

पैंक्रियाटाइटिस

(मांदेरापान का उपहार)

पेट के अल्सर या लिवर की बीमारियों के बारे में तो सभी जानते हैं, मगर आजकल पैंकियाज ग्रंथि भी खराब हो रही है, जिसको पैंक्रियाज रोग कहते हैं।

आज के मशीनी जीवन में व्यक्ति तनाव से मुक्ति पाने के लिए शराब का सहारा लेता है। धीरे-धीरे यह एक आदत बन जाती है। लगातार शराब पीने से व्यक्ति पैंक्रियाटाइटिस रोग की चपेट में आ जाता है। जैसे-जैसे यह रोग बढ़ता है स्थिति वीभत्स होती जाती है तथा पैंक्रियाज (अग्नाशय) स्थायी रूप से खराब हो जाता है और पाचन एवं रक्त शर्करा नियंत्रण में बाधा आने से मधुमेह रोग हो जाता है। आइये इस रोग के बारे में विस्तार से जाने।

पैंक्रियाज ग्रंथि : एक परिचय

हर स्त्री एवं पुरूष के आमाशय के पीछे यह ग्रंथि पाई जाती है जो आकार में 12.5 से 15 से. मी. तक लंबी तथा 84.88 ग्राम (स्त्रियों में) तथा 90.41 ग्राम (पुरूषों में) भार वाली होती है। शरीर में यह गुच्छित ग्रंथि मछलीनुमा आकार धारण किये हुए होती है। इससे निकली नलिका (पैंक्रिएटिक डक्ट) तथा पित्ताशय से निकली नलिका संयुक्त रूप से मिलकर छोटी आंत में प्रवेश करती है।

यह ग्रंथि मुख्य रूप से 'ट्रिप्सन' नामक एंजाइम स्रवित करती है जो कार्बोहाइड्रेट को पचाने का काम करती है।

रोग की शुरूआत

रोग की शुरुआत पेट में भयंकर दर्द से होती है, रोगी को उलटियाँ भी होती हैं। पित्त के रास्ते में आयी रुकावट के कारण पीलिया भी हो जाता है जिसके साथ ही रोगी का भार एकदम गिरने लगता है और कुछ ही दिनों में वह कंकाल के समान दिखाई देने लगता। इस स्थिति को रोग आक्रमण यानि की एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस कहा जाता है।

जैसे-जैसे रोग बढ़ता है स्थिति वीभत्स होती चली जाती है। पैंक्रियाज स्थायी रुप से खराब हो जाता है तथा पाचन एवं रक्त शर्करा नियंत्रण में बाधा आती है। अग्नाशय में पथरी हो जाती है तथा पेट में दर्द रहने लगता है।



प्रमुख कारण

यूं तो इस रोग के कई कारण हैं लेकिन शराब पीना इस रोग का सबसे बड़ा कारण है। पहले यह रोग मात्रा में (60 से 80 मिली) लम्बे समय तक (8 से 10 वर्ष) शराब पीने वालों में देखा जाता था मगर अब यह देखा गया है कि यह रोग 20 से 40 मिली शराब के एक या दो वर्ष तक लगातार सेवन से भी हो जाता है। यदि फिर भी रोगी शराब पीना ना छोड़े तो उसकी मौत हो सकती है।

उपचार

इसके लिए सस्ता और बेहतर निदान है शराब को छोड़ना। रोगी को चाहिए कि वह वसायुक्त भोजन भी न ले क्योंकि वसायुक्त भोजन तथा शराब के हर घूंट के साथ तेज असहनीय दर्द उठता है। माँसाहारी भोजन तथा अधिक चाय, काफी का सेवन बंद या बिल्कुल कम कर देना चाहिए।

इस प्रकार कुछ साधारण एहितयात बरतने भर से इस रोग से होने वाली भारी तकलीफ को टाला जा सकता है क्योंकि यदि PANCREAS एक बार व्याधिग्रस्त हो गया तो दोबारा बहुत मुश्किल से सामान्य हो पाता है।

सि. विरेन्द्र प्रताप सिंह
18 बटा.

अनुभव

इशारा तथा धोखा : नक्सलवाद कार्यशैली



छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर जिला नक्सलवाद के गढ़ के रुप में माना जाता है, तथा इससे लगा हुआ नरायणपुर ज़िला जिसके अंतर्गत अबुजमाड़ का भी क्षेत्र आता है, लाल सलाम के नारों से सदैव गूँजता रहा है। बस्तर जिला के अंतर्गत एक छोटा सा कस्बा कोण्डागाँव जो तहसील भी है, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 43 पर जिला मुख्यालय जगदलपुर से 70 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, यहाँ पर 43 बटालियन का मुख्यालय स्थित था जिसकी 6 कम्पनियाँ थनौड़ा, बड़ें डोंगर नेलवाड़ बेनूर, एड़का तथा हलामी मुंजमेरा में स्थित थी। इसमें से दो कम्पनी धनौड़ा तथा बड़े डोंगर बस्तर जिले में थी तथा बाकी की चार कम्पनियाँ नरायणपुर जिले में स्थित थी। इन्हीं में से एक कम्पनी, एड़का, नरायणपुर में मैं कार्यरत था, जो नक्सल गतिविधियों के कारण कुख्यात था। मेरी कम्पनी यहाँ जुलाई 07 से अगस्त 08 तक तैनात रही उस दौरान मेरे द्वारा ढेर सारे अभियान चलाये गये जिसमें मुझे बहुत अनुभव प्राप्त हुए। उन्ही अनुभवों में से कुछ अनुभव इस लेख के माध्यम से मैं आप पाठकों तक पहुँचाना चाहता हूँ।

इसमें से पहली बात है नक्सलियों के एक छोटे से संगठन जिसे लोकल गुरिल्ला स्कवायड या जन मीलिशिया सदस्य कहते हैं वो किस तरह इशारा या अपना संदेश बल या पुलिस की सूचना अपने लड़ाके या मिलिट्री विंग को देते हैं जिस आधार पर वो हमारे ऊपर अम्बुश की कार्यवाही करके हम नुकसान पहुंचाते है या अगर संख्या में कम होते हैं तो भाग जाते हैं।

जन मीलिशिया सदस्यों द्वारा किये जाने वाले इशारे में से पहला इशारा है बल या पुलिस की टुकड़ी काटना, जैसे ही हमारी टुकड़ी जंगल में प्रवेश करती है तो लकड़ी काटकर आवाज करते है जिससे उनके लड़ाके सजग हो जाते है तथा फोर्स की संख्या के अनुसार या तो एम्बुश लगा देते हैं या फिर वहाँ से भाग जाते हैं। इस कड़ी में दूसरी कार्यवाही आती है एक छोटा सा आई.ई.डी. ब्लास्ट करना या फिर एक फायर करना जिससे की उनकी टुकड़ी के पास बल के आने की सूचना मिल जाती है तथा वो बल को घेरकर उपर प्रहार करते हैं और पूरी तैयारी के साथ नुकसान पहुँचाते हैं। अगली कार्यवाही वो बाल संघम सदस्यों के द्वारा करते हैं, छोटे-छोटे बच्चों को मिलाकर वो बल के आने की सूचना नक्सलियों तक पहुँचाते है।

छत्तीसगढ़ के घने जंगलों से गुजरते हुए अगर बल या पुलिस की टुकड़ी किसी गाँव से गुजरती है तथा उस गाँव में सन्नाटा हो तो हमें रास्ता बदल देना चाहिए या फिर आस पास स्थित किसी कम्पनी से हमें मदद लेनी चाहिए। अगर किसी आम रास्ते में हम गुजर रहे हो तथा रोज की अपेक्षा उस रास्ते पर आवाजाही नगण्य हो तो उसका यह तात्पर्य होता है कि आसपास नक्सलियों ने घात लगाया हआ है। ऐसी स्थिति हमें रास्ता बदलकर चलना चाहिए।

जनमीलिशिया सदस्यों द्वारा कभी-कभी धोखा देकर हमारी टुकड़ी को एम्बुश में फँसा लिया जाता है। यह होता इस प्रकार है कि अगर हमारी टुकड़ी किसी शकिया व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ करती है और वह कहता है तो उसके द्वारा बताये रास्ते से कभी नहीं चलना चाहिए, उस स्थान तक जाने के के लिए हमें रास्ता बदल लेना चाहिए या फिर वहाँ उस समय पूरी छानबीन करके ही जाना चाहिए।

अगर कोई मृतक व्यक्ति हमें रास्ते में मिलता है तो उसकी छानबीन कभी अपने स्तर पर नहीं करना चाहिए इसकी सूचना बम स्काएड को देनी चाहिए क्योंकि उसके नीचे प्रेशर आई०ई०डी० हो सकती है। अगर किसी पेड़ या रास्ते पर नक्सलियों द्वारा टाँगा या रखा गया बैनर पोस्टर मिलता है तो उसकी अच्छी तरह से छानबीन करके ही उतारना चाहिए क्योंकि यहाँ बम होने का खतरा हो सकता है।

श्री महेश्वर राय
स.कमा., सीआईएटी स्कूल,
सिलचर (असम)

व्यंग

कहीं देर न हो जाए

फौज मनुष्य को जो बहुत सारी बातें सिखाती है। समय की पाबंदी उन में से एक है। समय की पाबंदी का तो हमारे यहां यह हाल है कि कहीं देर न हो जाए, इस आशंका से एक-एक कार्यक्रम के कई-कई मिनट टू मिनट प्रोग्राम बनते हैं। यह दूसरी बात है कि मुख्य अतिथि के देर से आने के कारण कई बार ये सारे मिनट टू मिनट प्रोग्राम धरे के धरे रह जाते हैं। मगर हम अक्सर यह सोच कर धीरज धर लेते हैं कि मुख्य अतिथि सिविल आदमी था, समय की महत्ता को जानता नहीं था। वर्दीधारी होता तो घड़ी देखकर एक-एक मिनट का हिसाब रख कर चलता।

हमसे पहले, हमारे वरिष्ठ न आ जायें इस डर ने समय की पाबंदी हमारे खून में उतार दी है, जो गाहे बगाहे अपने अलग-अलग रंग दिखाती रहती है।

कमाण्डेंट साहब की सुबह 4 बजे की फ्लाईट थी, उन्होंने एडजूटेंड को कहा एक घंटा कैम्प से एयरपोर्ट जाने में लगता है, एक घंटा पहले पहुंचना है, इसलिए बेहतर होगा कि रात लगभग 2 बजे गाड़ी लगवा दी जाये।

एडजुटेंड ने सोचा मकरी फौज है, कहीं सब सोते ही न रह जाएं, उसने बी०एच०एम० से कह दिया कि ड्राईवर को एक बजे ही कमाण्डेन्ट के बंगले पर खड़ा कर देना। रात को एक बजे उठकर सलाम ठोकना पड़ेगा यह सोच कर बी०एच०एम० वैसे ही परेशान था, उसे लगा कि कहीं मेरी आंख न खुली तो गड़बड़ हो जायेगी। उसने एम०टी० हवलदार को रात बारह बजे गाड़ी लगाने के लिए कह दिया। एम०टी० हवलदार ने अपनी तरफ से अहतियात बरती और ड्राईवर को 11 बजे गाड़ी लगाने के लिए कह दिया।

ड्राईवर ने सोचा अभी सो गया, तो कहीं ऐसा न हो कि आंख ही न खुले, उसने जाकर 10 बजे कमांडेंट के बंगले पर गाड़ी खड़ी कर दी।

कमांडेंट साहब रात का खाना खा कर बाहर निकले, गाड़ी खड़ी देख कर ड्राईवर से पेछा, “क्या है?”

ड्राईवर बोला, “साहब आपको लेकर जाना है।



कमांडेंट साहब ने मुझे फोन किया, “मैंने आपको कितने बजे गाड़ी लगाने को कहा था?

इसी प्रक्रिया को मैंने नीचे तक दोहराया और सारी बात जानने के बाद अपना सिर पकड़ कर बैठ गया।

ऐसे सबके वर्दीधारी नौकरी में हमें मिलते रहते हैं। मगर कहीं चूक न हो के डर से हम समय से आगे भागने की कोशिश में लगे रहते हैं।

घर में एक शादी का निमंत्रण था। रात आठ बजे बारात का आगमन था। मैंने हिसाब किताब लगाया, घर से विवाह स्थल तक जाने में एक घंटा लगेगा। बारात थोड़ी बहुत लेट भी हो जाये, तो भी साढ़े सात बजे तक घर से निकलना ठीक रहेगा।

बच्चे न नुकुर करते रहे, फिर भी मैं उन्हें धकेल-धकेल कर साढ़े आठ बजे विवाह स्थल पर पहुंच गया। मुझे देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि बारात तो छोड़ो वहां घरवाला तक कोई नहीं था। पत्नी ने देखा और जड़ से उखड़ गयी। पता नहीं कहां की जल्दी रहती है आपको। अब बताओ क्या करेगें यहां पर। खाने के स्टाल तक नही लगे अभी। मैं उसे क्या जवाब देता।

मैं मन ही मन अपनी मेस की पार्टियां याद करने लगा। कमांडेंट साहब पहले ही कह देते थे, “भई 10 बजे तक पार्टी खत्म हो जानी चाहिए।”

ठीक पौंने आठ बजे मैं पहुंच जाता। मेरे से जुनियर अफसर पहले ही वहां मौजूद होते। मेरे पहुंचने के पांच मिनट बाद टू आई सी महोदय सपरिवार आ जाते। ठीक

आठ बजे कमांडेंट महोदय मैस में पदार्पित हो जाते और एक ये सिविल लोग हैं, मेहमान आकर खड़े हैं और घर वालों का कुछ पता नहीं। करीब सवा नौ बजे घरवाले आते दिखायी देते हैं। हमें देखते ही वो आश्चर्य से भर उठते हैं, "अरे आप लोग जल्दी आ गये?"

इससे पहले कि मैं उन्हें कहूं कि आपका निमंत्रण आठ बजे का था, पत्नी बीच में बोल पड़ती है, "अजी इनका क्या है, ये तो अपनी बारात भी समय से पहले ले आये थे, मैं अभी तैयार भी नही हुई थी और बारात दरवाजे पर आ गयी थी।"

मैं उसे दसियों बार समझा चुका हूं कि ये मेरी नहीं तुम्हारी गलती थी। हमारा बारात का समय 10 बजे दिन का था, तो हम सवा दस तक आ गये थे। अब तम लोग मान कर बैठे थे कि बारात 12 बजे से पहले नहीं आयेगी तो इसमें तो हमारी कोई गलती नही है। पर इस नक्कारखाने में मेरी सुनता कौन है? मैं मन मसोस कर रह जाता हूं। पत्नी बार-बार कहती रहती है, "ये तो हमेशा हवा के घोड़े पर सवार रहते हैं। पता नही इन्हें कहां की जल्दी है, कौन सी ट्रेन पकड़नी है?"

ट्रेन के नाम से याद आया। दिल्ली का ट्रैफिक आप जानते ही हैं। सामान्य स्थितियों में घर से रेलवे स्टेशन पहुंचने में एक घंटा लगता है। मैं आधे घंटे का मार्जिन लेकर 4 बजे की ट्रेन पकड़ने के लिए जब ढाई बजे घर से निकलने लगता हूं, तो बीबी बच्चे सभी उखड़ जाते हैं। 'घर में मन नही लग रहा होगा, सोच रहे होंगे कैसे उड़कर जवानों के बीच पहुंच जाऊं। अरे घर से कितनी ही जल्दी चले जाओ, ट्रेन तो अपने समय से ही जायेगी।'

मैं उन्हें समझाता रहता कि पता नहीं कितनी बार मैंने भागते दौड़ते चलती ट्रेन पकड़ी है, मगर उन्हें यकीन ही नहीं होता। मैं उन्हें कहता हूँ 'देखना किसी दिन तुम्हारी ट्रेन छूटेगी ना तब पूछूंगा।

मगर ईश्वर भी बेईमान है। उसने ऐसा मौका मुझे आज तक दिया ही नही। मैं जब भी बीबी-बच्चों के साथ रेलवे स्टेशन की ओर निकला, न तो मुझे कभी ट्रेफिक जाम मिला और ना ही रास्ते में कहीं लाल बत्ती मिली और कई बार तो ट्रेन भी प्लेटफार्म पर निर्धारित समय से आधा-पौना घंटा लेट लगी।

अब प्लेटफार्म पर मेरी समय की पाबंदी पर क्या क्लास लगी, मुझे यह बताने की जरूरत नहीं। पत्नी प्लेटफार्म पर बच्चों के साथ चहलकदमी करती रही और मैं सहमा सा उसके पीछे-पीछे जल्दी आने के अपने औचित्य का आकलन करता रहा। जल्दी के चक्कर में मैंने उन्हें नाश्ता तक ठीक से नहीं करने दिया था, लिहाजा दंडस्वरूप मुझे कैंटिन से बच्चों को स्नैक्स खरीदवा कर खामियाजा भुगतना पड़ा।

एक बार बच्चों के चक्कर में 4 बजे की ट्रेन पकड़ने के लिए मैं घर से तीन बजे निकला, रास्ते में आते गुरूपर्व के जुलुस में फंस गया। ना मैं आगे का रहा ना पीछे का। भागते दौड़ते स्टेशन छोड़ती ट्रेन के आखिरी डिब्बे में लटक गया। एक बैग तो चलती ट्रेन पर चढ़ने के चक्कर में नीचे गिर ही गया। आखिरी डिब्बे से अपना भारी भरकम सूटकेस, बीबी द्वारा दिये गये खाद्य सामग्री, आचार, मिठाई के थैलों से

लदाफदा अनारक्षित डब्बों की भीड़ से होता हुआ मैं अपने द्वितीय श्रेणी एयर कंडीशन, डिब्बे में कैसे पहुंचा, ये मेरा दिल जानता है। उस डिब्बे में पहुंच कर मेरी आत्मा को वो शांति मिली, जो बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों को कड़े तप के बाद भी नहीं मिलती होगी। मगर मेरे होश उड़ाने के लिए अभी एक हादसा और होना बाकी था।

टिकट चैकर को टिकट दिखाने के लिए जब मैंने अपनी पतलून की पीछे की जेब में हाथ डाला, तो मेरा पर्स नदारत था। मेरे होश उड़ गये।

वो सफर मैंने कैसे काटा मैं ही जानता हूँ। ट्रेन में जो फजीहत हुई सो हुई, बटालियन में जाकर अपना पहचान पत्र तक सरक्षित न रख पाने पर चेतावनी और मिल गयी।

अपने कैरियर में पहचान पत्र खोने पर मैंने पता नहीं कितने जवानों को चेतावनी दिलवायी हैं। मगर चेतावनी मिलने का दर्द क्या होता है, इसका अहसास पहली बार हुआ।

उस दिन मैंने एक संकल्प लिया अब चाहे बीबी रूठे या बच्चे। ट्रेन पकड़ने के लिए मैं हमेशा एक-डेढ़ घंटा पहले ही घर से निकलुंगा। जब भी हमें कहीं जाना होता है, पत्नी बच्चे बहुत नाराज होते हैं। मगर मैं अपने संकल्प पर अडिग हूं। मगर बात सिर्फ ट्रेन पकड़ने की ही नहीं है, यह प्रतिबद्धता तो हमारे प्रतिदिन के व्यवहार का हिस्सा हो गयी है।

श्री अनिल गुप्ता
द्वि.क. अधि., 187 बटा.

SPECIAL FEATURE

Rendering Safe Procedure (RSP)

A procedure which is being applied to neutralize a bomb or LE.D. When found, by cutting wires one by one or by distrubing the power source is called RSP.

RSP ACTIONS

1. Receipt of information
2. Immediate action
3. Approach phase

4. Scene Review
5. RSP
6. Transportation
7. Investigation

RSP action is broadly divided into following five phases:-

1. Information phase
2. Immediate action phase
3. Approach Phase
4. Contact Phase
5. RSP Phase

Information Phase

Best disposal techniques depends upon maximum information. It is very essential that a man who receives the message must obtain maximum information such as.

a) Nature and size of suspected device

b) Person who has first seen the suspected article

c) When was it first noticed

d) Whether article is barricaded or not

e) Status of evacuation near the bomb

f) The particulars of officer who is to be contacted on arrival of the team.

The bomb squad officer should advice the concerned officer incharge of the scene that no one should touch or remove the suspected article.



In case the area is not evacuated arrangements should be made to evacuate the area upto 100 mtrs.

Immediate Action Phase

Move to scene without loss of time:-

a) Check the serviceability of bomb disposal equipment and vehicle on assuming duties.

b) Advice control room staff to be in constant touch with the area officer and superior officer of the bomb disposal organisation.

Approach Phase

a) Survey area enroute to identify any vacant or less inhabited route.

b) Brief bomb technician and discuss possible action upon arrival

c) Wear the protective cloth

On arrival at the scene following question can be made from the incharge of the scene:-

a) Why do you think it is a bomb

b) Where has he located the bomb

c) When was it first observed

d) Where did it come from

e) What is the article suspected to be

f) Did any one see someone moving suspiciously

g) Whether any bomb component could be seen or heard

h) Is there any reason for any one to plant a bomb

i) Where had you been at the time of incident

The officer incharge must ensure that the public are evacuated.

The distance may be increased 300 m. if the suspected article is concealed in a suitcase or a vehicle

Contact Phase

The team should move a little away, atleast from the blast zone and discuss the course of action.

RSP Phase

Once explosive devices having been examined closely from a safe distance, the bomb technician must ascertain the status of evacuation, wearing protective clothes and follow the following steps.

a) Visual Inspections: Take own time to observe everything around the bomb by kneeling, sitting, bending and lying down.

b) Sniffing by explosive detection dogs

c) Audio Check

d) Metal detection check

e) X-raying the device

f) Decide the method of attacking I.E.D.

i) Hand entry technique

ii) Remote entry technique

iii) Remote movement and disposal
- at a safe disposal area
- blow in place

Remote Entry Technique


Different techniques which are used under this technique are as follows:-

Water Canon Method

The water canon firing technique is most ideal in case IED is concealed in soft target water canon technique is used to distrupt power source remotely from an IED made of steal block of 30 cm hight and 15 cm diameter (which may vary).

- Safety fuse of 12” length with a thumb knot, one end inserted with big head and taken from a narrow hole.
- 180 grain of Gun powder is filled and secured with cork.
- Water canon is placed at a stand of distance of 3” to 6”.
- Safety fuse is lighted and it will in turn ignite gun power.
- Due to resultant gas pressure, water is propelled out as jet effect which causes the batteries to be separated from the device.

The technique is simple to operate and most reliable. It is also considered to be one of the safest and best RSP technique for soft packaged bomb.



Use of Disruptor

The principal of operation is same as water canon.

- It used an electrical Igniter added with few grains of gun powder.
- The best way to use the disruptor is by means of robot vehicle.

A collapsible stand of 8 feet length be used for firing the disrupter in case explosive are found at different heights.

Shot Gun Opening

a) A shot gun or double gun can be used remotely.

b) A 38 mm gas gun can also be used for this purpose.

c) The ammunition uses wooden spacers which hit the target.

d) A loaded shot is gun placed over a sand bag to absorb the recoil.

e) With the help of rope or fish line knot is carefully done around the trigger.

f) From safe distance shot gun may be aimed at power source, otherwise junction point to rip open the suspected object.

g) The rope should be pulled from a safe distance.

Explosive Opening Technique

EOT is used to open a suit cases, brief case bomb or any soft skin I.E.D. Following options are available:-

a) Paste a detonator or small quantity of plastic explosive (P.E.V.-C4) close to the lock or hinge of suspected device and remotely explode.

b) Place small explosive charge 6” above or 2” side of suspected article and explode.

Cordtex Opening

- Open by placing Cortex over the cord board and detonate same with electrical or safety fuse or nonelectrical detonator.
- The Cordtex is Wrapped along the dividing part of upper and lower portion and it is deemed opened in two parts.
- Chances of explosive are there due to sympathetic detonation.
- It can also be used for making a large hole.
- It is also used for opening pipe bomb or thin container by wrapping directly around the pipe.

Other techniques are:-

- Bomb Tong Opening
- Gagging
- Freezing Procedure

Shri K.K. Pandey
Dy. Comdt, CWS- II, Pune

चिन्तन

दस प्रश्न आत्ममंथन के

नीचे लिखे दस प्रश्नों के जबाव आप सोचें और मूल्यांकन सूची से मिलान करके पायें आप किस स्थिति में है।

1. क्या मुझे परिवार से ज्यादा दैनिक कर्तव्यों की चिन्ता रहती है।
   (क) नहीं
   (ख) हाँ
   (ग) कभी-कभी
2. क्या परिवार की छोटी सी परेशानी मुझे ड्यूटी में बाधा पहुँचाती है।
   (क) बिल्कुल नहीं
   (ख) हाँ
   (ग) कभी-कभी
3. किसी उच्च अधिकारी के डाँटने पर –
   (क) मेरा मन विचलित हो जाता है।
   (ख) नौकरी छोड़ने का मन करता है।
   (ग) मैं गलती को सुधारने का प्रयास करता हूँ।
4. अपने साथ के लोगों की प्रशंसा सुनकर –
   (क) मुझे ईर्ष्या होती है।
   (ख) मुझे खुशी होती है।
   (ग) मैं भी ऐसा करने की सोचता हूँ।
5. ड्यूटी के अतिरिक्त ड्यूटी मिलने पर –
   (क) साधारण रूप से ड्यूटी करता हूँ।
   (ख) मुझे तनाव हो जाता है।

(ग) मैं सोचता हूँ मुझे ही अतिरिक्त कार्य क्यों दिया गया।

6. ऐसी ड्यूटी जिसमें ज्यादा रिस्क हो –

(क) मैं सामान्य रूप से कर सकता हूँ।
(ख) मुझे डर लगता है।
(ग) मैं उससे बचने का प्रयास करता हूँ|

7. अगर छुट्टी माँगने पर मुझे छुट्टी न मिले तो –

(क) मुझे गुस्सा आता है।
(ख) साधारण रहता हूँ।
(ग) परिवार की चिन्ता सताती है।

8. अगर मेरे अधीनस्थ/साथी बताये गये कार्य को समय पर पूरा नहीं करते तो –

(क) मैं कारण जानने का प्रयास करता हूँ।
(ख) मुझे गुस्सा आता है।
(ग) मैं उन्हें समझाता हूँ।

9. अगर मेरा साथी चिन्ता ग्रस्त होता है तो मै –

(क) कारण जानने का प्रयास करता हूँ।
(ख) उच्च अधिकारियों के प्रति उसको भड़काता हूँ।
(ग) उसका दिल बहलाने की कोशिश करता हूँ।

10. मेरे अच्छे कार्य पर मेरे वरिष्ठ द्वारा प्रशंसा किये जाने पर अगर मेरे साथी व्यंग करते हैं तो –

(क) मुझे गुस्सा आता है।
(ख) मैं हंसकर टाल देता हूँ।
(ग) मैं उन्हें स्पष्टीकरण देने का प्रयास करता हूँ।

प्रश्न संख्या	क	ख	ग
1	1	3	2
2	3	1	2
3	2	1	3
4	1	2	3
5	3	1	2
6	3	2	1
7	1	3	2
8	3	2	1
9	3	1	2
10	1	3	2

प्राप्त अंक मूल्यांकन

25-30 के.रि.पु.बल के आदर्श सिपाही/अधिकारी, सदैव सकारात्मक सोच के धनी

15-25 एक अच्छे सिपाही/अधिकारी साधारण सोच

15 से नीचे नकारात्मक सोच, आत्म मंथन की आवश्यकता

आलोक शर्मा
स.क. रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र पेरिंगम

प्रेरक लेख

जीने की कला सूर्य से सीखिए

सूर्य समस्त प्रकाश का स्त्रोत है, साथ ही अत्यन्त विस्तृत और विशाल है। वह प्राणदायक और मूर्तिमंत जीवन है। सूर्य दिन भर तपने के पश्चात रात्रि को विश्राम करता है तथा प्रातः काल अरूण रूप होकर उदय होता है। हम भी सूर्य की भाँति नित्य नवीन उत्साह एवं स्फूर्ति लेकर उदय हो सकते हैं। दिन भर कार्य करते हए हमारी कोशिकाओं का क्षय होता है तथा रात्रि में विश्राम काल में कोशिकाओं का पुनः निर्माण हो जाता है। इस प्रकार प्रकृति हमें नित्य नया रूप प्रदान करती है। जीवन और अमरता का रहस्य यही है, परन्तु हम इस तथ्य के प्रति जागरूक नहीं होते। डॉ. राधाकृष्णन ने ठीक ही कहा है “आदि से अन्त तक हमारा जीवन एक

प्रकार से मृत्यु है, जिसका अर्थ है – नित्य नए जीवन की प्राप्ति।" इसी बात को दार्शनिक प्लेटो ने सरल भाषा में कहा है कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हम कितने दिन जीवित रहते हैं, महत्वपूर्ण यह है कि हम किस प्रकार जीवित रहते हैं। हम जीवन में नया प्रकाश तभी प्रदान कर सकते हैं, जब सूर्य की भाँति चिर नवीन स्फूर्ति के साथ निरन्तर तपते हुए कार्यरत बने रहें। जीवन का उद्देश्य सत्य की साधना है और प्रकाश सत्य का प्रतीक है।

जब मैंने देखा कि उगते हुए सूर्य ने चारों ओर अपना प्रकाश पुंज विकीर्ण कर दिया और ऐसा करते हुए उसने किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया तो उस दृश्य ने मेरे हृदय में एक विचित्र प्रकार की पीड़ा उत्पन्न कर दी और मैं समानता की भावना द्वारा अभिभूत हो उठा।

तात्पर्य यह है कि जब बाहर का प्रकाश भीतर का प्रकाश बन जाता है, तब आन्तरिक प्रकाश के प्रभाव में वाह्य प्रकाश अनावश्यक हो जाता है। मन की आँखें न खुलें, तो मस्तक की आँखें मात्र मोर पंख की आँखें जैसी बनी रहती है।

अर्थात् सर्वव्यापी प्रकाश ही सार्थक होता है, वह बाहरी हो अथवा आन्तरिक, वह सर्वग्राही होना चाहिए।

स्वामी विवेकानन्द ने इसी जीवन-सूत्र को लक्ष्य करते हुए कहा था कि, "जीवन का पहला एवं स्पष्ट लक्ष्य है– विस्तार। यदि तुम जीवित रहना चाहते हो, तो तुम्हें फैलना होगा, जिस समय तुम जीवन का विस्तार बन्द कर दोगे, उसी क्षण जान लेना कि विपत्तियाँ तुम्हारे सामने हैं, विपत्तियाँ ही क्यों मृत्यु तुम्हारे सामने है।"



सूर्य निरन्तर चलता रहता है, उसके साथ समय भी व्यतीत होता जाता है। सूर्य न पीछे की ओर देखता है और न बीता हुआ समय ही वापस आता है। यदि हम सूर्य की भाँति नित्य नवीन लक्ष्य लेकर जीवन में अग्रसर होना चाहते हैं, तो हमें कि गार्ड (Kierke Gaard) का यह कथन याद रखना चाहिए कि – "Life can only be understood backwards, but it must be lived forwards." जीवन में सफल होने के लिए व्यक्ति को सदैव यह सोचना चाहिए कि उसे कल क्या करना है, इसके लिए वह बीते हुए कल से शिक्षा ले सकता है, परन्तु उससे चिपके रहना उसके लिए कभी भी लाभदायक सिद्ध नहीं होगा। अधिकांश व्यक्ति यह नहीं समझ पाते हैं कि इस अल्प जीवन में वे क्या करें, परन्तु साथ ही वह यह भी संकल्पना करते हैं कि उनका अगला जीवन बहुत बड़ा होगा। वे कभी यह नहीं सोचते कि प्रकृति का कोई पदार्थ अपने वर्तमान जीवन को तुच्छ नहीं समझता है, क्योंकि, वह समझता है कि उसका अगला जीवन बहुत ही उपयोगी एवं मूल्यवान होगा। उदाहरण के लिए, गुलाब का फूल यद्यपि अल्पकाल तक खिलता है, तथापि वह समस्त वायुमण्डल को सुरभित कर देता है। गुलाब की प्रत्येक कली की यह कहानी है, वह वर्तमान को सुरभित करके अपने जीवन को सार्थक करती है। गुलाब यदि अपने जीवन की स्वल्पता को तुच्छता समझ बैठे, तो उसका खिलना एवं वायुमण्डल का सुरभित होना समाप्त हो जाए। विश्व प्रपंच का एक भी कण यदि अपनी तुच्छता की अनुभूति द्वारा अभिभूत होकर निष्क्रिय हो जाए, तो विश्व की परमाणु श्रृंखला खंडित हो जाए और प्रलय का दृश्य उपस्थित हो जाएगा। जो व्यक्ति प्रकृति के इस नियम के अनुसार जीवन को उत्साहपूर्वक नहीं

जीते हैं, वे मानो नए जन्म की तमन्ना में खुदकुशी कर लेते हैं।

सूर्य रक्तिमवर्ण उदित होता है और रक्तिमवर्ण अस्त होता है। वह विश्व को देना जानता है, उससे लेना नहीं, क्योंकि आदि से अन्त तक एक सा बना रहता है, उसके जीवन का प्रत्येक क्षण उत्साह और विस्तार-भावना से पूरित रहता है। विचारक सैमुअल जॉनसन ने ठीक ही कहा है कि, "सम्पन्न होकर मरने की अपेक्षा सम्पन्न जीवन व्यतीत करना कहीं अधिक श्रेष्ठ है (It is better to live rich than to die rich.)"

व्यावहारिक जीवन का यह सूत्र मनन करने योग्य है कि महत्वपूर्ण यह नहीं है कि हम किसी सिद्धान्त के लिए प्राण त्यागते हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम किसी सिद्धान्त के लिए जीवित रहते हैं। सूर्योदय में जो नाटक भरा है, सौन्दर्य भरा है, जो लीला भरी है, वह हमारे जीवन की प्रेरणा होनी चाहिए कि "ज़िन्दगी भोर है, सूरज जैसा निकलते रहिए।"

श्री नरेन्द्र कुमार
उप कमा. ग्रुप केन्द्र, हैदराबाद


जीवन एक संघर्ष

रोने से तकदीर बदलती नहीं है,
वक्त से पहले रात भी ढलती नहीं है।
दूसरों की कामयाबी लगती आसान है मगर,
कामयाबी रास्ते में पड़ी मिलती नहीं है।
कामयाबी पाना पानी में आग लगाना है,
पानी में आग आसानी से लगती नहीं है।
ऐसा भी लगता है ज़िन्दगी में अक्सर,
दुनिया अपने ज़ज्बात समझती नहीं है।
हर शिकस्त के बाद टूटकर जो संभल गया,
फिर कौन सी बिगड़ी बात बनती नहीं है।
हाथ बांधकर बैठने से पहले सोच ऐ मनुष्य,
अपने आप कोई जिन्दगी संभलती नहीं है।

रिक्रूट/जी.डी. सूर्यवीर एस.पी.सिंह
आर.टी.सी., पेरिंगम

ANGER MANAGEMENT

DON'T BE ANGRY: Anger is Best When Kept Under Control



You are in temper because something untoward has happened or done to you. Wait for ten mintues, before giving vent to your feelings; you will feel that your temper is cooled down. If your had expressed your anger, you might have annoyed and offended some person dear and kind to your and thereby must have done to yourself much more harm. A simple advise when angry - count ten before you speak, when very angry a hundred. Angry persons have often jeopardized their interests and repented afterwards. In fact; anger is the most important of passions. It hurts the one who is possessed by it more than the one against whom it is directed.

While expressing his experiences of manager, a thinker named Anone, writes "He, who can suppress a moment's anger may prevent a day of sorrow". Anger is in fact one letter short of danger. One of my teachers used to say that lost temper is meant for losing your balance of mind. To put it in the words of L.A. Seneca "anyone can become angry that is easy, but to be angry with the right person to right degree at the right purpose and in the right way, is not easy.

In case you believe in the truth of one universal life then the whole thing can be looked at in different ways. There is something each one of us owes to everyone, whether we know them of not. Realization of this fact will definitely bring down tension both in the outer world and the inner world.

That something is anger control.

The problem of anger is often equated with the problem of evil. It is not just that. It is one of the emotions or the emotions creating painful feelings. It is a negative emotion and directs and even supplies enough energy to oerson to do real harm to others. Many thinkers have written about the undesirable consequences of anger. A caution for all of us by Thomas Fuller - it's putting a sea to storm. A Chinese proverb advises us; 'never answer a letter while you are angry'. Emerson points out evil consequences which an administrator or a highly placed official may have to meet, a man makes his inferiors to become his superiors by heat. Benjamin Franklin warns people in general, "whatever begins in anger, ends in shame".

Just scaring people but telling them the unpleasant nature and dire consequences of anger expressed, may work for a while, but suppressed anger could lead to a worse situation. Anger may turn into enmity. Enmity is nothing but preserved anger. Pent-up anger takes a big toll at the most unexpected moment. Worse, like storm, it may harm many other innocent people, who come in its way. Wars are generally the expressions of pent-up anger of some high-ups.

Then how to avoid anger and its dire consequences? Anger, like any other emotion cannot be wiped out all of a sudden. Sublimation of anger is one of method to escape its bad effects. Through poetry and other literary works-stories, novels and dramas, the poets and authors seem to have done it. They have expressed anger on the devils and the villains. Controlling anger is a gradual process. LA. Seneca writes - "The greatest remedy for anger is delay, which looks so easy, but is very difficult to implement - keep cool and you command everybody.

Also, after some expression of anger we must consciously stop, and try to draw a balance sheet of good and bad effects, created on his own self and the people around. If you observe closely you will see that behind anger, there is blow to your self-respect or ego or that your dreams are scattered or that there is acute embarrassment. These other feelings can be dealt with effectively at different levels and this will take away much from the possibility of a major anger episode.

Further, anger extinguishes the lamp of the mind. From spiritual point of view-if someone does the harm, he does it to himself. Should I harm myself by harming the other person? It we avoid anger, we would become more

constructive, rather than destructive. Anger control will benefit the whole world, most importantly, it will benefit you and me.

Shri Omji Shukla
Dy. Comdt. 148 Bn.

HEALTH

Eat Healthy To Stay Healthy

Eat a variety of nutrient-rich foods

You need more than 40 different nutrients for good health, and no single food supplies them all. Your daily food selection should include bread and other whole-grain products; fruits; vegetables; dairy products; and meat, poultry, fish and other protein foods. How much you should eat depends on your calorie needs. Use the Food Guide Pyramid and the Nutrition Facts panel on food labels as handy references.

Enjoy plenty of whole grains, fruits and vegetables

Surveys show most Americans don't eat enough of these foods. Do you eat 6-11 servings from the bread, rice, cereal and pasta group, 3 of which should be whole grains? Do you eat 2-4 servings of fruit and 3-5 servings of vegetables? If you don't enjoy some of these at first, give them another chance. Look through cookbooks for tasty ways to prepare unfamiliar foods.

Maintain a healthy weight

The weight that's right for you depends on many factors including your sex, height, age and heredity. Excess body fat increases your chances for high blood pressure, heart disease, stroke, diabetes, some types of cancer and other illnesses. But being too thin can increase your risk for osteoporosis, menstrual irregularities and other health problems. If you're constantly losing and regaining weight, a registered dietitian can help you develop sensible eating habits for successful weight management. Regular exercise is also important to maintaining a healthy weight.

Eat moderate portions

If you keep portion sizes reasonable, it’s easier to eat the foods you want and stay healthy. Did you know the recommended serving of cooked meat is 3 ounces, similar in size to a deck of playing cards? A medium piece of fruit is 1 serving and a cup of pasta equals 2 servings. A pint of ice cream contains 4 servings. Refer to the Food Guide Pyramid for information on recommended serving sizes.

Eat regular meals

Skipping meals can lead to out-of-control hunger, often resulting in overeating. When you’re very hungry, it’s also tempting to forget about good nutrition. Snacking between meals can help curb hunger, but don’t eat so much that your snack becomes an entire meal.



Reduce, don’t eliminate certain foods

Most people eat for pleasure as well as nutrition. If your favorite foods are high in fat, salt or sugar, the key is moderating how much of these foods you eat and how often you eat them. Identify major sources of these ingredients in your diet and make changes, if necessary. Adults who eat high-fat meats or whole-milk dairy products at every meal are probably eating too much fat. Use the Nutrition Facts panel on the food label to help balance your choices. Choosing skim or low-fat dairy products and lean cuts

of meat such as flank steak and beef round can reduce fat intake significantly. If you love fried chicken, however, you don’t have to give it up. Just eat it less often. When dining out, share it with a friend, ask for a take-home bag or a smaller portion.

Balance your food choices over time

Not every food has to be “perfect.” When eating a food high in fat, salt or sugar, select other foods that are low in these ingredients. If you miss out on any food group one day, make up for it the next. Your food choices over several days should fit together into a healthy pattern.

Know your diet pitfalls

To improve your eating habits, you first have to know what’s wrong with them. Write down everything you eat for three days. Then check your list according to the rest of these tips. Do you add a lot of butter, creamy sauces or salad dressings? Rather than eliminating these foods, just cut back your portions. Are you getting enough fruits and vegetables? If not, you may be missing out on vital nutrients.

Make changes gradually

Just as there are no “superfoods” or easy answers to a healthy diet, don’t expect to totally revamp your eating habits overnight. Changing too much, too fast can get in the way of success. Begin to remedy excesses or deficiencies with modest changes that can add up to positive, lifelong eating habits. For instance, if you don’t like the taste of skim milk, try low-fat. Eventually you may find you like skim, too.

Remember, foods are not good or bad

Select foods based on your total eating patterns, not whether any individual food is “good” or “bad.” Don’t feel guilty if you love foods such as apple pie, potato chips, candy bars or ice cream. Eat them in moderation, and choose other foods to provide the balance and variety that are vital to good health.

भीड़ भरी रेल यात्रा




एक दिन हम भीड़ भरी रेल में चढ़े।
चढ़े क्या चढ़ाये गये दस कन्धों पर रख भीतर सरकाए गए।
भीड़ का यह हाल था मत पूछिए कमाल था।
बर्थ पर भी आदमी थे फर्श पर भी आदमी थे।
वह तो रेल वालों ने और जगह नहीं बनाई थी
वरना वहां भी बैठे होते मेरे भाई
सभी एक साथ सांस ले रहे थे
सभी एक साथ सांस छोड़ रहे थे।
हद तो तब हो गई जब एक महिला का बच्चा रो रहा था
और दूध वाली बोतल मेरे मुंह में रख दी
महिला का बच्चा अब भी रो रहा था
और पीठ मेरी थपथपाई जा रही थी
सो जा रमजू प्यारे सो जा।

खड़खड़े मैं सो गया खुद बांहों में खो गया।

हव./मं. हेमन्त लाल, 102 बटा.

DO YOU KNOW

15 *Amazing Facts about HUMAN BODY*




Compiled by Shri Ashok Kumar Kanaujia, DIGP (Ops., Int. & Works), Jammu Sector

परिचालनिक उपलब्धि

197 बटा. की गिरफ़्त में आया शीर्ष नक्सल कमांडर

197 बटालियन, के.रि.पु.बल, ने गॉव-डुडुर, पुलिस स्टेशन-बन्दगॉव, जिला-पश्चिमी सिंहभूम (झारखण्ड) से माओवादियों की सेंट्रल टेक्निकल कमेटी के हार्ड कोर सदस्य नल्ला भिक्षापति उर्फ रवि जी उर्फ सुभाष जी उर्फ माधव जी को गोला-बारूद के साथ गिरफ़्तार किया। घटना का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:–

9 अक्टूबर, 2010 को गुप्त सूचना के आधार पर 197 बटालियन की क्यू.ए.टी. श्री अनिल कुमार, उप कमाण्डेन्ट (परिचालन) के नेतृत्व में जिला पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान गाँव-डुडुर, पुलिस स्टेशन-बन्दगाँव, जिला-पश्चिमी सिंहभूम (झारखण्ड) से माओवादियों की सेंट्रल टेक्निकल कमेटी के हार्ड कोर सदस्य नल्ला भिक्षापति उर्फ रवि जी उर्फ सुभाष जी उर्फ माधव जी को बोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिससे 25 नग जिलेटिन रोड, 02 नग बूस्टर, 01 नग एम सील पैकेट तथा एक फलैश कैमरा बरामद किया गया। ये गाँव टाटी कायला, पुलिस स्टेशन धर्मासागर, जिला-वारंगल (आन्ध्र प्रदेश) का निवासी है। इंटरमीडिएट तक शिक्षित नल्ला भिक्षापति वर्ष 1991 से पी.डब्ल्यू.जी. एवं एम.सी.सी. से जुड़ा हुआ है जो कि अस्त्र-शस्त्र, रॉकेट लांचर, मोर्टार एवं एच.ई. बम बनाने में निपुण है तथा संगठन में प्रशिक्षण देने का कार्य करता था। यह आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश में कार्य करता था एवं बाद में बिहार-झारखण्ड के पारसनाथ, लातेहार, मध्य प्रदेश में कार्य कर रहा था। वर्तमान में यह सारंडा के जंगल में प्रशिक्षण दे रहा था। इस शीर्ष नक्सल कमांडर ने सारंडा के जंगल में 120 नग एच.ई. बम, मोर्टार-06 नग व कई रॉकेट लान्चर एवं रॉकेट शेल बनाकर माओवादियों को छत्तीसगढ़, झारखण्ड व पश्चिमी बंगाल में दिये है। नल्ला भिक्षापति के साथ उसका नक्सली साथी करम सिंह मुंडरी उर्फ कृष भी गिरफ्तार किया गया है जो कि गांव-बंदगांव, पुलिस स्टेशन-बन्दगांव, जिला-पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड) का रहने वाला है। नल्ला भिक्षापति उर्फ रवि जी उर्फ माधव जी और करम सिंह मंडरी उर्फ कृष की गिरफ्तारी के संबंध में समाचार पत्रों एवं समाचार चैनलों में 197 बटालियन की काफी सराहना की गयी है।



धरा गया नक्सल सेंट्रल टेक्निकल कमेटी का हार्ड कोर सदस्य नल्ला भिक्षापति उर्फ रवि जी उर्फ सुभाष जी उर्फ माधव जी

RAF ANNIVERSARY

Rapid Action Force Celebrates 18th Anniversary

RAF celebrated it's 18th anniversary on 7th October, 2010 at 108 RAF, Meerut (U.P.). A grand parade was organized on this occasion. Hon'ble Minister of State for Home, Shri Mullapally Ramachandran was the Chief Guest.

Speaking on the occasion, the Hon'ble Minister lauded the role of RAF and praised the quick action taken by RAF recently, when it was airlifted to Kashmir to control the mob violence. The minister also said that the RAF has always been instrumental in maintaining communal harmony and law and order in the country. He also stressed the need to induct more and more "Non-Lethal weaponry" into the RAF and apprised that the Govt, is taking steps towards this. Shri K. Vijay Kumar, DG, CRPF also admired the role played by RAF and congratulated them for their excellent performance. In all, Forty five (45) officers and men were awarded Police Medal for Meritorious Service, by the Chief Guest.



Shri Mullapally Ramachandran, Hon’ble Minister of State for Home taking salute of the parade.

Jawans of RAF presented a multi-spectrum entertainment programme ranging from Unarmed Combat (UAC), stunts on motorcycle to cultural programme of dance and music.



Shri Mullapally Ramachandran, Hon’ble Minister of State for Home inspecting the parade.

SPORTS

ग्रुप केन्द्र, गुड़गांव में आयोजित 19वें राष्ट्रमण्डल खेल फुलबोर शूटिंग प्रतियोगिता

19वें राष्ट्रमण्डल खेलों का रंगारंग उद्घाटन नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 3 अक्टूबर, 2010 को आयोजित किया गया। राष्ट्रमण्डल महासंघ से जुड़े 71 देशों के छ: हजार से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान 9 से 13

अक्टूबर, 2010 तक ग्रुप केन्द्र केरेपुबल, गुड़गांव में फुलबोर शूटिंग रेंज पर 1000 गज तक की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें 21 देशों के कुल 42 शूटरों ने भाग लिया।

अरावली की पहाड़ियों पर बनाए गए इस रेंज को 'नो डेंजर एरिया' बनाया गया है। इस फुलबोर शूटिंग रेंज का उद्घाटन मई 2010 में केन्द्रीय खेल मंत्री श्री एम.एस. गिल द्वारा किया गया। शूटिंग रेंज में 2,280 वर्ग मीटर में फैसिलिटी ब्लॉक बनाया गया है, जिसमें लगभग 345 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। फुलबोर शुटिंग रेंज प्रतियोगिता के दौरान 300 गज, 600 गज और 1000 गज तक की विभिन्न वर्गों की एकल एवं डबल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राष्ट्रमण्डल खेलों की फुलबोर शूटिंग प्रतियोगिता के लिए देश में पहली बार "इलैक्ट्रानिक मूवेबल टारगेट" सिस्टम का प्रयोग किया गया। यह सिस्टम एक ऐसा तरीका है जिसमें टारगेट को इलैक्ट्रोनिक माध्यम से जोड़ दिया जाता है और टारगेट हर हिट के बाद स्वयं हिट दर्ज करने पर रिपेयर कर दिया जाता है। इस तरीके से खिलाड़ी द्वारा मारे गए शॉट को आसानी व दक्षता से जांचा जा सकता है।

इसके साथ ही किसी भी प्रकार की दुर्घटना से निपटने के लिए शूटिंग रेंज में चार बेड का एक छोटा अस्पताल भी स्थापित किया गया है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पर चार चिकित्सक भी तैनात किए गए हैं। दुर्घटना के समय मरीजों को अन्य अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए दो पूर्ण रूप से सुसज्जित एवं अत्याधुनिक एंबुलैंसों की व्यवस्था भी ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, गुड़गांव द्वारा की गई।





सुरक्षा के विशेष इंतजाम

शूटिंग रेंज तथा कैम्पस परिसर में होने वाली हर गतिविधि पर कैमरे द्वारा विशेष नजर रखी जा रही थी। इसके लिए पूरे वेन्यू में 74 कैमरे लगाए गए थे। थ्री लेयर्स सिक्युरिटी सिस्टम में गुड़गांव पुलिस के पुलिसकर्मी, कमांडो और केरिपुबल के 600 जवान तैनात थे। शूटिंग के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा भी अलग से आपदा प्रबंधन प्लान तैयार किया गया था। आपातस्थिति में सूचना देने के लिए हरियाणा पुलिस के टेलिफोन विंग को शूटिंग रेंज में उपलब्ध मोबाइल टावरों की रेंज की जांच का जिम्मा दिया गया था। टेलिफोन विंग द्वारा आपातस्थिति के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ओर्गेनाईजिंग-कमेटी, एनएसजी, स्वास्थ्य विभाग सहित प्राईवेट अस्पताल तथा संबंधित विभागों के सभी अधिकारियों को एक-एक वॉकीटॉकी सैट भी दिया गया, जिससे मोबाईल और फोन के काम ना करने पर आवश्यक सूचना उचित स्थान तक पहुंचाई गई।

कॉमनवेल्थ गेम्स की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो इसके लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व गुड़गांव पुलिस द्वारा खिलाड़ी, कोच व वीआईपी आदि को लाने वाली गाड़ियों के लिए विशेष सिक्युरिटी कोड तय किए गये थे। साथ ही वेन्यू में घुसने वाले हर व्यक्ति को स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसिजर से गुजरना पड़ा। इस दौरान ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, गुड़गांव परिसर में कार्यालय द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सभी प्रकार की

गाड़ियों के लिए गेट पास जारी किए गए। बिना गेट पास के किसी भी प्रकार के वाहन को गेट से अन्दर आने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही शूटिंग परिसर व सीआरपीएफ परिसर में कोई भी हादसा न हो इसके लिए केरिपुबल द्वारा बल के 200 जवानों को तैनात किया गया था।

इस प्रकार ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, कादरपुर, गुड़गांव परिसर पर 5 दिवसीय फुलबोर शूटिंग रेंज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया जिसमें कैम्प में उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारियों व अन्य कार्मिकों का योगदान सराहनीय रहा जिससे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन हुआ।

SPORTS

Profile of Arjuna Awardee : Khajan Singh

Born on 6th May, 1964 in Munirka village in Delhi, Khajan Singh Tokas went to study at the Government Senior Secondary School, Sarojini Nagar, Delhi and made his debut in competitive swimming by winning Five Gold Medals at the National School Championships in 1981-82. Entering National Aquatics Championship at Delhi in 1982, Khajan outclassed his competitors by winning Five Gold, Two Silver and One Bronze medal in the swimming even. He represented the country in 12th Commonwealth Games at Brisbane and 9th Asian Games at Delhi in 1982. His first international medal came from 1984 SAF Games at Kathmandu, Nepal, where he won 08 Gold Medals and he also represented the country in Asian Swimming Championship in Seoul in the same year.

His name as “Khajan”, means “Treasure”. True to his name, he is full with treasure of talents. The ace swimmer, master in free and butterfly style, has been awarded with the prestigious “Arjuna Award” in 1984, for his outstanding contribution in Swimming.

Khajan won a Silver medal at the 1986 Asiad Games in Seoul, which is the first that any Indian got in the history of Asian Games, again in the National Aquatic Championship at Ahmedabad in 1987, he not only won

seven Gold Medals but also created a National record in the 100 meters freestyle with a timing of 55.21 seconds, breaking his own record of 55.34 seconds set in the 1984 Kathmandu SAF Games. He won a Bronze at the 1988 Asian Swimming Championship in Beijing and a Silver Medal in the 100 meter butterfly at the World police Games in 1988. He became the undisputed king in Swimming at the 1988 Nationals at Calcutta, making an unprecedented haul of Eight individual Gold Medals, Five of them glittering with new records. He secured 07 Gold Medals in saf Games held at Islamabad, Pakistan in the year 1989.



Khajan Singh Tokas, a DIG in CRPF, is currently holding the post of Central Sports Officer at the Force Head quarter and is responsible for management of all 32 CPRF Central Sports Teams, most of which are excelling in National and International arena. He is also the Government Observer in the discipline of Swimming. He worked for the Commonwealth Games as the Joint Secretary, Organizing Committee and Co convener in Games Technical Conduct Committee of CWG 2010.

In addition to the above, he was appointed as the Administrator, Talkatora Swimming Stadium for smooth conduct of the Commonwealth Games 2010, Delhi.

Compiled by **Dr. R.B. Das,** CMO (Sports), Dte. Genl., CRPF.

CIVIC ACTION

चाईबासा परिचालनिक रेंज में प्रथम अंतर बटालियन वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित

197 बटालियन द्वारा 27 से 29 अक्टूबर, 2010 तक जिला स्कूल परिसर प्रांगण चाईबासा (झारखण्ड) में प्रथम अन्तर बटालियन चाईबासा परिचालनिक रेंज वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचालनिक रेंज (चाईबासा) की सभी बटालियनों से आये खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि श्री भानु प्रताप सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) चाईबासा की उपस्थिति में बैंड की धुन पर मार्च पास्ट किया तथा मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि श्री भानु प्रताप सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक (परिचालन) चाईबासा ने अपने शुभारम्भ भाषण में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ भविष्य में भी आयोजित की जायेंगी। उन्होंने ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए खेल को ऊँचाईयों पर ले जाने का आह्वान किया। 197 बटालियन के कमांडेन्ट श्री लाल चन्द यादव ने इस मौके पर भाषण में कहा कि खेल से खिलाड़ियों में जुझारूपन, अनुशासन एवं अच्छे मन मस्तिष्क का विकास होता है। 29 अक्टूबर, 2010 को समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री नवीन कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक कोल्हान, जिला-पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्ड उपस्थित थे, इसके अलावा परिचालनिक रेंज के कमांडेन्ट, पुलिस अधीक्षक चाईबासा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस तीन दिवसीय अन्तर बटालियन परिचालिनिक रेंज वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल पांच (7, 6, 193, 196 व 197 बटा.) टीमों ने भाग लिया। 29 अक्टूबर, 2010 को फाइनल मैच 193 बटालियन तथा 7 बटालियन की टीमों के बीच खेला गया जिसमें 193 बटालियन ने मैच जीता। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर विजेता तथा उपविजेता को प्रतीक वैजयन्ती

प्रदान किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक, कोल्हान, जिला-पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्ड ने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए श्री लाल चन्द यादव, कमाण्डेन्ट-197 बटालियन की सराहना की। श्री लाल चन्द यादव, कमाण्डेन्ट-197 बटालियन ने इस आयोजन की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों में शारीरिक सौष्ठव के विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण होता है, इसलिए इस दिशा में प्रयास किया गया है, जो सभी के प्रयास से अच्छे परिणाम के लिए याद किया जाएगा।



वॉलीबाल का दृश्य



श्री भानु प्रताप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) चाईबासा शुभारंभ भाषण करते हुए



श्री नवीन कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, कोल्हान, जिला पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड) विजेता टीम को शील्ड प्रदान करते हुए

रायपुर रेंज कार्यालय ने मनाया “वृद्ध जन दिवस”

पुलिस महानिरीक्षक, रेंज रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा 1 अक्टूबर, 2010 को “वृद्ध जन दिवस” बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में कार्यालय के पदस्थ कार्मिकों के साथ रह रहे उनके वृद्ध माता-पिता एवं संबंधियों को भी निमंत्रित किया गया एवं उन्होंने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि, श्री संदीप दत्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक, रायपुर थे एवं इस कार्यक्रम का संचालन, श्री उदय प्रताप सिंह द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने वृद्ध जन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और कार्मिकों को अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करने को कहा। अंत में श्री ओ.पी. यादव, प्रशासनिक अधिकारी ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापन किया।




जवान ऐ वतन के

कर्मठता और साहस ये लक्ष्य है हमारा।
इनको बनाए रखना कर्तव्य है हमारा।
कोई भटक न जाये इस लक्ष्य से हमारे।
आ जाए कितनी मुश्किल इसको न भूल जाए।
फौलाद देखो हम हैं हमें मौन ना समझना।
सीने पर चाहे पर जाए कितने जख्म सहना।
अपने वतन की हरदम इज्जत बचाना।
अपने बतन पर देखे बढने लगे है खतरा।
बाहर की बातें छोड़ो अंदर भी होता है हमला।
अपने बतन को हरदम मुश्किल से है बचाना।
तली पै सीस जो रखे हम उसके साथ जाएंगे।
वतन से प्यार है कितना उसे भी आजमाएंगे।
जवान ए वतन के उठे और उठकर फैसला करले।
वतन की आबरु पर पे जान की बाज़ी लगायेगें।

सि./जीडी बसन्त साहु
49 बटा. के.रि.पु. बल

CIVIC ACTION

Commonwealth Games Art Rally Organished

An "ART RALLY" on the theme of Commonwealth Games and with a view to promote and create awareness about the C'wealth Games, 2010 and it's mascot - "*SHERA*" who embodies the value of courage, power and grace, was organized by Sal wan Public School, Mayur Vihar, Delhi, with participation and active assistance of 46 Bn., CRPF.

Shri Amrish Gautam, Hon'ble Dy. Speaker, Legislative Assembly, Delhi was the Chief Guest on the occasion, while Shri GS. Dahiya, Commandant, 46 Bn., C.R.P.F. was the Guest of Honour. The rally covered all the major points in East Delhi and proved to be a grand event as most of the schools came forward participate with great fervor and enthusiasm. They cheered and waved to boost the morale and be a strength in this united affair. The event wore a festive look and was no doubt a successful one as it portrayed the true meaning of Commonwealth Games to spread peace, mony and brotherhood amongst all.



Shri G.S. Dahiya, Commandant, 46 Bn inaugurating the Art Rally, whereas Smt. Kiran Mehta, Principal in a joyous mood.



The Art Rally on the march.



Shri Amrish Gautam, Hon’ble Dy Seaker, Legislative Assembly, Delhi greeting a participant of the Rally.



The hilarious and enthusiastic students readying themselves for the Art Rally, while Shri GS. Dahiyra Commandant, 46 Bn, Smt. Kiran Mehta, Principal and Shri N.N.Kher, Director of the school look on.

रक्तदान - महादान



रक्तदान करता हुआ एक जवान

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर 5वी. वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महावीर नगर नई दिल्ली के परिसर में 19 नवम्बर, 2010 को उत्तरी सैक्टर,

कोरेपुबल के महानिरीक्षक श्री एस.एम.जेड. रिजवी ने मुख्य आतिथे के रूप में अध्यक्षता की। भारतीय रैड क्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लगभग 120 जवानों के सहर्ष रक्त दान किया। उक्त कैम्प में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाया।

लोकहित में इस प्रकार कार्यक्रम को देख कर सभी उपस्थित जन साधारण ने इस प्रयास की प्रशंसा की तथा 5वी. वाहिनी के सभी सदस्यों की मानवता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की रक्तदान एक महादान है। रक्त एक ऐसा तत्व है जो मानव शरीर के अंग-अंग में समाया है और इसका कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। इंसान को जरूरत होने पर इंसान ही इसे पूरा कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक मनुष्य हर 3 माह में रक्तदान कर सकता है तथा इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।



रक्तदान के बाद फल खाते हुए जवान।

उपस्थित आगंतुकों व जन-मानस ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज का अंग होने के नाते हम सब की यह जिम्मेदारी है कि हम अपनी साझा समस्याओं का हल ढूंढे। बल के जवानों द्वारा किया जाने वाला रक्तदान सर्वोपरी है।



रक्तदान करते हुए श्री जयदेव केसरी, कमाण्डेन्ट 5 बटा.

साथ ही साथ बल के महानिरीक्षक श्री एस.एम.जेड. रिजवी ने वाहिनी के क्वाटर गार्ड में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों को "कौमी एकता सप्ताह" के महत्व के बारे में अवगत कराया तथा सभी अधिकारियों एवं जवानों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया।

अंत में श्री जयदेव केसरी, कमाण्डेंट-05 बटालियन ने कौमी एकता दिवस पर इस पहल को "विविधता में एकता" के प्रति सच्ची श्रदा की संज्ञा दी तथा समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अधिकारियों एवं जवानों को सम्बोधित करते हुए श्री राजकुमार निगम, श्री सुनील कुमार, श्री ए.के. तरार, के प्रयासों की सराहना की तथा सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

योग शिविर


श्रद्धेय बाबा रामदेव का रामपुर में आगमन



स्वामी जी का स्वागत करती हुई केन्द्रीय विद्यालय की बालिकाएं एवं स्टेशन के अधिकारीगण

स्वामी रामदेव जी का कार्यक्रम ग्रुप केन्द्र, रामपुर के मेन्स क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें रामपुर स्टेशन के सभी कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष, अधिकारीगण, व जवान उपस्थित थे। सर्वप्रथम स्वामी जी का स्वागत केन्द्रीय विद्यालय की दो बालिकाओं द्वारा बुके प्रदान कर किया गया। तत्पश्चात श्री कुलदीप धर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, केन्द्रीय हथियार भण्डार, रामपुर द्वारा माला अर्पण कर स्वामी जी का अभिनन्दन किया गया। उसके बाद डा. विजय बहादुर, पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) द्वारा स्वामी जी को शाल एवं श्री एस.पी. पोखरियाल, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र द्वारा बल का स्मृति चिह्न् स्वामी जी को भेंट किया गया। इसके बाद स्वामी श्री रामदेव जी ने उपस्थित सभी जवानों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए अपने उद्बोधन में कहा –

“मुझे सी.आर.पी.एफ. कैम्प में आकर बड़ी प्रसन्नता हुई है। आज से 7-8 वर्ष पूर्व इस बल की जन्मस्थली “नीमच” स्थित कैम्प में मैंने बहुत बड़ा कार्यक्रम किया था।” उसके बाद उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा– “आप जवानों का दुश्मन से लड़ते हुए शहीद होना तो गर्व का विषय हैं, परन्तु कैंसर या किसी अन्य बीमारी से लड़ते हुए मरना गर्व का विषय नहीं हैं। इसलिए आप सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। इससे तन तो स्वस्थ रहेगा ही, मन भी तनाव से मुक्त रहेगा और आज तनाव को दूर रखने का सबसे कारगर उपाय प्राणायाम व योग ही हैं।”



स्वामी श्री रामदेव की को बल का स्मृति चिह्न भेंट करते हुए श्री एस.पी. पोखरियाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र रामपुर

स्वामी जी ने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि – "स्वाद भूख में हैं, न कि भोजन में" और "ताकत भोजन में नहीं, उसे पचाने में हैं।" इसके साथ उन्होंने जवानों से आँखों की रोशनी को अच्छा रखने के लिए बताया "कि नींबू, सफ़ेद प्याज, अदरक का एक-एक चम्मच रस तीन चम्मच शहद के साथ मिलाकर आँखों में रोजाना सुबह-शाम तीन-तीन बूंद डालना चाहिए।"



बाबा रामदेव जी के प्रवचनों को सुनते हुए ग्रुप केन्द्र रामपुर के अधिकारी, जवान व उनके परिवारजन। अधिकारियों व जवानों को सम्बोधित करते हुए स्वामी रामदेव जी (इनसेट में)

अंत में स्वामी जी को धन्यवाद ज्ञापित करने से पूर्व रीजनल कावा की अध्यक्षा श्रीमती प्रमीला पोखरियाल ने सी.आर.पी.एफ. कैम्प की समस्त महिलाओं व उनके परिवारजनों की ओर से स्वामीजी को बुके भेंट किया और सभी के लिए आशीर्वाद

ग्रहण किया। इसके पश्चात् श्री एस.पी. पोखरियाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, रामपुर ने स्वामी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

CWWA ACTIVITY

CRPF Observes 'Joy of Giving' Week

CWWA, the Wives' Welfare Association of CRPF, inaugurated the 'Joy of Giving Week' at a function held in New Delhi. Unused and spare items like old umbrellas ,plastic sheets, rain coats, shoes, toys , clothes, teacups, plates, flower vase, dented steel glass, plates, spoons etc., old bed sheets, pillow covers, old text books, stationery, old school bags, tiffin boxes, colour boxes, crayon sets etc. were collected by the CRPF families in Delhi/NCR over a week and then were distributed amongst the poor and needy.



Smt. Chandra Dabas, Vice President, CWWA distributing clothing articles to the needy people.

A large number of CRPF families and school children from the CRPF

School in New Delhi attended the programme and pledged to make this initiative a success. A cultural programme was also presented by the school children.

The initiative got an overwhelming response and men and officers of the force donated articles in large numbers. After the donations were collected different CWWA teams reached out to various slums in Delhi/NCR to distribute the items to the needy.

Speaking on the occasion, Ms. Soni Shrivastav, President, CRPF, Wives' Welfare Association said "By associating with the 'Joy of Giving Week' CRPF Wives' Welfare Association is living up to what the association stands for – compassion. CRPF wives and families not only look after each other, they also reach out to the underprivileged. This event will spread and inculcate the virtue of giving amongst our families, especially the children."



Dr. Anjali Nirmal, distributing toys to a child.



Smt. Chandra Dabas, Vice President, CWWA distributing clothes to a woman from leper's colony.

ACROSS THE SEAS

UNMIL Observes Gandhi Jayanti in Liberia

141st birth anniversary of father of the nation Mahatma Gandhi (Gandhi Jay anti): the day declared by UN as International Day of non-violence, was observed in Zwerdu, Liberia, by the FPU- II as a mark of respect to the ideals of Gandhiji and with a view to propagate his teachings. To mark the occasion, FPU-II India launched a massive community service programme in the war ravaged city of Zwerdu (Liberia). Armed with Indian values all ranks and file thronged the streets to repose their unflinching faith in peace

and non-violence and aptly spread the message of brotherhood, environment protection, hygiene/sanitation and truthfulness much to the delight of local populace. On this pious occasion troops passionately carried out the cleaning and beautification drive of prominent Zwedru streets and gave a face lift to the dilapidated main road. People assembled from different walks of life applauded and cherished this onerous work done by Indian FPU-II and took solemn pledge to practice Gandhian principles for an endurable future of their country. This mega event had a lasting impact on the hearts and minds of UN personnel also. Liberian Radio Station incorporated this event in its prime slot and broadcast it time and again.



Members of FPU clearing garbage on a road in Zwerdu



Members of FPU re-building a battered road in Zwerdu



FPU members planting saplings on the reconstructed road. Shri M.J. Vijay, Commander FPU-II in conversation with media persons (inset).

ACROSS THE SEAS

65th UN *Anniversary Celebrated at Liberia*

65th Anniversary of UN was celebrated in a grand manner at Grand Gedeh County, Zwerdu, Liberia, with active assistance from Indian MFPU-II contingent comprising of RAF personnel. A three day programme was organized under the aegis of UN, which started on 28th October. On the very first day, Zwedru witnessed an overwhelming local support for Indian FPU tied in a friendly football match with UN Staff at Albert T. White Stadium. The day two, marked the panoramic presentation by Indian FPU outreaching the schools and institutes of Grand Gedeh County imparting knowledge about the onerous task undertaken by the UN in general and Indians in particular in Liberia. Later in the evening Indian FPU thrashed Chinese Army in Volley Ball match which incidentally took place on Police Commemoration Day. On the third and final day both Indian FPU and Pakistani Army surged and were at loggerheads in volleyball final but Indians had the last laugh. The victorious Indians received standing ovation with thunderous applauds from large captive fans besides the winners trophy. This extravaganza finally culminated with fascinating cultural programme contributed by Indian FPU. The contribution of Indian FPU-II has been highly appreciated by the UN Authorities.



Indian FPU Commander Shri M J. Vijay together with Sector-B Commander of Liberia jointly inaugurating UN day function



Indian FPU Commander Shri M.J. Vijay together with Sector-B Commander of Liberia Applauding and motivating Players



Titanic Clash-semifinal Volleyball match between Chinese Army and Indian FPU



Indian FPU and Pakistani Troops with their Commanders on UN day Celebration

AS SEEN BY CAMERA

Bara Khana CWG Contingent



AS SEEN BY CAMERA

CWG Medal Winners with DG



Shri K. Vikay Kumar, DG greeting the medal winners and participants of CWG 2010.



Shri K. Vikay Kumar, DG with the medal winners and participants of CWG 2010.



CT. A. Sandhya Rani



HC. Monika




Insp. Geeta Rani



Insp. Mayank Srivastav



Insp. Richa Misra



SM. B.S. Ravi Shekhar

AS SEEN BY CAMERA

DG’s Sainik Sammelan



Shri Vikram Srivastav, DG addressing the Sainik Sammelan. On his right is Shri J.C. Dabas, ADG (HQ) while on his left is Dr. Mehboob Alam, IG, Norther Sector.



Officers and Men attending the Sainik Sammelan listen carefully to the DG

CWWA gets New President



Smt. Chandra Dabas, Vice President, CWWA welcomes the new President of CWWA Smt. Meena Vijay Kumar.



Smt. Meena Vijay Kumar, President, CWWA in discussion with the members of CWWA.

DG visits Composite Hospital, Nagpur



Shri K. Vijay Kumar, DG in discussion with medical officers of C.H., Nagpur



Shri K. Vijay Kumar, DG meeting the staff of Composite Hospital, Nagpur

AS SEEN BY CAMERA

IPSWWA Mela



Smt. Meena Vijay Kumar, President, CWWA welcoming Smt. Sheila Dixit, CM, Delhi to the IPSWWA Mela.



Dr. Anjali Nirmal welcoming Smt. Gursharan Kaur w/o Dr. Manmohan Singh, Hon'ble Prime Minister to the IPSWWA Mela.



Smt. Gursharan Kaur inaugurating the IPSWWA Mela.



Smt. Sheila Dixit, CM, Delhi and Smt. Gursharan Kaur at a stall of the Mela.



Shri K. Vijay Kumar, DG visits a stall at the Mela.



Shri K. Vijay Kumar, DG and Smt. Meena Vijay Kumar, President, CWWA with members of CWWA.

AS SEEN BY CAMERA

Lawn Tennis at SDG



Shri M.S. Rawat, IG (Training) delivering lecture on the occasion of Lawn Tennis competition.



Players in action : The Lawn Tennis competition in progress.

Nukkad Natak on HIV AIDS Awareness staged at GC Nagpur



DIG (Medical), CH, Nagpur and other officers witnessing Nukkad Natak.



Families enjoying the Nukkad Natak on AIDS awareness.

AS SEEN BY CAMERA

Police Commemoration Day



Shri K. Vijay Kumar, DG paying floral tributes at the monument



Shri J.C. Dabas, ADG (HQ) paying floral tributes at the monument



Statue of Immortal Gallant



Shri Rakesh Jaruhar, ADG (Training) paying floral tributes at the monument



Shri D.K. Pathak, IG (Pers.) paying floral tributes at the monument

Police Commemoration Day



Shri K. Vijay Kumar, DG addressing the gathering on the occasion of Police Commemoration Day.



Men assembled on the occasion of Police Commemoration Day paying homage to the martyrs.



Shri Mullappally Ramachandran, Hon'ble Union Minister of State for Home with Shri K. Vijay Kumar, DG and officers of RAF.



Shri Mullappally Ramachandran, Hon'ble Union Minister of State for Home inaugurating the Men's

Club of 108 RAF at Meerut, Uttar Pradesh.



"Nishaan Toli" of 108 RAF carrying the flag to Parade ground during 18th RAF Anniversary Celebrations at Meerut, Uttar Pradesh.